चैत्र कृष्ण पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 29 मार्च 2024
वर्ष 2, अंक 217, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

ब्रिटेन में सीसीटीवी से होगी मंदिरों की सुरक्षा 16

दीपिका पादुकोण का अजीब पोस्ट पढ़ परेशान हुए फैंस 2

दिल का दौरा पड़ने से मुख्तार की मौत

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- गुरुवार शाम बैरक में अचानक हो गया था बेहोश

अमृत विचार: प्रदेश के कई जिलों में हत्या, लूट, अपहरण, रंगदारी जैसी घटनाओं को अंजाम देने वाले माफिया मुख्तार अंसारी की गुरुवार देर शाम दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। माफिया के मौत की खबर फैलते ही जिले भर के आलाधिकारी बांदा मेडिकल कॉलेज पहुंचे। मुख्तार की मौत के बाद डीजीपी ने पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट की घोषणा की। जिसके बाद बांदा समेत पूरे प्रदेश में पुलिस बल ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए फ्लैग मार्च किया।

बताते चले कि पंजाब की रोपड़ जेल से मुख्तार अंसारी को सात अप्रैल 2021 को बांदा जेल शिफ्ट किया गया था। बांदा जेल सूत्रों के मुताबिक गुरुवार देर शाम मुख्तार अंसारी बैरक में बेहोश पाया गया। जेलकर्मियों ने उसे प्राथमिक उपचार के लिए जेल अस्पताल में भर्ती कराया । जहां हालत बिगड़ने पर उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज ले गया। जहां कुछ देर इलाज के बाद उसकी मौत हो गई।

मेडिकल कॉलेज ने मीडिया बुलेटिन जारी करते हुए बताया कि मुख्तार को उल्टी व बेहोशी की शिकायत पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मुख्तार के इलाज के लिए नौ डॉक्टरों की टीम लगाई गई थी, लेकिन कार्डिया अरेस्ट के कारण उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही बांदा डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी अंकुर अग्रवाल समेत जिले भर का फोर्स मौके पर पहुंचा। माफिया की मौत के बाद अस्पताल, माफिया के आवास समेत जिले भर में भारी पुलिस बल की तैनाती की।

सपा ने जारी किए स्टार प्रचारकों के नाम

लखनऊ। सपा ने लोस. चुनाव में पहले चरण के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। इसमें सपा प्रमुख अखिलेश यादव, शिवपाल यादव, जया बच्चन, डिंपल यादव, रामगोपाल यादव समेत 18 पार्टी नेताओं के नाम हैं। दिलचस्प यह है कि जेल में कैद आजम खां का नाम भी इस सूची में दर्ज है। अन्य स्टार प्रचारकों में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरनमय नंदा, सांसद जावेद अली, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, सांसद रामजी लाल सुमन, राष्ट्रीय सचिव रामगोविंद चौधरी, इंद्रजीत सरोज, रमेश प्रजापति, ओमप्रकाश सिंह, राजपाल कश्यप, रामअसारे विश्वकर्मा, महबूब अली, शाहिद मंजूर शामिल है।

मुरादाबाद से हसन व रामपुर में आसिम समेत 71 नामांकन रद

रुचि वीरा व मोहिबुल्लाह चुनाव मैदान में, पहले चरण में कुल 84 प्रत्याशी चुनाव मैदान में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 30 मार्च को प्रत्याशी वापस ले सकेंगे नाम

अमृत विचार: उप्र. में पहले चरण में कुल 84 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए हैं। गुरुवार को नामांकन पत्रों की जांच में 71 नामांकन खारिज हो गए। मुरादाबाद सीट से सपा की ओर से नामांकन कराने वाले वर्तमान सांसद डॉ. एसटी हसन का नामांकन निरस्त कर दिया गया है। उनकी जगह रुचि वीरा को अधिकृत प्रत्याशी मानते हुए पर्चा सही माना गया है। मुरादाबाद सीट के लिए 18 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। पांच नामांकन खारिज हो गये हैं और बाकी 13 नामांकन पत्र वैध पाये गये।

सीतापुर जेल में बंद आजम खां के करीबी और रामपुर नगर अध्यक्ष आसिम राजा सहित 12 प्रत्याशियों का नामांकन पत्रों को त्रुटियां मिलने के बाद खारिज कर दिया है। अब चुनावी दंगल में भाजपा से सांसद घनश्याम सिंह लोधी,बसपा से जीशान खां और सपा से मोहिबुल्लाह नदवी समेत छह प्रत्याशी मैदान में हैं।

आठ सीटों पर पहले चरण में होंगे चुनाव:

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पहले चरण की आठ सीटों में पीलीभीत सीट के लिए 16 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नामांकन पत्रों की जांच में छह नामांकन अस्वीकृत हुए और बाकी 10 नामांकन पत्र वैध पाये गये। सहारनपुर लोकसभा सीट के लिए 13 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था, जिसमें नामांकन पत्रों की जांच में एक नामांकन अस्वीकृत हुआ और बाकी 12 नामांकन पत्र वैध पाये गये। कैराना सीट के लिए 17 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था, जांच में दो नामांकन अस्वीकृत हुए। मुजफ्फरनगर सीट पर 38 में से 27 नामांकन अस्वीकृत हुए और बाकी 11 नामांकन पत्र वैध पाये गये। बिजनौर सीट पर 23 में से 12 नामांकन अस्वीकृत हुए। नगीना (अजा) सीट के लिए 12 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। छह नामांकन अस्वीकृत हुए और छह नामांकन पत्र वैध पाये गये।

एक नजर

मोइत्रा ईडी के सामने पेश नहीं हुईं, प्रचार में व्यस्त

कोलकाता। टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा ईडी के समन को नजरअंदाज करते हुए गुरुवार को कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार में व्यस्त रहीं। ईडी ने मोइत्रा को दिल्ली कार्यालय में पूछताछ के लिए उपस्थित होने को कहा था। ईडी ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन मामले में पूछताछ के लिए मोइत्रा और दुबई में रह रहे व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी को नया समन जारी किया था। नादिया के कालियागंज में चुनाव प्रचार के बाद मोइत्रा ने कहा, ईडी अपना काम करेगी और मैं अपना काम करूंगी, यानी मुझे चुनाव अभियान जारी रखना है।

कर पुनर्मूल्यांकन के खिलाफ दायर याचिका रद

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को कांग्रेस की उन याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिनमें कर अधिकारियों की ओर से उसके खिलाफ चार साल की अवधि के लिए कर पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही शुरू किए जाने को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति यशवन्त वर्मा और न्यायमूर्ति पुरूषेन्द्र कुमार कौरव की पीठ ने कहा कि अन्य वर्ष के लिए पुनर्मूल्यांकन शुरू करने में हस्तक्षेप से इनकार करने के पहले के फैसले के अनुसार याचिकाएं रद की जाती हैं। पिछले सप्ताह खारिज की गई अन्य याचिका में कांग्रेस पार्टी ने 2014-15 से 2016-17 मूल्यांकन वर्ष से संबंधित पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही शुरू किए जाने को चुनौती दी थी।

केजरीवाल को राहत नहीं, ईडी की हिरासत एक अप्रैल तक बढ़ी

ईडी के अनुरोध और केजरीवाल का पक्ष सुनने के बाद कोर्ट ने आदेश किया पारित

- ईडी ने छह दिनों की हिरासत अवधि पूरी होने पर कोर्ट में किया पेश

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली शराब नीति में कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के मामले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ईडी की हिरासत गुरुवार को चार दिन बढ़ाते हुए एक अप्रैल कर दी गई। राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने ईडी के अनुरोध और केजरीवाल का पक्ष सुनने के बाद ये आदेश पारित किया।

ईडी का पक्ष रख रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने केजरीवाल पर पूछताछ में सहयोग नहीं करने का आरोप लगाते हुए अदालत के समक्ष सात दिनों की अतिरिक्त हिरासत की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि कुछ अन्य लोगों के सामने केजरीवाल से पूछताछ होनी है। केजरीवाल ने इसका विरोध नहीं किया और कहा कि ईडी उन्हें जब तक हिरासत में रखना चाहे, वह रहने को तैयार हैं। ईडी के आदेश पर छह दिनों की हिरासत अवधि पूरी होने पर जांच एजेंसी ने गुरुवार को फिर उन्हें विशेष अदालत में पेश किया। मुख्यमंत्री ने विशेष अदालत के समक्ष खुद अपना पक्ष रखते हुए कहा कि ईडी के पास उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं है और उसका मकसद उन्हें फंसाना है। केजरीवाल ने अदालत से पहले मीडिया से कहा कि यह एक राजनीतिक साजिश है। जनता इसका जवाब देगी। केजरीवाल के वकील रमेश गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री खुद अपना पक्ष रखना चाहते हैं। अदालत ने इसकी अनुमति दी। कई बार बुलाने के बाद ईडी ने केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार कर 22 मार्च को विशेष अदालत में पेश किया था। दिल्ली हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी के अलावा ईडी की हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर बुधवार को कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था। ईडी को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया था। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने केजरीवाल का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की दलीलें सुनने के बाद जांच एजेंसी को नोटिस जारी करके दो अप्रैल तक जबाव देने का निर्देश दिया था। अगली सुनवाई तीन अप्रैल को होगी।

सीएम केजरीवाल को कोर्ट ले जाते ईडी के अधिकारी। ● एजेंसी

केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की याचिका खारिज

दिल्ली हाईकोर्ट ने धनशोधन मामले में फंसे केजरीवाल को मुख्यमंत्री के पद से हटाने की मांग वाली याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने सुजीत सिंह यादव की याचिका ठुकराते हुए कहा कि जांच करना कार्यपालिका और राष्ट्रपति के अधिकार क्षेत्र है। अदालत इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकती।

केजरीवाल ने कहा- जांच का सामना करने को तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी। अरविंद केजरीवाल ने विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की अदालत में सुनवाई के दौरान कहा कि देश में आप के भ्रष्ट होने की झूठी तस्वीर पेश की जा रही है। ईडी ने कहा कि केजरीवाल जवाब देने में टालमटोल कर रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि मामले में चार गवाहों ने मेरा नाम लिया है। क्या किसी मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने के लिए चार बयान पर्याप्त हैं? वह ईडी की जांच का सामना करने को तैयार हैं।

न्यायपालिका पर दबाव डालने वाले लोगों के खिलाफ सीजेआई को लिखा पत्र

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा - दूसरों को डराना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति

नई दिल्ली, एजेंसी

- 140 करोड़ भारतीयों ने ठुकराया

वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और 'बार काउंसिल ऑफ इंडिया' के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा समेत कुछ अन्य वकीलों की ओर से प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर न्यायपालिका पर दबाव डालने और अदालतों को बदनाम करने के प्रयास के आरोप लगाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कांग्रेस पर निशाना साधा और दावा किया कि 'दूसरों' को धमकाना और धौंस दिखाना विपक्षी पार्टी की 'पुरानी संस्कृति' है।

प्रधान न्यायाधीश को लिखे पत्र में आरोप लगाया है कि एक 'निहित स्वार्थी समूह बेकार के तर्कों और घिसे-पिटे राजनीतिक एजेंडा' के आधार पर न्यायपालिका पर दबाव डालने और अदालतों को बदनाम करने का प्रयास कर रहा है। इस पत्र की प्रति के साथ 'एक्स' पर की गई एक पोस्ट को टैग करते हुए प्रधानमंत्री ने लिखा, दूसरों को धमकाना और धौंस दिखाना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति है। पांच दशक पहले ही उसने एक प्रतिबद्ध न्यायपालिका का आह्वान किया था। वे बेशर्मी से अपने स्वार्थी हितों के लिए दूसरों से प्रतिबद्धता चाहते हैं लेकिन राष्ट्र के प्रति किसी भी प्रतिबद्धता से दूर रहते हैं। उन्होंने दावा किया, कोई आश्चर्य नहीं कि 140 करोड़ भारतीय उन्हें खारिज कर रहे हैं।

आधिकारिक सूत्रों द्वारा साझा किए पत्र में बिना नाम लिए वकीलों के एक वर्ग पर निशाना साधा गया है और आरोप लगाया गया है कि वे दिन में राजनेताओं का बचाव करते हैं और फिर रात में मीडिया के माध्यम से न्यायाधीशों को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं। पत्र में कहा गया है कि यह समूह अदालतों के कथित बेहतर अतीत और सुनहरे दौर की झूठी कहानियां बनाता है और इसकी तुलना वर्तमान में होने वाली घटनाओं से करता है। पत्र में दावा किया गया है कि उनकी टिप्पणियों का उद्देश्य अदालतों को प्रभावित करना और राजनीतिक लाभ के लिए उन्हें असहज करना है। 'न्यायपालिका पर खतरा: राजनीतिक और पेशेवर दबाव से न्यायपालिका को बचाना' शीर्षक वाले पत्र को लिखने वाले करीब 600 अधिवक्ताओं में आदिश अग्रवाल, चेतन मित्तल, पिंकी आनंद, हितेश जैन, उज्ज्वला पवार, उदय होला और स्वरूपमा चतुर्वेदी के नाम शामिल हैं। यूं तो वकीलों ने पत्र में किसी विशिष्ट मामले का उल्लेख नहीं किया है, लेकिन यह घटनाक्रम ऐसे समय में आया है जब अदालतें विपक्षी नेताओं से जुड़े भ्रष्टाचार के कई बड़े आपराधिक मामलों से निपट रही हैं। विपक्षी दलों ने केंद्र सरकार पर अपने राजनीतिक प्रतिशोध के तहत उनके नेताओं को निशाना बनाने का आरोप लगाया है, वहीं सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस आरोप का खंडन किया है।

नानकमत्ता के डेरा सेवा प्रमुख की हत्या

संवाददाता,नानकमत्ता/खटीमा

अमृत विचार: गुरुद्वारा श्री गुरु नानकमता साहिब के डेरा सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की गुरुवार सुबह बाइक सवार दो बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। डेरा में लगे सीसीटीवी कैमरे में घटना कैद हो गई है। घटना के बाद नेपाल सीमा सहित क्षेत्रों में चेकिंग की जा रही है। एसओजी समेत कई टीमें बदमाशों की खोज में जुटी हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा पहुंचकर घटना की जानकारी ली और बाबा को श्रद्धांजलि दी।

पुलिस के अनुसार नानकमत्ता डेरा कारसेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह (60) के पास सुबह सवा छह बजे दो व्यक्ति बाइक से आए। बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने गोली मारी, जिसके बाद बाबा ने भागने की कोशिश की, तभी बाइक सामने लाकर दूसरी गोली मार दी और भाग गए। डेरा में मौजूद लोग बाबा को खटीमा के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां कुछ देर बाद बाबा की मौत हो गई। जानकारी पर एसएसपी मंजूनाथ टीसी, एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके, एडीएम पंकज उपाध्याय, सीओ बीएस चौहान मौके पर पहुंचे।

यूपी में सात रुपये बढ़कर 237 हुई मनरेगा मजदूरी

लखनऊ, अमृत विचार : केंद्र सरकार ने सभी राज्यों में मनरेगा मजदूरी बढ़ाई है। इस क्रम में उत्तर प्रदेश में सात रुपये की बढ़ोतरी हुई है। यहां के श्रमिकों को 1 अप्रैल से प्रतिदिन काम करने पर 237 रुपये मिलेंगे।उत्तर प्रदेश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के जॉब कार्ड श्रमिकों को गांवों में कच्चे-पक्के काम करने पर अब 237 रुपये प्रतिदिन मिलेंगे। बुधवार को केंद्र सरकार ने प्रदेश में सात रुपये की बढ़ोतरी की है। यह बढ़े रुपये 1 अप्रैल से लागू होंगे। जबकि अभीतक 230 रुपये मिलते प्रतिदिन मिलते हैं। हर वर्ष मार्च अंत में बढ़ोतरी की जाती है। इसी क्रम में पिछले वर्षों में 217, 213, 204 व 201 रुपये मिलते थे। वहीं, उत्तराखंड में 237, मध्य प्रदेश में 243, पंजाब 322, राजस्थान 266, आंध प्रदेश में 300, अरुणाचल प्रदेश 234, असम 249, बिहार 245, छत्तीसगढ़ 243, गोवा, 356, गुजरात 280, हरियाणा 374, जम्मू कश्मीर 259 में रुपये मिलेंगे

मां की गोद से छीन कर बच्चे को सड़क पर फेंकने से हुई मौत

संवाददाता, हरदोई

- युवकों को तेज रफ्तार बाइक चलाने से रोका तो महिला को पीटा, दिया घटना को अंजाम

अमृत विचार: बघौली थाने के चनोखर में नशे में धुत युवकों को तेज रफ्तार बाइक चलाने से रोका तो महिला की पिटाई की। वहीं, उसके चार वर्षीय बच्चे को गोद से छीन कर सड़क पर फेंक दिया। सिर में चोट लगने से बच्चे की मौत हो गई। वहीं पुलिस का कहना है बच्चा बीमार था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सच्चाई सामने आएगी।

जानकारी के अनुसार बघौली थाने के चनोखर निवासी अखिलेश पंजाब में रह कर वहां मज़दूरी करता है। उसकी पत्नी सोनी चार वर्षीय इकलौते बेटे शिवांश और तीन बेटियों के साथ गांव में रह रही है। सोनी ने बताया कि बुधवार शाम को गांव के कुछ युवक नशे की हालत में बीच गांव में सड़क पर बाइक दौड़ा रहे थे। इस पर मैंने किसी हादसे के डर से उन्हें ऐसा करने से रोका तो युवक मुझसे ही झगड़ा करने लगे। विरोध करने पर पीटा और फिर गोद से इकलौते बेटे शिवांश को छीन कर आरसीसी सड़क पर फेंक दिया। सिर में गहरी चोट लगने से शिवांश बेहोश हो गया। गुरुवार की सुबह घर वाले उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ला रहे थे, उसी बीच उसकी मौत हो गई। शिवांश के चाचा विमलेश ने पुलिस को गांव के गुड्डू, प्रदीप और प्रमोद के नाम तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि गांव वालों के अनुसार बच्चा बीमार रहता था। सिर में चोट की बात उचित नहीं है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, उसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कोटा में नीट की तैयारी कर रही लखनऊ की युवती ने जान दी

कोटा, एजेंसी

- लोगों ने दरवाजा तोड़कर निकाला कोचिंग छात्रा का शव

कोटा में एक और कोचिंग छात्रा ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इस वर्ष कोटा में कोचिंग छात्र के आत्महत्या का ये आठवां मामला है।

लखनऊ की रहने वाली सौम्या कोटा में रहकर नीट की तैयारी कर रही थी। सौम्या महावीर नगर तृतीय इलाके के एक मकान में पेइंग गेस्ट के रूप में रह रही थी। उसे आखिरी बार होली के दिन देखा गया था। उसके बाद से वह घर से बाहर नहीं निकली थी। सौम्या के कोटा में ही रहने वाले एक दोस्त ने बुधवार को उसे फोन किया तो उसने नहीं उठाया। उसके कई बार फोन करने पर भी जब कोई जवाब नहीं मिला तो चिंतित होकर दोस्त वह बुधवार शाम उसके मकान पहुंचा। बार-बार खटखटाने पर भी सौम्या ने दरवाजा नहीं खोला तो अन्य लोगों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया तो छात्रा सौम्या फांसी के फंदे से लटकी मिली। पुलिस की सूचना पर सौम्या के परिजन कोटा पहुंचे। उनकी मौजूदगी में गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया गया।

टक्कर से दो ट्रकों में आग, चालक जिंदा जले

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार देर रात हादसा

अमृत विचार: कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार देर रात करीब साढ़े बारह बजे दो ट्रकों में आमने-सामने टक्कर होने के बाद आग लग गई। दुर्घटना के बाद दोनों ट्रकों में फंसे दोनों चालक जिंदा जल गए। पुलिस ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन विफल रही। बाद में दमकल टीम ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दोनों चालकों के जले हुए शव ट्रक से बाहर निकालकर जिला अस्पताल भेजे गए।

जनपद उन्नाव के थाना सहारामऊ क्षेत्र के भैंसोरा गांव निवासी विपिन मौर्या (35) पत्थर मंडी कबरई से ट्रक में गिट्टी भरकर कानपुर की तरफ जा रहा था। कानपुर निवासी राजकुमार पाल (32) ट्रक में गिट्टी लेने के लिए कबरई जा रहा था। खन्ना टोल प्लाजा के 500 मीटर आगे दोनों ट्रक हाईवे पर आमने-सामने टकरा गए। दुर्घटना के बाद दोनों ट्रकों में आग लग गई और दोनों ट्रकों के चालकों की केबिन के अंदर जलकर मौत हो गई। पुलिस, यातायात पुलिस, एएसपी, सीओ भारी फोर्स के साथ पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन लपटें काबू में नहीं आईं। बाद में दमकल विभाग के कर्मचारियों ने आग बुझाया। आग बुझने के बाद कटर से काटकर दोनों ट्रक चालकों के शवों को बाहर निकाला गया। इस दौरान लंबा जाम लग गया। पुलिस ने रात में ही क्रेन बुलाकर दोनों जले ट्रकों को हाईवे से हटवाकर किनारे किया तब जाकर जाम खुल सका। पुलिस अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता ने बताया कि दोनों चालकों की जलकर मौत हो गई।

उपलब्धि

जीबी पंत कृषि विवि के वैज्ञानिक ने इजाद किया विशिष्ट बाइंडर और सॉलिड वेस्ट मोल्डर, पेटेंट भी दाखिल

पर्यावरण के लिए चुनौती 'पराली' अब बनेगी घरों की रौनक

एक्सक्लूसिव

मृगांक मौली, पंतनगर

अमृत विचार: किसानों और पर्यावरण के लिए मुसीबत बनी पराली अब घरों की रौनक बढ़ाएगी। जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि के वैज्ञानिक डॉ. एमजीएच जैदी ने विशिष्ट प्रकार का बाइंडर बनाया है, जिसके पराली और बाइंडर (80:20) मिश्रण को पराली या अन्य फसल अवशेष में मिलाकर पार्टिकल बोर्ड बनाए जा सकते हैं। इससे प्रदूषण पर तो अंकुश लगेगा ही, किसानों को पराली से आय सहित घरों में प्रयोग होने वाले फर्नीचर भी बनाए जा सकेंगे। इस तकनीक को पेटेंट के लिए फाईल किया जा चुका है।

खेती में 70 प्रतिशत से अधिक कृषि अवशेष उत्पादित होते हैं, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण पराली होता है जो किसानों के लिए समस्या बना है। इसको देखते हुए विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के रसायन विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. एमजीएच जैदी व सह प्राध्यापक डॉ. समीना महताब के निर्देशन में शोधार्थी मीनाक्षी पांडे व शुभम शर्मा ने नई तकनीक विकसित की है। इस तकनीक में वैज्ञानिकों ने पराली व अन्य फसल अवशेषों से पार्टिकल बोर्ड बनाए हैं। साथ ही बोर्ड बनाने के लिए एक यंत्र भी विकसित किया है, जिसको पंत इंडस्ट्रियल सॉलिड वेस्ट मोल्डर नाम दिया है। स्क्रैप से बहुत कम कीमत और समय में बने इस यंत्र की लागत लगभग 20 हजार रुपये है।

पंत इंडस्ट्रियल सॉलिड वेस्ट मोल्डर।

डॉ.एमजीएच जैदी व शोधार्थी मीनाक्षी पांडे।

यह है तकनीक : पराली में वैक्स की मात्रा अधिक होती है, इसलिए उसे पार्टिकल बोर्ड में तब्दील करने में कठिनाई होती है। जब हार्ड प्रेस किया जाता है, तब वैक्स बाहर निकलता है और पार्टिकल बोर्ड में कोई मजबूती नहीं रह जाती है। डी वैक्स पराली हो या अन्य फसल अवशेष, उनमें 10 से 25 प्रतिशत बाइंडर मिलाकर पार्टिकल बोर्ड व कंपोजिट तैयार किए गए।

ये होंगे लाभ : देश में यदि इस प्रकार की तकनीकों को गांवों में पहुंचा कर यंत्र उपलब्ध कराए जाएं, तो युवा घरों में ही फसल अवशेषों से पार्टिकल बोर्ड व स्ट्रक्चरल कंपोजिट बनाकर आय का जरिया बना सकते हैं। ऐसी तकनीकें ईजाद कर रहे शोधार्थियों को उद्यम स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। जिसमें युवाओं के लिए भी रोजगार सृजन हो सकेगा।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	टाई	अंक	रन रेट
चेन्नई सुपरकिंग्स	02	02	00	00	04	+1.979
राजस्थान रॉयल्स	01	01	00	00	02	+1.000
सनराइजर्स हैदराबाद	02	01	01	00	02	+0.675
कोलकाता नाइट राइडर्स	01	01	00	00	02	+0.200
पंजाब किंग्स	02	01	01	00	02	+0.025
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	02	01	01	00	02	-0.180
गुजरात टाइटंस	02	01	01	00	02	-1.425
दिल्ली कैपिटल्स	01	00	01	00	00	-0.455
मुंबई इंडियंस	02	00	02	00	00	-0.925
लखनऊ सुपर जायंट्स	01	00	01	00	00	-1.000

यशस्वी जयसवाल को जल्दी आउट करने के बाद जश्न मनाते मुकेश कुमार।

रविचंद्रन अश्विन के विकेट का साथियों संग जश्न मनाते दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज अक्षर पटेल।

रियान का अर्धशतक, दिल्ली को 186 रनों का लक्ष्य

रियान ने अश्विन के साथ चौथे विकेट के लिए 54 और पांचवें विकेट के लिए ध्रुव जुरेल के साथ 52 रन की आक्रामक साझेदारी की

रियान पराग

जयपुर, एजेंसी

रियान पराग की नाबाद 84 रन की ताबड़तोड़ पारी के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में गुरुवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पांच विकेट पर 185 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।

रियान ने 45 गेंद की पारी में सात चौके और तीन छक्के लगा कर आईपीएल में अपना सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया। उनकी ताबड़तोड़ पारी से टीम ने आखिरी सात ओवर में 92 रन जोड़े। राजस्थान की टीम आठ ओवर के बाद 38 रन पर तीन विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी लेकिन रियान ने रविचंद्रन अश्विन (19 गेंद में 29 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 37 गेंद में 54 और पांचवें विकेट के लिए ध्रुव जुरेल (12 गेंद में 20 रन) के साथ 23 गेंद में 52 रन की आक्रामक साझेदारी कर मैच में टीम की वापसी करायी। उन्होंने शिमरोन हेटमायर (सात गेंद में नाबाद 14 रन) के साथ 16 गेंद में 43 रन की अटूट साझेदारी के दौरान आखिरी ओवर में एनरिच नोर्किया के खिलाफ तीन चौके और दो छक्के लगाकर 25 रन बटोरे। दिल्ली कैपिटल्स के पांचों गेंदबाजों को एक-एक सफलता मिली। खलील अहमद ने 24 और अक्षर पटेल ने 21 रन दिये तो वही कुलदीप यादव ने 41, नोर्किया ने 48 और मुकेश कुमार ने 49 रन लुटाये। दिल्ली के तेज गेंदबाजों ने शुरूआत में कसी हुई गेंदबाजी की। मुकेश ने पारी के दूसरे ओवर में यशस्वी जायसवाल को बोल्ड कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलायी। कप्तान संजू सैमसन ने इस गेंदबाज के अगले ओवर में हैट्रिक चौके जड़े लेकिन छठे ओवर में खलील अहमद की गेंद को अपना 100वां आईपीएल मैच खेल रहे ऋषभ पंत के हाथों में खेल गये। पावरप्ले में राजस्थान की टीम दो विकेट पर 31 रन ही बना सकी। दूसरे छोर से रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे जोस बटलर आठवें ओवर में कुलदीप यादव की गेंद पर पगबाधा हो गये। रियान ने नौवें ओवर में अक्षर के खिलाफ चौका जड़ा। यह राजस्थान का 31 गेंद के बाद पहला चौका था। अश्विन ने कुलदीप के खिलाफ पारी का पहला छक्का जड़ने के बाद 11वें ओवर में नोर्किया के खिलाफ दो छक्के जड़कर बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजे जाने के फैसले को सही साबित किया। दूसरे छोर से रियान ने भी कुलदीप के खिलाफ छक्का जड़ा लेकिन अक्षर ने 14वें ओवर में अश्विन को चलता किया। शानदार लय में चल रहे रियान ने 15वें ओवर से बड़ा शॉट खेलना शुरू किया।

राजस्थान 185/5 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 07

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल बो मुकेश कुमार	05	07	1/0
जोस बटलर पगबाधा कुलदीप	11	16	0/0
संजू सैमसन का पंत बो खलील	15	14	3/0
रियान पराग नाबाद	84	45	7/6
रविचंद्रन अश्विन का स्टब्स बो अक्षर	29	19	0/3
ध्रुव जुरेल बो नोर्किया	20	12	3/0
शिमरोन हेटमायर नाबाद	14	07	1/1

गेंदबाजी : खलील 4-0-24-1, मुकेश 4-0-49-1, नोर्किया 4-0-48-1, अक्षर 4-0-21-1, कुलदीप 4-0-41-1

अश्विन बोले- आश्चर्य होता है कि क्या आईपीएल क्रिकेट है

नयी दिल्ली। भारत के शीर्ष स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि आईपीएल इतना 'विशाल' हो गया है कि कभी-कभी क्रिकेट पीछे चला जाता है और खिलाड़ियों के लिए ट्रेनिंग और विज्ञापन शूटिंग के बीच तालमेल बैठाना मुश्किल हो जाता है। अश्विन ने 'क्लब प्रेयरी फायर पॉडकास्ट' पर कहा, ''आईपीएल में आने वाले एक युवा खिलाड़ी के रूप में मैं केवल बड़े सितारों से सीखना चाहता था। मैंने यह नहीं सोचा था कि आईपीएल अगले 10 वर्षों में कैसा दिखेगा। आईपीएल में इतने सारे सत्र खेलने के बाद मैं यह कह सकता हूं कि आईपीएल बहुत बड़ा है।'' उन्होंने कहा, ''कभी-कभी मुझे आश्चर्य होता है कि क्या आईपीएल क्रिकेट है भी क्योंकि (आईपीएल के दौरान) खेल पीछे चला जाता है। यह बहुत बड़ा है। हम विज्ञापन शूटिंग और सेट में अभ्यास करते हैं।''

खेल डायरी

सिंधू मैड्रिड मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं

मैड्रिड। भारत की दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू ने मैड्रिड स्पेन मास्टर्स में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को यहां चीनी ताइपे की हुआंग यू-हसुन पर सीधे गेम में आसान जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस मुकाबले में पूरी तरह से सिंधू का दबदबा दिखा जिन्हें विश्व रैंकिंग में 63वें स्थान पर काबिज ताइवान की क्वालीफायर खिलाड़ी से कोई चुनौती नहीं मिली। पूर्व विश्व चैम्पियन सिंधू ने 36 मिनट तक चले मैच को 21-14, 21-12 से अपने नाम किया। सिंधू के सामने अब थाईलैंड की सुपानिदा केटथोंग या जापान की नात्सुकी निदाइरा में से किसी एक की चुनौती होगी।

गिलेस्पी दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के कोच पद से देंगे इस्तीफा

एडिलेड। जेसन गिलेस्पी दक्षिण ऑस्ट्रेलिया और एडिलेड स्ट्राइकर्स के मुख्य कोच पद से जून के आखिर में इस्तीफा देंगे। दक्षिण ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट एसोसिएशन (एसएसीए) ने गुरुवार को दिये एक बयान में कहा है कि जेसन गिलेस्पी जून के आखिर में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया और एडिलेड स्ट्राइकर्स के मुख्य कोच का पद छोड़ देंगे। गिलेस्पी ने कहा, "हमने एसएसीए में एक साथ मिलकर जो हासिल किया, उस पर मुझे अविश्वसनीय रूप से गर्व है और मैं उन यादों को हमेशा संजोकर रखूंगा। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट का भविष्य उज्ज्वल है।"

मेनन आईसीसी एलीट पैनल के अंपायर बने रहेंगे

दुबई। भारत के नितिन मेनन लगातार पांचवीं बार अंपायरों के आईसीसी एलीट पैनल में शामिल हुए जबकि बांग्लादेश के शरफुद्दौला इब्ने शाहिद इस सूची में जगह बनाने वाले अपने देश के पहले अंपायर बने। इंदौर के मेनन 2020 में कोविड-19 महामारी के दौरान में एलीट पैनल में शामिल हुए थे। वह गुरुवार को 2024-25 सत्र के लिए जारी आईसीसी की 12-सदस्यीय अंपायरों की सूची में एकमात्र भारतीय बने हुए हैं। एस रवि और पूर्व स्पिनर एस वेंकटराघवन के बाद एलीट पैनल का हिस्सा बनने वाले वह केवल तीसरे भारतीय हैं। रवि ने 33 जबकि वेंकटराघवन ने 73 टेस्ट में मैदानी अंपायर की भूमिका निभाई हैं।

आईपीएल 17 के पहले दिन दर्शक संख्या का रिकॉर्ड टूटा

मुंबई। आईपीएल के 17वें सत्र के पहले दिन उद्घाटन समारोह और चेन्नई सुपर किंग्स तथा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के बीच मैच को रिकॉर्ड 16 करोड़ 80 लाख दर्शकों ने देखा। मेजबान प्रसारक ने यह जानकारी दी। इंडियन प्रीमियर लीग के आधिकारिक प्रसारक डिजनी स्टार ने कहा कि पहले दिन के खेल का 'वाचटाइम' (देखने का समय) 1276 करोड़ मिनट रहा जो किसी भी सत्र में पहले दिन का रिकॉर्ड है। आईपीएल के 17वें सत्र में पहले दिन डिजनी स्टार नेटवर्क पर छह करोड़ ये अधिक दर्शकों ने प्रसारण देखा। कंपनी ने कहा, ''डिजनी स्टार ने आईपीएल 2023 के पहले दिन 870 करोड़ मिनट रिकॉर्ड किये थे। पिछले सत्र की तुलना में वाचटाइम में 16 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।''

आडवाणी, सितवाला प्री-क्वार्टर फाइनल में

मुंबई। विश्व चैम्पियन पंकज आडवाणी और राष्ट्रीय चैंपियन ध्रुव सितवाला ने गुरुवार को यहां अपने-अपने मुकाबलों में जीत के साथ 'ऑल इंडिया सीसीआई बिलियर्ड्स क्लासिक 2024' प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी। गत चैम्पियन आडवाणी ने ग्रुप ए के मैच में देवेंद्र जोशी को 1063-224 के बड़े अंतर से हराने के दौरान 529 का बड़ा ब्रेक बनाया। इंग्लैंड के डेविड कौजियर ने 465 और 301 के बड़े ब्रेक के दम पर भारत के विशाल मदान को 1183-301 से हराया। सितवाला ने ग्रुप ई मुकाबले में कमल चावला को 667-250 हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। मुंबई के रोहन जंबूसरिया ने ग्रुप एफ मैच में पूर्व विश्व चैंपियन कोलकाता के सौरव कोठारी पर 520-403 की शानदार जीत दर्ज की।

शरफुद्दौला आईसीसी एलीट समूह के अंपायरों में

दुबई। आईसीसी ने शरफुद्दौला को अंपायरों के अपने विशिष्ट पैनल में नियुक्त किया है। वह इस समूह में शामिल होने वाले पहले बांग्लादेशी हैं। मैच रेफरी के नए पैनल में अनुभवी क्रिस ब्रॉड शामिल नहीं हैं। ब्रॉड वर्ष 2003 से एलीट पैनल में हैं। उन्होंने 123 टेस्ट, 361 एकदिवसीय और 135 टी-20 मैचें में अंपायरिंग की है। वह 2009 टी-20 विश्वकप और 2021 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में मैच रेफरी थे। उनकी गिनती सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय मैचों में अंपायरिंग वालों में है। आईसीसी के सीईओ ज्योफ एलार्डिस ने कहा, "क्रिस ब्रॉड कई वर्षों से एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के एक मूल्यवान सदस्य रहे हैं और उन्होंने अपनी भूमिका उत्कृष्टता के साथ निभाई है।"

आईपीएल में जीत की लय बरकरार रखने उतरेंगे आरसीबी-केकेआर

बेंगलुरू, एजेंसी

पिछले मैच में मिली जीत से उनका हौसला बढा है लेकिन प्रदर्शन में परिपक्वता लाना बाकी है और शुक्रवार को आईपीएल 2024 के मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर तथा कोलकाता नाइट राइडर्स अपेक्षा के अनुरूप खेल दिखाने के इरादे से उतरेंगी। आरसीबी ने पिछले मैच में पंजाब किंग्स को चार विकेट से हराया जबकि केकेआर ने सनराइजर्स हैदराबाद को चार रन से मात दी। इसके बावजूद दोनों टीमों की शीर्ष और मध्यक्रम की बल्लेबाजी की समस्यायें बनी हुई हैं।

पंजाब के खिलाफ 177 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के अर्धशतक से आरसीबी खेमे ने राहत की सांस ली होगी। कप्तान फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन और रजत पाटीदार से अभी अच्छी पारी की उम्मीद है। पंजाब के खिलाफ आखिरी क्षणों में दिनेश कार्तिक का अनुभव और 'इंपैक्ट खिलाड़ी' महिपाल लोमरोर की उपयोगी पारी उनके काम आई। केकेआर के पास अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है और एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करने पर वे आरसीबी के बल्लेबाजों की परेशानी का सबब बन सकते हैं। आरसीबी के लिये तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और यश दयाल ने पंजाब के खिलाफ अच्छी गेंदबाजी की लेकिन बाकी गेंदबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु : फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशाक, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्जारी जोसफ, यश दयाल, टॉम करन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान। **कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), नीतिश राणा, मनीष पांडे, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह, शाकिब अल हसन, अनुकूल रॉय, वेंकटेश अय्यर, शेरफाने रदरफोर्ड, अंगकृष रघुवंशी, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, केएस भरत, फिल साल्ट, रहमानुल्लाह गुरबाज, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, दुष्मंता चामीरा, वरूण चक्रवर्ती, मिचेल स्टार्क, मुजीब उर रहमान, हर्षित राणा, सुयश शर्मा। **मैच का समय :** शाम 7.30 से।

वॉर्नर, स्टोइनिस, एगर सीए के केंद्रीय अनुबंध से बाहर

मेलबर्न। वनडे और टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर, हरफनमौला एश्टोन एगर और मार्कस स्टोइनिस को वर्ष 2024-25 के लिये क्रिकेट आस्ट्रेलिया के केंद्रीय अनुबंध से बाहर रखा गया है। विक्टोरिया के सलामी बल्लेबाज मार्कस हैरिस और तेज गेंदबाज माइकल नासिर को भी अनुबंध नहीं मिल सका है। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू के अनुसार 23 खिलाड़ियों को अनुबंध दिये गए हैं। आस्ट्रेलिया को अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी20 विश्व कप के अलावा भारत के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला भी खेलनी है। वॉर्नर का अनुबंध से बाहर रखन तय था जो टी20 विश्व कप के बाद खेल को अलविदा कहने का ऐलान कर चुके हैं।

सूर्यकुमार को मैच के लिए फिट होने में समय लगेगा

नयी दिल्ली, एजेंसी

दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी से पूरी तरह नहीं उबर पाए हैं और आईपीएल के कुछ और मैचों में नहीं खेल पाएंगे। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) उनकी प्रगति पर नजर रखे हुए है। मुंबई इंडियन्स के लिए खेलने वाले सूर्यकुमार मौजूदा सत्र में अब तक कोई मैच नहीं खेल पाए हैं और उनकी टीम को दोनों मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है।

बीसीसीआई के सूत्र ने कहा, ''सूर्या (सूर्यकुमार) काफी अच्छी प्रगति कर रहा है और काफी जल्द मुंबई इंडियन्स की ओर से वापसी करेगा। शुरुआती दो मैच में नहीं खेल पाने के बाद हालांकि उसे कुछ और मुकाबलों से बाहर रहना पड़ सकता है।'' मुंबई इंडियन्स को सूर्यकुमार की कमी खल रही है लेकिन बीसीसीआई इस आक्रामक बल्लेबाज की फिटनेस को लेकर कोई जोखिम नहीं उठाना चाहता क्योंकि जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप में उनके बड़ी भूमिका निभाने की उम्मीद है। सूत्र ने कहा, ''बीसीसीआई के लिए मुख्य चिंता यह है कि वह टी20 विश्व कप में खेलने की राह पर हैं या नहीं और वह इस स्थिति में है।''

आलिया और शरवरी की फिल्म में विलेन बनेंगे बॉबी देओल

मुंबई, एजेंसी। यशराज प्रोडक्शन के स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म में आलिया भट्ट लीड रोल में नजर आने वाली हैं। अब इस फिल्म से जुड़ी लेटेस्ट अपडेट सामने आई है। सुनने में आया है कि इस फिल्म में बॉबी देओल को विलेन के रोल में कास्ट कर लिया गया है। इस अनटाइटल्ड फिल्म में आलिया और बॉबी के अलावा शरवरी वाघ भी अहम रोल में नजर आएंगी। फिल्म से जुड़े एक सूत्र की मानें तो 'एनिमल' की सफलता के बाद बॉबी को विलेन के रोल ज्यादा ऑफर किए जा रहे हैं। इस फिल्म में भी वो आलिया और शरवरी से भिड़ते नजर आएंगे। बॉबी फिल्म से जुड़े पेपर वर्क पूरे कर चुके और इस साल के सेकेंड हाफ में वो इस फिल्म की शूटिंग पर जुटेंगे।' सूत्र ने यह जानकारी भी दी कि इस फिल्म में बॉबी स्पेशल लुक में नजर आएंगे। उन्हें इससे पहले कभी इस तरह के लुक में नहीं देखा गया। फिल्म के जरिए आलिया और बॉबी पहली बार किसी फिल्म में साथ काम भी करेंगे। बॉबी पिछले साल दिसंबर में रिलीज हुई आलिया के हस्बैंड रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' में विलेन के रोल में नजर आए थे।

डिजिटल डेब्यू की तैयारी में अभिनेता अक्षय खन्ना

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड एक्टर अक्षय खन्ना 49 साल के हो चुके हैं। ये जाने-माने एक्टर विनोद खन्ना के छोटे बेटे हैं। अक्षय ने पिता विनोद खन्ना के प्रोडक्शन में बनी फिल्म हिमालय पुत्र से बॉलीवुड डेब्यू किया था, लेकिन 1999 में हिट फिल्म ताल से इन्हें पॉपुलैरिटी मिली। अक्षय ने ताल, बॉर्डर, हलचल, हंगामा, गांधी माय फादर, रेस, दिल चाहता है जैसी बेहतरीन फिल्मों में काम किया है। हालांकि, तब भी इन्हें फिल्म इंडस्ट्री में वो मुकाम नहीं मिला जिसके ये हकदार थे। 22 साल की उम्र में डेब्यू करने वाले अक्षय 19 साल की उम्र में बाल झड़ने की समस्या से जूझने लगे थे। करियर आगे बढ़ा तो अक्षय की ये समस्या और गहरी हो गई, जिसका असर उनके फिल्मी करियर पर भी पड़ने लगा। अक्षय ने फिल्मों से कुछ सालों का दो बार ब्रेक भी लिया। 27 साल के करियर में अक्षय करीब पांच साल तक घर बैठे। इनकी पिछली फिल्म दृश्यम 2 थी जो कि 2022 में रिलीज हुई थी। अक्षय अब अपने डिजिटल डेब्यू की तैयारी कर रहे हैं। वो रवीना टंडन के साथ वेब सीरीज 'लीगेसी' में नजर आएंगे।

दीपिका पादुकोण का अजीब पोस्ट पढ़ परेशान हुए फैंस

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण जल्द ही मां बनने वाली हैं। रणवीर-दीपिका के घर जल्द ही नन्हा मेहमान आने वाला है। दीपिका इन दिनों अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। हाल ही में कपल ने पोस्ट शेयर कर अपने आने आने वाले बच्चे की खुशखबरी फैंस के साथ शेयर की थी। इसी बीच मॉम टू बी दीपिका पादुकोण ने एक ऐसा पोस्ट किया है जिसे पढ़ने के बाद उनके चाहने वाले टेंशन में आ गए हैं। अपने इस पोस्ट में दीपिका ने महिलाओं की सफलता को लेकर बात की है। इसके अलावा भी एक्ट्रेस ने काफी कुछ लिखा है। दीपिका पादुकोण ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर स्टोरी पोस्ट की है। अपने इस पोस्ट में दीपिका ने महिलाओं की सक्सेस पर तंज कसा है। एक्ट्रेस ने अपने पोस्ट में लिखा कि "चारों तरफ देखें कि आप कहां हैं, देखें कि सफलता की परिभाषा बदलने के लिए आप क्या कर सकते हैं। ताकी आपके बाद आने वाली महिलाओं को ऐसा महसूस नहीं होगा कि सफलता और स्ट्रेस के बीच इसका चयन करना है।" दीपिका के प्रेग्नेंसी के दौरान के इस पोस्ट ने उनके फैंस की चिंता बढ़ा दी है। हालांकि एक्ट्रेस ने ऐसा पोस्ट क्यों किया इसके पीछे की क्या वजह है इस बात की जानकारी नहीं हैं। मां बनने वाली हैं दीपिका पादुकोणबता दें कि रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण ने फरवरी में अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी। दीपिका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर 'सितंबर 2024' लिखा था। तस्वीर के चारों तरफ बच्चों के खिलौने बने हुए थे। इस पोस्ट के सामने आने के बाद कपल के फैंस और स्टार्स ने उन्हें जमकर बधाई दी थी। शादी के लगभग पांच साल बाद कपल पेरेंट्स बनने जा रहा है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

छह सौ संविदा कर्मियों का होगा 30 लाख का दुर्घटना बीमा

शासन ने दी बड़ी राहत, सीएमओ ने शुरू कराई प्रक्रिया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

अमृत विचार। शासन की ओर से एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को बड़ी राहत दी गई है। इसके तहत प्रत्येक संविदा कर्मचारी का तीस लाख रुपये का दुर्घटना बीमा कराया जाएगा। इसके दायरे में जनपद के करीब 600 संविदा कर्मी आएंगे।

एनएचएम संविदा कर्मचारी संघ के संयोजक रत्नेश।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की ओर से जिले भर के दस ब्लॉकों में 600 से ज्यादा संविदा कर्मचारी स्वास्थ्य विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसमें डॉक्टर से लेकर स्टॉफ नर्स, एलटी, एलए, सीएचओ, डाटा ऑपरेटर, सफाई कर्मी सहित अन्य पदों पर लोग काम कर रहे हैं। इन स्वास्थ्य कर्मियों को सरकार की ओर से वेतन और पीबीआई के अलावा कोई खास सुविधा नहीं दी जा रही है। जिसपर संविदा कर्मी अन्य लाभ दिए जाने की लंबे समय से मांग कर रहे थे। अब शासन की ओर से प्रत्येक एनएचएम संविदा कर्मचारी का 30 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे कर्मचारियों में खुशी व्याप्त है। एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला संयोजक रत्नेश बाजपेयी व जिलाध्यक्ष भोलेंद्र जादौन ने बताया कि शासन ने संविदा कर्मचारियों को स्वास्थ्य बीमा का लाभ देने की मांग स्वीकार कर ली है। जिसके तहत अगर किसी कर्मचारी की सड़क दुर्घटना में मौत होती है तो उसके द्वारा नामित व्यक्ति को बीमा के रूप में 30 लाख रुपये मिलेंगे। इस बावत सीएमओ डॉ. एके सिंह ने कहा कि सभी चिकित्सा प्रभारियों को संविदा कर्मचारियों को बीमा लाभ दिए जाने के बावत कागजी कार्रवाई पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

ऐसे मिलेगा स्वास्थ्य बीमा का लाभ

- बीमा योजना का लाभ देने के लिए संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों से पोर्टल पर कर्मचारी का नाम, पदनाम, लिंग, जन्मतिथि, योगदान तिथि, तैनाती विवरण, निर्धारित मानदेय एवं नामिनी का पूर्ण विवरण मांगा गया है। कार्यरत पंजीकृत कर्मचारियों की रिपोर्ट जिला लेखा प्रबंधक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक के हस्ताक्षर सहित सीएमओ से सत्यापित कराकर राज्य कार्यक्रम प्रबंधन इकाई राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन यूपी कार्यालय में उपलब्ध कराना है।

कोमा में गई महिला की मौत 15.48 लाख हर्जाना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- कानपुर देहात के एक अस्पताल में बरती गई लापरवाही
- राज्य उपभोक्ता आयोग ने अपील खारिज कर बढ़ाई राशि

अमृत विचार। कानपुर देहात के एक अस्पताल में दोबारा ऑपरेशन करने से महिला कोमा में चली गई और चिकित्सक की लापरवाही से उसकी मौत हो गई। जिला उपभोक्ता फोरम ने चिकित्सक व अस्पताल पर लाखों का हर्जाना लगाया था। इसके विरोध में राज्य उपभोक्ता आयोग में भी अपील खारिज हो गई।

कानपुर देहात के थाना डेरापुर बड़ा गांव भिक्खी निवासी अरुण कुमार ने 2003 में पत्नी मीरा का पुष्पेय हास्पिटल हास्पिटल गांधी नगर अकबरपुर में गाल ब्लैडर में स्टोन होने पर भर्ती कराया था। डा. अनिल सिंह (सर्जन) सिविल लाइंस कानपुर नगर ने ऑपरेशन किया। लेकिन, आराम न मिलने पर दोबारा ऑपरेशन किया। इससे मीरा कोमा में चली गई और स्टाफ ने कानपुर नगर के तुलसी हास्पिटल में भर्ती करा दिया। वहां दो दिन बाद मौत हो गई। पोस्टमार्टम में सेप्टीसीमिया से मृत्यु होने की पुष्टि हुई। यह जानलेवा है जो ऑपरेशन थिएटर में वायरस, बैक्टीरिया व पेथोजेन से मुक्त न होने पर होता है। इस लापरवाही पर जिला उपभोक्ता आयोग में डॉ. अनिल व पुष्पेय अस्पताल पर वाद दायर किया था। आयोग ने दोबारा ऑपरेशन करने का कारण पूछा तो चिकित्सक नहीं बता पाए। इस पर अस्पताल व चिकित्सक पर कुल 2,05,000 रुपये हर्जाना लगाया था। इसके विरोध में पुष्पेय हास्पिटल ने राज्य उपभोक्ता आयोग में अपील थी। प्रिसाइडिंग जज राजेंद्र सिंह ने खारिज कर जिला उपभोक्ता आयोग का आदेश बरकरार रखा। अरुण की मांग पर क्षतिपूर्ति राशि बढ़ाकर 4.40 लाख रुपये कर दी। जो ब्याज समेत दोनों को 30 दिन के अंदर 15.48 लाख रुपये अदा करनी होगी।

सार-संक्षेप

नलकूप गए किसान की संदिग्ध हालात में मौत

सर्वेश सिंह।

राजपुर। क्षेत्र के भाल गांव में नलकूप पर सोने गए एक किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में हालत बिगड़ गई। इलाज के लिए कानपुर ले जाते समय किसान की मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर अंतिम संस्कार कर दिया। भाल निवासी सर्वेश सिंह (48) रोजाना खेत पर लगे ट्यूबवेल पर सोने के लिए जाते थे। बुधवार की शाम को भी वह अपने खेत पर टयूबवेल पर गए थे। जहां देर रात अचानक उनकी हालत बिगड़ गई। जानकारी मिलने के पर परिजन किसान को इलाज के लिए कानपुर ले जा रहे थे। लेकिन रास्ते में ही किसान ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इधर किसान की मौत से पत्नी उर्मिला देवी, बेटा अभिषेक सिंह, लकी सिंह आदि बिलखते रहे। मृतक के परिजनों ने हार्ट अटैक से किसान की मौत की संभावना जताई है। राजपुर थानाध्यक्ष प्रभात सिंह ने बताया कि परिजनों ने मामले की सूचना नहीं दी है।

अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम आलोक सिंह। अमृत विचार

एंटी लार्वा का छिड़काव व फॉगिंग पर जोर

कानपुर देहात। डीएम की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के जनपदीय टास्क फोर्स व अंतर विभागीय समन्वय समिति की दूसरी बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में हुई। गुरुवार को बैठक में सीएमओ डॉ. एके सिंह ने डीएम आलोक सिंह को बताया कि जनपद में एक अप्रैल से लेकर 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। ब्लाक स्तरीय अंतर समन्वय समिति की बैठक कर ली गई है। विभागों से माइक्रोप्लान भी प्राप्त हो चुके हैं। डीएम ने सार्वजनिक भवनों, धार्मिक स्थलों व भीड़ भाड़ वाले स्थानों, सीएचसी, पीएचसी, आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालय आदि के आसपास नालियों की सफाई, झाड़ियां की कटाई, एंटी लार्वा का छिड़काव, फॉगिंग आदि कराने के निर्देश दिए। डीपीआरओ व अधिशासी अधिकारी नगर निकायों को निर्देशित किया कि अभियान के दौरान शासन द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप कार्रवाई कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। ऐसे में अभियान चलाकर एंटी लार्वा का छिड़काव व फॉगिंग कराएं। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। डीएम ने सीडीओ व सीएमओ को पूरे अभियान की नियमित निगरानी करने के भी निर्देश दिए। साथ ही पशु चिकित्साधिकारी को सुअर बाड़ों के आसपास सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। सभी गतिविधियों के लिए एक ग्रुप बनाकर उसमें दिन प्रतिदिन होने वाले क्रियाकलापों की फोटोग्राफ डालने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ लक्ष्मी एन., डीपीआरओ विकास पटेल, डीपीओ राकेश यादव समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

परिषदीय स्कूलों में वार्षिक परीक्षा खत्म

कानपुर देहात। परिषदीय विद्यालयों में 20 मार्च से शुरू हुई वार्षिक परीक्षाएं 27 मार्च को संपन्न हो गई। बुधवार को अंतिम विषय की परीक्षा हुई। अब उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर परीक्षा परिणाम तैयार किया जाना है। 31 मार्च तक हर हाल में परीक्षाफल वितरित कर दिया जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय स्कूलों में नया शैक्षिक सत्र एक अप्रैल से शुरू होगा। नया सत्र शुरू होने में महज तीन दिन बाकी हैं। 29 मार्च को अवकाश है। ऐसे में महज दो दिनों के अंदर ही उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर परीक्षा परिणाम तैयार करना होगा। इतने कम समय में यह काम करना शिक्षकों के लिए चुनौती है। इस संबंध में बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि समय पर परीक्षाफल वितरण करने के लिए सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा
गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

सूबेदार के पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए ले जाते सेना के जवान।

अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को समझाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

सूबेदार का पार्थिव शरीर गांव पहुंचते ही मचा कोहराम

संवाददाता, मंगलपुर

- आरोपी पत्नी पर रिपोर्ट दर्ज होने के बाद अंतिम संस्कार को राजी हुए परिजन
- पत्नी द्वारा होली में आए सूबेदार पति पर मिट्टी का तेल डालकर जलाने का मामला

अमृत विचार। होली में छुट्टी पर घर आए सूबेदार के ऊपर पत्नी ने मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी थी। लखनऊ में सेना के कमांड अस्पताल में सूबेदार की मौत के बाद शव गांव लाया गया तो परिजनों में कोहराम मच गया। पंजाब रेजिमेंट के जवानों ने सूबेदार को अंतिम सलामी दी। पुलिस ने आरोपी पत्नी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पूछताछ शुरू की है।

मंगलपुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुदौली मड़ौली के मजरा किशनपुर गांव निवासी चरणसिंह निषाद (34) सेना में सूबेदार के पद पर जम्मू में तैनात थे। वह होली पर छुट्टी लेकर घर आए हुए थे। चरण सिंह का विवाह कंचौसी क्षेत्र के मधवापुर निवासी आकांक्षा उर्फ बेबी से लगभग बारह वर्ष पूर्व हुआ था। उसके एक पुत्र कृष्णा (10) व पुत्री रानी (8) है। परिजनों के मुताबिक बीते मंगलवार की दोपहर चरण सिंह अपने कमरे में सो रहे थे। तभी पत्नी आकांक्षा ने मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी थी। जिससे कि वह गंभीर रूप से झुलस गए थे। हवासपुर सीएचसी से उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर किया गया था। वहां से लखनऊ सेना के कमांड अस्पताल भेज दिया गया था। बुधवार को चरण सिंह की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। वहां से पार्थिव शरीर गांव आने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया। मांग की कि आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाए। मंगलपुर पुलिस ने पत्नी के खिलाफ आपराधिक मानव वध की रिपोर्ट दर्ज कर हिरासत में लिया। तब परिजन अंतिम संस्कार को राजी हुए। 27वीं बटालियन पंजाब रेजिमेंट के आए अधिकारियों व जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर सलामी दी। बेटे कृष्णा ने पिता को मुखाग्नि दी।

होली के बाद वापस लौटने की मची होड़ बस-ट्रेन फुल

कानपुर देहात। होली की छुट्टियां खत्म होने के साथ श्रमिक तबके के लोग काम पर वापस लौटने लगे हैं। इसके कारण परिवहन निगम की बसों के साथ-साथ प्राइवेट वाहनों व ट्रेनों में यात्रियों की संख्या में खासी वृद्धि हो गई है।

होली का हुड़दंग ग्रामीण आंचल में भले ही चल रहा हो, लेकिन कामकाजी श्रमिकों की होली की छुट्टी खत्म हो गई। ऐसे में वाहनों के साथ ट्रेनों में भी यात्री बढ़ गए हैं। प्राइवेट रूटों पर यात्रियों को वाहनों का इंतजार करना पड़ा। गुरुवार को श्रमिकों के लौटने से परिवहन निगम की बसों के साथ प्राइवेट बसों में यात्रियों की भीड़ लगी दिखाई दी। काफी संख्या में लोग जिले के चौराहों से डग्गामार वाहनों का सहारा लेकर अपने गंतव्य के लिए रवाना होते नजर आए। दूरदराज से आए लोगों में बसों में सीट पाने के लिए आपाधापी रही। ट्रेनों में यात्रियों की खासी भीड़ दिखाई दी।

आरोपी पुलिसकर्मियों की तरफ से चार को फिर जिरह

बलवंत हत्याकांड

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। चर्चित बलवंत हत्याकांड में आरोपी तत्कालीन एसओजी प्रभारी प्रशांत गौतम समेत अन्य पुलिस कर्मियों द्वारा घटना के साक्षी गुड्डू उर्फ राघवेंद्र से दोबारा जिरह का अवसर देने के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद आरोपियों का प्रार्थना पत्र स्वीकृत कर साक्षी गुड्डू उर्फ राघवेंद्र सिंह से जिरह के लिए 4 अप्रैल की तिथि नियत करने का आदेश किया है।

यह जानकारी वादी पक्ष के अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने दी। बताया कि पिछली तिथि पर वादी अंगद सिंह ने आरोपी तत्कालीन रनियां थाना प्रभारी शिव प्रकाश सिंह व एसओजी के तत्कालीन आरक्षी महेश गुप्ता को केस में अभियुक्त के रूप में तलब कर विचारण करने के लिए कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था। इस पर सुनवाई होनी है। चश्मदीद गवाह मृतक के चचेरे भाई गुड्डू के बयान कोर्ट में पूर्व में दर्ज किए गए थे। गवाह ने प्रशांत गौतम, प्रशांत पांडेय, सोनू, दुर्वेश व अनूप कुमार को देख कर पहचाना था। सुनवाई एडीजे दुर्गेश की न्यायालय में चल रही है।

ग्रामीणों ने बुलंद किया पुल नहीं तो वोट नहीं का नारा

संवाददाता, रूरा

अमृत विचार। पुल नहीं तो वोट नहीं के नारे के साथ रूरा क्षेत्र के कई गांवों के ग्रामीणों ने आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार किया है। सूचना पर पहुंचे तहसीलदार व थाना प्रभारी ने लोगों को समझाया।

गुरुवार को अंदाया, बैजूपुरवा, दम्मूपुरवा, इकघरा, कुरियानपुरवा, भूलनीपुरवा, कथारा, आजाद नगर समेत दर्जनों गांव के ग्रामीण गांव के बाहर रेल पटरी किनारे नहर पर पुल बनाने की मांग को लेकर बैजूपुरवा अंडरपास के समीप एकत्र हो गए और जगह-जगह पोस्टर लगाकर आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान बहिष्कार का अल्टीमेट दिया। ग्रामीण अशोक, राकेश आदि ने बताया कि रूरा जाने के लिए पहले रेलवे लाइन के पास से पैदल रास्ता था। जिससे स्कूली छात्र व स्टेशन आने वाले लोग आसानी से कम समय में एक किलोमीटर का रास्ता तय कर लेते थे, लेकिन अब रेलवे द्वारा रास्ता बंद कर देने से करीब आठ किलोमीटर का चक्कर लगा कर छात्र स्कूल व लोग रूरा पहुंचते हैं। जिससे दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इसी के चलते सैकड़ों ग्रामीणों ने मतदान बहिष्कार किया। सूचना पर अकबरपुर तहसीलदार पवन कुमार व रूरा थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाया। जिसपर ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया और प्रदर्शन न करने का आश्वासन दिया। तहसीलदार पवन कुमार ने बताया कि ग्रामीणों ने अपनी मांग का ज्ञापन दिया है। मामले से उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

मतदान बहिष्कार पर अड़े ग्रामीणों को समझाते तहसीलदार व पुलिसकर्मी।

रेलवे अंडरपास पर मतदान बहिष्कार का टंगा बैनर उतारता पुलिसकर्मी।

- रूरा क्षेत्र के लोगों ने रेल पटरी किनारे नहर पुल बनाने की उठाई मांग

मौसम न्यूनतम तापमान में भी पांच डिग्री की वृद्धि, पांच दिन छाये रहेंगे हल्के बादल

गर्मी शुरू : एक हफ्ते में छह डिग्री बढ़ा तापमान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

अमृत विचार। तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी से अब लोगों को गर्मी का एहसास होने लगा है। दोपहर को तेज धूप में लोगों का पैदल सफर करना तक मुश्किल होने लगा है। अब लोगों को पंखे की भी जरूरत महसूस होने लगी है।

पिछले एक सप्ताह में अधिकतम तापमान छह डिग्री और न्यूनतम तापमान में पांच डिग्री से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। ऐसे में चिकित्सक सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। गुरुवार की दोपहर अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। जबकि न्यूनतम तापमान में भी तेजी से बढ़ोत्तरी दर्ज की जा रही है। न्यूनतम तापमान 19.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आगामी दिनों में तापमान और बढ़ेगा। जिससे लोगों की गर्मी का अहसास होगा। सीएसए कानपुर के मौसम विभाग के अनुसार आगामी पांच दिन आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे। हालाकि आने वाले दिनों में तापमान में और वृद्धि होगी। वहीं जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में मौसम परिवर्तनशील रहा है, लेकिन आने वाले दिनों में तापमान लगातार बढ़ने वाला है। उन्होंने कहा कि मौसम में हो रहे इस बदलाव का असर खेतों में भी देखने को मिल रहा है। गेहूं की फसल पकने को तैयार हो गई है।

आसमान में छाई बदली। अमृत विचार

पिछले एक सप्ताह का तापमान

दिनांक	अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
22 मार्च	30 डिग्री	14 डिग्री
23 मार्च	33 डिग्री	15 डिग्री
24 मार्च	33 डिग्री	14 डिग्री
25 मार्च	32 डिग्री	15 डिग्री
26 मार्च	33 डिग्री	16 डिग्री
27 मार्च	34 डिग्री	17 डिग्री
28 मार्च	36 डिग्री	19 डिग्री

घर व दफ्तरों में चलने लगे पंखे

तापमान में लगातार हो रही बढ़ोत्तरी से दोपहर को सूर्य देव की किरणों की तेज चुभन भी बढ़ गई है। वहीं दिन के साथ ही रात में भी गर्मी बढ़ने लगी है। ऐसे में अब घर और ऑफिसो में पंखे चलने शुरू हो गए हैं। दोपहर के समय लोग धूप से बचने के लिए लोग कई तरह के जतन करते नजर आ रहे हैं।

कबाड़ हो गईं नौ सरकारी एंबुलेंस

- जिला अस्पताल : नीलामी न होने से पुर्जे हो रहे चोरी

कानपुर देहात। जहां एक ओर 108 व 102 एंबुलेंस सेवा शुरू होने के बाद भी रोगियों को समय पर नहीं मिल पा रही है। वहीं दूसरी तरफ जिला अस्पताल में ही नौ से अधिक एंबुलेंसें खड़े-खड़े कबाड़ में बदल गई हैं। कुछ के तो पुर्जे भी चोरी छिपे गायब किए जा रहे हैं। अस्पताल परिसर में खड़ी इन एंबुलेंसों से अस्पताल प्रशासन ही मुंह मोड़े बैठा है।

मेडिकल कालेज के अधीन जिला चिकित्सालय अकबरपुर में ही एंबुलेंस सेवा बदहाल है। इसकी वजह से कई बार इमरजेंसी मरीजों की जान पर बन आती है। हालत यह है कि अस्पताल परिसर में 108 व 102 की नौ एंबुलेंस काफी समय से खराब पड़ी हैं। एक बार खराब होने के बाद इनकी मरम्मत नहीं की गई। जिसकी वजह से यह एंबुलेंस कबाड़ बन गईं। इस वजह से अस्पताल में आने वाले मरीजों को एंबुलेंस के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है। नेशनल हेल्थ मिशन की 102 एंबुलेंस सेवा का लाभ भी पूरी तरह लोगों को नहीं मिल पाता। वहीं जिम्मेदारों का कहना है कि एंबुलेंस मेंटेनेंस के लिए विभाग को कई लिखा गया। ऊपर से कोई जवाब नहीं मिला। मरम्मत की आस में एंबुलेंस पूरी तरह खराब हो गईं। अब तो पार्ट-पुर्जे भी टूटने लगे हैं। वहीं कई एंबुलेंस अपनी मियाद भी पूरी कर चुकी हैं, लेकिन उनकी नीलामी न कराए जाने से कंडम हो रही हैं। ऐसे में एंबुलेंसों के पुर्जे तक चोरी हो रहे हैं। इसके मीटर, बंपर समेत अन्य सामान गायब हो चुके हैं। जल्द ही बाकी सामान भी गायब हो सकता है।

> कंडम हो चुकी एंबुलेंसों को नीलाम कराने का नियम है। जल्द ही एंबुलेंस की नीलामी प्रक्रिया कराई जाएगी। सामान गायब होने की भी जानकारी ली जाएगी।
>
> -डॉ. आदित्य सचान डिप्टी सीएमओ व नोडल अधिकारी, एंबुलेंस सेवा

देहात की खबरें पेज 4 पर भी देखें

अब घर बैठे आपके ज़ीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

हॉर्निया में नुकसान पहुंचा रहा झोलाछाप का इलाज, दूसरे अंगों को भी जोखिम

डॉक्टर बोले-सतर्क रहें... भीतरी अंगों की ऊपरी परत कमजोर होने से हो जाता है हॉर्निया

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। हॉर्निया की बीमारी में यह बात डॉक्टरों की तरफ से कई बार साफ कर दी गई कि ऑपरेशन के अलावा इसका कोई दूसरा इलाज नहीं। फिर भी झोलाछाप के चक्कर में पड़कर कई मरीज सालों से दर्द व सूजन झेलते हुए शरीर के दूसरे अंगों को भी जोखिम में डाल रहे हैं। जिला अस्पताल की ओपीडी में कई मरीज ऐसे आ रहे हैं जिन्हें कई साल से हर्निया है। डॉक्टर इन्हें जल्द ऑपरेशन कराना जरूरी बता रहे हैं।

जिला अस्पताल की सर्जरी की ओपीडी में गुरुवार को डॉ. नरेश विशाल मरीज देख रहे थे। दोपहर करीब 12 बजे अधेड़ उम्र का हर्निया का एक मरीज अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट लेकर पहुंचा। डॉक्टर ने उससे पूछा सूजन कब शुरू हुई तो उसने 15 साल पहले कहकर डॉक्टर को भी चौंका दिया। डॉक्टर ने उससे पूछा कि ऑपरेशन क्यों नहीं कराया तो उसने बताया कि स्थानीय झोलाछाप से दवा लेकर खा लेता था तो आराम मिल जाता था। डॉक्टर ने उसकी रिपोर्ट में अपनी कलम से घेरा बनाते हुए उसे दिखाया कि अधिक समय तक हर्निया का ऑपरेशन न कराने से उसके आसपास के अंग भी किस तरह खराब हो गए हैं।

डॉक्टर ने मरीज को समझाया कि हर्निया में आंत जैसे अंग की ऊपरी परत कमजोर हो जाता है। इससे वहां छेद हो जाता है और आंत उतरने लगती है। इसे ऑपरेशन से ही ठीक किया जा सकता है। अधिक दर्दनाशक दवाएं खाने से शरीर के दूसरे अंगों को क्षति पहुंचती है।

● ऑपरेशन ही विकल्प, फिर भी दवा खिलाते रहते हैं

हॉर्निया के लक्षण

- पेट और कमर के जोड़ पर सूजन
- जोर से खांसने व भारी सामान उठाने पर दर्द होना
- सूजन वाले स्थान पर हल्का दर्द बना रहना
- हाथ से दबाने या लेटने पर सूजन कम हो जाना
- समय के साथ दर्द बढ़ते जाना

वजह

- लगातार होने वाली खांसी
- प्रसव के दौरान ऑपरेशन की लापरवाही
- प्रोस्टेट बड़ी होना
- धूम्रपान
- मांसपेशियों की कमजोरी

बचाव के उपाय

- भारी सामान न उठाना
- पेशाब या शौच करते समय जोर न लगाना
- लंबे समय तक खड़ा रहने से बचना
- खांसी का शुरुआत में ही इलाज करना
- धूम्रपान तत्काल बंद कर देना

> हर्निया का ऑपरेशन के अलावा कोई दूसरा इलाज नहीं है। फिर भी कई मरीज ऑपरेशन से बचने के लिए सालों से इधर-उधर की दवाएं लेकर खा रहे हैं। इससे वह अपनी बीमारी बढ़ा रहे हैं। दर्द या सूजन की दवा खाकर हर्निया को अधिक समय तक टालने से शरीर के दूसरे अंगों पर दुष्प्रभाव पड़ता है।
>
> -डॉ. नरेश विशाल, सर्जन जिला अस्पताल

गुलाल उड़ाकर होली मिलन बाद में ली मतदान की शपथ

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। शहर के एक गार्डेन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी व डॉ. सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान व चेयरमैन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में पहले जमकर अबीर-गुलाल उड़ा कर होली की शुभकामनाएं दी गईं। इसके बाद आने वाले लोक सभा चुनाव में अपने मत का अवश्य प्रयोग करने के लिए सभी ने शपथ ली।

मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी डॉ. अविनाश त्रिपाठी रहे। राधा-कृष्ण की फूलों की होली जैसे कई मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए गए। साथ ही अनुष्का द्वारा नृत्य, डॉ विवेक द्वारा गीत, वर्षा श्रीवास्तव, प्रवीण प्रसून द्वारा गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में समा बांधी गई। अपरजिलाधिकारी, उपजिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अविनाश त्रिपाठी व स्वीप आइकॉन डॉ अनुराग द्वारा सभी को आने वाली 20 मई को स्वयं द्वारा मतदान करने के साथ अन्य सभी को भी मतदान के लिए जागरूक करने के लिए अपील की। सभी को मतदाता शपथ भी दिलाई गई।

अधिशाषी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड प्रथम राजमंगल सिंह, चंद्रेश रायजादा, सचिव अजीत सिंह, कार्यकारिणी सदस्य स्मिता सिंह, दिलीप कुमार, सुधाकर अवस्थी सहित प्रदीप रस्तोगी, आनंद स्वरूप रस्तोगी, आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में बच्चों ने दी प्रस्तुति।

सार-संक्षेप

आखिर जागा विभाग, दो वन माफिया पर रिपोर्ट दर्ज

खागा फतेहपुर। तहसील क्षेत्र के धाता थाना के अंतर्गत सलेमपुर गांव में चल रही पेड़ों की अवैध कटाई का मामला अमृत विचार ने अपने गुरुवार के अंक में प्रमुखता के साथ उजागर किया था। जिसके बाद विभाग गंभीर हुआ और दो वन माफियाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। बीते दिन प्रतिबंधित प्रजाति के पेड़ ठेकेदारों द्वारा बिना वन विभाग के अनुमति के गैरकानूनी तरीके से काटने का कार्य किया गया था। हरे-भरे वृक्षों के ऊपर आरा चलाने वाले क्षेत्र के उन वन माफिया को संज्ञान में लेते हुए वन क्षेत्राधिकारी विवेक शुक्ला ने संबंधित दोषियों के विरुद्ध सुसंगत धराओं में एफआईआर दर्ज कराई है। वहीं क्षेत्र में चल रही अवैध कटान को लेकर लोगों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित प्रजाति के पेड़ काटने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि प्रतिबंधित प्रजाति के वृक्ष काटने वाले पकड़े जाएंगे तो उनके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा।

राशन कटौती से खफा कार्डधारकों का प्रदर्शन

किशनपुर फतेहपुर। सरकारी राशन की दुकान में प्रत्येक राशन कार्ड से कोटेदार दो किग्रा राशन काट रहा है। इससे गुरुवार को कार्डधारक भड़क गए और प्रदर्शन कर नारेबाजी की। सूचना पर पूर्ति निरीक्षक ने सभी को पूरा राशन दिलाने का आश्वासन दिया तो उपभोक्ता शांत हो गए। क्षेत्र के ब्योटी गांव में रोशनी महिला स्वयं सहायता समूह की दुकान है। जिसका संचालन रेशमा देवी पत्नी रोहित कुमार कर रहे हैं। गुरुवार गांव की राजरानी, मिलन, निर्मला ,चंद्ररानी, ज्ञान देवी, सुमन देवी, उमा देवी, बनारसी, रामखेलावन, मनोज, वीरेंद्र आदि लोग राशन लेने गए थे। जहां कोटेदार दो किलो प्रति कार्ड राशन कटौती करने लगा। जिससे कार्ड धारक भड़क गए और राशन लेने से मना कर दिया। जिसके बाद राशन कटौती से नाराज कार्डधारकों ने अपना वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिसमें बताया गया लंबे समय से सभी कार्ड धारकों से दो किलो राशन काटा जाता है। पूर्ति निरीक्षक हरीश साहनी ने बताया कि सभी कार्डधारकों को पूरा राशन दिलाया जाएगा। कोटेदार को पूरा राशन देने के निर्देश हैं।

एमडीएम पंजिका को नियमित अपडेट करें

खागा फतेहपुर। बीआरसी धाता में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं प्रधानाध्यापकों की मासिक बैठक का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी की ओर से किया गया। जिसमें विद्यालय में 19 पैरामीटर एवं डिजिटलीकरण के संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा विस्तार से चर्चा की गई। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्षों को खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार सिंह एवं आरपी नरेश सहगल ने गठन कर्तव्य एवं दायित्व की चर्चा की। साथ ही एमडीएम पंजिका को नियमित अपडेट करने तथा एक अप्रैल से 12 सप्ताह के लिए कक्षा 2 और 3 में बेसलाइन एसेसमेंट एवं रेमेडियल कार्य योजना पर भी अपनी बातें रखीं।

सिलेंडर से गैस भरते समय एंबुलेंस में लगी आग

कानपुर देहात। कैरामऊ मोड़ के पास में प्राइवेट एंबुलेंस में घरेलू रसोई गैस सिलिंडर से गैस भरने के दौरान आग लग गई। जिससे चालक-परिचालक झुलस गए। आसपास के लोगों ने आग पर काबू पाया ।डेरापुर थाना क्षेत्र के मुंगीसापुर में कैरामऊ मोड़ के धर्मकांटा के पास घरेलू गैस सिलिंडर से एक प्राइवेट एंबुलेंस में गैस भरी जा रही थी। इसी दौरान अचानक एंबुलेंस में आग लग गई और लपटें निकलने लगी। जिसकी चपेट में आकर प्राइवेट एंबुलेंस में गैस भर रहा चालक मुकेश कुमार (35) निवासी आजमगढ़ व परिचालक राम प्रसाद निवासी जयपुर झुलस गए। आसपास के लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए कड़ी मशक्कत कर आग बुझाई और चालक व परिचालक को अस्पताल में भर्ती कराया। एंबुलेंस चालक मुकेश कुमार ने बताया कि वह वाराणसी से मरीज छोड़ कर वापस जयपुर जा रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया। पुलिस ने छानबीन कर रही है।

जीने से गिरकर बुजुर्ग महिला घायल

पुखरायां। बुजुर्ग महिला जीने से उतरते समय पैर फिसलने से गिरकर घायल हो गई। अमरौधा गांव के जुलेठी मोहाल निवासी रामस्वरूप ने बताया कि उनकी चाची रामदुलारी (65) पत्नी रामबाबू घर की छत से जीने के रास्ते से उतर रही थी। तभी अचानक पैर फिसलने के कारण गिरकर घायल हो गई। उन्हें सीएचसी लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

दुकानदारों की पिटाई से अधेड़ गंभीर

पुखरायां। बस स्टैंड के पास मेला एवं प्रदर्शनी में मामूली विवाद को लेकर दुकानदारों ने अधेड़ के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। अमरौधा गांव के गुरु प्रसाद (50) अपनी पत्नी कमला के साथ बुधवार शाम को कस्बा के बस स्टैंड के पास मेला एवं प्रदर्शनी देखने के लिए गए थे। जहां पर मामूली विवाद को लेकर दुकानदारों ने दबंगई के बल पर अधेड़ के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने उसे सीएचसी भेजा गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

भागवत कथा से पहले महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

राजपुर। कस्बे के मुखर्जी नगर में श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ पर महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। यात्रा का कस्बे में जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया ।मुखर्जी नगर में गुरुवार सुबह श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वृंदावन से आए कथावाचक पंडित श्याम जी भैया ने विधिविधान से पूजा की। कथावाचक ने पहले दिन श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का सार बताया। उन्होंने कहा कि इंसान को अपना कर्म करना चाहिए। इससे पूर्व महिलाओं की कलश यात्रा कस्बे में भ्रमण को निकली। भक्तों के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। पीले वस्त्र और चुनरी धारण किए महिलाओं ने कलश को सिर पर रखकर प्रभु का स्मरण किया। आयोजक ऊर्वीदत्त उपाध्याय ने बताया कि सात दिवसीय कथा समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन होगा। इस दौरान गौरक्षा दल के प्रदेश महासचिव दिनेश चंद्र मिश्रा, देवेंद्र कटियार, सोनी उपाध्याय, शखिल दत्त उपाध्याय, सरिता तिवारी राजू उपाध्याय, मानू उपाध्याय, पिंकू उपाध्याय, अजय शुक्ला, सभासद दीपक मिश्रा समेत सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

एक नजर

किशोरी से गैंगरेप मामले में तीन गिरफ्तार

बिंदकी। तीन दिन पहले गांव के पास एक खेत में एक दलित किशोरी के साथ तीन युवकों ने मिलकर गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया था। तीनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने गैंगरेप का मामला दर्ज किया था। वहीं मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट के लिए रवाना कर दिया। पुलिस से की शिकायत के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार को दिन में एक दलित किशोरी को तीन युवक गांव के पास एक खेत में ले गए और गैंगरेप की घटना की थी। पीड़ित दलित किशोरी ने मामले की जानकारी परिजनों को बताई परिजन अपने साथ किशोरी को लेकर कोतवाली पहुंचे और तहरीर देकर मामले की शिकायत किया इसी के चलते पुलिस ने बुधवार की रात को गैंगरेप करने वाली एक नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने गुरुवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र के अमेना गांव से धीरज कुमार व उसके दो अन्य साथियों संजय कुशवाहा निवासी अमेना और सुलेख कुमार निवासी छितियापुर कोतवाली बिंदकी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गैंगरेप के तीनों आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की।

ब्रेकर पर बाइक से गिरकर महिला घायल

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के शांतीनगर स्थित फायर ब्रिगेड के पास जीटी रोड पर बने ब्रेकर पर बाइक उछल जाने से पीछे बैठी महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे अस्पताल पहुंचाया गया। किशनपुर थाना क्षेत्र के नरैनी गांव निवासी गोवर्धन गुप्ता अपनी पत्नी माया गुप्ता का इलाजइ करवान के लिए बाइक से शहर जा रहे थे। सदर कोतवाली क्षेत्र के शांतीनगर जीटी रोड पर स्थित फायर ब्रिगेड के पास जीटी रोड पर बने बड़े ब्रेकर पर उसकी बाइक उछल गई। जिससे बाइक पर पीछे बैठी उसकी बीमार पत्नी माया गुप्ता गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

1.74 करोड़ रुपये से करा दिए फर्जी पानी कनेक्शन

संवाददाता औंग, फतेहपुर

अमृत विचार। विकास खंड मलवां की ग्राम पंचायत औंग में जलजीवन मिशन योजना का बुरा हाल है। 80 प्रतिशत आबादी में पानी के कनेक्शन अभिलेखों में दिखा दिए गए हैं जबकि आधी आबादी में अभी तक पाइप लाइन ही नहीं डाली गई। दिखाने के लिए कहीं-कहीं स्टैण्डपोस्ट खड़े कर दिए गए हैं। जिन पर खर्च किया गया बजट मजबूत और भविष्य कमजोर है।

नया वाटर हेड टैंक निर्माण शुरू होने के कारण वर्ष 2004 में 44 लाख 60 हजार रुपए की लागत से बनी पानी की टंकी की हालत भी नाजुक है। अचानक मौसम का मिजाज गरम और जलापूर्ति बाधित हो जाने के कारण ग्रामीणों में पीने के पानी को लेकर अभी से त्राहि त्राहि मची हुई है। पुरानी पानी की टंकी से भी गांव में कहीं भी कनेक्शन नहीं हैं। वर्तमान ग्राम प्रधान ममता शुक्ला की कार्यवाही पर कस्बे के चौराहे में एक स्टैण्ड पोस्ट लगाया गया है, जिसमें भी पानी की आपूर्ति सुबह शाम नहीं हो पा रही है।

पानी की फर्जी टेस्टिंग, फर्जी रिपोर्ट

कस्बे के दीपू पाण्डेय के कथानानुसार पोखरी मोहल्ले में बदबूदार पानी पहुंच रहा है, जिसके विपरीत पानी की जांच के लिए कस्बा औंग में अनिता, फेमाबानों, मुस्कान बानो, नफीशा बानो तथा शैरुन्नीषा को प्रशिक्षित दर्शाया जा रहा है जो समझ से परे है। इन्हें वाटर टेस्टिंग किट भी दी गई है जो किसी भी ग्रामीण ने अभी तक नहीं देखी है। 24 नवम्बर 2022 को उपरोक्त प्रशिक्षित महिलाओं के द्वारा किट के जरिए केमिकल एण्ड बैक्ट्रियोलाजिकल की जांच करके सेफ पानी की रिपोर्ट प्रेषित होना दिखाया जा रहा है तथा 19 अक्टूबर 2023 को फतेहपुर स्थित डिस्ट्रिक्ट लेवल वाटर एनालिसिस लेबोरेटरी यूपी जलनिगम के द्वारा भी उपरोक्त जांच रिपोर्ट लगा दी गई है जो पूरी तरह से फर्जी है। यही हाल मजरा कीचकपुर का है जहां पर अर्चना , भानुमती, बीना देवी, लक्ष्मी देवी तथा श्रृष्टि को वाटर टेस्टिंग किट अभिलेखों में थमाया जाना दिख रहा है।

करोड़ों खर्च के बाद भी टंकी अधूरी।

नई टंकी की लागत 5.80 करोड़ रुपये

आठ महीने पहले मजरा कीचकपुर में नई पानी की टंकी का निर्माण शुरू हुआ था जिसका लक्ष्य था कि दिसम्बर 2023 तक प्रत्येक घर में नल से पानी निकलेगा जो सिर्फ सपना साबित हुआ। 26 मार्च 2024 तक इस योजना में एक करोड़ 74 लाख 47 हजार रुपए खर्च कर दिए गए हैं। जिसमें गलत कार्यपूर्ति दर्शाकर बाउचर लगाने की कार्यवाही कर दी गई है। बस्ती में डाली गई पाइप लाइन की दशा अच्छी नहीं है। कागजों में कनेक्शन लेकिन हकीकत शून्य है। जल शक्ति विभाग के भ्रष्टाचार से जल जीवन मिशन का जनाजा निकल रहा है और विभाग के इंजीनियर चुपचाप बजट खपाने की गणित लगा रहे हैं।

विद्यालय व आंगनबाड़ी के जल कनेक्शन फर्जी

गांव के क्षेत्र पंचायत सदस्य अनिल गुप्ता ने बताया है कि बेखौफ होकर जल निगम विभाग फर्जी प्रगति रिपोर्ट सरकार को प्रेषित कर बजट डकारने में लगा हुआ है। कस्बे व मजरा कैचकपुर की तीन आंगनबाड़ी केन्द्र तथा तीन विद्यालयों में पानी कनेक्शन के साथ हाथ धोने की भी व्यवस्था उपलब्ध कराए जाने की फर्जी रिपोर्टिंग की जा चुकी है। दलित घरों में फर्जी तौर पर 607 पानी के कनेक्शन दिखाए गए हैं जबकि हकीकत में कुछ भी नहीं है।

क्या बोलीं ग्राम प्रधान

> ग्राम पंचायत की पानी टंकी की सुस्त कार्य प्रगति तथा भारी भरकम धनराशि खर्च होने के बाद भी जल निगम के कार्य टिकाऊ नहीं हैं, जो फर्जी साबित हो रहे हैं, इसकी शीघ्र ही जांच कराई जाएगी।
>
> -ममता शुक्ला, ग्राम प्रधान औंग

कोठरी ढहने से मलबे में दबकर युवती की मौत

संवाददाता जाफरगंज

● परिजनों में मचा कोहराम रो-रो कर बेहाल

अमृत विचार। बड़े भाई द्वारा अपने घर की दीवार गिराते समय बगल के घर की दीवार की छत ढह गई, जिसके मलबे में दबकर युवती गंभीर घायल हो गई। उसे सीएचसी लाया गया ,जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया ।

गुरुवार की शाम को जाफरगंज थाना क्षेत्र के खोटिला गांव में राजू के घर के बगल में दीवार गिराई जा रही थी, तभी राजू के घर की भी दीवार गिर गई और छत ढह गई। छत के मलबे में राजू की पुत्री एकता देवी दब गई। परिजनों तथा ग्रामीणों ने मलबे को हटाना शुरू किया काफी प्रयास के बाद गंभीर घायल एकता देवी को निकाला गया और इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी ले गए । जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतका अपने दो भाई ,दो बहनो में सबसे छोटी थी। मौत के बाद भाई बहन, मां विजय लक्ष्मी का रो-रोकर बुरा हाल रहा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

एकता।

दवाओं की कमी से कट रही जेब

संवाददाता फतेहपुर

● लोगों को मजबूरी में बाहर से खरीदनी पड़ रहीं दवाएं

● दो या तीन दिन में दवाएं उपलब्ध होने का दावा

अमृत विचार। सरकारी अस्पतालों में जीवन रक्षक दवाओं की कमी है। इसके कारण मरीजों को कई तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला अस्पताल में जहां कई जीवन रक्षक दवाएं नहीं हैं, कमोबेश यही स्थिति सीएचसी पीएचसी की भी है। मामले में स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि जिन जगहों पर दवाओं की किल्लत है, वहां तीन दिन में दवाएं उपलब्ध करा दी जाएंगी।

जिला अस्पताल सहित सभी सरकारी अस्पतालों में दवाओं की सप्लाई मेडिकल सप्लाईज कारपोरेशन की ओर से होती है। संयुक्त जिला अस्पताल में पिछले कई दिनों से जरूरी जीवन रक्षक दवाओं की कमी है। मरीजों को दर्द की दवा डिक्लोफेनाक, आंत के छाले में काम आने वाली दवा रेनिटिडाइन नहीं मिल पा रही है। इसी तरह नाक बहने, आंख से पानी गिरने पर दी जाने वाली दवा सिट्रिजीन की भी अस्पताल में कमी हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों का कहना है कि इस महीने दो से तीन बार पत्र लिखा गया है, लेकिन दवाओं की सप्लाई नहीं हो पाई है। अब आश्वासन मिला है कि दो या तीन दिन में दवाओं की उपलब्धता करा दी जाएगी। स्थिति यह है कि जुकाम, दर्द, संक्रमण समेत कई बीमारियों की दवाएं हैं तो लेकिन स्टाक सीमित है। मरीजों को मजबूरी में बाहर से खरीदनी पड़ रही है।

इन दवाओं की है किल्लत

रेनीटिडाइन, सेफट्राक्जोन, डिक्लोफेनाक समेत कई दवाएं वह शामिल हैं जो पिछले कई दिनों से स्टाक में नहीं हैं। साथ बच्चों के खांसी के सिरप सहित निमोनिया की दवाओं की भी भारी किल्लत है। स्थिति यह है कि स्टाक में कुछ दवाएं होने के बावजूद सभी मरीजों को नहीं मिल पा रही हैं क्योंकि स्टोर से रोजाना सीमित स्टाक ही निकाला जा रहा है।

छलका जाम — हर घंटे जनपद में बिकी ढाई लाख रुपये की मदिरा

48 घंटे में पी गए डेढ़ करोड़ की शराब

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। दोआबा में पियक्कड़ों की लंबी फेहरिस्त है। उस पर होली का त्योहार हो तो शराब लोगों के सिर चढ़कर बोलती है। यह आबकारी विभाग के आंकड़े बता रहे हैं। रंगोत्सव पर्व पर 48 घंटे के बीच दोआबा में डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक का जाम छलका।

दोआबा में होली पर्व पर कारोबारियों का खूब कारोबार हुआ। मिठाई, कपड़े, रंग-गुलाल, पिचकारी आदि की जमकर लोगों ने खरीदारी की। त्योहार पर शराब का कारोबार भी खूब फला-फूला। देसी, विदेशी के साथ बीयर की बिक्री जमकर हुई।

शराब प्रेमियों ने एक बार फिर से रिकॉर्ड बनाया। होली पर्व पर 23 मार्च को 75 लाख रुपये से अधिक की शराब शौकीन डकार गए। वहीं 24 मार्च को 30 लाख रुपये से अधिक की मदिरा शौकीनों ने खरीदी। महज 48 घंटे में शराब के शौकीन डेढ करोड़ रुपये से अधिक की शराब गटक गए।

● विभाग को त्योहार पर जमकर मिला राजस्व

होली पर बंदी से एक दिन पूर्व जमकर बेची गई

दोआबा में होली पर्व पर 48 घंटे में शराब के शौकीन डेढ़ करोड़ से अधिक रुपये की देसी, अंग्रेजी व बीयर डकार गए। प्रति घंटे दोआबा में शौकीनों ने ढाई लाख रुपये से अधिक की शराब क्रय किया। होली पर दुकान बंद होने से एक दिन पूर्व सुबह से रात 10 बजे तक 75 लाख रुपये से अधिक की शराब बिकी। वहीं दूसरे दिन होली की पूर्व संध्या पर 30 लाख से अधिक की शराब लोगों ने खरीदी।

होली के दिन बंद थीं दुकानें

लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने व होली के त्योहार को देखते हुए 25 मार्च को जिले की सभी देसी व विदेशी मदिरा की दुकानों को बंद करवा दिया था। होली के दिन लोग सड़कों पर शराब पीकर न घूमें ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात की गई थी। भले ही प्रशासन ने होली के त्योहार के दिन शराब की दुकानों पर ताले लगवा दिए थे पर शराब प्रेमियों ने पहले ही होली के जश्न की तैयारी कर लिया था। यहीं कारण था कि होली पर्व पर दोआबा में डेढ़ करोड़ से अधिक की शराब बिक गई।

मारपीट में एक की मौत, पांच घायल

बिंदकी। घरेलू मांगलिक कार्यक्रम के दौरान मामूली बात पर दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया और जमकर लाठी डंडे चले। मारपीट की घटना में दोनों पक्ष से छह लोग घायल हो गए। इनमें से एक की कानपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई।

कल्यानपुर क्षेत्र के जोगापुर गांव में बुधवार की देर रात घरेलू मांगलिक कार्यक्रम के दौरान दो पक्षों के बीच मामूली कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया। लाठी डंडे से मारपीट शुरू हो गई। एक पक्ष के सरजू प्रसाद (65) पुत्र दुलारे, मनोरमा देवी (18) पुत्री सरजू प्रसाद, सूर्य प्रकाश (23) पुत्र सरजू प्रसाद और सोनू (28) पुत्र जखईराम घायल हो गए।

दूसरे पक्ष से रंजीत पुत्र केसरी लाल तथा मनीष पुत्र रंजीत कुमार घायल हो गए। एंबुलेंस से सभी घायलों को सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने गंभीर रूप से घायल सरजू प्रसाद को प्राथमिक उपचार बाद हैलट अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया। हैलट अस्पताल कानपुर में गुरुवार को भोर पहर इलाज के दौरान सरजू प्रसाद की मौत हो गई।

नहीं मिल पा रही शवदाह गृह निर्माण के लिए भूमि

जमीन की पैमाइश करती टीम। अमृत विचार

संवाददाता, किशनपुर फतेहपुर

अमृत विचार। नगर पंचायत में शासन द्वारा शवदाह गृह निर्माण कार्य के लिए नौ वर्ष पूर्व 27 मार्च 2015 को 109 लाख 80 हजार रुपये स्वीकृत करते हुए पहली किस्त जारी कर दी थी। शवदाह गृह में लाइट, नाली, सड़क निर्माण के लिए एक करोड़ रुपये शासन द्वारा स्वीकृत किया गया था। जिसकी पहली किस्त 50 लाख प्राप्त भी हो चुकी है।

उस समय नगर पंचायत के पास शवदाह गृह निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध नहीं थी। वर्ष 2017 में नई बस्ती निवासी आशाराम ने मौजा महावतपुर असहट की गाटा संख्या 1404 में कुछ भूमि दान कर थी। तभी वर्ष 2017 में नगर निकाय चुनाव के पूर्व नगर पंचायत प्रशासन द्वारा शवदाह गृह निर्माण क लिए अगस्त माह में विज्ञापन जारी कर टेंडर किया था। जिसका उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक कृष्णा पासवान द्वारा किया जाना था। इसी बीच किसानों ने अपनी भूमि पर शवदाह गृह निर्माण कराये जाने का आरोप लगाया तो क्षेत्रीय विधायक बिना उद्घटान किये वापस लौट गईं थीं। गुरुवार को किशनपुर लेखपाल अंकिता सिंह, रामपुर लेखपाल सुमेर सिंह व कानूनगो पैमाइश के लिए फिर पहुंचे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने बेटे अनिल शर्मा व बहू शालिनी शर्मा के व्यवहार से क्षुब्ध होकर उनसे सभी सम्बन्ध समाप्त करते हुये उन्हें समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। इनके द्वारा किसी भी तरह के लिये गये ऋण व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार से कोई लेना देना नहीं है। ये दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। **मुन्ना शर्मा पुत्र जादो लाल शर्मा निवासी- ए/39, राजीव नगर, इंदिरा नगर, लखनऊ।**

सूचना

मैं नं. 15134285L एक्स हवलदार शैलेन्द्र प्रताप यादव नि. प्रोफेसर कालोनी छिबरामऊ कन्नौज। मेरी पुत्री का नाम मेरे सर्विस रिकॉर्ड में प्रज्ञा (Pragya) दर्ज है जोकि गलत है जबकि सही नाम प्रज्ञा यादव (Pragya Yadav) है। अतः मेरे सर्विस रिकार्ड में पुत्री का नाम प्रज्ञा यादव (Pragya Yadav) व जन्म तिथि 21.01.2005 दर्ज किया जाए।

सूचना

मैं M. DASHVIN अपने पिता मुरली ई MURALI.E, के आर्मी नं.- 4192918L Vill.- Krishnavaram, Post- Palampakkam (Vellore) Tamil Nadu के सर्विस रिकॉर्ड में त्रुटिवश मेरा नाम M. DASWIN दर्ज है जबकि मेरा सही नाम M. DASHVIN है। अतः मेरे पिता के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा सही नाम M. DASHVIN दर्ज किया जाये।

सूचना

सूचित हो कि मेरी डी0 फार्मा द्वितीय सेमेस्टर डिग्री जे0बी0एस0 इन्स्टीट्यूट ऑफ फार्मा बन्दी का पुर्वा, जिला बाराबंकी से उत्तीर्ण किया है। जिसका इनरोलमेंट नं0 E18276821400011 तथा अनुक्रमांक नं0- 2229912147001 है। उक्त डी0फार्मा द्वितीय सेमेस्टर की मार्कशीट वास्तव में कहीं खो गयी है। **सुरेन्द्र प्रसाद पुत्र पन्नालाल निवासी- ग्राम पूरे नज्जू खां मजरे महमूदमऊ पोस्ट- मीरमऊ, तहसील- रूदौली, जनपद- अयोध्या**

सूचना

सूचित हो कि मेरे बैंक के खाता सं0- 2788000100108881 में मेरा नाम प्रिन्सी पटेल अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड सं0- 266937792274 में मेरा नाम दिव्या पटेल अंकित है। अतः प्रिन्सी पटेल के स्थान पर मेरा नाम दिव्या पटेल अंकित कर दिया जाये। **दिव्या पटेल पुत्री स्व0 मनोज कुमार नि0मो0- मिर्जापुर कस्बा मल्लावां तहसील बिलग्राम जिला हरदोई।**

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सम्पत्ति/भूखण्ड संख्या- सी-27, स्थित माधव ग्रीन, लखनऊ से सम्बन्धित मूल विक्रय विलेख पंजीकृत दिनाकं - 29-11-2014, बही संख्या-01, जिल्द संख्या- 16148 के पृष्ठ संख्या- 235 से 260 तक क्रमांक संख्या-20068 उप निबन्धक कार्यालय, द्वितीय, लखनऊ में पंजीकृत है, जो कि मेसर्स अर्षा इन्फ्रा डेवलपर्स प्रा0लि0 द्वारा निर्देशक, मथुरेश श्रीवास्तव द्वारा श्रीमती सुषमा यादव पत्नी श्री सुनील के पक्ष में निष्पादित है, वास्तव में कहीं खो गया है, जो कि बहुत खोजने के बाद भी नहीं मिला। सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति के विरूद्ध बैंक आफ बड़ौदा, शाखा- शहजादपुर, अम्बेडकरनगर में ऋण हेतु आवेदन किया गया है। यदि किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा किसी भी प्रकार का दावा अथवा आपत्ति किया जाता है तो वह अपना दावा/आपत्ति 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी अथवा बैंक आफ बड़ौदा, शाखा- शहजादपुर, अम्बेडकरनगर के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। सूचना प्रकाशन के 15 दिनों उपरान्त किसी भी व्यक्ति/संस्था का दावा उक्त सम्पत्ति के विरूद्ध उक्त मूल बैनामा के आधार पर मान्य नहीं होगा।

प्राथिर्नी (हेमलता वर्मा) पता- 1/43, विकास नगर, सेक्टर-1, लखनऊ। मो0नं0- 7007914933

48 घंटे में कॉपियों का मूल्यांकन और परीक्षाफल बना है चुनौती

परिषदीय विद्यालयों की परीक्षाएं समाप्त, 31 को रिपोर्ट कार्ड वितरित करने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रण में संचालित परिषदीय स्कूलों की वार्षिक गृह परीक्षाएं दो दिन पूर्व समाप्त हो गईं लेकिन स्कूलों को अब तक रिपोर्ट कार्ड नहीं दिए गए। विभाग द्वारा जारी टाइमलाइन के मुताबिक 31 मार्च को परीक्षाफल की घोषणा एवं रिपोर्ट कार्ड का वितरण होना है। अब तक रिपोर्ट कार्ड न मिलने से सवाल खड़े हो रहे हैं।

बीते 20 से 27 मार्च के मध्य परीक्षाओं का आयोजन कराने के बाद शिक्षक उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर रहे हैं। कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों में मूल्यांकन समाप्त हो रहा है। शिक्षकों को अब रिपोर्ट कार्ड का इंतजार है। शिक्षकों ने पूछताछ भी की लेकिन कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। इससे बच्चों में एक अप्रैल से नए सत्र को लेकर चिंता बनी हुई है। आगामी रविवार को परीक्षाफल घोषित करने के अव्यवहारिक आदेश के बाद भी बेसिक शिक्षा विभाग अब तक स्कूलों में रिजल्ट कार्ड नहीं पहुंचा सका है। 48 घंटे में शिक्षकों को न केवल उत्तर पुस्तिकाओं की जांच करनी होगी बल्कि परीक्षाफल भी तैयार करना होगा।

कक्षा पांच व आठ की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच के लिए अब तक न तो निर्देश दिए गए और न ही स्कूलों तक रिजल्ट कार्ड पहुंचाए गए हैं। आज गुड फ्राइडे का अवकाश है। इसे देखते हुए शिक्षकों के पास सिर्फ 30 मार्च यानी एक दिन हैं। एक ही दिन में शिक्षकों को उत्तर पुस्तिकाओं की जांच करते हुए रजिस्टर व रिजल्ट कार्ड में परीक्षाफल अंकित करना होगा। यह कार्य आसान नहीं होगा। नाम न छापने की शर्त पर कुछ शिक्षकों ने बताया कि इतने कम समय में परीक्षा परिणाम बनाना आसान नहीं है।

तो इस बार भी रिपोर्ट कार्ड मिलने में संदेह

पिछले शैक्षिक सत्र में तो हालात यह थे कि बच्चों को रिपोर्ट कार्ड भी नहीं दिए गए थे। रिपोर्ट कार्ड न होने से दूसरे स्कूलों में प्रवेश कराने वाले बच्चों को काफी परेशानियां उठानी पड़ी थीं। इस सत्र में भी परीक्षाफल की घोषणा को चंद घंटे शेष हैं लेकिन रिपोर्ट कार्ड नहीं दिए गए।

बच्चों के नामांकन में पड़ता है इसका असर

बेसिक शिक्षा विभाग की ऐसी व्यवस्था के कारण ही चालू सत्र में छात्र नामांकन में कमी देखी गई है। शिक्षकों को अक्सर गैर शैक्षणिक कार्यों में उलझाए रखने व परीक्षाओं के प्रति विभागीय उदासीनता बरते जाने से समाज में बेसिक शिक्षा विभाग की दांव साख पर लगी है। वास्तव में शिक्षकों को पढ़ाने के कार्य के बजाए अन्य कामों में उलझाये रखा जाता है।

कुछ स्कूलों में बोर्ड पर प्रश्न लिख कर हुईं परीक्षाएं

इस बार परीक्षा में हालात यह रहे कि विभाग सभी बच्चों को प्रश्नपत्र भी मुहैया नहीं करा पाया। प्रश्नपत्र न होने से ब्लैकबोर्ड पर प्रश्न लिखकर परीक्षा कराई गई। निपुण भारत अभियान व प्रशिक्षणों में करोड़ों रुपए खर्च करने वाला विभाग बच्चों को प्रश्नपत्र नहीं दे पाया, इस पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

यूपी बोर्ड की 24 हजार कॉपियां जंचना शेष

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- दो दिन में खत्म हो जाएगा मूल्यांकन का काम
- चारों केंद्रों में तेजी से हो रहा उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन

अमृत विचार। यूपी बोर्ड की इंटरमीडियट और हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य दो दिन में पूरा कर लिया जाएगा। गुरुवार को मूल्यांकन का काम जारी रखते हुए 90 फीसदी इसे पूरा कर लिया गया है। अब इंटर की 7595 व हाईस्कूल की 16259 को मिलाकर कुल 23854 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शेष रह गया है।

इंटर के लिए बने मूल्यांकन केंद्र जीआईसी में मात्र 5678 कॉपियों का ही मूल्यांकन कार्य शेष है। इसी तरह से जीजीआईसी में इंटरमीडियट की 1917 उत्तर पुस्तिकाएं बची हुई हैं। इंटर की कुल 7595 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शेष रह गया है। ऐसे ही हाईस्कूल के एएस इंटर कॉलेज में 15088 कॉपियों का मूल्यांकन कार्य शेष है। वहीं सदाशिव इंटर कॉलेज रेलबाजार में महज 1171 मूल्यांकन किया जाना शेष है। दोनों केंद्रों में हाईस्कूलमें कुल 16259 कॉपियों का मूल्यांकन किया जाना शेष है। हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट को मिलाकर कुल 23854 उत्तर पुस्तिकाएं जांची जानी बाकी हैं। डीआइओएस शिवपूजन द्विवेदी ने बताया कि दो दिन में शेष उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा हो जाएगा। इसके बाद उन्हें बोर्ड को भेज दिया जाएगा। विभागीय सूत्रों की मानें तो अप्रैल में ही परिणाम की घोषणा करने की तैयारी है। जिससे हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं देने वाले छात्र-छात्राओं को दूसरी कक्षाओं में प्रवेश लेने में दिक्कत न हो।

सार-संक्षेप



बैठक से पहले पदाधिकारियों का स्वागत करते लोग। अमृत विचार

संगठन की मजबूती के लिए हुई बैठक

फतेहपुर। आदर्श व्यापार मंडल उप्र गर्ग गुट की बैठक बुधवार को ताम्बेश्वर मंदिर के पास आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि रहे प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप गर्ग, कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री काली शंकर श्रीवास्तव ने किया। सभा की अध्यक्षता के संरक्षक दिनेश चन्द्र साहू ने की। आदर्श व्यापार मंडल की बैठक में सभी से परिचय कराते हुए संगठन के संविधान के बारे में बताया गया और व्यापारियों की नीति बताई गई। संगठन की मजबूती के लिए एवं प्रदेश के विभिन्न जिलों में कार्यक्रम कराकर मजबूती प्रदान करने के लिए पदों की जिम्मेदारी दी गई।

ननद और भाभी से छेड़छाड़

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार की शाम उसकी बेटी व बहू जंगल की ओर जा रही थीं। रास्ते में गांव के एक युवक ने दोनों को रंग लगाते हुए छेड़खानी की और भाग गया। थानाध्यक्ष विनोद मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

ग्रामीणों ने चोरों को दबोचा, जमकर धुनाई

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के गोकन गांव के जंगल में मठहवा बाबा का मंदिर है। जहां बुधवार की शाम बाइक सवार तीन चोर मंदिर से घंटा चोरी कर जा रहे थे। इस दौरान मंदिर के पुजारी राजू यादव ने देख लिया और शोर मचाते हुए ग्रामीणों को जानकारी दी। जहां दर्जनों ग्रामीण मौके पर पहुंचे और चोरों से घंटा बरामद कर लिया। ग्रामीणों ने पीटते हुए पुलिस को सूचित कर सुपुर्द कर दिया। सभी चोर चुरियानी के बताए जा रहे हैं।

पहले दिन ही होंगी बच्चों के हाथ में किताबें

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- परिषदीय पाठ्य पुस्तकों की जिले में आ चुकी है खेप
- वितरण को लेकर तैयारी में जुटा बेसिक शिक्षा विभाग

अमृत विचार। नए शैक्षिक सत्र में परिषदीय स्कूलों के बच्चों को पहले ही दिन पाठ्य-पुस्तिकाएं मिल सकेगी। जिले स्तर पर किताबों की आपूर्ति होने के साथ ही 31 मार्च से पहले किताबों को बीआरसी पर पहुंचा दिया गया है। इसके साथ ही डीबीटी के लाभ के लिए लंबा इंतजार भी नहीं करना होगा। विभागीय स्तर से अब बच्चों के स्कूल में नामांकन के साथ ही उनका आधार कार्ड होना सुनिश्चित किया जाएगा।

वार्षिक परीक्षा से पूर्व परिषदीय स्कूलों में पंजीकृत सभी छात्र-छात्राओं का शत-प्रतिशत आधार कार्ड बनाने पर जोर दिया जा रहा है। इसके सकरात्मक परिणाम जल्द मिलेंगे। मौजूदा सत्र में डाटा फीडिंग पूरी करने में सबसे बड़ा रोड़ा आधार कार्ड बना। काफी संख्या में बच्चों का आधार कार्ड नहीं होने के कारण डीबीटी भुगतान में देर होती गई। साल के अंत तक भी शत-प्रतिशत डाटा फीडिंग नहीं हो सका था। इसी कारण सत्र शुरू होने के महीनों बाद तक कई छात्र-छात्राओं को डीबीटी का इंतजार करना पड़ा।

डीबीटी के तहत मिलने वाले 12 सौ रुपये सीधे अभिभावकों के बैंक खाते में भेजे जाते हैं। इसकी मदद से छात्र के लिए स्कूल यूनिफॉर्म, बैग, स्वेटर, स्टेशनरी आदि की खरीदारी करनी होती है। जनपद में मौजूदा सत्र की वार्षिक परीक्षाएं 27 मार्च को समाप्त हो चुकी हैं। एक अप्रैल से नए सत्र की शुरूआत होगी। सत्र के पहले ही दिन बच्चों को पाठ्य-पुस्तिकाएं उपलब्ध कराने की कवायद में विभाग की ओर से अभी से तैयारियां की जा रही हैं। सत्र शुरु होने के बाद किताबों का वितरण देरी से होने से बच्चों को पठन-पाठन में दिक्कत उठानी पड़ती है। बीते सत्र में विभाग की कवायद सफल नजर आई थी।

सत्र शुरु होते ही किताबे स्कूलों में पहुंचने पर शिक्षकों ने वितरण हाथों-हाथ शुरु कर दिया था। कार्य पुस्तिकाएं आधा सत्र बीतने के बाद भले मिल सकी, लेकिन किताबें समय से मिलने का बच्चों को फायदा मिला था। इस बार भी पाठय पुस्तकें जिले को प्राप्त हो चुकी हैं। जिनके वितरण की विभाग तैयारी कर रहा है।

अस्पताल में भर्ती अधेड़ की शिनाख्त

फतेहपुर। जिला अस्पताल में बुधवार की शाम एक घायल अज्ञात अधेड़ को भर्ती कराया गया था। किसी तरह व्यक्ति की पुत्री को पिता के अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी हुई तो वह मौके पर पहुंचकर अपने पिता के रूप में पहचान की। थरियांव थानां क्षेत्र के बरई खुर्द गांव निवासी ननकू 26 मार्च को घर से किसी काम से निकला था। तभी उसको कोई अज्ञात वाहन टक्कर मारते हुए निकल गया। वाहन की टक्कर से ननकू के सिर में चोट आने की वजह से उसका मानसिक संतुलन बिगड़ गया और वह अपना नाम पता बताने में असमर्थ हो गया। बुधवार को उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया। ननकू की पुत्री पूजा देवी पत्नी राम मिलन ग्रामीणों के साथ जिला अस्पताल पहुंचकर अपने पिता की पहचान किया।

800 से अधिक मरीजों ने कराया पंजीकरण

संवाददाता फतेहपुर

- डॉक्टरों ने खानपान को लेकर सचेत रहने की हिदायत दी
- बुजुर्ग भी पड़ रहे बीमार वायरल के मरीज भी बढ़े

जिला अस्पताल की ओपीडी में लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

अमृत विचार। अचानक तापमान में बढ़ोत्तरी होने से बीमारों की संख्या में इजाफा हुआ है। गुरुवार को जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़ रही। आठ सौ से अधिक मरीजों ने ओपीडी में रजिस्ट्रेशन कराया। बच्चों में डायरिया के मामले तेजी से बढ़े हैं।

होली त्योहार के निपटते ही अस्पताल में मरीजों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई है। गुरुवार सुबह से ही अस्पताल में मरीजों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। कुल 890 मरीजों ने रजिस्ट्रेशन कराकर विभिन्न डॉक्टरों से चिकित्सीय परामर्श लिया। ओपीडी में हर उम्र के मरीजों की भीड़ लगी हुई है। बड़ी संख्या में बच्चे पहुंचे। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मूलचन्द्रा ने बताया कि तापमान में बढ़ोत्तरी होने से बच्चे डायरिया का शिकार हो रहे हैं। ऐसे में खानपान को लेकर सचेत रहें। बाहरी खाद्य पदार्थों से बचें। तले-भुने पदार्थों से बच्चों को दूर रखें। फिजीशियन डॉ. एनके सक्सेना ने बताया कि सर्दी-गर्मी की वजह से लोग वायरल की चपेट में आ रहे हैं। तापमान ज्यों-ज्यों बढ़ेगा, वैसे ही बीमारियों का स्तर भी बढ़ेगा, इसलिए खानपान में विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है।

सड़कों पर बढ़ी ठंडे पेय पदार्थों के ठेलों की संख्या

गर्मी बढ़ते ही जिले की सड़कों पर ठंडे पेय पदार्थों, गन्ने का रस, साफ्टड्रिंक्स आदि के ठेलों की संख्या भी बढ़ गई है। लोग रास्ते में चलते हुए इन ठेलों पर रुककर अपना गला तर कर रहे हैं। वहीं छाता और चश्में की दुकानों पर भी जमकर खरीद हो रही है। धूप में छांव के लिए लोग इनका उपयोग करते हैं। त्योहार निपटते ही तापमान में बढ़ोत्तरी हो गई। गुरुवार को अधिकतम तापमान 37 और न्यूनतम 22 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जबकि कल बुधवार को अधिकतम तापमान 36 और न्यूनतम 22 डिग्री सेल्सियस पर था। डॉक्टरों ने लोगों को ऐसे बदलते मौसम में विशेष एहतियात बरतने की सलाह दी है।

नए शैक्षिक सत्र के लिए अभिभावकों को ऑफर

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- गली-मोहल्लों में खुल गए मानकविहीन स्कूल
- प्रचार के जरिए गिनाई जाती हैं स्कूलों की उपलब्धियां

अमृत विचार। नए शिक्षा सत्र तीन दिनों बाद शुरू होने वाला है। हर वर्ष गली मोहल्लों में नए स्कूल खुल जाते हैं। जिनमें मानकों का ध्यान नहीं दिया जाता है। बच्चों के प्रवेश के लिए अभिभावकों को लुभावने ऑफर दिए जाते हैं। एक अप्रैल से नवीन शैक्षिक सत्र को लेकर एक ओर जहां बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से तैयारिया शुरू हो गई हैं। परिषदीय स्कूलों में वार्षिक परीक्षा संपन्न होने के बाद परीक्षा परिणाम तैयार करने के साथ बच्चों को इस बार रिपोर्ट कार्ड भी प्रदान किए जाएंगे। नवीन सत्र में स्कूलों में पंजीकरण से छूटे बच्चों का पास के स्कूलों में दाखिला सुनिश्चित करने के लिए स्कूल चलो अभियान का संचालन किया जाएगा।

विभाग की ओर से वित्तीय वर्ष से समाप्ति से पूर्व कंपोजिट ग्रांट जारी कर समय से स्कूल भवनों का रंग-रोगन व मूलभूत सुविधाए जुटाने के निर्देश जारी किए गए हैं। परिषदीय स्कूलों को निजी स्कूलों की तर्ज पर सभी मूलभूत सुविधाओं की तरह तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। एसएमसी की बैठक में इसके लिए प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। सरकारी विद्यालयों के इतर यदि देखा जाए तो नए-नए विद्यालयों के प्रचार सामग्री शहर की सड़कों में दिख जाएगी। प्रचार वाहनों से ऐसे विद्यालयों की खूबियां भी गिनाई जाती हैं। जबकि इन विद्यालयों की न ही मान्यता होती है और न ही मानकों का ही ध्यान रखा जाता है। आमान्य स्कूल संचालित कर बच्चों के भविष्य के साथ खिलावाड़ किया जाता है।

मार्च में ही गर्मी दिखाने लगी तेवर, पारा 37 डिग्री

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- न्यूनतम पारा भी दो डिग्री सेल्सियस बढ़कर 22 डिग्री पर
- गुरुवार को शहर की सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा

गुरुवार को गर्मी से कुछ इस तरह से बचाव करतीं नजर आईं छात्राएं। अमृत विचार

अमृत विचार। मार्च माह में ही गर्मी मई-जून का एहसास करा रही है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 37.0 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया जो सामान्य से अधिक था। ऐसे में रात भी बेहद गर्म रही। न्यूनतम पारा भी दो डिग्री सेल्सियस बढ़कर 22 डिग्री पर पहुंच गया है। ऐसे में लोगों को दिन में कड़ी धूप का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बदलते मौसम में लोग बीमारियों की चपेट में भी आ रहे हैं।

मार्च के पूरे महीने में लोगों ने कभी गर्मी तो कभी मामूली सर्दी का असर देखा है। बदलते मौसम में जिसने भी लापरवाही बरती वह मौसमी बीमारी का शिकार हो गया। बीमार लोग सरकारी अस्पताल के साथ प्राइवेट अस्पतालों का रुख कर रहे हैं। गर्मी के कारण शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आया। गुरुवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

जगह-जगह खुल गई जूस की दुकानें: गर्मी शुरु होते ही शहर के प्रमुख चौराहों समेत बाजारों जगह-जगह गन्ने के जूस की दुकानें खुल गई हैं। जहां लोग जूस पीते नजर आ रहे हैं। शहर के शादीपुर, पटेल नगर, बाकरगंज समेत अन्य स्थानों पर पेय पदार्थों की दुकानों में गुरुवार को लोग डटे नजर आए।

पैक कर रख दिए गर्म कपड़े

मार्च के शुरुआती दिनों में भी मामूली सर्दी लोगों को गर्म कपड़े पहनने के लिए मजबूर करती रही है। वहीं अब गर्मी की सुगबुगाहट होते ही लोगों ने अपने-अपने गर्म कपड़े पैक करना शुरु कर दिए हैं। हालांकि इस बार लोगों ने दिसंबर से लेकर फरवरी तक गजब की सर्दी का सामना किया है।

सिंचाई की जरूरत बढ़ी

धूप का प्रकोप बढ़ते ही सब्जियों की फसल की सिंचाई की जरूरत बढ़ गई है। किसानों ने बताया कि सब्जियों के साथ ही खीरा, ककड़ी, तरबूज, खरबूजा आदि फसलों की खेती करते हैं। जैसे जैसे मौसम का तापमान बढ़ रहा है वैसे वैसे खेतों की नमी जल्दी कम हो रही है। ऐसी स्थिति में सिंचाई करनी पड़ रही है।

होने लगी पंखे-कूलर की मरम्मत

गर्मी बढ़ते ही बिजली की दुकानों पर कूलर व पंखा ठीक कराने के लिए लोग पहुंचने लगे हैं। बिजली कारीगर राजेश्वर सिंह ने बताया कि फुंके पंखों को ठीक कराने, बैरिंग बदलवाने से लेकर अन्य कमियों को दूर कराने के लिए लोग आने लगे हैं। बीते दो महीने से दुकानदारी न के बराबर थी, लेकिन होली के बाद ग्राहकों का आना शुरू हो गया है।

दो कारों की टक्कर से चार लोग हुए घायल

संवाददाता थरियांव

- थरियांव थाना क्षेत्र के कोडरपुर मोड़ के पास हुआ हादसा

अमृत विचार। थरियांव थाना क्षेत्र के कोडरपुर मोड़ के पास दो कारों की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों कारों में सवार चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

प्रयागराज-कानपुर नेशनल हाईवे से कानपुर की ओर जा रही एक कार का कोडरपुर मोड़ के पास अचानक टायर फट जाने से कार डिवाइडर को पार करके दूसरी लेन में जा पहुंची। तभी कानपुर नेशनल हाईवे से प्रयागराज की ओर जा रही तेज रफ्तार कार से जोरदार टक्कर हो गई। प्रयागराज से चलने वाली कार में सिर्फ एक व्यक्ति सवार था। हादसे में दूसरी कार सवार प्रवीण मिश्रा और अन्य कार में सवार तीन लोग घायल हो गई। हादसे की जानकारी पर पहुंची थरियांव थाने की पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया। जहां भर्ती कर उनका उपचार शुरू कर दिया गया।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

चुनाव के लिए सख्ती | लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में लागू है धारा-144, निगरानी कर रहे अधिकारी

लाउडस्पीकर पर पाबंदी, लेनी होगी अनुमति

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- उल्लंघन करने वालों पर हो सकती है कड़ी कार्रवाई

अमृत विचार। लोकसभा की चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो जाने और त्योहारों को देखते हुए जिले में धारा-144 लागू है। इसका कड़ाई से पालन कराया जाएगा और उल्लघंन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। उपजिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि इसका उल्लघंन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

जारी किए गए आदेश में बताया गया है कि सक्षम स्तर से लिखित पूर्वानुमति के बिना कोई भी व्यक्ति, व्यक्तियों का समूह एवं संस्था किसी भी प्रकार की सभा आयोजित नहीं करेगा और न ही कोई जुलूस निकालेगा। जूलूस की अनुमति के संबंध में जूलुस के रूट, शुरु होने व समाप्त होने का समय व स्थान का स्पष्ट रूप से उल्लेख आवेदन पत्र में किया जाएगा। किसी भी जनसभा में प्रयोग किये जाने वाले लाउडस्पीकर को लिए अलग से अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

इसके अलावा वाहनों पर प्रयोग किये जाने के लिए लाउडस्पीकर पर भी अनुमति लिया जाना आवश्यक होगा। बिना सक्षम अधिकारी की पूर्व लिखित अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग वर्जित होगा। अनुमति प्राप्त करने के पश्चात भी रात 10.00 बजे से प्रात 6.00 बजे के बीच में लाउडस्पीकर का प्रयोग किया जाना पूर्ण रूप से वर्जित होगा। प्रचार कार्य में किसी भी सरकारी, संस्थागत वाहन को प्रयोग नहीं किया जाएगा। बिना निर्वाचन अधिकारी के लिखित अनुमति के कोई भी वाहन चुनाव प्रचार में प्रयोग नहीं किया जायेगा। जिस व्यक्ति के पक्ष में वाहन पास जारी किया गया है उसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रत्याशी के प्रचार-प्रसार में प्रयोग नहीं करेगा। नियमों के उल्लंघन पर संबंधित के खिलाफ सीधी कार्रवाई की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

शिक्षण संस्थान के पास नहीं होगा कार्यालय

चुनाव के दौरान एवं विभिन्न प्रत्याशियो एवं राजनीतिक दलो द्वारा खोले जाने वाले पार्टी कार्यालय को किसी सरकारी या निजी संपत्ति पर कब्जा करके नहीं खोला जाएगा। किसी धार्मिक स्थान अथवा उसके परिसर में नहीं खोला जाएगा। शैक्षणिक संस्थान व अस्पताल से सटा हुआ नहीं खोला जाएगा तथा वर्तमान में नियत किसी पोलिंग बूथ की 200 मीटर की परिधि में कार्यालय नहीं खोला जाएगा।

भ्रामक खबरों पर रहेगी नजर

कोई भी व्यक्ति इलेक्ट्रानिक संचार माध्यम अथवा सोशल मीडिया यथा फेसबुक, टियूटर, वाट्सएप के माध्यम से किसी भी खबर अथवा सूचना को श्रजित अथवा विस्तारित नहीं करेगा और न ही करवायेगा। जिनसे किसी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के वर्ग अथवा समूह में घृणा, द्वेष अथवा भड़काने वाली भावनाओं का संचार होना संभव हो। इस पर कड़ी निगरानी रहेगी।

खेत गई युवती से रेप का प्रयास, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता फतेहपुर

- शोर मचाने पर आरोपी मौके से भाग निकला
- दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट का वीडियो वायरल

अमृत विचार। खेत पर गई एक नाबालिग लड़की के साथ गांव के युवक ने दुष्कर्म का प्रयास किया। लड़की के परिजन चीख पुकार सुनकर पहुंचे तो दोनों पक्ष में जमकर लाठी-डंडे चले। पीड़ित लड़की की मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। दोनों पक्ष के बीच मारपीट का वीडियो भी वायरल हुआ है।

किशनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने आरोप लगाया कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी 26 मार्च को खेत गई थी। खेत के पास गांव के एक युवक ने बेटी को रास्ते से पकड़कर खेत की ओर ले जाकर दुष्कर्म का प्रयास कर रहा था। तभी मेरी देवरानी खेत पहुंच गई और शोर मचाने पर मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। मौके पर आरोपी युवक के परिजनों ने पहुंचकर लाठी डंडे से उसे और परिजनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच किसी ने दोनों पक्ष के बीच हो रही मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया महिला की तहरीर पर युवक धर्मेंद्र के खिलाफ छेड़खानी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी युवक की तलाश की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

लेखपाल की रिपोर्ट पर एसडीएम ने किया आवेदन निरस्त

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- डीएम साहब, सही गलत आप तय करिए... क्यों गिर रही जिले की रैंकिंग
- अफसर गलत तरीके से करते हैं आईजीआरएस की शिकायतों का निस्तारण

अमृत विचार। जिले के कई लेखपाल व अफसर योजनाओं के बारे में नहीं जानते हैं। इस वजह से आवेदनों को निरस्त कर देते हैं। जब पीड़ित आईजीआरएस या जनता दर्शन में शिकायत करता है तो गलत तरीके से निस्तारण कर दिया जाता है। इससे सीएम डैशबोर्ड में जिले की रैंकिंग लगातार गिर रही है। लापरवाह कर्मियों व अधिकारियों पर डीएम का अंकुश नहीं है। ऐसे ही मामले में लेखपाल की रिपोर्ट पर एसडीएम ने आवेदन रद कर दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2019 से बेटियों को बढ़ावा देने व भेदभाव खत्म करने के लिए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना चलाई है। इसके तहत बेटी के जन्म से लेकर पढ़ाई करने तक छह किस्तों तक कुल 15 हजार रुपये दिया जाता है। अप्रैल से यह बजट 25 हजार रुपये हो जाएगा। कुल छह चरणों में जैसे-जैसे शर्तें पूरी हो जाती हैं तो संबंधित प्रपत्र लगाकर पुराने ऑनलाइन आवेदन की आईडी से ही उनको आगे बढ़ा दिया जाता है। कई आवेदन चढ़ावा न देने और नियमों से अनभिज्ञता में गलत तरीके से निरस्त कर दिए जाते हैं। इतना ही नहीं कर्मियों की रिपोर्ट को सही मानते हुए अधिकारी भी उस पर मुहर लगाकर पात्रों का सरकारी हक खत्म कर रहे हैं।

जानिए प्रोबेशन विभाग ने क्या कहा

शुभा ने 28 फरवरी को जिला प्रोबेशन विभाग में आईजीआरएस के तहत किस्त न आने की शिकायत की थी। जिला प्रोबेशन अधिकारी इरा आर्या ने एसडीएम तिर्वा व लेखपाल की आख्या का हवाला देते हुए 20 मार्च को रिपोर्ट लगाकर निस्तारण कर दिया। कहा, लेखपाल हृदेश पांडेय ने जो रिपोर्ट लगाई है उसमें कहा कि आवेदक की ओर से बताया गया है कि तान्या को पूर्व से ही योजना का लाभ मिल रहा है। अत: आवेदन निरस्त किए जाने की संस्तुति की जाती है। उसके बाद तहसीलदार व एसडीएम ने रिपोर्ट को सही मानते हुए अंतिम रूप दे दिया। हालांकि जिला प्रोबेशन अधिकारी ने एसडीएम तिर्वा को भी निस्तारण की प्रतिलिपि भेजी है। कहा है कि शिकायतकर्ता का पुन: आवेदन कराकर योजना से लाभान्वित कराया जाए।

> अगर आवेदन को गलत तरीके से निरस्त किया गया है तो उसके बारे में बता किया जाएगा। प्रोबेशन विभाग से भी बात कर जानकारी की जाएगी।
> –अशोक कुमार, एसडीएम तिर्वा

> एक बार आवेदन होने के बाद दूसरी बार आवेदन नहीं किया जाता है। इससे आईडी व पासवर्ड बदल जाता है। पुराने आईडी नंबर पर भी आवेदन नहीं होता है।
> –हृदेश पांडेय, लेखपाल

ऐसे ही एक मामले में तिर्वा कस्बे की निवासी शुभा ने बेटी तान्या के जन्म के बाद योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन किया था। इसके बाद पहली किस्त 2000 रुपये की मिली। टीकाकरण पूरा होने के बाद दूसरी किस्त के लिए पुराने पंजीकरण से कागज लगाकर आवेदन कर दिया। करीब सात महीने बाद जब दूसरी किस्त नहीं आई तो जिला प्रोबेशन विभाग से जानकारी की गई। बताया गया कि आवेदन को एसडीएम तिर्वा स्तर से निरस्त कर दिया गया। इसके बाद प्रोबेशन विभाग व एसडीएम तिर्वा के यहां ऑनलाइन शिकायत की गईं। इसमें तिर्वा एसडीएम अशोक कुमार ने लेखपाल हृदेश पांडेय की गलत रिपोर्ट को सही मानकर शिकायत का निस्तारण कर दिया।

तिर्वा एसडीएम ने यह किया निस्तारण

24 मार्च को शुभा की शिकायत का स्पेशल क्लोज के साथ निस्तारण कर दिया गया जो किसी के गले नहीं उतर रहा है। लेखपाल ने जो आख्या लगाई है उसमें कहा है कि आवेदक ने रजिस्ट्रेशन के लिए दोबारा आवेदन किया था। बालिका का रजिस्ट्रेशन हो चुका है यह फोन पर आवेदक की ओर से बताया गया है। आवेदक ने एक किस्त का लाभ मिलने की जानकारी भी दी है। इससे 14 दिसंबर 2023 को जांच के दौरान दूसरी बार रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन निरस्त कर दिया गया है। इससे क्षुब्ध होकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर रहे हैं। प्रार्थी को वार्ता के दौरान बताया गया है कि योजना के लिए पूर्व में एक बार बालिका का पंजीकरण हो चुका है। दूसरी बार पंजीकरण कराना विधिक नहीं हैं।

यह है कन्या सुमंगला योजना का नियम

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत पहली श्रेणी का लाभ बेटी के जन्म के बाद दो हजार रुपये का मिलता है। जन्म से संबंधित कागज लगाकर ऑनलाइन आवेदन करना पड़ता है। उसके बाद एक वर्ष तक जब बेटी के सभी टीके लग जाते हैं तो टीकाकरण कार्ड लगाकर पुराने पंजीकरण पर कार्ड की कापी लगाकर आगे बढ़ाया जाता है। तीसरी किस्त के लिए बच्ची का कक्षा एक में प्रवेश होना जरूरी होता है। एडमीशन के साक्ष्य लगाकर पुराने आवेदन में लगाकर ऑनलाइन फारवर्ड किया जाता है। इसी तरह चौथी किस्त के लिए कक्षा छह में प्रवेश के साक्ष्य, पांचवीं किस्त के लिए कक्षा नौ में प्रवेश के कागज व छठवीं किस्त के लिए कक्षा 12 पास कर स्नातक या दो वर्षीय या उससे अधिक समय के डिप्लोमा में प्रवेश के साक्ष्य लगाकर उसे आगे बढ़ाया जाता है। दूसरी ओर लेखपाल या जांचकर्ता इसे ही गलत ठहरा देते हैं।

जनपद में पहली बार मनरेगा लोकपाल की हुई तैनाती

कन्नौज। जनपद में पहली बार मनरेगा लोकपाल की तैनाती हुई है।

जितेंद्र नाथ अवस्थी।

योजना के तहत भारत सरकार ने दो साल के लिए कानपुर निवासी व बैंक में कार्यरत रहे जितेंद्र नाथ अवस्थी को लोकपाल नियुक्त किया है।

ग्राम्य विकास विभाग के सचिव सुखलाल भारती ने जारी किए आदेश में कहा है कि मनरेगा से संबंधित जो भी शिकायतें प्राप्त होंगी उनका समय से निस्तारण किया जाएगा। साथ ही राज्य सरकार को तिमाही और वार्षिक रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाएगी। अवस्थी ने बताया कि तैनाती का आदेश 15 मार्च को जारी हुआ था। डीएम शुभ्रान्त शुक्ल के यहां 21 मार्च को योगदान आख्या दी थी। उन्होंने बताया कि लखनऊ से जो भी मामले जांच या निस्तारण के लिए दिए जाएंगे, उस पर वह काम करेंगे। बताया गया है कि यूपी के 51 जिलों में लोकपाल की नियुक्त की गई है।

सार-संक्षेप

नगर पंचायत समधन में कर्मचारियों के साथ बैठक करते अधिशासी अधिकारी।

समधन में जन समस्या सुनने को होगी कर्मी की तैनाती

गुरसहायगंज, कन्नौज। नगर पंचायत समधन के प्रभारी अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने कर्मियों के साथ आवश्यक बैठक की। इसमें उन्होंने कर्मचारियों से परिचय किया और नगर पंचायत द्वारा संचालित व्यवस्थाओं की जानकारी ली। अधिशासी अधिकारी ने प्रकाश व्यवस्था को लेकर कर्मचारी अशोक कुमार से पूछताछ की। कहा कि नगर के सभी वार्डों के विद्युत पोलों पर नंबर डलवाये जाएं। प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए रजिस्टर बनाया जाए जिसमें पोलवार जानकारी अंकित करें। इससे समस्या का निस्तारण करने में आसानी रहेगी। कहा कि नागरिकों की समस्या का समाधान करने के लिए एक कर्मचारी नियुक्त किया जाएगा। जो कस्बा से आने वाली जन समस्याओं को अंकित कर संबंधित अधिकारी के निर्देशन पर कर्मचारियों को दिशा निर्देशित करेगा। बैठक में विवेक गुप्ता, मो. हनीफ अली, कासिम खान, दीपक श्रीवास्तव, नौशाद अहमद, शाहनवाज, आलोक कुमार, रफी अहमद, अताउर्रहमान आदि मौजूद रहे।

रमजान में खजूर के सेवन से मुकम्मल होता है रोजा

शहर काजी हाफिज जुम्मन।

गुरसहायगंज, कन्नौज। रमजान के रोजा इफ्तार में खजूर का विशेष महत्व है। इसके सेवन के बाद ही रोजा मुकम्मल होता है। इन दिनों खजूर की बिक्री बढ़ गई है। यह खजूर अब अरब देशों से भी मंगाया जा रहा है। इस्लाम में खजूर का विशेष महत्व है। नगर की जामा मस्जिद के पेश इमाम व शहर काजी हाफिज जुम्मन बताते है कि रसूल अल्लाह पकी हुई ताजा खजूर से रोजा इफ्तार करते थे। अगर खजूर उपलब्ध न हो तो पानी और सत्तू से ही इफ्तार कर लिया करते थे। इस्लामिक पुस्तक बुखारी शरीफ के अनुसार रसूल अल्लाह ने फरमाया कि पेड़ों में खजूर का ही ऐसा पेड़ है, जिसकी पत्तियाँ कभी झड़ती नहीं हैं। वहीं वैज्ञानिकों का मानना है कि खजूर दुनिया का ऐसा फल है, जिसके सेवन से व्यक्ति सेहतमंद रहता है। पैगंबर मुहम्मद साहब जब मक्का से मदीना पहुंचे तो वहां उनका स्वागत किया गया।

न होने दें जलभराव, दूषित जल से करें बचाव

जलालाबाद, कन्नौज। ब्लॉक सभागार में खंड विकास अधिकारी के नेतृत्व में संवेदीकरण विशेष संचारी रोग अभियान के तहत बैठक आहूत की गई। बीडीओ सोनिया श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुई बैठक में सीएचसी की बीएमसी हिना कौसर ने संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरूक किया। बताया कि जल जनित रोगों व दिमागी बुखार, हिट रिलेटेड इलनेसेज, मलेरिया आदि से बचाव के लिए सावधानी बरतें। गर्मी में धूप से आकर तत्काल पानी न पीयें। ग्राम पंचायत में जो भी हैंडपंप प्रदूषित जल दे रहे हैं, उनका पानी न पीयें। अपने आसपास साफ सफाई रखें। कहीं पर भी जलभराव न होने दें। एंटीलार्वा का छिड़काव कर भी संचारी रोगों की रोकथाम की जा सकती है। इस दौरान एडीओ आईएसबी राजीव दीक्षित, सचिव प्रियंका सिंह, पिंकी चक्रवर्ती, प्रमोद यादव, शैलेंद्र यादव, संदीप श्रीवास्तव, पंचायत सहायक रहनुमा, रचना, आरती, प्रवीण आदि लोग मौजूद रहे।

ट्रक का शीशा काटकर चोरों ने सामान किया पार

छिबरामऊ, कन्नौज। नगर के पश्चिमी बाईपास स्थित बंबा के पास खड़े ट्रक का शीशा काटकर चोरों ने अंदर रखा सामान पार कर दिया। पश्चिमी बाईपास स्थित बंबा के पास निवासी ट्रक मालिक अवधेश कुमार तिवारी पुत्र ओंकार नाथ तिवारी ने बताया कि घर के पास उनकी कानपुर बनारस के नाम से ट्रांसपोर्ट है। होली पर गाड़ी घर पर खड़ी थी। तभी चोरों ने ड्राइवर साइड का शीशा काटकर अंदर रखी बैटरी, जैक, पाना के साथ जरूरी चीजें चुरा ले गए। उन्होंने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की है।

हेलो, मैं एडीजी पीएचक्यू, दो बोतल शराब भेज देना

सीओ सिटी को फोन कर शराब मांगने वाला जालसाज गिरफ्तार हुआ, साथी फरार, झांसी में महिला सिपाही का ट्रांसफर करने का दिया था निर्देश

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। 'हेलो, मै एडीजी पुलिस हेड क्वाटर बोल रहा हूं। संबंधित व्यक्ति को दो बोतल 100 वाइपर शराब की भिजवा देना।' यह आदेश और किसी को नहीं जालसाज ने एडवांस टेक्नॉलॉजी का प्रयोग करते हुए सीओ सिटी कमलेश कुमार को दिए। सीयूजी नंबर से आई अजीब सी कॉल पर उनका माथा ठनका। मामले की पड़ताल कराई तो हकीकत सामने आ गई। पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा। हालांकि इस काम में उसका साथी पुलिस की कॉल आने पर अपना फोन बंद करके फरार हो गया। जालसाज पर विभिन्न जनपदों में भी धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं।

घटनाक्रम के अनुसार 25 मार्च को सीओ नगर कन्नौज कमलेश कुमार के पास एडीजी पीएचक्यू के सीयूजी नम्बर 9454400111 से एक कॉल आई। इसमें कॉलर ने खुद को एडीजी बताया। उसने सीओ को दो बोतल शराब 100 वाइपर भिजवाने के लिये निर्देशित किया। इसके साथ ही निजी मोबाइल नंबर 7065998217 पर संपर्क करने के लिये कहा। संदेह हुआ तो एसपी अमित कुमार आनंद को जानकारी देते हुए पड़ताल की। इसमें हकीकत सामने आ गई और पुलिस ने गोपाल तिवारी पुत्र देवेंद्र तिवारी निवासी ग्राम टड़वा मौजा गांगेमऊ कोतवाली तिर्वा जनपद कन्नौज को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में साथी अनुज अग्निहोत्री पुत्र रविकांत अग्निहोत्री निवासी ग्राम कुबैरपुर थाना अमृतपुर जिला फतेहगढ़ का नाम भी सामने आया। हालांकि वह फोन बंद करके फरार हो गया।

पुलिस लाइन में आरोपी गोपाल तिवारी व जानकारी देते एसपी व सीओ। अमृत विचार

- आरोपी के विरुद्ध अलग अलग जिलों में दर्ज हैं जालसाजी के मामले

पुलिस लाइन में प्रेस को एसपी ने बताया कि खुद को एडीजी पुलिस हेडक्वाटर बताकर प्रशासनिक अधिकारियों को एडीजी के सीयूजी नंबर मो.नं. 9454400111 व एक अन्य नंबर 8532846015 से फ्राड कॉल करके गुमराह कर धन की उगाही करने वाले शातिर को कोतवाली सदर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से जालसाजी में प्रयुक्त दो मोबाइल एवं अन्य दस्तावेज बरामद किये गये हैं। मामले में दरोगा शेखर सैनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

इंडीकॉल के माध्यम से करता था ठगी

पुलिस ने आरोपी के दोनों मोबाइलों को खुलवा कर हिस्ट्री चेक कराई तो व्हाट्सएप चैट से प्रदेश के विभिन्न जनपदों के उच्चाधिकारियों के नाम से नंबर सेव मिले। इन पर आरोपी ने इंडीकॉल एप के माध्यम से एडीजी के सीयूजी नंबर को प्रयोग किया। एडीजी के सीयूजी नं. 9454400111 का प्रयोग कर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी को फोन कॉल व व्हाटस एप चैट से जनता की सिफारिश करते हुए अवैध धन उगाही व ठगी की। एसपी ने बताया कि आरोपी इनफिनिक्स मोबाइल फोन में इंडीकॉल एप के माध्यम से एडीजी का सीयूजी नंबर प्रयोग करता था। किसी भी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी के पास फोन लगाता था। इसमें एडीजी का सीयूजी नंबर दिखाई देता था। आरोपी ने कई जनपदों के एसपी, सीओ व थाना प्रभारियों को लोगों के मुकदमें व अन्य कार्य कराने के लिए फर्जी तरीके से आदेश-निर्देश दिए।

विभिन्न जिलों में की गईं घटनाओं का विवरण

- मेरठ पुलिस के अधिकारी से व्हाटसएप चैट पर पोस्टिंग एवं किसी भी प्रकार की समस्या होने के सम्बन्ध में वार्ता की।
- बरेली पुलिस से चार्जशीट लगवाने के नाम पर 40,000 रुपये की उगाही की।
- बरेली जनपद में थाने का चार्ज दिलाने के नाम पर 70,000 रुपये की उगाही की।
- मथुरा पुलिस से भी वार्ता कर निर्देश दिए गए है ।
- ग्रेटर नोएडा पुलिस को भी निर्देशित कर एक मुकदमें की विवेचना को प्रभावित किया।
- गाजियाबाद पुलिस को निर्देशित कर ब्लैक मेल कर गिरफ्तारी करवाई गई है।
- थाना नौचन्दी मेरठ एसएचओ से वार्ता कर किसी प्रकरण में 60,000 रुपये की उगाही की गई।
- कन्नौज में एसएचओ तिर्वा को शराब उपलब्ध कराने के लिए भी निर्देशित किया गया।
- झाँसी पुलिस को एक महिला सिपाही के ट्रांसफर के लिए फोन किया, जिस पर पीआरओ झांसी ने कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई।

करंट से पांच मवेशियों की जान गई, दो लोगों पर रिपोर्ट

संवाददाता, सौरिख, कन्नौज

- हादसे का कारण बनी अवैध केबल

अमृत विचार। अवैध केबल की चपेट में आने से पांच जानवरों की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे आला अधिकारियों ने सभी का पोस्टमार्टम करवाया और उनको दफन करवाया। विद्युत विभाग ने अवैध केबल धारक समेत दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

हसेरन में गुरुवार सुबह करीब आठ बजे समिति के पीछे एक गाय और पांच सांड़ घूम रहे थे। एक से दूसरे मकान के लिए एक केबल बांस की बल्लियों पर लगी थी। केबल का हिस्सा कटीले तारों को छू रहा था जिससे तारों में करंट दौड़ने लगा। तभी सभी मवेशी उसकी चपेट में आ गए जिससे तड़पकर उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सीडीओ, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी तिर्वा, उप जिलाधिकारी तिर्वा, प्रभारी निरीक्षक इंदरगढ़ सहित काफी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया। मामले की जानकारी करते हुए समस्त मृत जानवरों का पोस्टमार्टम कराकर जेसीबी से उनको दफनाया गया। वहीं अवर अभियंता संतकुमार धीर ने हसेरन निवासी नीरज मिश्र पुत्र राजनारायण जो अपने पुराने मकान से नए मकान दूरी लगभग 80 मी अवैध केबल डालकर बिजली उपयोग कर रहे थे के अलावा विष्णुप्रताप सिंह पुत्र विश्राम सिंह निवासी ग्राम पट्टी हसेरन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

किशोरी ने फंदा लगाकर दी जान

कन्नौज। सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में तीन दिन पहले किशोरी ने फंदा लगाकर जान दे दी। भाई ने गांव के युवक व उसकी मां पर रिपोर्ट लिखाई है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

सदर कोतवाली के गांव में 24 मार्च को एक किशोरी ने फंदा लगा कर जान दे दी थी। पीड़ित के भाई ने गांव के ही किशन व उसकी मां पर आरोप लगाते हुए सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। इसमें कहा गया कि अक्षय उसकी बहन को परेशान करता था। जब आरोपी के घर शिकायत की तो उसने व उसकी मां ने गालीगलौज कर जान से मार देने की धमकी दरवाजे पर आ कर दी थी। 24 मार्च को बहन ने इसी बात से आजिज आकर घर में फांसी लगा कर आत्म हत्या कर ली। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी अक्षय को गिरफ्तार कर लिया है।

हैंडपंप की मरम्मत से लोगों को मिली राहत

खबर का असर

गुरसहायगंज, कन्नौज। रामकृष्ण नगर में लगा हैंडपंप नगर पालिका प्रशासन ने टीम लगाकर ठीक करा दिया है। इसको लेकर अमृत विचार ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार के निर्देशन में जलकल टीम के मनोज कुमार, भगवानदीन, रघुराम, सरफुद्दीन, संदीप गुप्ता आदि ने नगर के मोहल्ला रामकृष्ण नगर में लगे हैंडपंप की मरम्मत की और पेयजल समस्या से जूझ रहे लोगों को राहत दी। हैंड पंप की मरम्मत हो जाने से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली और भटक रहे राहगीरों को भी पानी सुलभता से उपलब्ध होने लगा है।

ठीक हुआ हैंडपंप। अमृत विचार

मारपीट की रिपोर्ट दर्ज न होने पर सीओ से की शिकायत

सीओ से वार्ता करते अधिवक्ता। अमृत विचार

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

अमृत विचार। एक सप्ताह पूर्व अधिवक्ता के साथ हुई मारपीट की शिकायत क्षेत्रीय पुलिस द्वारा दर्ज न किए जाने से नाराज बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरविंद सिंह राठौड़ व महासचिव ललित प्रताप सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने सीओ ओंकारनाथ शर्मा से शिकायत की है।

विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम राजापुर निवासी पीड़ित अधिवक्ता रक्षपाल सिंह पुत्र प्रेमराज सिंह ने बताया कि शनिवार की शाम लगभग 7:30 बजे वह अपने गांव राजापुर से ग्राम खजुरागढ़ में एक बरसी के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा थे। रास्ते में रामचन्द्र के खेत के पास नाला के समीप स्थित चकरोड पर ग्राम खरौली निवासी कुछ दबंगों ने उनके साथ वाद विवाद करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। जेब में रखे 5000 रुपये निकाल लिए। घटना की शिकायत तहरीर के माध्यम से थाना विशुनगढ़ पुलिस से की, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं की और न ही अभियुक्तों को तलाश किया। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की। वहीं क्षेत्राधिकारी ने छानबीन कर कानूनी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इस दौरान रामसेवक वर्मा, प्रवीन श्रीवास्तव, विनीत कुमार चतुर्वेदी, देवेन्द्र वर्मा, जितेन्द्र यादव, राजीव दीक्षित,अमित राजपूत, आशीष कश्यप, सत्यम दुबे, शिवम शर्मा, योगेंद्र यादव, अशोक सिंह चौहान व आनन्द कश्यप सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

बुलंद हौसले | जिलास्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में एक सैकड़ा छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग, बनाए मॉडल

खाद्य पदार्थों से एनर्जी बनाने वाले अर्पित को पहला पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत जिलास्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में आठों ब्लॉक व नगर क्षेत्र के करीब एक सैकड़ा छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। उच्च प्राथमिक स्कूल अनीभोज के कक्षा सात के छात्र अर्पित ने खाद्य पदार्थों से एनर्जी बनाने वाला मॉडल बनाया इसे पहला पुरस्कार दिया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय चचियापुर के कक्षा आठ के छात्र सागर ने लाइट के थ्रू डाटा ट्रांसफर करने वाला मॉडल बनाकर दूसरा पुरस्कार झटका। इसी तरह कंपोजिट स्कूल महमूदपुर खास के कक्षा आठ के छात्र रंजीत ने हाइड्रोलिक ब्रिज मॉडल बनाकर तीसरा स्थान पक्का किया।

शहर के पुलिस लाइन के निकट स्थित एक निजी विद्यालय में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई। बीएसए उपासना रानी वर्मा ने बताया कि पहले स्थान पर आए छात्र को 10 हजार रुपये, दूसरे को 7500 और तीसरे स्थान पाए छात्र को 5000 रुपये का नगद पुरस्कार दिया गया। चौथे से 10वें स्थान पर आए छात्र-छात्राओं को 2500-2500 रुपये दिए गए। इसके साथ ही प्रमाण पत्र, स्टेशनरी, बैग व ट्रॉफी भी बांटी गईं। इससे पहले सीडीओ रामकृपाल चौधरी, डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने मॉडल वाले स्टॉलों का निरीक्षण किया। साथ ही छात्र-छात्राओं से मॉडल के बारे में जानकारी ली। जनपद नोडल आशुतोष दुबे ने बताया कि प्रदर्शनी में उत्कृष्ट दो स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों की सूचना राज्य स्तर पर भेजी जाएगी। ब्लॉक नोडल व मार्गदर्शक शिक्षकों को भी बीएसए ने प्रशस्ति पत्र दिए। इस मौके पर वरिष्ठ प्रवक्ता डायट डॉ. सुनील चतुर्वेदी, बीईओ विपिन कुमार, राजकीय विद्यालय भंवरगाढ़ा के प्रधानाध्यापक शिवमोहन कुशवाहा, राजेश वर्मा, रवि त्रिपाठी, स्मिता त्रिपाठी, शशिकांत शुक्ल, भोले शंकर चतुर्वेदी, कल्पना राजपूत, नवीन मिश्र, डॉ. अरशद अली, साहिबे आलम, नीतेश प्रताप सिंह, राहुल कटियार, तेज प्रताप सिंह, पीयूष गुप्ता व अतुल मौजूद रहे।

विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडलों को देखते सीडीओ रामकृपाल चौधरी, डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह व बीएसए उपासना रानी वर्मा और अन्य। अमृत विचार

- छात्र सागर ने लाइट से डाटा ट्रांसफर करना व रंजीत ने बनाया हाइड्रोलिक ब्रिज

राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत चयनित बच्चों को सम्मानित किया गया। अमृत विचार

इन नन्हें वैज्ञानिकों को मिला सम्मान

अर्पित कुमार, ब्लाक तालग्राम को पहला स्थान।

सागर, ब्लाक तालग्राम को दूसरा स्थान।

रंजीत कुमार, छिबरामऊ को तीसरा स्थान।

तीन ब्लाकों व नगर क्षेत्र का स्थान नहीं : बताया गया है कि जिले के आठों ब्लाक व नगर क्षेत्र से चयनित 11-11 विजेता छात्र-छात्राओं को जिलास्तरीय प्रदर्शनी में शामिल किया गया था। इसमें कन्नौज सदर, जलालाबाद व गुगरापुर ब्लाक क्षेत्र से कोई भी छात्र पहले 10 स्थानों पर जगह नहीं बना सका।

इनको मिला 2500 2500 रुपये का इनाम

- नितेश सविता, ब्लॉक छिबरामऊ को चौथा स्थान
- कृष्ण प्रताप, ब्लॉक छिबरामऊ को पांचवां स्थान
- पायल, ब्लॉक सौरिख को छठवां स्थान
- आकाश सिंह, ब्लॉक सौरिख को सातवां स्थान
- दिव्या, ब्लॉक हसेरन को आठवां स्थान
- दीक्षा, ब्लॉक उमर्दा को नौवां स्थान
- मेहर, ब्लॉक उमर्दा को 10वां स्थान

मार्च के अंत में चढ़ा तापमान का ग्राफ, गर्म हवाओं ने किया बेहाल

आज से तीन दिन तक आंधी, गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी होने के आसार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। सर्दी का मौसम विदाई ले चुका है और इसके साथ ही गर्मी का असर शुरू हो गया है। होली का त्योहार संपन्न होने के बाद मासांत में पारा तेजी से चढ़ने लगा है। गुरुवार को सूर्य की तपिश खासी बढ़ गई और गर्म हवाएं चलने से सड़कों पर आवागमन करने वाले लोग छांव तलाशते दिखाई दिए। यह भी कहते सुने गए कि अभी यह हाल है अप्रैल, मई, जून का क्या तेवर होगा। अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा जो सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। मौसम विभाग ने 29 मार्च से तीन दिन तक जिले के विभिन्न स्थानों पर आंधी, गरज चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है।

गुरुवार को सुबह नौ बजे के बाद से ही सूरज की किरणें झुलसाने का अहसास कराने लगीं। जिनको जरूरी कार्य से निकलना था वे घरों से निकले तो लेकिन इधर उधर छांव तलाशते नजर आए। सुबह 11 बजते बजते तपिश और तेज हो गई। साथ ही गर्म हवाएं भी चलने लगीं जिससे मौसम में बदलाव पूरी तरह से नजर आ गया। कृषि मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरेंद्र कुमार ने बताया कि अधिकतम तापमान 38 तो न्यूनतम 18 डिग्री सेल्सियस रहा। इसमें न्यूनतम तो सामान्य स्तर पर है जबकि अधिकतम सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक है। दिन भर 15-18 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पछुआ हवाएं चलीं हैं। आर्द्रता 45-18 प्रतिशत के बीच रही है। जानकारी दी कि अगले तीन दिन पश्चिमी विक्षोभ के चलते जिले के विभिन्न स्थानों पर तेज हवाओं और गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होने की संभावना बन रही है। बताया कि मौसम के इस बदलाव से फसल पर कोई खास असर की संभावना नहीं है लेकिन जिन्होंने अभी मक्का बुवाई नहीं की है वे कम समय वाली फसल करें। हालांकि आंधी आने की सूरत में आम के पेड़ों में लदा बौर झड़ सकता है। बागवानों को सलाह दी कि बचाव के लिए बौर को रोकने वाली दवा का छिड़काव कर सकते हैं।

खेत में खड़ी गेहूं की फसल के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन। अमृत विचार

तारों के टकराने से बढ़ा आग का खतरा

कन्नौज। गर्मी के मौसम में चलने वाली तेज गर्म हवाओं से अक्सर बिजली के तार टकराते हैं जिससे निकलने वाली चिंगारी आग का कारण बनती है। इससे कई बार खेतों में खड़ी गेहूं या अन्य फसल जल जाती है। इस खतरे को देखते हुए जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने एक्सईएन विद्युत मगन सिंह को निर्देश दिए हैं कि लाइनमैनों को लगाकर तारों की स्थिति दिखवा लें। जहां तार ढीले या जर्जर हैं उनको ठीक करा दें ताकि इनके टकराने से होने वाली स्पार्किंग की स्थिति को रोका जा सके। जिले में कई स्थानों पर तो हाईटेंशन लाईन के नीचे ही फसल खड़ी है जो तैयार होने को है।

जमीन दिलाने के नाम पर ठगे साढ़े सात लाख

कन्नौज। एक बीघा जमीन के बदले चार बीघा दिलाने का झांसा देकर व्यक्ति से साढ़े सात लाख रुपये ठग लिए गए। पीड़ित उजागर लाल पाल निवासी खुर्रमपुरवा, कोतवाली गुरसहायगंज ने जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ल को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह मजदूर है। उसने अपनी 21 डिसमिल जमीन गत वर्ष अप्रैल में आर्मी से रिटायर राकेश कुमार पाल की पत्नी करुणेश देवी को आठ लाख में बेंची थी। इसके बाद जमील खां पुत्र जलील खां निवासी सौंसरापुर ने उसे बातों में फंसा लिया। कहा कि उसके संपर्क में चार बीघा खेत है जो वह कम पैसे में दिलवा देगा। इस पर उसने बिक्री का पूरा पैसा जमील के माध्यम से कल्लू पुत्र कामता निवासी गुगरापुर रमपुरवा, पोस्ट गुगरापुर, चौकी नौरंगपुर के खाते में पांच लाख, दो लाख रुपये नगद दे दिए। 50 हजार जमील खां को दलाली के दिए। एक मई 2023 को बहाने से चारों बहुओं व उसे तहसील बुला लिया। इसके बाद न तो जमीन मिली और न ही पैसा। पीड़ित ने धोखाधड़ी के इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई है। डीएम ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

पहले चरण में 3,796 कर्मचारी लेंगे मतदान कराने का प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 18 से 22 अप्रैल तक कुल चार दिन मिलेगा दो पालियों में प्रशिक्षण
- 1,898 पीठासीन अधिकारी व इतने ही मतदान अधिकारी होंगे शामिल

अमृत विचार। लोकसभा क्षेत्र के चुनाव के लिए मतदान कार्मिकों को पहले चरण का प्रशिक्षण देने का खाका तैयार हो गया है। 18 अप्रैल से 22 तारीख तक दो चरणों में ट्रेनिंग दी जाएगी। इसमें कुल 3796 पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम शामिल होंगे। हालांकि अमृत विचार ने पहले ही प्रशिक्षण को लेकर यह तारीख बता दी थी।

डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी ने बताया कि मतदान के लिए पहले चरण का प्रशिक्षण 18, 19, 20 व 22 अप्रैल को होगा। 21 अप्रैल को रविवार व महावीर जयंती का अवकाश है। बताया कि हर रोज दो पालियों में जानकारी दी जाएगी। पहली पाली का प्रशिक्षण सुबह नौ से दोपहर 12 और दूसरी पाली का दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होगा।

डीडीओ का कहना है किर शहर के पुलिस लाइन मार्ग स्थित एक विद्यालय के 14 कमरों में प्रशिक्षण चलेगा। एक-एक कमरे में 35-35 मतदान कार्मिक ही शामिल होंगे। कुल 1898 पीठासीन अधिकारी व इतने ही मतदान अधिकारी प्रथम को मतदान की बारीकियां बताई जाएंगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल की ओर से 125 फीसदी कार्मिकों का रेंडमाइजेशन हुआ है। दूसरे चरण के लिए प्रेक्षक की तैनाती होने पर 110 फीसदी का रेंडमाइजेशन किया जाएगा। सीडीओ रामकृपाल चौधरी ने बताया कि चार दिवसीय प्रशिक्षण की तैयारियां शुरू हो गईं हैं। जल्द ही संबंधित विभागों में ड्यूटी पहुंच जाएगी।

18 अप्रैल के बाद हो सकता मतदान कार्मियों का प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पंचायत सहायक, सफाईकर्मी भी करेंगे चुनाव में सहयोग
- सीडीओ ने कार्यालय में बनाई अधिकारियों के साथ रूपरेखा

अमृत विचार। चौथे चरण में होने वाले लोकसभा क्षेत्र के चुनाव को लेकर अधिकारियों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मतदानकर्मियों की ड्यूटी और उनके प्रशिक्षण को लेकर रूपरेखा बनने लगी है। बताया गया है कि पंचायत सहायक व सफाईकर्मियों को चुनाव में सहयोग करने की जिम्मेदारी मिलेगी।

विकास भवन स्थित अपने कार्यालय में सोमवार को सीडीओ रामकृपाल चौधरी ने चुनाव को लेकर मंथन किया। डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी व एनआईसी के डिमांशु से पंचायत सहायक व सफाईकर्मियों मांगा। सीडीओ ने प्रशिक्षण के लिए स्थल चयन पर भी बात की। कहा जा रहा है कि 18 अप्रैल से मतदानकर्मियों को चुनाव कराने की बारीकियां बताई जा सकतीं हैं। दो-दो पालियों में प्रशिक्षण चलेगा। बताया गया है कि पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम से लेकर तृतीय तक की ड्यूटी के लिए संबंधित विभागों से पहले ही कर्मचारियों का ठाठा एकत्र हो चुका है। उसके बाद ड्यूटी का आवंटन

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

जिस बूथ पर लगेगी ड्यूटी, वहीं डालेंगे वोट

डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी ने बताया कि जिन सरकारी कर्मियों की ड्यूटी मतदान केंद्र या बूथ पर लगी है उनको उसी बूथ पर मतदान करने की सुविधा मिलेगी। इसके लिए प्रशिक्षण के दौरान सभी को फार्म 12 क भरकर लाना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने व वोट का हक देने के लिए ऐसे निर्देश दिए हैं।

इंटर में 10 विषयों की कॉपियों का मूल्यांकन हो गया पूरा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की अब 16,919 उत्तरपुस्तिकाएं ही जांचने को शेष रहीं

अमृत विचार। शहर स्थित केके इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की कॉपियों का मूल्यांकन चल रहा है। अब तक 10 विषयों की कॉपियां जांच दी गईं हैं। 27 मार्च को पांच विषयों के बाद इतने ही विषय की कॉपियों का और मूल्यांकन कार्य पूरा हो गया। अब यहां महज 6872 उत्तरपुस्तिकाएं ही बचीं हैं।

उपनियंत्रक एके शर्मा ने बताया कि गुरुवार को 697 परीक्षक व उप प्रधान परीक्षकों में से 333 ने ही केंद्र पर पहुंचकर मूल्यांकन कार्य किया। 50 फीसदी से अधिक गैरहाजिर रहे। कुल प्राप्त एक लाख 43 हजार 116 कॉपियों में एक लाख 36 हजार 244 का मूल्यांकन हो गया है। एसबीएस इंटर कॉलेज के उप नियंत्रक एसएल सिंह ने बताया कि हाईस्कूल की 94.91 फीसदी कॉपियां जांच दी गईं हैं। एक लाख 97 हजार 681 उत्तरपुस्तिकाओं के सापेक्ष एक लाख 87 हजार 634 कॉपियां जांची गईं हैं। कुल 10047 कॉपियां बचीं हैं। गुरुवार को 20312 कॉपियों का मूल्यांकन हुआ। इस दौरान 1022 परीक्षकों में 498 और 103 उप प्रधान परीक्षकों में से 83 उपस्थित रहे।

30 तक वितरित हो जाएंगे रिपोर्ट कार्ड

बीएसए उपासना रानी वर्मा ने बताया कि परिषदीय स्कूलों की वार्षिक गृह परीक्षाएं 27 मार्च को समाप्त हो गईं हैं। बेसिक शिक्षा परिषद ने 31 मार्च को रविवार का अवकाश होने की वजह से एक दिन पहले तक ही परीक्षा परिणाम घोषित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही छात्र-छात्राओं को रिपोर्ट कार्ड बांटे जाएंगे।

समिति के चुनाव की रूपरेखा तैयार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। समिति कन्नौज के संरक्षक बाबू केशवदास टंडन के कार्यालय में हुई बैठक में होली मिलन के बाद चुनाव की रूपरेखा तैयार की गई।

सचिव शकील अहमद सिद्दीकी ने प्रस्ताव रखा कि 29 व 30 मार्च को नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। छह पदों पर चुनाव संपन्न होगा। दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक मिले नामांकन पत्रों की जांच के बाद 31 मार्च को मतदान कराया जाएगा। इसी समय समिति की बैठक भी होगी। बैठक में कहा गया कि समिति की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। अतः अध्यक्ष पद के लिए 3000 रुपये, सचिव व कोषाध्यक्ष के लिए 1500-1500 रुपये, उपाध्यक्ष व उप सचिव के लिए 500-500 रुपये तथा सदस्यों के लिए 300-300 रुपया नामांकन शुल्क रखा जाए। इस पर कुछ लोगों ने आपत्ति उठाई। फिर तय हुआ कि अध्यक्ष 1000, बाकी पदों के लिए 500-500 व सदस्यों के लिए 200-200 रुपये नामांकन शुल्क रखा गया। कुछ सदस्यों ने बहस शुरू कर दी और अपने पिछले कार्यकाल का बखान शुरू कर दिया। कई लोगों का कहना था कि अपनी अच्छाई का दर्पण दिखाने से क्या फायदा? कुछ करके दिखाओ तो समझें। बैठक में सर्व सम्मति से पत्रकार प्रकाश शर्मा को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई। निर्वाचन अधिकारी के रूप में राजेंद्र प्रसाद वर्मा, वेदप्रकाश त्रिपाठी तथा जयपाल सिंह जिम्मेदारी निभाएंगे। नामांकन पत्र संरक्षक टंडन के कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। वहीं भरकर बंद लिफाफे में जमा होंगे जिसके साथ रसीद नंबर भी देना होगा। इस दौरान सुबोध दीक्षित, ठा. दिनेश सिंह, मनोज शुक्ल, स्मरजित अग्निहोत्री आदि लोग मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते वरिष्ठ नागरिक समिति के पूर्व अध्यक्ष स्मरजित अग्निहोत्री व मौजूद संरक्षक केशवदास टंडन। अमृत विचार

- आज और कल नामांकन, 31 मार्च को कराया जाएगा मतदान

महिला के साथ अश्लीलता करते पकड़ा गया झोलाछाप

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

अमृत विचार। औरैया जनपद के बेला थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक कुछ दिन पहले ठठिया थाना क्षेत्र के एक गांव में किराए के मकान में रहने लगा। उसने क्लीनिक खोलकर मरीजों का इलाज शुरू कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि क्लीनिक में लगे पर्दे के पीछे महिलाओं का इलाज करने के दौरान वह अश्लील फोटो बना लेता था। इसकी जानकारी होने पर लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया। ग्रामीणों ने एक महिला के साथ ऐसी हरकत करते उसे पकड़ लिया और उसके साथ मारपीट कर गांव से भगा दिया। ग्रामीणों ने उसका मोबाइल भी छीन कर अश्लील फोटो डिलीट कर दिए। मंगलवार को युवक गांव आया और देर रात एक महिला के घर में घुस गया और अश्लील हरकतें करने लगा। महिला के शोर मचाने पर आसपास लोग एकत्र हो गए और उसे पकड़ लिया। थानाध्यक्ष किशनपाल सिंह ने बताया कि अभी तहरीर नही मिली है।

दुष्कर्म की शिकार महिला ने एसपी से लगाई गुहार

सौरिख। सोमवार की देर रात करीब 11 बजे एक गांव निवासी महिला घर पर अकेली थी। पति अन्ना पशुओं से खेतों की रखवाली करने गया था। महिला को घर में अकेला पाकर गांव का दबंग युवक तमंचा लेकर घर में घुस गया। सो रही महिला को दबोच कर अश्लील हरकत करने लगा। विरोध करने पर तमंचा लगा कर जान से मारने की धमकी देते हुए दुष्कर्म किया। युवक जाते समय महिला व उसके पति को जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पति खेतों से वापस आया तो महिला ने घटना की जानकारी दी। सुबह पति ने पत्नी के साथ थाने पहुंच मामले की जानकारी पुलिस को दी। कोई कार्रवाई न होने पर तीसरे दिन महिला ने पुलिस अधीक्षक के दरबार में गुहार लगाई। उसने दबंग के खिलाफ मुकदमा दर्ज किये जाने की मांग की है।

भक्त का परमात्मा के साथ होता अटूट रिश्ता

गुरसहायगंज। नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में संत निरंकारी सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें महात्मा विश्राम सागर ने बताया कि जो भक्त होते उन्हें सांसारिक सुखों की कामना नहीं होती। बताया कि जिस तरह भक्त प्रह्लाद को हिरण्यकश्यप ने बड़ी-बड़ी यातनाएं दी। लेकिन प्रहलाद बदले नहीं। उन्होंने अपने प्रभु से प्रेम करना कम नहीं किया और हर बार अपने पिता को ही समझाते रहे कि आप प्रभु जी की शरण में आ जाओ। आपका कल्याण हो जाएगा। आखिरकार जब हिरण्यकश्यप नहीं माना तो उसके अभिमान का अंत हुआ और भक्त प्रहलाद की विजय हुई। भक्त का परमात्मा के साथ अटूट रिश्ता कायम हो जाता है। फिर यह प्रभु अपने भक्त का मान कभी भी घटने नहीं देता। इस अवसर पर महात्मा विपिन, शिवा, अशोक, देवेंद्र, हरिकिशन, जोगराज, लालाराम, प्रेमचंद, आरती, पूनम, सेजल, रजनी, पारुल आदि मौजूद रहे।

क्षय रोग दिवस : टीबी चैंपियन सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सीएमओ दफ्तर में हुए कार्यक्रम में बताए बचाव के उपाय
- जिला क्षय रोग अधिकारी ने उन्मूलन की जानकारी दी

अमृत विचार। टीबी मुक्त भारत व टीबी मुक्त पंचायत बनाने के लिये विश्व क्षय रोग दिवस का आयोजन सीएमओ कार्यालय में आयोजित किया गया। इस मौके पर आशा, टीबी चैंपियन व मरीजों के तीमारदार सम्मानित किये गये।

गुरुवार को सीएमओ कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सबसे पहले जिला क्षय रोग अधिकारी केपी त्रिपाठी ने क्षय रोग उन्मूलन के संबंध में जानकारी दी। उप मुख्य चिकित्साधिकारी एमबी सिंह व डॉ. जितेंद्र नाग के अलावा सीएमओ डॉ. विनोद कुमार ने भी क्षय रोग से बचाव की जानकारी दी। साथ ही टीबी मुक्त भारत अभियान व टीबी मुक्त ग्राम पंचायत में सहयोग करने का अनुरोध किया।

बेहतर कार्य करने वाले ट्रीटमेंट सपोर्टर आशा, टीबी रोग को हराने वाले चैंपियन को प्रशस्ति पत्र व प्रचार प्रसार किट देकर सम्मानित किया गया। टीबी का इलाज ले रहे क्षय रोगियों के परिजनों को गोद लिये जाने से निःक्षय पोषण पोटली वितरित की गई। कार्यक्रम का संचालन अपर शोध अधिकारी वाई के मंजुल ने किया। इस मौके पर डीईओ अजहर हसन, डीपीटीसी अखिलेश, डीपीसी रंजीत, पीपीएम पूनम दुबे समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

विश्व क्षय रोग दिवस पर ट्रीटमेंट सपोर्टर आशा को सम्मानित करते सीएमओ व अन्य।

सराय गली में पथराव मामले में 10 पर एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। सरायगली में दो पक्षों में पथराव के मामले में 10 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

शहर के मोहल्ला सरायमीरा सरायगली में बुधवार की देर शाम इलियास अपने मकान का छज्जा जबरन निकाल रहे थे। मना करने पर उनके पक्ष के कई लोग मौके पर पहुंच गये। दो पक्षों में पथराव व तोड़फोड़ हो गई। इससे मिनहाल आलम गंभीर रुप से घायल हो गया। मामले में शहनूर आलम पुत्र कमर आलम ने सदर कोतवाली में सरायगली निवासी इलियास पुत्र मनान, अनस, फैज पुत्रगण इलियास, मुजीबुर्रहमान उर्फ लल्ला, रहूफ, सिराज उर्फ चिग्गू पुत्रगण अब्दुल रहमान, शौहराव, मुन्ना पुत्रगण मुजीर्वुरहमान उर्फ लल्ला, बलिया पुत्र गुलाम रसूल, रुशिद, फैसल, शाहिल पुत्रगण रहूफ, रुस्तम पुत्र सिराज उर्फ चिग्गू के अलावा आठ- दस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोप लगाया गया है कि उसके मकान के निकट में इलियास का मकान है। वह अपने मकान का छज्जा अवैध तरीके से निकाल रहे थे। मना किया तो मारपीट पर आमादा हो गये। उसने मौके पर सगे संबंधी व रिस्तेदारों को बुला लिया। उक्त सभी ने एक राय होकर लाठी, डंडों व धारदार हथियार से हमला बोल दिया। घर में तोड़फोड़ की। बाहर खड़ी कार तोड़ दी। उसके भाई पर हमला बोल कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी दी।

किसान दंपति के साथ दबंगों ने की मारपीट

छिबरामऊ। कस्बा सिकंदरपुर के मोहल्ला नेहरू नगर निवासी दीपू पुत्र सीताराम ने बताया कि वह गुरुवार को अपने खेत में पानी लगा रहा था। तभी कुछ दबंग के लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी। जानकारी पर पति को बचाने पहुंची पत्नी सोनी कश्यप को भी उक्त दबंगों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने शिकायत पुलिस से की है।

खुलेगा कार्यालय

कन्नौज। एडीएम आशीष सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 समापन पर है। इस वजह से स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग को निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति करनी है। 29 मार्च को गुड फ्राइडे व 31 को रविवार का सार्वजनिक अवकाश होने के बाद भी सभी उप निबंधक कार्यालय खुलेंगे।

सार-संक्षेप

रूट मार्च निकालते पुलिस एवं केंद्रीय सुरक्षा बल के जवान। अमृत विचार

पुलिस, बीएसएफ ने निकाला रूट मार्च

सौरिख, कन्नौज। लोकसभा चुनाव को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए थाना प्रभारी सौरिख सचिन कुमार सिंह के नेतृत्व में खडनी चौकी क्षेत्र में चौकी इंचार्ज आलोक कुमार ने बीएसएफ के साथ पैदल मुहल्लों में रूट मार्च किया। लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। थाना प्रभारी सचिन सिंह ने बताया आने वाले लोकसभा चुनाव में किसी प्रकार की अशांति का माहौल फैलाने वाले लोगों को चिन्हित किया जा रहा है। उनको शीघ्र पाबंद किया जाएगा। सकरावा थाना प्रभारी शशिकांत कनौजिया के नेतृत्व में जवानों ने सकरावा, बांदा, नगरिया, देवपुर, बिजनौर, मोदीनगर, सलेमपुर सहित आधा दर्जन गांवों में रूट मार्च किया।

खुलेआम अश्लील डांस का वीडियो वायरल

तिर्वा। होली में अश्लील डांस का वीडियो वायरल हुआ है जो चर्चा का विषय बना है। होली पर प्रशासन ने डीजे संचालकों को बिना अनुमति के डीजे नहीं बजाने के निर्देश दिए थे। पर्व के दौरान थाना इदरगढ़ के एक गांव में डीजे पर नर्तकियों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। इनके डांस का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। थानाध्यक्ष आनंद कुमार मिश्रा ने बताया कि पर्व के दौरान किसी कार्यक्रम की कोई अनुमति नही थी। वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। इसके बाद डीजे संचालक के साथ कार्यक्रम आयोजक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

सचिवों के साथ बैठक करते बीडीओ। अमृत विचार

अधूरे आवासों का कार्य 31 मार्च तक पूरा कराएं

छिबरामऊ। गुरुवार को विकास खंड सभागार में सचिवों की बैठक बीडीओ ने ली। उन्होंने ग्राम पंचायतों में कराये जा रहे कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिये। बीडीओ दीपांकर आर्य कहा कि पीएम व सीएम आवास योजना के तहत अधूरे आवासों का कार्य 31 मार्च तक पूरा कराएं। मनरेगा के तहत जो कार्य पूरे हो चुके हैं, उनकी आइडी बंद कराएं। श्रमिकों का शीघ्र भुगतान कराएं। ई-ग्राम सभा पोर्टल पर ग्राम पंचायत की कार्य योजनाएं अपलोड कराएं। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत अब तक 18 ग्राम पंचायत की आइडी नहीं बनी है। इनको शीघ्र आइडी बनवाएं। बूथों की पड़ताल में खामियां मिली थी। इनको दुरुस्त कराएं। गाजियाबाद-कानपुर ग्रीन फील्ड हाईवे के किनारे की गोशालाओं में कार्य पूरा करवाकर शीघ्र इनका संचालन कराएं। इस दौरान ज्वाइंट बीडीओ दिनेश चंद्र, एडीओ पंचायत यशकरन सिंह सहित सचिव मौजूद रहे।

रिश्वत कांड | औरैया के तीन, कन्नौज के दो व उन्नाव और आगरा के एक-एक अध्यापक पर गिरी गाज

एक महीने में सात शिक्षक हो चुके निलंबित

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 29 फरवरी को कन्नौज में वरिष्ठ लिपिक व पहली मार्च को औरैया में बीईओ को पकड़ा गया था

अमृत विचार। बीएसए कार्यालय में 29 फरवरी को कानपुर की एंटी करप्शन टीम ने वरिष्ठ लिपिक विमल पांडेय को रिश्वत लेने के आरोप में पकड़ा था। उसके अगले दिन पहली मार्च को औरैया में विजिलेंस टीम ने बीईओ पुष्पेंद्र जैन को इसी आरोप में पकड़ा। अब बेसिक शिक्षा महकमे के अधिकारियों की जांच में सामने आया है कि दोनों जिलों के रिश्वत कांड के बीच कई जिलों से कनेक्शन जुड़े हैं। इस मामले में अब तक सात शिक्षकों को निलंबित किया जा चुका है।

एंटी करप्शन टीम से साजिश के तहत शिकायत करने के आरोप में सबसे पहले बीएसए उपासना रानी वर्मा ने प्राथमिक स्कूल गौरीबांगर ब्लॉक गुगरापुर का सहायक अध्यापक अनुराग सिंह अन्नू को निलंबित किया था। उसके बाद सिलसिला उन जनपदों में भी शुरू हो गया, जहां के शिक्षक इस साजिश में शामिल रहे। उन्नाव की बीएसए संगीता सिंह ने प्रवीन पाल को निलंबित किया। औरैया के बीएसए अनिल कुमार ने झबरा स्थित प्राथमिक स्कूल पंकज कुमार को निलंबित करने के बाद कुर्सी गांव स्थित विद्यालय के अध्यापक शरद कुमार और ऐली के शिक्षक नेत्रपाल सिंह सेंगर को भी निलंबित कर दिया है। इसी तरह आगरा में तैनात रहे शिक्षक यादवेंद्र शर्मा पर भी निलंबन की गाज गिर चुकी है। बताया गया है कि एक महीने से कम समय में कन्नौज, औरैया, आगरा व उन्नाव कुल चार जनपदों के सात शिक्षकों पर कार्रवाई हुई है। बताया गया है कि कन्नौज बीएसए कार्यालय से सीसीटीवी कैमरे का एनवीआर चुराने, वरिष्ठ लिपिक रहे विमल पांडेय पर नोट फेंककर मारपीट करने के फुटेज वायरल हुए थे। मारपीट कर जबरन पकड़कर ले जाने का भी वीडियो वायरल हुआ। इससे एंटी करप्शन की ओर से गढ़ी गई कहानी सामने आ गई। मामले की गूंज महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा तक पहुंची थी। उन्होंने मामले की रिपोर्ट मांगी और कार्रवाई के निर्देश दिए थे। तभी से संबंधित जिलों के बीएसए ने एक-दूसरे को पत्र भेजकर रिपोर्ट मांगी थी।

बंदियों के इलाज, खानपान की व्यवस्था जांची गई

संवाददाता, जलालाबाद, कन्नौज

अमृत विचार। प्रभारी जनपद न्यायाधीश लोकेश वरुण, जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कारागार का संयुक्त रूप से निरीक्षण कर बंदियों के खानपान व उपचार की व्यवस्था जाची।

इस दौरान कारागार के सभी अहातों की बैरकों में बंदियो (पुरुष व महिला) से पूछतॉछ की गई। बैरकों की तलाशी करायी गई। तलाशी के दौरान कोई निषिद्ध वस्तु नहीं पायी गयी। बंदियों द्वारा कोई समस्या नहीं बताई गई। जेल की सुरक्षा से जुड़े उपकरणों जैसे डोरफ्रेम मेटल डिटेक्टर, हैण्डहेल्ड मेटल डिटेक्टर, सीसीटीवी कैमरे की क्रियाशीलता को देखा गया। खराब कैमरों को ठीक कराने व उनकी मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिये गये। अस्पताल निरीक्षण में चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि बीमार बंदियों के उपचार में कोई लापरवाही न बरती जाये। जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार त्रिपाठी को कारागार की स्वच्छता एवं बंदियों को अनुशासित रखने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान कारापाल विजय कुमार शुक्ला, उपकारापाल उर्मिला सिंह, रामबहाल दुबे, चिकित्साधिकारी डा. अजय कुमार पाल, प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार, जेल वार्डन कुलदीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

एक नजर

अवैध खनन करते जेसीबी ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी

फर्रुखाबाद। अवैध खनन की सूचना पर नायब तहसीलदार अतुल कुमार ने अमृतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम करनपुर दत्त के पास से अवैध खनन करने के आरोप मे एक मिट्टी भरी ट्रैक्टर ट्राली, दो खाली ट्रैक्टर ट्राली, एक जेसीबी मशीन को पकड़कर अमृतपुर थाना पुलिस के सुपुर्द किया। नायब तहसीलदार ने बताया खनन अधिकारी को कार्यवाही के लिए निर्देश उपजिलाधिकारी द्वारा दिए गए। कार्रवाई के दौरान ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

शिक्षक छात्रों से अच्छा व्यवहार करें

शमसाबाद फर्रुखाबाद। कस्बा स्थित एक गेस्ट हाउस में गुरुवार को एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ने शिक्षकों को निर्देशित किया कि वह बच्चों के साथ अच्छा व्यवहार करें। शिक्षकों व स्कूल प्रबंध समिति के अध्यक्षों की उन्मुखीकरण कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि खंड शिक्षाधिकारी वीरेंद्र कुमार पटेल ने कहा कि शिक्षक स्कूलों में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। विद्यालय में कूड़ेदान रखवाएं। उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों के साथ अच्छा व्यवहार करें। उनके साथ मारपीट न करें। किसी भी प्रकार का भय व्याप्त नहीं करें, क्योंकि भय के वातावरण में बच्चे का विकास प्रभावित होता है। साथ ही उसका सर्वांगिण विकास भी रुक जाता है। ऐसे में शिक्षक को चाहिए कि वह बच्चों से अच्छा व्यवहार करें। निपुण भारत मिशन पर जोर देते हुए कहा कि एक भी बच्चा निपुण होने से न रह जाए। इस अवसर पर मनोज गंगवार, अर्पण शाक्य, अनुपम सक्सेना, अभिषेक ओमर, हरिश्चंद्र व राकेश यादव आदि मौजूद रहे।

महिला को युवक ने दबोचा

फर्रुखाबाद। थाना शमशाबाद क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला अपने खेत में मक्का की फसल गुरुवार सुबह 7 बजे देखने गई थी। तभी शराब के नशे में धुत एकयुवक ने महिला को दबोच लिया। महिला की चीखपुकार सुनकर स्थानीय लोग आ गए। युवक मौके से फरार हो गया। पीड़ित महिला ने थाना शमशाबाद पुलिस से शिकायत की। सुनवाई नही हुई। मजबूर होकर पीड़ित महिला ने एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र देकर गुहार लगाई है।

महिला ने खाया जहरीला पदार्थ, अस्पताल में भर्ती

फर्रुखाबाद। जिला हरदोई थाना पाली क्षेत्र के गांव सेमरझाला निवासी अजय प्रताप सिंह की 38 वर्षीय पत्नी जूली ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। घर वालों ने आनन फानन में जूली को डॉक्टर राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया।

कुर्की करतीं तहसीलदार श्रद्धा पांडे। अमृत विचार

अमृतपुर में कुर्क जमीन पर बोर्ड लगवाते तहसीलदार। अमृत विचार

गैंगस्टर पारिया की 1 करोड़ 20 लाख की और संपत्तियां हुईं कुर्क

जिलाधिकारी के निर्देश पर अब तक 37 करोड़ 20 लाख की संपत्ति हो चुकी है कुर्क

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखबाद

अमृत विचार। बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव संजीव पारिया की डीएम वीके सिंह के निर्देश पर गुरुवार को पुनः तहसीलदार श्रद्धा पांडे ने 1 करोड़ 20 लाख रुपए की संपत्ति कुर्क कर ली है। गैंगस्टर के मामले में शाहजहापुर जेल में बन्द पारिया की अब तक 37 करोड़ 20 लाख की संपत्ति कुर्क की जा चुकी है। कुर्की का प्रशासक तहसीलदार श्रद्धा पांडे को बनाया गया है। बताते चले कि अधिवक्ता चीनू तोमरव अनुपम दुबे तथा संजीव पारिया के विरुद्ध अधिवक्ता राजीव वाजपेई ने जान लेवा हमला करने व कचहरी परिसर में गोला बारूद जमा करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मुकदमे में अनुपम दुबे प्रदेश स्तरीय माफिया घोषित होने के बाद मथुरा जेल में बन्द हैं। उनकी पूरी संपत्तियां कुर्क की जा चुकी हैं। संजीव पारिया शाहजहापुर जेल तथा अधिवक्ता चीनू जिला जेल फतेहगढ़ में बन्द है। जिलाधिकारी डॉक्टर वीके सिंह का माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई का अभियान जारी है। डीएम के निर्देश पर तहसीलदार सदर श्रद्धा पांडेय ने संजीव पारिया की संपत्ति कुर्क करने की गुरुवार को फिर कार्रवाई की।

तहसीलदार श्रद्धा पांडे ने बताया कि पारिया की खैरबन्द में प्लाट और लक्ष्मी नारायण धर्मशाला को तथा शहर में 6 अन्य प्लाट कुर्क किये गए हैं। कमालगंज के नगला दाऊद में बने कॉलेज को भी कुर्क किया जाएगा।

तहसीलदार सदर ने बताया कि संजीव पारिया की गुरुवार को एक करोड़ 20 लाख की संपत्ति कुर्क की गई है। इससे पहले उनकी 36 करोड़ की संपतियां कुर्क की जा चुकी हैं। अब तक 37 करोड़ 20 लाख रुपये की संपतियां कुर्क की जा चुकी हैं। अमृतपुर प्रतिनिधि के अनुसार अधिवक्ता संजीव परिया की अमृतपुर तहसील के अंतर्गत भरखा, अहिलामई, मोहद्दीनगर, कटरी सुंदरपुर गांवों में लगभग दो हेक्टेयर जमीन को शासन के निर्देश पर तहसीलदार कर्मवीर सिंह ने जमीन की पैमाइश कर चिन्हित कर सरकार के पक्ष में कुर्क करने की कार्रवाई की। इस मौके पर पुलिस फोर्स मौजूद रहा। तहसीलदार ने बताया गलत तरीके से धनार्जन कर बनाई गई संपत्ति चार गांवों में फैली थी, इसे कुर्क किया गया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल तैनात रहा।

घरेलू शौचालयों के सर्वे में ढिलाई पर दिया नोटिस

कमालगंज फर्रुखाबाद। प्रधानमंत्री रेट्रोफिटिंग योजना के अंतर्गत घरेलू शौचालयों की जियो टैगिंग कराई जा रही है। इसमें शौचालय के उपयोग होने या उपयोग होने सहित शौचालय की वर्तमान स्थिति का विवरण पोर्टल पर फीड किया जा रहा है। लेकिन कुछ पंचायतों में अभी तक जियो टैगिंग व फीडिंग का काम शुरू नहीं हुआ।

काम शुरू न करने वाले पंचायत सहायकों को नोटिस जारी किया गया है। जबकि लगातार विभाग के पास सूचनाएं जाती हैं कि कई घरों में आजतक बने शौचालयों का उपयोग नहीं किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में बड़ी संख्या में घरेलू शौचालय बनवाए गए हैं। इसके लिए लाभार्थी को दो किश्तों में 12 हजार रुपए दिए जाते हैं। सरकार अब शौचालयों के उपयोग या उपयोग न होने के साथ ही उनके भैतिक स्थिति की जांच करा रही है। योजना के अंतर्गत टूटफूट वाले शौचालयों की मरम्मत के लिए 15 वें वित्त आयोग से सहायता धनराशि दिए जाने का प्रस्ताव है। गुरुवार को सहायक विकास अधिकारी पंचायत ने अभियान की गूगल मीट पर समीक्षा की। रेट्रो फिटिंग फीडिंग का काम शुरू न करने वाले पंचायत सहायकों को नोटिस दिया गया।

डीएम ने लगाई मलेरिया अधिकारी को फटकार

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- डीएम डॉ. वीके सिंह ने ली संचारी रोग नियंत्रण की बैठक

अमृत विचार। जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान हेतु अंतर विभागीय जनपद स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएमओ ने अवगत कराया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा व दस्तक अभियान 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा। बैठक में डीपीआरओ व ईओ को निर्देशित किया गया कि जनपद के सभी तालाबों की सफाई करा ली जाये। पशुपालन विभाग सभी सुअर पालन केंद्रों व मुर्गी पालन केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करें। जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी कुपोषित बच्चों का चिन्हीकरण कर सूची उपलब्ध कराए। शिक्षा विभाग से अपेक्षा की गई कि सभी स्कूलों में बच्चो को मच्छरजनित बीमारियो के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई जाये। खंड शिक्षा अधिकारी व बी आर सी के द्वारा विधालयो में जागरूकता के कार्यक्रम कराये जाये।कृषि विभाग व उद्यान विभाग को निर्देशित किया गया कि सभी किसानों को ऐसे पौधे लगाने के लिये प्रेरित किया जाए जो मच्छर प्रतिरोधी हो ,उद्यान अधिकारी ने बताया कि हर गाँव मे इस संबंध में गोष्ठी होती है, बैठक में प्रकाश में आया कि जनपद में मलेरिया विभाग द्वारा अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन सही तरीके से नही किया जा रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। जिला मलेरिया अधिकारी का स्पष्टीकरण माँगा गया व निर्देशित किया गया कि पिछले एक महीने में मलेरिया निरीक्षकों ने क्या कार्य किया है लिखित में अवगत कराएं। सी एम ओ द्वारा इसका पर्यवेक्षण किया जाए। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय रैबीज नियंत्रण कार्यक्रम द्वारा जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जूनोटिक समिति की वार्षिक बैठक का भी आयोजन किया गया ।बैठक में निर्देशित किया गया कि सभी पी एच सी पर एन्टीरैबीज वैक्सीन पहुचाई जाये।ई ओ को निर्देशित किया गया कि नगर पालिका द्वारा पालतू जानवरों का पंजीकरण किया जाये, अपंजीकृत जानवर मिलने पर 5000 रुपाए का जुर्माना लगाया जाये। सभी नगरपालिका/पंचायतों में जागरूकता के लिए हैंडबिल बटवाये जाए।

साध समाज के भंडारे का हुआ समापन

संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। साध समाज चौकी में 7 दिवसीय भण्डार मंगलमय कामनायो के साथ एक दूसरे के साथ गले मिलकर विदाई के साथ सम्पन्न हुआ। दिल्ली हरियाणा, राजस्थान ,उत्तराखण्ड, महाराष्ट्र, मुंबई कोलकाता देश ही नहीं विदेश से प्रवासी भारती के साथ साध समाज के बंधुओ ने हजारों की संख्या में भण्डारा में साध समाज के बन्धुओं ने ज्ञान- ध्यान- चिन्तन के साथ भाग लिया।

साध समाज के भण्डारा में समाज में संगठन, शिक्षा, व्यापार के साथ ज्ञानकी चर्चा, धार्मिक आध्याधिक ज्ञान की चर्चा स्वच्छता ,पर्यावरण खान-पान के साथ पवित्रता के साथ रहने के संस्कार दिये ।इसमें महिलाएँ, बच्चों ने विशेष रूप से भाग लिया। साध समाज की ज्ञान (पोथी) से- 'सतनाम अवगत" सद् गुरु के द्वारा मालिक दाता का चिन्तन-मनन उनका स्मरण करना अच्छे कर्म करो का उपदेश दिया। बच्चों में धार्मिक ज्ञान का स्मरण करके उसके सुनाया।

उनको प्रोत्साहन स्वरूप उपहार भी दिए। साध समाज के भण्डारे में आये हजारों की संख्या में आगन्तुको के साथ गले- मिलकर मंगलमय कामना के साथ फर्स्ट पार्टी एवं सेकंड पार्टी दोम फरीक, शाम्भू, विद, नौजवान ने भण्डारा में हिस्सा लिया।

इस मौके पर राकेश साध, चमकेश साध, रविसाध, आकाश साध निलेश साध, राहुल साध सुबोध साध संजीव राय सनिल, सुमित, वरुण, रविन्स साध, बुचक हितेष आदि ने भाग लिया।

किशोरी से दुष्कर्म, दस साल की कैद

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। बहला-फुसलाकर किशोरी को ले जाने व दुष्कर्म के मामले में न्यायालय ने आरोपित को दस वर्ष की सजा सुनाई। इसके साथ ही 50 हजार का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर आरोपित को छह माह की अतिरिक्त सजा भोगनी होगी। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण की 17 वर्षीय बेटी को वर्ष 2015 में सिंटू यादव बहला-फुसलाकर ले गया था। पुत्री घर से नकदी व जेवर भी ले गई थी। ग्रामीण ने सिंटू यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेचक ने किशोरी को बरामद कर कोर्ट में बयान दर्ज कराए। बयान के आधार पर मुकदमे में दुष्कर्म की धारा की बढ़ोत्तरी की गई। विवेचक ने जांच पड़ताल के बाद आरोपी सिंटू यादव के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की गई। मुकदमे की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने गुरुवार को गवाह व साक्ष्य के आधार पर किशोरी को ले जाने व दुष्कर्म में आरोपी सिंटू को दोषी करार देकर दस वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई। दोषी को पचास हजार रुपये बतौर अर्थदंड के रूप में जमा करने के आदेश दिए। अर्थदंड नहीं देने पर दोषी को छह माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भोगना होगा।

गैर इरादतन हत्या के दोषी को छह वर्ष की सजा

फर्रुखाबाद। गैर इरादतन हत्या के आरोपित को न्यायालय ने छह साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 20 हजार का जुर्माना लगाया। जुर्माना अदा न करने पर छह माह की अतिरिक्त सजा का प्राविधान किया। पड़ोसी जिला शाहजहांपुर थाना मिर्जापुर गांव धियरपुरा निवासी रनवीर ने 7 मई 1997 को शमसाबाद थाने में गांव के जौहरी, रामनरेश व गांव रोशनाबाद निवासी शंकर, लालाराम के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। इसमें आरोप लगाया कि 6 मई 1997 को भाई ओमकार, ओमपाल, हाकिम के साथ ढाईघाट गंगा जी पर पूजा करने आए थे। पूजा करने के बाद भाई हाकिम शमसाबाद थाने के गांव रोशनाबाद निवासी मौसिया ससुर विश्राम के घर जाने की बात कहकर चला गया। जौहरी, रामनरेश, शंकर, लालाराम भाई हाकिम को रोशनाबाद में लगे मेला दिखाने के लिए भाई हाकिम को साथ ले गए। 7 मई 1997 को रोशनाबाद निवासी सुरेंद्र दुबे के खेत के पास गड्ढे में हाकिम का शव मिला। इन लोगों ने उसकी हत्या कर शव फेंक दिया था। विवेचक ने चारों आरोपियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या में चार्जशीट दाखिल की। मुकदमे की सुनवाई के दौरान जौहरी व रामनरेश की मौत हो गई। 21 मार्च को न्यायाधीश ने गवाह व साक्ष्य के आधार पर आरोपी शंकर को दोषी करार किया था। गुरुवार को न्यायाधीश ने दोषी शंकर को छह वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। दोषी को बीस हजार रुपये बतौर अर्थदंड जमा करने के आदेश दिए। अर्थदंड नहीं देने पर उसको छह माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

सार-संक्षेप

होली मिलन समारोह में मौजूद लोग। अमृत विचार

भरखा में होली मिलन समारोह में खूब उड़ा रंग-गुलाल

फर्रुखाबाद। ब्लॉक राजेपुर क्षेत्र के गांव जसूपुर भरखा में गुरुवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगा व गुझिया खिलाकर होली की बधाई दी गई। डॉ. सुरेश सिंह सोमवंशी के नेतृत्व में आयोजित होली मिलन समारोह में लोगों ने होली के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि डॉ. अनिल प्रताप सिंह ने कहा कि होली प्रेम और सौहार्द का त्योहार है। इस दिन हमें बुराइयों को त्यागने का संकल्प लेना चाहिए। संजय सोमवंशी ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में भाईचारा बढ़ता है। उन्होंने समाज की एकजुटता पर बल भी दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेशपाल सिंह उपकारी व संचालन सत्यपाल सिंह ने किया। वैभव सोमवंशी ने कविताएं सुनाईं। इस अवसर पर नरेंद्र सोमवंशी, रक्षपाल सिंह, भूपेंद्र प्रताप सिंह व रघुवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

बैठक में मौजूद डीएम वीके सिंह। अमृत विचार

डीएम ने दिए पॉलीथिन के विरुद्ध अभियान चलाने के निर्देश

फर्रुखाबाद। जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी नगर पालिका, नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी प्रतिबन्धित प्लास्टिक के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही कर 15 दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। डीपीआरओ को निर्देशित किया गया कि सभी गंगा घाटों की सफाई करा कर रिपोर्ट डीएफ़ओ को प्रस्तुत करें। बैठक में निर्देशित किया गया कि सभी नालों की टैपिंग करा ली जाये। जल निगम ने बताया कि सभी एस टी पी का कार्य 30 जून तक पूरा कर लिया जाएगा।

घायल अवस्था में पड़ी मिली महिला, जिला अस्पताल रेफर

फर्रुखाबाद। थाना शमशाबाद क्षेत्र के गांव रजलामई स्थित पानी टंकी के पास घायल अवस्था मे अज्ञात महिला पड़ी हुई थी। स्थानीय लोगो ने घायल अज्ञात महिला को सीएचसी शमशाबाद में भर्ती कराया है। वहाँ से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया है। जिला अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर जय सिंह ने बताया कि 108 एम्बुलेंस ईएमटी अनुपम द्वारा घायल अज्ञात महिला को लाया गया है। हालत गंभीर है भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया है। महिला की शिनाख्त के लिए पुलिस सूचना भेज दी गई है। अभी तक महिला की शिनाख्त नही हो सकी है।

कन्नौज के युवक की हत्या कर शव छिपाया

फर्रुखाबाद। मेरापुर थाना क्षेत्र में पड़ोसी जिला कन्नौज के युवक की हत्या कर शव गायब कर दिया। पुलिस शव बरामद करने में जुटी हुई है। घटनाक्रम के अनुसार कोतवाली छिबरामऊ की पुलिस चौकी प्रेमपुर के गांव नगला सबसुख के रहने वाले अंकुश (24) उर्फ बजरंगी पुत्र अखिलेश कुमार शाक्य छिबरामऊ थाना क्षेत्र के कुंदेपुर में आटा मिल में नौकरी करता था। उसके गांव का ही कमलेश उसका दोस्त था। कमलेश उसको लेकर बुधवार को संकिसा आया और खुद वापस लौट गया। जब अंकुश घर नहीं पहुंचा तो परिवार वालों ने उससे पूछताछ की। पूछताछ के दौरान कमलेश ने बताया कि उसने अंकुश की हत्या कर शव गड्ढे में गाड़ दिया है। उसका शव मेरापुर थाना क्षेत्र के संकिसा में पड़ा हुआ है। पुलिस ने कमलेश को हिरासत में लेकर संकिसा पहुंचकर अंकुश के शव को बरामद करने का प्रयास किया। थानाध्यक्ष मेरापुर के अनुसार शव बरामद करने का प्रयास जारी है अभी तक शव बरामद नहीं हुआ है। सबसे मजेदार बात यह है कि युवक का शव बरामद करने में सीमा विवाद आड़े आ रहा है। कायमगंज सीओ सत्येंद्र कुमार का कहना है कि घटना स्थल उनकी सर्किल में नहीं पड़ता है। जबकि सीओ मोहम्मदाबाद अनिल कुमार सिंह का कहना है कि यह क्षेत्र कायमगंज का सर्कल में पड़ता है। फिलहाल युवक के शव की बरामदगी सीमा विवाद में उलझ गई है।

अंकुश।

दंबगों ने घर में घुसकर महिला से मारपीट की

फर्रुखाबाद। थाना कादरीगेट क्षेत्र में दबंगों ने घर मे घुस कर महिला को मार पीट कर घायल कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव अमेठी जदीद निवासी सत्यराम की पत्नी सुहागा देवी ने गुरुवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर सीओ सिटी प्रदीप कुमार को शिकायती पत्र देकर बताया कि बुधवार शाम 4 बजे उसके घर मे पड़ोसी युवक घुसकर गाली गलौज करने लगे। विरोध किया तो पड़ोसी युवकों ने महिला सुहागा देवी उनकी बहू मीना को लाठी- डंडो से पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित सुहागा देवी ने थाना कादरीगेट में पहुंचकर पड़ोसी दंबगो के खिलाफ मारपीट का शिकायत की।

रंग डालने को लेकर की गई थी युवक की हत्या

अस्पताल के कैदी वार्ड में भर्ती हत्यारोपी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- एसपी ने घटनास्थल का किया निरीक्षण
- वादी की पिटाई से घायल आरोपित अस्पताल में भर्ती

अमृत विचार। कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र में होली पर रंग डालने को लेकर युवक की हत्या की गई थी। पुलिस ने आरोपितों पर तहरीर के अनुसार रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उधर मृतक पक्ष की पिटाई से घायल युवक को पुलिस ने लोहिया अस्पताल के कैदी बार्ड में भर्ती कराया है। कैदी के देखरेख में पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है।

एसपी विकास कुमार ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की। कोतवाली क्षेत्र के गांव नकटपुर निवासी 40 वर्षीय सत्यपाल राजपूत के बड़े भाई नेत्रपाल के बेटे लव राजपूत से होली पर रंग डालने को लेकर गांव के ही कुलदीप और उसके भाई संजीव से विवाद हुआ था। गांव वालों ने दोनों पक्षों में बीच बचाव कर मामले को रफा दफा कर दिया था। लेकिन दोनों भाई खुन्नस मानने लगे थे। बुधवार की रात लव के चाचा सत्यपाल सौंच करने खेतों की ओर गए। तभी रंग डालने की रंजिश में कुलदीप और संजीव ने सत्यपाल पर हमला बोल दिया। आरोपितों ने लाठी डंडों से पीट-पीट कर सत्यपाल की हत्या कर दी। चीख पुकार सुनकर नेत्रपाल की बेटी पूनम अन्य लोगों के साथ भाग कर मौके पर पहुंची। तो आरोपित भागने लगे तभी पूनम ने कुछ लोगों की मदद से संजीव को पकड़ लिया। इस दौरान संजीव की जमकर पिटाई कर दी गई। सूचना पर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार, प्रभारी निरीक्षक मोहम्मदाबाद मनोज भाटी, पुलिस वल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने आरोपित को पुलिस को सौंप दिया। ग्रामीणों ने बताया कि सत्यपाल कई साल पूर्व माफिया अनुपम दुबे की खेती करता था। मामले पर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि सत्यपाल पुत्र राजाराम की डेड बॉडी झाड़ियों के बीच पड़ी मिली है। पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है। मामले में जो भी दोषी होगा, उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

जमीन पर कब्जा करने का आरोप

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। चुनाव अचार संहिता के चलते कलेक्ट्रेट पहुंचे वोटर्स पार्टी के प्रदेश महासचिव ने कार्यकर्ताओं के साथ डीएम कार्यालय के बाहर धरना शुरू कर दिया। एसडीएम सदर ने पुलिस बुलाकर धरने पर बैठे पदाधिकारियों को हटवा दिया।

थाना जहांगज क्षेत्र के गांव नगला कलार निवासी बैद्य वीरेंद्र कुमार आर्य वोटर्स पार्टी इंटरनेशनल के प्रदेश महासचिव हैं। बैद्य वीरेंद्र कुमार आर्य पदाधिकारियों के साथ डीएम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी पैतृक भूमि पर नवनीत कुमार यादव उर्फ ललुआ यादव निवासी रोहिल्ला स्थाई पता आवास विकास और दिनेश राजपूत पुत्र कृपाल सिंह नगला किसानन, अवंतीबाई नगर मोहम्मदाबाद व अन्य लोगों जबरन कब्जा कर लिया है। उस पर निर्माण कार्य कर रहे हैं। बैद्य वीरेंद्र कुमार आर्य ने कई बार प्रशासन को शिकायती प्रार्थना पत्र दिए। कोई कार्रवाई नहीं हुई। गुरुवार को मजबूर होकर वोटर्स पार्टी इंटरनेशनल के प्रदेश महासचिव अपने पदाधिकारियो के साथ डीएम कार्यालय पर पहुंचे और डीएम कार्यालय के वाहर धरने पर बैठ गए। उन्होंने कहा कि जब तक मेरी समस्या का समाधान नहीं हो जाता तब तक वह धरने से नहीं हटेंगे। और भूख हड़ताल करने पर मजबूर होंगे। एसडीम ने वोटर्स पार्टी इंटरनेशनल के पदाधिकारी से कहा कि जहां प्रशासन ने धरना स्थल बनाया है। वहां पर आप लोग धरना प्रदर्शन कर सकते हैं।

धरने पर बैठे वोटर्स पार्टी के लोगों को हटाने पहुंची पुलिस। अमृत विचार

कायमगंज एसडीएम ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

फर्रुखाबाद। उप जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय मदारपुर मे बने बूथों का औचक निरीक्षण किया। एसडीएम यदुवंश कुमार वर्मा गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे प्राथमिक विद्यालय मदारपुर पहुंचे और बूथ संख्या 111 का निरीक्षण किया। उन्होंने बूथ कक्ष, रसोईघर, शौचालय, पेयजल व विद्युत व्यवस्था आदि का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल को बूथ पर व्यवस्था ठीक रखने के निर्देश दिए। वहां लगे पौधों को देखकर एसडीएम ने सराहना की।

राहत इस बार आम की फसल अच्छी होने की उम्मीद, आम आदमी की पहुंच में रहेंगे दाम

आम की बौर देखकर बागवानों की बांछें खिलीं

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। मलिहाबाद के बाद प्रदेश में दशहरी आम पैदा करने वाले कायमगंज के बागवानों की बौर को देख बांछें खिल गई हैं। बागवानों का कहना है कि शुरुआती दौर में पानी बरसने से उन्हें लगा कि इसबार आम आमआदमी की पहुंच से दूर रहेगा लेकिन बाद में गर्मी पड़ते ही जिस तरह से बौर आया है, उससे लगता है कि इसबार आम की फसल बहुतायत से आएगी।

जिले के सबसे बड़े नर्सरी मालिक संदीप गंगवार का कहना है कि क़ायमगंज का दशहरी आम मलिहाबाद के बाद दूसरे स्थान पर गिना जाता है। यहाँ पिछली साल आम के बागबानों को भारी घटा हुआ था। इस साल फलत बर्ष होने की बजह से बागवानों को लाभ होने की आस जगी है कि उन्हें आम की फसल में खासा लाभ होगा। उनका कहना कि बरसा होने के बाद उन्हें एक पल लगा कि आम की फसल इस बार भी बागवानों को बर्वाद कर देगी। लेकिन जिस तरह से बौर आया है उससे साफ जाहिर है कि इस साल आम आम आदमी को आसानी से उपलब्ध हो सकेगा।

बागवान रमेश गुप्ता बताते है कि हर दूसरी साल में फलत बर्ष आता है।इसमें आम बहुतायत से पैदा होता है। इस साल भी आम के बहुतायत से पैदा होने के आसार नजर आने लगे है। उनका कहना है कि कायमगंज की नर्सरी और दशहरी आम की खपत सबसे ज्यादा बुंदेलखंड में होती है। बुंदेलखंड से व्यापारी आकर यहां की नर्सरी और आम दोनों खरीद कर ले जाते हैं। वैसे तो प्रदेश भर में कायमगंज की दशहरी की आपूर्ति होती है और व्यापारी बागों में आकर खुद माल खरीद ले जाते हैं ।इस संबंध में हॉर्टिकल्चर प्रभारी राम नारायण वर्मा का कहना है कि इस साल आम की पैदावार अच्छी होने की संभावना है। लोगों को चाहिए कि वह आने वाली बरसात में अपने दरवाजे और खेतों में आम के पौधे जरूर लगाए। जिससे लकड़ी और आम की बहुतायत हो सके। उनका कहना है कि लकड़ी पौध रूपम न होने की वजह से बहुत कम होती चली जा रही है। इस ओर प्रत्येक किसान को ध्यान देना होगा। हालांकि अभी बौर से अधिकतर आम के पेड़ लदे दिखाई दे रहे हैं।



बौर से लदा आम का पेड़। अमृत विचार

एक नजर

चोरी के आरोप में युवक को किया गिरफ्तार

इटावा। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के हरचंद्रपुरा के रहने वाले सुखीराम ने पुलिस को गांव के रवि उर्फ राघवेंद्र पुत्र सिपाही राम पर आरोप लगाया कि उसके घर में लगे सीसीटीवी कैमरे को पहले डंडा मार कर तोड़ दिया और उसके बाद उसे चुरा कर भाग गए । पूरा मामला डीबीआर में कैद हो गया पीड़ित के प्रार्थना पत्र के आधार पर मामला दर्ज किया बाद में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

भारत विकास परिषद का होली मिलन 31 को

इटावा। भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा का वार्षिक निर्वाचन एवं होली मिलन समारोह 31 मार्च को अपराह्न तीन बजे से राहतपुर स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में होगा। शाखा के सचिव आचार्य महेश चंद्र तिवारी ने बताया कि वर्ष भर सेवा प्रकल्पों के सफल आयोजनों के बाद होने जा रही साधारण सभा की इस बैठक में पिछली कार्यवाहियों, कार्यक्रमों का विवरण एवं इस वित्तीय वर्ष का आय व्यय ब्योरा प्रस्तुत किया जायेगा। तत्पश्चात शाखा के नवीन सत्र 2024-25 के लिए अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष पद का चुनाव किया जाएगा। निर्वाचन संपन्न होने के बाद शाखा के वरिष्ठ सदस्य श्री घनश्याम तिवारी के संयोजन में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन भी होगा जिसमें गीत संगीत और होली से जुड़ी रचनाएं प्रस्तुत की जायेंगी। वहीं आयोजक मंडल लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है

करंट लगने से महिला की गई जान

इटावा। सैंफई थाना क्षेत्र के गांव रकुइया में करेंट लगने से एक महिला की मौत हो गई। उक्त गांव निवासी स्वदेश कुमार की 27 वर्षीय पत्नी संगीता घर पर काम कर रही थी तभी उसे अचानक करंट लग गया जिससे वह घायल हो गई। उसे इलाज के लिए पीजीआई ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

चुनाव में सी विजिल एप से कर सकते शिकायत

इटावा। उप जिलाधिकारी न्यायिक मलखान सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा समान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल कराने के संबंध में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के संबंध में सी-विजिल एप डाउनलोड कर शिकायत की जा सकती है। उन्होंने बताया कि जनपद के समस्त नागरिक लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 आदर्श आचार संहिता के सम्बन्ध में किसी प्रकार की शिकायत सी-विजिल एप के माध्यम से कर सकते हैं।

सड़क हादसे में घायल महिला की मौत

बकेवर, इटावा। थाना क्षेत्र के गांव सुनवर्षा के पास सड़क हादसे में घायल महिला की पीजीआई में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम कुड़रिया निवासी राम सिंह की 65वर्षीय पत्नी गीता देवी अपने पुत्र पुष्पेन्द्र उर्फ दीपू के साथ बुधवार को बाइक से अपनी रिश्तेदारी में औरैया गई थी। जब वह वापस अपने गांव लौट रही थी । जैसे ही उनकी बाइक थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाइवे पर सुनवर्षा रजवाह के निकट पहुंचा कि तभी कानपुर की ओर से तेज गति से आ रहे बाइक सवार ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे गीता देवी व पुष्पेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए । गुरुवार को गीता देवी की उपचार के दौरान मौत हो गई। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

शराब ठेका के सेल्समैन को गोली मारकर नकदी लूटी

तीन-चार बदमाशों ने वारदात को दिया अंजाम, गांव से आधा किमी दूर है शराब ठेका

संवाददाता बकेवर,इटावा

अमृत विचार। बेखौफ बदमाशों ने बुधवार रात पौने 10 बजे शराब ठेका के सेल्समैन को गोली मारकर घायल करते हुए करीब एक लाख रुपये की नकदी लूट ली। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल हो गया है।

थाना बकेवर क्षेत्र के गांव नौधना में देशी शराब के ठेका पर तीन से चार बदमाशों ने ठेके के सेल्समैन को गोली मारने के बाद नकदी लूटने की घटना को अंजाम दिया है। सेल्समैन इसी थाना क्षेत्र के गांव चंदपुरा का रहने वाला कमलेश कुमार था, तभी इन बदमाशों ने शराब मांगी, उसने रुपये मांगे तो एक बदमाश ने फायरिंग कर दी। गोलियां सेल्समैन की बांह व छाती में लगकर निकल गई, इस दौरान

घायल सेल्समैन कमलेश कुमार।

दो बदमाशों ने दुकान के अंदर आकर सारा कैश समेट लिया, जबकि इस दौरान एक बदमाश फायरिंग करता रहा, गोलियों की आवाज सुनकर थोड़ी दूर पर गुटखा पान व अन्य सामान बेचने वालों ने गांव की ओर भागकर शोर मचाया। ग्रामीणों को अपनी ओर आता देख बदमाश मौके से भाग गए। ग्रामीणों ने ठेका की दुकान पर जाकर देखा तो सेल्समैन खून से लथपथ पड़ा कराह रहा था। सूचना पर एएसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह, सीओ भरथना अतुल प्रधान तथा थाना प्रभारी निरीक्षक बकेवर राकेश कुमार शर्मा फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घायल सेल्समैन को सीएचसी महेवा भिजवाया। वहां पर प्राथमिक उपचार देकर उसे सैफई मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। सेल्समैन के मुताबिक बदमाश सारा दिन का कैश करीब एक लाख रुपये लूट ले गए। बदमाशों की तलाश में आसपास खोजबीन की गई लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। एएसपी ने बताया मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

ठेका पर अमूमन रहती है एक लाख की नकदी

बकेवर। देशी शराब ठेका के ठेकेदार यानी अनुज्ञापी राजवीर सिंह ने बताया कि ठेका गांव से आधा किमी दूर है लेकिन असुरक्षा कभी महसूस नहीं की गई। दुकान पर अमूमन एक लाख रुपये रहते हैं। हमारी तथा सेल्समैन की क्षेत्र में किसी से रंजिश नहीं है। यह घटना अकस्मात घटित हुई है, बदमाशों के पकड़े जाने पर ही असलियत प्रकट होगी।

फिलहाल घटना को पुलिस मान रही रंजिश

बकेवर। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि अभी तक जो तथ्य सामने आए हैं उससे लगता है कि रंजिशन घटना को अंजाम दिया गया है।

लूट के मामले में पांच साल का कारावास

इटावा। विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम पारूल श्रीवास्तव ने दस साल पुराने लूट के एक मामले की सुनवाई करते हुए एक आरोपी को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर दो हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर उसे तीन माह का कारावास भोगना पड़ेगा।

विशेष लोक अभियोजक गौरव दीक्षित ने बताया कि कन्नौज जिले के सौरिख थाना क्षेत्र के गांव मिर्जापुर निवासी राजेश कुमार द्विवेदी अपनी पत्नी अंजनी के साथ बाइक से सात अप्रैल 2013 को अपने ससुराल समथर जा रहे थे। तभी शाम करीब साढ़े पांच बजे कार में सवार दो लुटेरों ने रोक लिया। इसी बीच एक बाइक पर सवार होकर दो और बदमाश आ गए। बदमाशों ने बंदूक लगाकार अंजनी के पास से ढाई हजार रुपया नकद चेन मंगलसूत्र के अलावा उसके पास से पर्स लूट लिया। राजेश ने घटना की जानकारी ससुराल के लोगों को दी।तो गांव के लोग आ गये और कार सवार बदमाशों को पकड़ लिया। जबकि उनके दो साथी भागगये। पकड़े गए बदमाशों ने अपने नाम विनोद व अनुज बताया। पुलिस ने विनोद व अनुज के खिलाफ लूट की धाराओं में आरोप पत्र कोर्ट मे पेश कर दिए। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम की कोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान आरोपी अनुज की मौत हो गई। साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने विनोद को दोषी पाया और उसे पांच साल की सजा दी।

उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य आज हो जाएगा पूरा

इटावा। जिले के चार कालेजों जीआईसी, जीजीआईसी, सनातन धर्म इंटर कालेज तथा इस्लामियां इंटर कालेज में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर की कॉपियों का मूल्यांकन कराया जा रहा है। यह कार्य शुक्रवार को पूरा हो जाएगा।

जिला मुख्यालय पर इन चारों केंद्रों पर अब तक कुल मिलाकर 2 लाख 71 हजार 582 कॉपियों के मूल्यांकन का कार्य पूरा कर लिया गया है। अब चारों केन्द्रों पर कुल मिलाकर 13 हजार 576 कॉपियों के मूल्यांकन का कार्य शेष रह गया है। इन चारों केन्द्रों पर मूल्यांकन के कार्य का जिला विद्यालय निरीक्षक तथा अन्य अधिकारियों ने निरीक्षण भी किया। चारों मूल्यांकन पर प्रधानाचार्यो के निर्देशन में कापियों का मूल्यांकन का कार्य किया जा रहा है। गुरुवार को मूल्यांकन का यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

फोर्स ने फ्लैग मार्च कर कराया सुरक्षा का अहसास

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में शांति, कानून सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के लिए डीएम और एसएसपी ने पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बल के साथ थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत फ्लैग मार्च किया। उन्होंने मतदान स्थलों पर पहुंचकर कर वहां की व्यवस्थाओं का हाल-चाल जाना।

गुरुवार को डीएम व एसएसपी ने अर्द्धसैनिक और आईटीबीपी के जवानों के साथ क्षेत्र में भ्रमण किया और लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के मतदान स्थलों का निरीक्षण किया गया। शराब तथा असलहों की दुकानों की भी चेकिंग की गई। जिसमें की कारतूसों की देखरेख से लेकर बंदूकों की रखरखाव तक की जानकारी डीएम और एसएसपी ने ली। फ्लैग मार्च के दौरान डीएम

पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च करते डीएम अवनीश राय व एसएसपी संजय कुमार।

- मतदान केन्द्रों का डीएम और एसएसपी ने किया निरीक्षण

अवनीश राय व एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने लोगों से बातचीत की । उन्होंने सभी से यह अपील की कि निर्भीक होकर मतदान करें और अगर कोई भी व्यक्ति मतदान करने से रोकता है या उसमें खलल डालता है तो उसकी शिकायत तुरंत करें।

डीएम अवनीश राय और एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की भी चेकिंग की जिसमें दो बुलेट पर भी कार्रवाई की गई। वहीं एक वाहन पर लगे राजनीतिक दल झंडे को भी एडीएम अविनव रंजन श्रीवास्तव ने उतरवाया। इसके साथ ही बीबीएम इंटर कॉलेज में पहुंचकर मतदान केन्द्रों की सुरक्षा का निरीक्षण भी किया। संवेदनशील और अति संवेदनशील बूथों की भी जानकारी ली। इस दौरान एसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी, सीओ सिटी अमित कुमार सिंह, फ्रेंड्स कॉलोनी थाना प्रभारी दिवाकर प्रसाद सरोज, कस्बा चौकी इंचार्ज कृष्ण कुमार, मंडी चौकी प्रभारी विपिन कुमार के साथ अर्ध सैनिक बल के इंस्पेक्टर गिरीश चंद्र व जवान मौजूद रहे।

एक अप्रैल से चलेगा मतदाता जागरुकता अभियान

इटावा। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से जोरदार कवयाद की जा रही है। इसके लिए प्रशासन की ओर से तमाम तैयारियां कर ली गई हैं। लोगों को जागरूक भी किया जाएगा। इसके तहत एक अप्रैल से 13 अप्रैल तक जिले के आठों ब्लाक की 469 ग्राम पंचायतों में मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित करने के लिए निगरानी समितियों का गठन किया गया है। अब जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन एक ग्राम पंचायत में नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग प्रतियोगता, चौपाल, जागरुकता रैली के दो-दो कार्यक्रम आयोजित कर जिले भर के मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित करेंगे और मतदान प्रतिशत बढ़ाएंगें। लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए जनपद में चौथे चरण में मतदान होना प्रस्तावित है। इस संबंध में डीएम अवनीश राय के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम ने जिले को मतदान प्रतिशत में प्रथम स्थान पर लाने के लिए आठों ब्लाक के 469 ग्राम पंचायतों में निगरानी समितियां गठित कर जागरुकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। मतदाताओं को जागरुक करने के लिए निगरानी समितियां गठित की गई।

ये लोग करेंगे जागरूक

निगरानी समिति में ग्रामीण क्षेत्रों में निगरानी समिति के सदस्यों, पंचायत सहायकों, ग्राम पंचायत सचिव, लेखपाल, अध्यापक, आशा, एएनएम, रोजगार सेवक, आंगनबाड़ी सफाई कर्मी, नेहरु युवा केन्द्र के स्वय सेवक एवं युवक मंगल दल के सदस्य एवं अन्य ग्राम स्तरीय कर्मचारियों को शामिल किया गया है।

सार-संक्षेप

प्रशिक्षण देते अमित सिंह चौहान एवं अन्य। अमृत विचार

ड्रॉप आउट बच्चों को शारदा एप पर नामांकित करें

ताखा, इटावा। विकास खंड ताखा के परिषदीय विद्यालयों के नोडल शिक्षकों का शारदा अभियान के अंतर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण बीआरसी मामन पर हुआ। आशुतोष कुमार ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया । सोनी राजावत ने प्रेरणा गीत प्रस्तुत किया । सुगमकर्ता अमित सिंह चौहान ने शारदा ऐप के बारे में कहा कि ड्रॉप आउट बच्चों को शारदा एप पर चिह्नित करते हुए उनका बेसलाइन तैयार करें। बच्चों की मासिक उपस्थिति को भरना है। उन्होंने एप की बारीकियों को समझाया।लता कुमारी ने विज्ञान एवं हिंदी विषय पर प्रकाश डाला । सजीव एवं निर्जीव वस्तुओ को गतिविधि के माध्यम से समझाया।चंद्रकांत त्रिपाठी ने कविताओं के माध्यम से विषय वस्तु को आसान बनाने के तरीके बताए। दीपक बघेल,अवधेश सिंह राठौर ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की।प्रशिक्षण बीईओ सर्वेश कुमार सिंह के निर्देश के क्रम में दिया गया।इस मौके पर एआरपी बीरेंद्र सिंह,विकास यादव,अवधेश पाल,राजवीर सिंह,सुरेंद्र पाल,दिगेंद्र सिंह,स्वाति पाठक,विपिन सिंह समेत कई शिक्षक मौजूद रहे।

चुनाव कार्यालय के उद्घाटन पर मौजूद अंशुल यादव , गोपाल यादव एवं अन्य।

भाजपा की तानाशाही का अंत करेगा इंडिया गठबंधन

इटावा। इटावा लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन सिविल लाइंस स्थित सपा कार्यालय पर हुआ। इस मौके पर सपा और कांग्रेस के प्रमुख नेताओं की बैठक हुई। जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव अशुंल ने कार्यकर्ताओं से पूरी ताकत से चुनाव में जुटने का आह्वान किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री राम सेवक यादव , सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, विधायक राघवेंद्र गौतम, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक यादव , गोपाल यादव , राजीव यादव , जिला महासचिव वीरू भदोरिया , जिला अध्यक्ष कांग्रेस मलखान सिंह यादव , पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य , प्रदेश सचिव के पी शाक्य,जिला उपाध्यक्ष आशीष राजपूत ,जिलाउपाध्यक्ष आलोक दीक्षित,के के यादव,उदयभान सिंह यादव,मो अल्ताफ, पूर्व चेयरमैन संटू,गुप्ता, ब्रजेन्द्र यादव, अनवार हुसैन, श्री लाखन सिंह जाटव, चच्चू शुक्ला,नफीसूल हसन अंसारी,अखिलेश वर्मा, राजपाल यादव, आदित्य गोविन्द यादव, टन्टी यादव, मनोज बंटी यादव, राजीव दुबे,उत्तम सिंह प्रजापति, फरहान शकील,राकेश यादव,, नरेंद्र पाल, किशन यादव, राशिद खान, पल्लव दुबे, वाचस्पति दिवेदी, लीलावती राजपूत शामिल हुए।

गेहूं बिक्री से पूर्व किसानों को कराना होगा पंजीकरण

इटावा। अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने सहकारी समितियों के सचिवों को निर्देशित किया है कि वे प्रति समिति 100 किसानों का पंजीकरण गेहूं खरीद समर्थन मूल्य योजना में करें। उन्होंने सहायक निबंधक सहकारिता को रबी विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत गेहूं खरीद के लिए निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति एवं किसानों को उनकी उपज का लाभ प्रदान किये जाने के लिए किसानों के पंजीकरण में वृद्धि लाने के निर्देश दिये । उन्होंने कहा कि ई-उपार्जन पोर्टल पर कृषकों के पंजीकरण में वृद्धि परिलक्षित नहीं हो रही है। रबी विपणन वर्ष 2024-25 में गेहूं की बिक्री के लिए विभागीय वेबसाइट www.fcs.up.gov.in पर अपना गेहूं विक्रय करने से पूर्व अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।

मतदाताओं को शपथ दिलाते डॉ. मुकेश एवं डॉ. कैलाश। अमृत विचार

मतदाताओं को दिलायी मतदान करने की शपथ

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वीप की ओर से इस अभियान के तहत लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाई जा रही है।

इसी क्रम में पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित एक कार्यक्रम में मतदाताओं को शपथ दिलाई गई। यह भी कहा गया कि वे स्वयं जागरूक होकर दूसरों को भी जागरूक करें। स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी डॉ मुकेश यादव ने सभी को शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हम जागरूक लोग हैं और मतदान के प्रति स्वयं जागरूक होकर दूसरों को भी जागरूक करना है। मतदान के दिन मतदान केंद्र पर जाकर वोट जरूर डालना है। चेयरमैन डॉक्टर कैलाश यादव ने कहा कि मतदान हम सभी का अधिकार है लेकिन यह हमारा कर्तव्य भी है कि हम मतदान केंद्र पर जाएं और अपना वोट जरूर डालें। जल संरक्षण निर्मल सिंह ने भी मतदाताओं को जागरूक किया।

कार की छत पर चढ़कर स्टंट करने का वीडियो वायरल

ताखा, इटावा। पुलिस की सख्ती के बावजूद भी युवा तरह-तरह से स्टंट कर रहे हैं। पुलिस ऐसे लोगों पर कार्यवाही भी कर रही है लेकिन स्टंट करने वाले पुलिस को चुनौती दे कर खुलेआम वीडियो बनाकर वायरल कर रहे हैं।

ऊसराहार थाना क्षेत्र के भरतिया कोठी सरसईनावर मार्ग पर कार स्टंट बाजी करने का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें कार की खिड़की और छत पर छह युवा होली के रंग में रंगे हुए गानों की धुन पर थिरकते हुए कार की दोनों तरफ की खिड़कियों से बाहर निकल कर व छत पर बैठकर स्टंट करते नजर आ रहे हैं, जिसका वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर वायरल किया गया है, जो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। अमृत विचार अखबार इस वीडियों की पुष्टि नही करता है। इस संबंध में थाना प्रभारी ऊसराहार बेचन सिंह ने बताया कि वीडियो वायरल होने की जानकारी मिली है। मामले की छानबीन की जा रही है। जांच कर सम्बंधित लोगों पर कार्यवाही की जायेगी।

हत्या के मामले में चार को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- दो पर नौ हजार व दो पर 12 हजार रुपये का लगाया जुर्माना 13 साल बाद आया फैसला

अमृत विचार। अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर प्रथम राम चंद्र यादव ने मारपीट व हत्या के एक 13 साल पुराने मामले में चार आरोपियों को दोषी पाया और उन्हें उम्र कैद की सजा दी।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र तिवारी ने बताया कि बढ़पुरा थाना क्षेत्र के गांव पूठन निवासी उम्मेद सिंह दो नवंबर 2011 को गांव के बाहर अपने प्लॉट पर प्रसाद बांट रहे थे उस समय वहां उसका पुत्र राजेश व गांव के कुछ लोग भी मौजूद थे। शाम करीब पांच बजे गांव के ही जितेंद्र पुत्र राम नरेश अपने पिता की लाइसेंसी बंदूक व नीरज पुत्र राम लखन राम किशोर पुत्र साहब सिंह, देवेंद्र पुत्र राम किशोर व सुरजीत उर्फ गोसे पुत्र प्रेम सिंह तमंचा लेकर आए और उक्त लोगों ने कहा कि राजेश को जान से मार दो। इस पर जितेंद्र ने उसके ऊपर बंदूक से फायर कर दिया। गोली उसके पुत्र राजेश के सीने में लगी जिससे वह वहीं पर गिर पड़ा। राजेश को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उम्मेद सिंह का आरोप है कि उनका पहले से उक्त लोगों से विवाद चल रहा था। इसी को लेकर घटना को अंजाम दिया गया। तहरीर के आधार पर पांचों लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। छानबीन के बाद पुलिस ने जितेंद्र, नीरज, राम किशोर,देवेंद्र सिंह व सुरजीत के खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए। सुनवाई के दौरान एक आरोपी राम किशोर की मौत हो गई।

मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर प्रथम में हुई । अभियोजन की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता ने पैरवी की। उनके द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने जितेंद्र नीरज देवेंद्र व सुरजीत को दोषी पाया और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

सफलता द्वितीय वर्ष की छात्रा साक्षी ने 92 फीसद व अनामिका ने 91 फीसद अंक प्राप्त किए

एएनएम की छात्रा करीना ने पाया प्रदेश में पहला स्थान

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

अमृत विचार। चौ सुघर सिंह नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज के एएनएम नर्सिंग का प्रथम एवं द्वितीय वर्ष का परीक्षाफल उत्कृष्ट रहा। कॉलेज की निदेशक रीमा शर्मा ने बताया कि द्वितीय वर्ष की छात्रा करीना ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त करके पूरे प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया। द्वितीय वर्ष की ही छात्रा साक्षी ने 92 प्रतिशत एवं अनामिका ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

प्रथम वर्ष में प्रिया ने 89 प्रतिशत अंकों के साथ सर्वाधिक अंक प्राप्त किए। आरजू बघेल एवं अंजलि ने 88 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष की श्रेणी में अपना स्थान बनाया। रीमा शर्मा ने कहा कि उन्हें अपने इन छात्राओं पर गर्व है कि पढ़ाई



नर्सिंग परीक्षा में सफलता हासिल करने वाली छात्राएं। अमृत विचार

और मेहनत की दम पर परीक्षाफल को शानदार बनाया। इन छात्राओं ने नर्सिंग के कोर्स को चुनकर मदर टेरेसा जी के पद चिह्नों को चुना। प्रबंध निदेशक अनुज मोंटी यादव ने सभी छात्राओं को शत प्रतिशत परीक्षाफल लाने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इन सभी क्षणों में कॉलेज प्रबंधन और छात्राओं की साल भर की मेहनत का परिणाम है जिससे ग्रुप को गर्व करने का मौका मिलता है।

प्रतियोगिता में विजेता छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

विज्ञान क्विज में तुरकपुर विद्यालय रहा अव्वल

महेवा, इटावा। विकास खंड क्षेत्र महेवा के परिषदीय जूनियर विद्यालयों के छात्रों की विज्ञान क्विज परीक्षा का आयोजन बकेवर में किया गया। प्रतियोगिता में तनिष्का यूपीएस तुरकपुर ने प्रथम,अनुष्का यूपीएस बहेड़ा ने द्वितीय और कुशाग्र यूपीएस इकनौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । खंड शिक्षा अधिकारी उदय सिंह राज एवं विज्ञान एआरपी नार्गेद्र प्रताप सिंह के कुशल नेतृत्व में यह प्रतियोगिता हुई। खंड शिक्षा अधिकारी उदय सिंह राज ने प्रमाण पत्र ,शील्ड देकर सम्मानित किया। परीक्षा आयोजन कराने में रामकृष्ण दुबे,संजीव ऋषिश्वर, वरिष्ठ शिक्षक जितेंद्र त्रिपाठीअर्चना,ब्लॉक स्कॉट प्रभारी अर्चना चौधरी, सअ आरती यादव,सिमरन पाठक,नीरज आदि शिक्षकों ने योगदान दिया।

अनवी और अरस रहे टॉपर

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। 28 बटालियन पीएसी गेट नंबर एक के सामने सैनिक मेमोरियल पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल वितरित किया गया। प्रबंधक अवधेश सिंह भदौरिया ने कहा कि परीक्षा परिणाम बच्चे को प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्हें हतोत्साहित नहीं होना चाहिए बल्कि और अच्छा परिणाम लाने के लिए शतत परिश्रम करना चाहिए ।

विद्यालय के परीक्षा परिणाम को घोषित करते हुए प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय स्थाम प्राप्त करने वाले छात्र /छात्राओ को मेडल एवं शील्ड देकर प्रधानाचार्य सत्या सिंह के साथ प्रबंधक अवधेश सिंह भदौरिया ने सभी को सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया। विद्यालय में टॉपर अनवी गौतम को नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। जूनियर वर्ग

टॉपर छात्र-छात्राओं के साथ प्रबंधक अवधेश सिंह भदौरिया। अमृत विचार

में छात्र अरस अंसारी , प्री नर्सरी से यू केजी तक प्रथम स्थान पाने वालों में वंश यादव, अलीना खान, अनवी गौतम, रितिका, द्वितीय स्थान क्रमशः विराट, तनवी सिंह, युवांश सिंह, नीलेश एवं आर्या सिंह, जया, उत्कर्ष एवं आर्यन पाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रबंधन से सूर्य प्रताप सिंह , प्रशांत मिश्रा, सुमन पाल , सोनम , दीप्ति , रीना , सोनी , इदरीश, शीनू यादव , पंकज एवं अनूप ने सहयोग किया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

नारुन्तुद : स्यान्न नृशंसवादी न हीनत : परमभ्याददीत।
ययास्य वाचा पर उद्विजेत न तां वदेदुषतीं पापलोक्याम्॥

दूसरे के मर्म को चोट न पहुंचाए, चुभने वाली बातें न बोले, घटिया तरीके से दूसरे को वश में न करें, दूसरे को उद्विग्न करने एवं ताप पहुंचाने वाली, पापी जनों के आचरण वाली बोली न बोलें।

संपादकीय

वैश्विक चुनौती

दुनिया एक ओर बढ़ी हुई खाद्य मांग को पूरा करने की वैश्विक चुनौती का सामना कर रही है, वहीं 78 करोड़ लोगों को भरपेट भोजन नहीं मिलता। भोजन बर्बादी एक वैश्विक त्रासदी है। खाद्य हानि और बर्बादी को खाद्य सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण के लिए एक गंभीर खतरे के रूप में पहचाना जाता है। पोषण संबंधी असुरक्षा के संदर्भ में खाद्य बर्बादी एक गंभीर चिंता का विषय है, क्योंकि इससे मानव उपभोग के लिए भोजन की उपलब्धता कम हो जाती है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) की एक नई रिपोर्ट दर्शाती है कि एक तरफ, एक-तिहाई मानव आबादी, खाद्य असुरक्षा से जूझ रही है, वहीं हर दिन, एक अरब आहार खुराकों के समतुल्य खाद्य सामग्री बर्बाद हो जाती है। इस वजह से ना केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है बल्कि जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता हानि और प्रदूषण की चुनौतियां भी गहरी हो जाती हैं। यूएन एजेंसी की 'खाद्य अपशिष्ट सूचकांक' रिपोर्ट बताती है कि 2022 में लगभग एक अरब टन भोजन बर्बाद हो गया। करीब 20 फीसदी भोजन कूड़े में फेंक दिया जाता है। औसतन, हर व्यक्ति एक वर्ष में 79 किलोग्राम भोजन की बर्बादी के लिए जिम्मेदार है। यह विश्व में भूख से प्रभावित हर व्यक्ति के लिए हर दिन 1.3 आहार खुराकों के समतुल्य है। भोजन बर्बादी की चुनौती महज संपन्न देशों तक सीमित नहीं है और इस विषय में धनी व निर्धन देशों के बीच की दूरी कम हो रही है।

भारत में घरेलू भोजन की बर्बादी सालाना प्रति व्यक्ति लगभग 50 किलोग्राम या 68.76 मिलियन टन होने का अनुमान है। कृषि मंत्रालय के मुताबिक भारत में हर वर्ष लगभग 50,000 करोड़ रुपये का भोजन बर्बाद हो जाता है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के अनुसार भारत में उत्पादित भोजन का एक तिहाई हिस्सा खाने से पहले ही बर्बाद या खराब हो जाता है। यह गंभीर चिंता का विषय है, क्योंकि इससे पता चलता है कि लोग न केवल जानबूझकर भोजन बर्बाद करते हैं, बल्कि उन्हें इसके बारे में पता भी नहीं चलता है। यूएन एजेंसी की रिपोर्ट यह भी बताती है कि खाद्य बर्बादी के स्तर और औसत तापमान में सीधा संबंध है। गर्म जलवायु वाले देशों में घर-परिवारों में प्रति व्यक्ति ज्यादा मात्रा में भोजन बर्बाद होता है, चूंकि वहां ताजा भोजन खाने की प्रवृत्ति है और खाद्य संरक्षण के लिए शीतलन उपकरण का अभाव हो सकता है। भोजन हानि और बर्बादी, 10 प्रतिशत वैश्विक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार है। भोजन की बर्बादी एक आर्थिक और पर्यावरणीय संकट है जिस पर हमें तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है और इस समस्या से निपटने के लिए प्रत्येक नागरिक को इस दिशा में काम करना चाहिए। अच्छा खाना हर नागरिक का जितना अधिकार है, उतना ही हमारी जिम्मेदारी भी है कि इसे बर्बाद न करें।

वर्षा जल संचयन के साधनों को रखना होगा जीवंत

पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

दुखद है कि बरसात की हर बूंद को सारे साल जमा करने वाली गांव-कस्बे की छोटी नदियां बढ़ती गरमी, घटती बरसात और जल संसाधनों की नैसर्गिकता से लगातार छेड़छाड़ के चलते या तो लुप्त हो गईं या गंदे पानी के निस्तार का नाला बना दी गईं। देश के चप्पे-चप्पे पर छितरे तालाब तो हमारा समाज पहले ही चट कर चुका है। कुएं तो बिसुरी बात हो गए।

इस बार भी अनुमान है कि मानसून की कृपा देश पर बनी रहेगी, ऐसा बीते दो साल से हुआ, उसके बावजूद बरसात के विदा होते ही देश के बड़े हिस्से में बूंद-बूंद के लिए मारामारी शुरू हो जाती है। जानना जरूरी है कि नदी-तालाब-बावड़ी-जोहड़ आदि जल स्रोत नहीं हैं, ये केवल जल को सहेज रखने के खजाने हैं, जल स्रोत तो बारिश ही है और जलवायु परिर्तन के कारण साल दर साल बारिश का अनयिमित होना, बेसमय होना और अचानक तेज गति से होना घटित होगा ही। आंकड़ों के आधार पर हम पानी के मामले में पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा समृद्ध हैं, लेकिन चिंता का विषय यह है कि पूरे पानी का कोई 85 प्रतिशत बारिश के तीन महीनों में समुद्र की ओर बह जाता है और नदियां सूखी रह जाती हैं।

यह सवाल हमारे देश में लगभग हर तीसरे साल खड़ा हो जाता है कि 'औसत से कम' पानी बरसा या बरसेगा, अब क्या होगा? देश के 13 राज्यों के 135 जिलों की कोई दो करोड़ हेक्टर कृषि भूमि प्रत्येक दस साल में चार बार पानी के लिए त्राहि-त्राहि करती है। असल में इस बात को लोग नजरअंदाज कर रहे हैं कि यदि सामान्य से कुछ कम बारिश भी हो और प्रबंधन ठीक हो तो समाज पर इसके असर को गौण किया जा सकता है।

जरा देश की जल-कुंडली भी बांच ली जाए। भारत में दुनिया की कुल जमीन या धरातल का 2.45 क्षेत्रफल है। दुनिया के कुल संसाधनों में से चार फीसदी हमारे पास हैं व जनसंख्या की भागीदारी 16 प्रतिशत है। हमें हर साल औसतन 110 सेंटीमीटर बारिश से कुल 4000 घन मीटर पानी प्राप्त होता है, जो कि दुनिया के अधिकांश देशों से बहुत ज्यादा है। यह बात दीगर है कि हमारे यहां बरसने वाले कुल पानी का महज 15 प्रतिशत ही संचित हो पाता है। शेष पानी नालियों-नदियों से होते हुए समुद्र में जाकर मिल जाता है और बेकार हो जाता है। जाहिर है कि बारिश का जितना हल्ला होता है, उतना उसका असर पड़ना चाहिए। हां, एक बात सही है कि कम बारिश में भी उग आने वाले मोटे

नदियों की जीवन स्थली कहा जाने वाला उत्तराखंड हो या फिर दुनिया की सबसे ज्यादा बरसात के लिए मशहूर मेघालय छोटी नदियों के साल-दर-साल लुप्त होने का सिलसिला जारी है। प्रकृति तो हर साल कम या ज्यादा, पानी से धरती को सींचती ही है, लेकिन असल में हमने पानी को लेकर अपनी आदतें खराब कीं। जब कुएं से रस्सी डालकर पानी खींचना होता था या चापाकल चलाकर पानी भरना होता था तो जितनी जरूरत होती थी, उतना ही जल उलींचा जाता था। घर में टोंटी वाले नल लगने और उसके बाद बिजली या डीजल पंप से चलने वाले ट्यूबवेल लगने के बाद तो एक गिलास पानी के लिए बटन दबाते ही दो बाल्टी पानी बर्बाद करने में हमारी आत्मा नहीं कांपती है।

अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, कुटकी आदि की खेती व इस्तेमाल सालों-साल कम हुआ है, वहीं ज्यादा पानी मांगने वाले सोयाबीन व अन्य केश क्राप ने खेतों में अपना स्थान बढ़ाया है। इसके चलते बारिश पर निर्भर खेती बढ़ी है। तभी थोड़ा भी कम पानी बरसने पर किसान रोता दिखता है। यह आंकड़ा वैसे बड़ा लुभावना लगता है कि देश का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 32.80 लाख वर्ग किलोमीटर है, जबकि सभी नदियों को सम्मिलित जलग्रहण क्षेत्र 30.50 लाख वर्ग किलोमीटर है। भारतीय नदियों के मार्ग से हर साल 1645 घन किलोलीटर पानी बहता है, जो सारी दुनिया की कुल नदियों का 4.445 प्रतिशत है।

देश के उत्तरी हिस्से में नदियों में पानी का अस्सी फीसदी जून से सितंबर के बीच रहता है, दक्षिणी राज्यों में यह आंकड़ा 90 प्रतिशत का है। जाहिर है कि शेष आठ महीनों में पानी की जुगाड़ न तो बारिश से होती है और न ही नदियों से। दुखद है कि बरसात की हर बूंद को पूरे साल जमा करने वाली गांव-कस्बे की छोटी नदियां बढ़ती गरमी, घटती बरसात और जल संसाधनों की नैसर्गिकता से लगातार छेड़छाड़ के चलते या तो लुप्त हो गईं या गंदे पानी के निस्तार का नाला बना दी गईं। देश के चप्पे-चप्पे पर छितरे तालाब तो हमारा समाज पहले ही चट कर चुका है। कुएं तो बिसुरी बात हो गए। बाढ़-सुखाड़ के लिए बदनाम बिहार जैसे सूबे की 90 प्रतिशत नदियों में पानी नहीं बचा। गत तीन दशक के दौरान राज्य की 250 नदियों के लुप्त हो जाने की बात सरकारी महकमे स्वीकार करते हैं। सनद रहे बिहार में पानी के लिए हत्या का आंकड़ा देश में सर्वाधिक है। अभी कुछ दशक पहले तक राज्य की बड़ी नदियां-कमला, बलान, फल्गू, घाघरा आदि कई-कई धाराओं में बहती थीं, जो आज नदारद हैं। झारखंड के हालात कुछ अलग नहीं हैं, यहां भी 141 नदियों के गुम हो जाने की बात फाइलों में तो दर्ज हैं, लेकिन उनकी चिंता किसी को नहीं। राज्य की राजधानी रांची में करमा नदी देखते ही देखते अतिक्रमण के घेर में मर गई। हरमू और जुमार नदियों को नाला तो बना ही दिया है। यहां चतरा, देवघर, पाकुड़, पूर्वी सिंहभूमि जैसे घने जंगल वाले जिलों में कुछ ही सालों में सात से 12 तक नदियों की जल धारा मर गई।

नदियों की जीवन स्थली कहा जाने वाला उत्तराखंड हो या फिर दुनिया की सबसे ज्यादा बरसात के लिए मशहूर मेघालय छोटी नदियों के साल-दर-साल लुप्त होने का सिलसिला जारी है। प्रकृति तो हर साल कम या ज्यादा, पानी से धरती को सींचती ही है, लेकिन असल में हमने पानी को लेकर अपनी आदतें खराब कीं। जब कुएं से रस्सी डालकर पानी खींचना होता था या चापाकल चलाकर पानी भरना होता था तो जितनी जरूरत होती थी, उतना ही जल उलींचा जाता था। घर में टोंटी वाले नल लगने और उसके बाद बिजली या डीजल पंप से चलने वाले ट्यूबवेल लगने के बाद तो एक गिलास पानी के लिए बटन दबाते ही दो बाल्टी पानी बर्बाद करने में हमारी आत्मा नहीं कांपती है। हमारी परंपरा पानी की हर बूंद को स्थानीय स्तर पर सहेजने, नदियों के प्राकृतिक मार्ग में बांध, रेत निकालने, मलवा डालने, कूड़ा मिलाने जैसी गतिविधियों से बचकर, पारंपरिक जल स्रोतों-तालाब, कुएं, बावड़ी आदि के हालात सुधारकर, एक महीने की बारिश के साथ सालभर के पानी की कमी से जूझने की रही है।

अब कस्बाई लोग बीस रुपए में एक लीटर पानी खरीदकर पीने में संकोच नहीं करते हैं तो समाज का बड़ा वर्ग पानी के अभाव में कई बार शौच व स्नान से भी वंचित रह जाता है। हम यह भूल जाते हैं कि प्रकृति जीवनदायी संपदा यानी पानी हमें एक चक्र के रूप में प्रदान करती है और इस चक्र को गतिमान रखना हमारी जिम्मेदारी है। इस चक्र के थमने का अर्थ है हमारी जिंदगी का थम जाना। प्रकृति के खजाने से हम जितना पानी लेते हैं उसे वापस भी हमें ही लौटाना होता है। इसके लिए जरूरी है कि विरासत में हमें जल को सहेजने के जो साधन मिले हैं, उनको मूल रूप में जीवंत रखें। केवल बरसात ही जल संकट का निदान है।

प्रसंगवश

अपनी-अपनी पोथी की व्याख्या

भारत के लगभग सभी विश्वविद्यालयों के इस्लामिक स्टडीज तथा अरबी के विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। सेमिनार था-अकीदत के रंग हिंद तहजीब के संग। मकसद था-इस्लाम पर देशज प्रभाव को रेखांकित करना, लेकिन मकसद तो भटक गया। बात शुरू हुई थी इंडियन इस्लाम से, लेकिन उद्घाटन करने वाले वीसी ने ही चर्चा को इंडियन इस्लाम से मोड़कर इस्लामिक इंडिया बना दिया। अब वहां कुरान के शब्दों को बार-बार दोहराते हुए कहा जा रहा था-यह ईश्वरीय आदेश है। देशज प्रभाव की चर्चा किसको करनी थी? जो भी वक्ता आता, वह प्रकारांतर से इसी सूत्र का विस्तार कर देता। वही एक बात, फिर वही एक बात। एक ही बात को सुनते-सुनते जब थक गया तब मैंने अपने साथ ही बैठने वाले प्रतिभागी प्रोफेसर से (जो कश्मीर से थे) पूछा-ईश्वर केवल अरबी में ही क्यों बोला? या फिर सभी को वह एक ही भाषा सिखा देता। क्यों उसने भिन्न-भिन्न भाषाएं बना दीं? माना कि कुरान ईश्वर वाणी है, किंतु आप यह बताएं कि वेद ईश्वर-वाणी क्यों नहीं है? गीता ईश्वर वाणी क्यों नहीं है? बाइबिल ईश्वर वाणी क्यों नहीं है? समणसुत्तं ईश्वर-वाणी क्यों नहीं है? अवेस्ता ईश्वर वाणी क्यों नहीं है? गुरु ग्रंथ साहब या त्रिपिटक ईश्वर वाणी क्यों नहीं है? वे इसका उत्तर मुझसे ही पूछने लगे। चर्चा लंबी थी। 'संसार में प्रत्येक सांस्कृतिक समूह के पास सामूहिक जीवन का नियमन करने के लिए अपना एक ईश्वरी संविधान है, ईश्वरीय वाणी है। बाइबिल हो या कुरान या अवेस्ता या वेद या गुरु ग्रंथ साहब, त्रिपिटक, समणसुत्तं अथवा कोई अन्यः वहां के लोकमानस ने विभिन्न सांस्कृतिक समूहों ने इन्हें समष्टि विश्वास के साथ ईश्वरवाणी की प्रतिष्ठा दी है, इसलिए ये ईश्वरवाणी हैं। ईश्वरवाणी की प्रतिष्ठा लोकमानस करता है।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

संसार में अपनी-अपनी पोथी या ईश्वरवाणी सभी सांस्कृतिक समूहों के पास है, लेकिन अपनी-अपनी पोथी या ईश्वरवाणी की व्याख्या प्रत्येक युग में होती रही। धर्म संस्थान की आलोचना प्रत्यालोचना निरंतर होती रहती है। ऐसा न होता तो मानव जीवन उस अंधकार युग में ही जी रहा आता। वे प्रोफेसर साहब सहमत तो हुए, किंतु बोले कि- 'मैं अपनी परिस्थिति में यह कह नहीं सकूंगा।'

ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए

समाज और अर्थव्यवस्था की स्थिरता और सामर्थ्य के लिए ऊर्जा संसाधनों की महत्वपूर्ण आवश्यकता को हम सभी समझ रहे हैं, क्योंकि यह हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए हमारी जिम्मेदारी की तरह हो गया है। प्रकृति पर सौर और जल विद्युत ऊर्जा दोनों ही आविष्कारी और सामर्थ्य पूर्ण ऊर्जा स्रोत हैं, जो स्थायी, प्रदूषण मुक्त और संवेदनशील ऊर्जा के लिए संभावनाएं प्रदान करते हैं।

सौर ऊर्जा और जल विद्युत के उपयोग से भारत स्वतंत्र और सामर्थ्य पूर्ण ऊर्जा स्रोतों की दिशा में अग्रसर हो रहा है, जो लंबे समय तक सतत ऊर्जा आपूर्ति की गारंटी प्रदान करता है। इसके अलावा यह प्रदूषण को कम करने में भी मदद करता है जिससे वातावरण को सुरक्षित रखा जा सकता है। इस प्रकार सौर ऊर्जा और जल विद्युत न केवल ऊर्जा संक्रांति के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि ये विकास के लिए भी एक महत्वपूर्ण चरण हैं, जो भारत को ऊर्जा स्वतंत्रता और संरचनात्मक सुरक्षा की दिशा में आगे बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।

ऊर्जा आवश्यकताओं में आत्मनिर्भरता हासिल करना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रमुख फोकस क्षेत्र रहा है। सौर ऊर्जा, सूर्य से प्राप्त होने वाली ऊर्जा, हमारे प्राकृतिक संसाधनों में से एक है। इसकी प्राप्ति समय के साथ निरंतर रहती है और इसका उपयोग बिना किसी प्राकृतिक संसाधन की अनियंत्रित उपज किए हमेशा चला जा सकता है। इससे हम ग्लोबल वार्मिंग और अन्य पर्यावरणीय संकटों का सामना कर सकते हैं। सौर ऊर्जा का उपयोग हमें विद्यमान ऊर्जा स्रोतों के उचित उपयोग के प्रति अधिक संवेदनशील बनाता है। यह हमें ऊर्जा की स्थिरता में सुधार

डॉ. अमित वर्मा
स्वतंत्र पत्रकार

इस दिशा में पिछले माह ही भारत ऊर्जा सप्ताह गोवा में आयोजित किया गया जिसमें यह भारत की सर्वोच्च और एकमात्र विशिष्ट ऊर्जा प्रदर्शनी और सम्मेलन रहा।

करने का अवसर प्रदान करता है और भविष्य के लिए बेहतर संभावनाएं सिद्ध करता है। इस प्रकार सौर ऊर्जा और जल विद्युत दोनों ही हमारे समाज और पर्यावरण के लिए आवश्यक हैं, जो हमें एक सुरक्षित, स्थिर और सामर्थ्यवान भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने में मदद करते हैं। इसलिए हमें इन ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए और उन्हें विकसित करने के लिए प्रयास करना चाहिए।

इस दिशा में पिछले माह ही भारत ऊर्जा सप्ताह गोवा में आयोजित किया गया जिसमें यह भारत की सर्वोच्च और एकमात्र विशिष्ट ऊर्जा प्रदर्शनी और सम्मेलन रहा। यह मंच भारत के ऊर्जा पारगमन लक्ष्यों के लिए संपूर्ण ऊर्जा मूल्य श्रृंखला को एक मंच प्रदान करेगा और उत्प्रेरक के रूप में काम करेगा। प्राकृतिक सौर ऊर्जा स्रोतों की स्वाभाविक उपस्थिति और अवैज्ञानिक उपयोग के संबंध में भारतीय सभ्यता एक प्रमुख योगदान कर रही है। इसे ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक लागू किया जा सकता है। इसमें सौर ऊर्जा पैनल, सौर ऊर्जा उत्पादन प्लांट्स, और सौर ऊर्जा को बैटरी स्टोरेज में भी संभावनाएं शामिल हैं। जल विद्युत भी एक महत्वपूर्ण साधन है, जो ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित और स्थायी बनाता है। हाइड्रोपावर प्लांट्स और मिनी हाइड्रोपावर स्थल जल विद्युत के प्रमुख उदाहरण हैं। ये स्थल सीमित जल स्रोतों का उपयोग करते हैं और साथ ही प्रदूषण को भी कम करते हैं। भारत में सौर ऊर्जा और जल विद्युत के विकास के लिए कई उदाहरण हैं, जैसे कि कायाकल्प विद्युत योजना, जो विशेष रूप से महानगरों एवं कुछ बड़े शहरों के लिए सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई है।

पिछले दिनों भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो तथा भारत सरकार के ऊर्जा और प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय के ऊर्जा विभाग और भूटान की शाही सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन के हिस्से के रूप में भारत का लक्ष्य ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा विकसित स्टार लेबलिंग कार्यक्रम को बढ़ावा देकर घरेलू क्षेत्र में ऊर्जा दक्षता बढ़ाने में भूटान की सहायता करना है। भूटान की जलवायु स्थिति के अनुरूप बिल्डिंग कोड तैयार करने में भारत के अनुभव के आधार पर मदद की जाएगी।

ऊर्जा लेखा परीक्षकों के प्रशिक्षण को संस्थागत बनाकर भूटान में ऊर्जा पेशेवरों के एक समूह के निर्माण की परिकल्पना की गई है। यह समझौता ज्ञापन विद्युत मंत्रालय द्वारा विदेश मंत्रालय (एमईए) और उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के परामर्श से तैयार किया गया है। यह समझौता ज्ञापन भारत और भूटान के बीच ऊर्जा दक्षता एवं ऊर्जा संरक्षण से संबंधित सूचना, डेटा और तकनीकी विशेषज्ञों के आदान-प्रदान को सक्षम करेगा। इससे भूटान को बाजार में ऊर्जा कुशल उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

सोशल फोरम

अकर्मण्यता को प्रोत्साहन

हमारे से पहले जेनरेशन के प्रोफेसर, जो हमारे शिक्षक या शिक्षक तुल्य रहे, क्यों जर्नल्स में लिखने और प्रकाशित करने में शिथिल या रुचि कृपण रहे। कुछ एक ने किताबें जरूर लिखीं, पर वे किताबें किसी कक्षा के सिलेबस की सेवा में थीं, न कि विषय की सेवा में। हमारे एक विद्वान शिक्षक ने लिखा है कि उन दिनों (1930) तक जर्नल्स समसामयिक रिसर्च और नए ज्ञान के वाहक हो चुके थे और इस मामले में किताबें पीछे छूट चुकी थीं, किंतु उन महोदय के काम को देखें तो स्पष्ट है कि उन्होंने जर्नल्स में लिखने में कोई रुचि नहीं दिखलाई। क्या वह विभागाध्यक्ष होकर इतने संतृप्त हो गए थे कि कुछ नया करने, लिखने, को नहीं था?

डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

ध्यातव्य है कि नहीं लिखने वाले अपने विद्यार्थियों को भी लिखने को नहीं कहते। इसका असर कई जेनरेशन तक रह सकता है और अकर्मण्यता को प्रोत्साहित कर सकता है। मुझे ऐसा लगता है कि सदियों की बाबू-साहबी की मातहती और गुलामी ने भारतीय मनोवृत्ति, खासकर कलेक्टिव अनकॉन्सस पर गहरा प्रभाव डाला है। हम जब तक अंडरडॉग रहते हैं, रोते हैं, शिकायत करते हैं, निंदा करते हैं, एकोमोडेट करते हैं, सिमट-सिकुड़ कर जीते हैं, लेकिन हम ज्यों ही बेहतर स्थिति में आते हैं तो वही करने लगते हैं जिसके विरुद्ध हमें शिकायत थी। हम जागीरदार की तरह व्यवहार करने लगते हैं। हमारा व्यवहार उन सामंती आर्किटाइप का हो जाता है। इसीलिए सरकारी नौकरी पाने वालों, एडमिनिस्ट्रेटिव पोस्ट पर नियुक्त लोगों, सत्ता से जुड़े लोगों, विभागाध्यक्षों, कुलपतियों आदि का व्यवहार प्रायः बाबू-साहबी हो जाता है। रिसर्च और पढ़ना-लिखना तो उनके काम हैं, जिन्हें मंजिल पानी है। जिन्हें मंजिल मिल गई वे ये छोटे काम क्यों करें?

अगर हम यूरोप और भारत की तुलना करें तो हम पाएंगे कि यूरोप नवप्रवर्तन, अन्वेषण, वैज्ञानिक अनुसंधान, जोखिम उठाना और उद्यम का लाभार्थी रहा है, लेकिन भारत ने सदियों से देखा है कि उसके सामंत, नौकरशाह, शासक मजे में रहे हैं और बाकी जनता पैरों में लौटती रही है। अतः एक भारतीय जब बेहतर स्थिति में आता है तो अपनी पूर्व पहचान को छिपाना चाहता है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

-फेसबुक वॉल से

नैतिक- अनैतिक सत्य भी बदलता है

नैतिकता और चरित्र बस परिस्थिति जन्य होते हैं। काल, भूगोल और परिस्थितियों के अनुसार इनके मायने बदलते रहते हैं। रामायण में एक घटना है कि जब लक्ष्मण को माता सीता की पहचान के लिए उनके कर्ण फूल दिखाए जाते हैं तो वे उन्हें पहचानने से इंकार कर देते हैं कि उन्होंने तो मां सीता का चेहरा कभी देखा ही नहीं, उन्होंने तो सिर्फ उनके चरणों को देखा है, वे उनकी बिछीया पहचान सकते हैं।

डॉ. धीरज सिंह
मुंबई

यह सामान्यजनों के लिए देवर-भाभी के बीच आदर्श मिसाल है, लेकिन इसी रामायण में जिक्र है कि सुग्रीव ने अपने भाई बाली के मरने पर बाली की पत्नी यानी अपनी भाभी से विवाह रचा लिया था। रामायण के रचयिता वाल्मीकि भी इस बात का समर्थन करते हैं, लेकिन जब बाली ने सुग्रीव की पत्नी से ब्याह किया था तो बाली खलनायक हो गया था।

यह सामान्यजनों के लिए देवर-भाभी के बीच आदर्श मिसाल है, लेकिन इसी रामायण में जिक्र है कि सुग्रीव ने अपने भाई बाली के मरने पर बाली की पत्नी यानी अपनी भाभी से विवाह रचा लिया था। रामायण के रचयिता वाल्मीकि भी इस बात का समर्थन करते हैं, लेकिन जब बाली ने सुग्रीव की पत्नी से ब्याह किया था तो बाली खलनायक हो गया था। रावण के मरने के बाद उसके भाई विभीषण ने भगवान श्रीराम की उपस्थिती में मंदोदरी से शादी की थी जो उसकी भाभी थी। आज भी समाज में कई उदाहरण देखने को मिल जाते हैं, जब बड़े भाई की मृत्यु होने पर विधवा भाभी की शादी देवर से करवा दी जाती है।

बड़ी बहन के मरने पर छोटी बहन की शादी उसके जीजा से करवा दी जाती है। समाज ने नारी की मर्जी कब पूछी है? समाज हमेशा बस अपनी मर्जी थोपना जानता है। मुस्लिमों में पुरुष का बहु विवाह जायज है, लेकिन समाज में कई हिंदू पुरुष मिल जाएंगे जिनकी दो-दो पत्नियां हैं। संविधान इसे मान्यता नहीं देता पर समाज इसका विरोध भी नहीं करता। मुस्लिमों में चचेरी, फूफेरी और ममेरी बहन के साथ शादी आम बात है। ऐसा ही दक्षिण भारत के हिंदुओं में भी देखा जाता है, उनको समाज में यह मंजूर है। यह तो छोड़ो मामा और भांजी तक की शादी का रिवाज है। राजस्थान के पाली, बीकानेर और जैसलमेर के कुछ इलाकों में ऐसा नियम है कि किसी शख्स को किसी की पत्नी पसंद आ गई तो वह उसको मिले दहेज से ज्यादा मोल चुका कर उसे अपने साथ रख सकता है, उससे ब्याह कर सकता है, उनके समाज में इस बात का बुरा नही माना जाता है।

पाली जिले के ही एक समाज में लड़कियों के पैदा होने पर खुशियां मनाई जाती हैं, वह भी इसलिए की बड़ी होने पर जिस्मफरोशी कर वह घर चलाएगी और उसके लिए ग्राहक उसका पिता या भाई ही लाता है। यह सामाजिक नियम मुझे जरूर असहज कर देते हैं। भारत में कुछ दिन पहले तक लिव इन रिलेशनशिप और विवाहेत्तर संबंध असंवैधानिक था, होमो और लेस्बियन सेक्सुएलिटी गैर-कानूनी था, मगर अब यही संवैधानिक है। आपको यह मंजूर हो या न हो खुलेआम आप इसका विरोध नहीं कर सकते है। कानून की अवमानना का मामला बन सकता है। यह सामाजिक दोगलेपन की पराकाष्ठा नहीं तो और क्या है कि एक साली आधी घर वाली हो सकती है, लेकिन एक देवर आधा घर वाला नहीं हो सकता है? एक भाभी मां समान हो सकती है, लेकिन एक जीजा पिता समान नहीं हो सकता है और नैतिकता का पाठ पढ़ाने वाला समाज भी इस बात पर मजे लेता है।

पुरुष ही निर्णय लेता है और नियम बनाता है। दूसरी तरफ परिवार हो या समाज सबकी इज्जत का ठेका सिर्फ महिलाओं ने ले रखा है। सबकी इज्जत बचाने की जिम्मेदारी सिर्फ महिलाओं के सिर पर बंधी है और मजे की बात है कि महिलाओं को इसमे खुशी भी मिलती है, गर्व भी महसूस होता है।

अयोध्या : आज के नल-नील

निर्माण और शिल्प कर्म की बात जहां आएगी, वहां सनातनी विचारधारा वाला व्यक्ति रामकालीन नल -नील नामक वानर बंधुओं का नाम बड़े आदर से जरूर स्मरण करेगा, जिन्होंने तत्समय समुद्र पर पुल बांध दिया था। यह पुल यानी रामसेतु एक सच्चाई है जिसके अवशेष अभी भी विद्यमान हैं। कवियों ने मग्न होकर गाया, 'सिंधु सा विस्तृत और अथाह, एक निर्वासित का उत्साह। दे रही अभी दिखाई भग्न मग्न रत्नाकर की वह राह'। इतना ही नहीं, अब तो अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी 'नासा' मान चुकी है कि यहां कोई मानव निर्मित पुल था।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हमें इन सबकी लाज तो रखनी ही चाहिए। पहले इस हवाई अड्डे का नामकरण भी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के नाम पर था, किंतु बाद में चुनावी जातीय समीकरण साधने के लिए इसे बदलकर वाल्मीकि के नाम पर कर दिया गया।

आध्यात्मिकता के गहरे रंग देते हुए हम यह भले मान लें कि नल-नील को ऋषि का श्राप की शक्ल में वरदान था कि 'तुम्हारे स्पर्श की वस्तु पानी में डूबेगी नहीं और वहीं स्थिर भी रहेंगी', किंतु वास्तविक धरातल पर वे निश्चय ही बहुत कुशल शिल्पकार यानी इंजीनियर रहे होंगे। लाखों वर्ष पूर्व के इस निर्माण के चिह्न अब तक विद्यमान हैं। कितनी मजबूती थी, कितना कौशल था। हम अगर अपने अतीत पर गर्व करते हैं तो क्या गलत है? हालांकि आज के हमारे नल-नील ऐसा काम कर रहे हैं जिससे सिर लज्जा से झुक जाता है। राम की ही नगरी अयोध्या में हवाई अड्डा बन रहा है। निर्माण भी केंद्र सरकार के नियंत्रण वाली 'एयर पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया' कर रही है। अभी तीन महीना नहीं हुए, दिसंबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका उद्घाटन किया था। खबर आई कि इसके एक भवन की फाल सीलिंग यानी छत के नीचे का हिस्सा गिर गया। संयोग से उस समय वहां नीचे लोग नहीं थे, अतःमौतें नहीं हुईं। प्राधिकरण के निदेशक ने बड़ी बेशर्मी से बयान दे दिया कि इसे फौरन ठीक कर दिया गया है। अब सवाल उठता है कि हम भक्त तो बहुत बड़े हैं। दर्शनार्थी मुफ्त भी ढोए जा रहे हैं, संख्या का प्रचार मीडिया में हो रहा है, लेकिन राष्ट्रीय और सरकारी चरित्र कहां जा रहा है? कैसी सामग्री लगाई गई? कितना भ्रष्टाचार हो रहा है। आदर्श केवल कागजों पर ही हैं क्या? सरकार के तमाम विभागों के प्रतीकों यानी 'लोगो' में गीता के श्लोकांश लिखे हैं, जैसे वायुसेना के लोगो में अंकित है ' नभः स्पृशं दीप्तं' जो गीता के ग्यारहवें अध्याय में भगवान के विराट रूप वर्णन का अंश है।

हमें इन सबकी लाज तो रखनी ही चाहिए। पहले इस हवाई अड्डे का नामकरण भी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के नाम पर था, किंतु बाद में चुनावी जातीय समीकरण साधने के लिए इसे बदलकर वाल्मीकि के नाम पर कर दिया गया। निर्माणकर्ता आधुनिक नल-नीलों ने सोचा होगा कि जब राम का नाम ही इससे हट गया तो अब उनके आदर्श क्यों माने? कमा खा लें।

फाग में शामिल होने आए किसान की नाली में गिरने से हो गई मौत

काफी देर तक नाली में पड़े रहने से गई जान, परिजनों में मच गया कोहराम

संवाददाता, अछल्दा, औरैया

अमृत विचार। होली के पर्व पर फाग गाने आये एक व्यक्ति की नाली में गिरने से मौत हो गयी। जब काफी देर तक वह वापस फाग में नहीं आए तो लोगों ने खोजबीन की तो उनका शव नाली में पड़ा मिला।

थाना क्षेत्र के ग्राम द्वारिका की मड़ैयन निवासी महावीर पुत्र नंदराम बुधवार शाम को अछल्दा महेवा रोड पर होली के पर्व पर होने वाले फाग गायन के कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। कुछ देर बाद लघुशंका के लिए करीब 100 मीटर की दूरी पर नाली के पास गए। जहां पर उनका पैर फिसल गया, जिससे वह नाली में गिर गये। काफी देर तक जब वह फाग गाने में शामिल होने नहीं पहुंचे तो लोगों ने ढूंढना शुरू किया तो करीब आधे पौन घंटे बाद एक युवक को नाली के पास उनका अंगौछा पड़ा मिला। जब लोगों ने नाली के पास जाकर देखा तो वो नाली में पड़े थे। लोगों ने जैसे तैसे नाली से बाहर निकाला और प्राइवेट डॉक्टर को दिखाया जिसने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिवार के लोग शव को गांव ले चले गये मृतक गांव में ही रहकर खेती किसानी का कार्य करता था। उसकी मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया।

महावीर।

जहरीले कीड़े के काटने से किसान की मौत

फफूंद, औरैया। थाना क्षेत्र के एक गांव में एक किसान अपने खेत पर पानी लगा रहा था। उसी वक्त किसान को जहरीले कीड़े ने काट लिया, जिससे वह बेहोश होकर गिर गया। आसपास काम कर रहे किसानों ने परिजनों को जानकारी दी। परिजन चिचौली अस्पताल लेकर गये। जहां पर उसको मृत घोषित कर दिया गया। मृतक के बड़े पुत्र ने थाने में सूचना दी।

पप्पू नाथ।

गांव लालपुर (नौली) निवासी 45 वर्षीय पप्पू नाथ खेती किसानी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बुधवार की शाम को खेतों पर फसल में ट्यूबवेल से पानी लगाने के लिए गया था। पानी लगाते समय उसे किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया, जिससे वह बेहोश होकर वही पर गिर गया। पास में जानवर चरा रहे अन्य किसानों ने उसे जब बेहोश देखा तो किसान के घर पर सूचना दी। सूचना मिलते ही किसान के परिजन खेत पर पहुंच गये और एंबुलेंस की मदद से चिचौली स्थित अस्पताल में लेकर गये। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सुबह पुलिस को मृतक के बड़े पुत्र जैकी ने पोस्टमार्टम करवाने के लिए सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल करने के बाद शव का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

युवक को तमंचा सटाकर छीने रुपये

औरैया। जिला मुख्यालय के निकट लखनपुर गांव के निवासी अरुण कुमार पुत्रराम रतन सिंह निवासी लखनपुर ने फफूंद के दबंगों द्वारा मारपीट में आज थाना अध्यक्ष को प्रार्थना पत्र दिया, जिसमें अरुण कुमार ने बताया कि कल शाम को ककोर बाजार जा रहे थे तभी फफूंद निवासी विकास यादव पांच साथियों के साथ मेरे साथ मारपीट करके मेरे रुपये छीनने के बाद तमंचा सटाकर जान से मारने की धमकी दी।

सालियों ने पीटा

अयाना। थाना के मुढ़ी रसूलपुर निवासी कमलेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार सुबह वह घर पर था तभी गुरुग्राम निवासी उसकी साली सुनीता, रानी, कल्लू व शिवेंद्र ने उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की। इसमें उसका सिर फट गया।

गांवों से भी गायब होने लगा फाग

संवाददाता, अयाना, औरैया

अमृत विचार। फाल्गुन मास से प्रारंभ होने वाला फाग गायन अब ग्रामीण परिवेश से भी सिमटने लगा है। पहले फाल्गुन मास से प्रारंभ होकर चौत्र मास की अमावस्या तक इसका गायन चलता था। युवाओं की बेरुखी से इसके गायन का समय कम हो गया है।

फाग गायन ग्रामीण संस्कृति से जुड़ा हुआ है। इसमें बुंदेलखंड के शब्दों का इस्तेमाल होने से इसे खूब पसंद किया जाता है। इसका गायन काफी समय से किया जा रहा है। यह गायन पूर्व में इतना लोकप्रिय रहा कि जब भी किसान फुर्सत में होते थे इसे गुनगुना शुरू कर देते थे। किसान कभी अपने खेतों पर सुख व दुख के समय फागों का गायन करते थे तो कभी आपसी मतभेद भुलाने के लिए फाग गाते थे।

कुछ गीतकारों ने इसे अपने भजनों में शामिल किया तो कुछ लोगों ने इसे विभिन्न रागों में गाने का प्रयास किया। इसका गायन फाल्गुन माह के आते ही शुरू हो जाता था। बदले दौर में फाग अपनी लोकप्रियता को कायम नहीं रख सका। इसकी प्रमुख वजह युवाओं की इस गायन में दिलचस्पी नहीं दिखाना है। अब यह प्रथा बीहड़ पट्टी के गांवों से विलुप्त होती जा रही है।

गुरुवार को सेंगनपुर में फ़ाग गायन कर रहे गवैयों ने कहा कि अब युवाओं ने होली को मिलन के पर्व की जगह लड़ाई झगड़े का पर्व बना लिया है। साल दर साल होली की प्रथाएं बदलती जा रहीं हैं।


फाग गायन के दौरान मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

- बीहड़ पट्टी के कुछ गांवों में सुनाई देती है फाग की गूंज

ट्रेन से कटकर अज्ञात वृद्ध की मौत

अछल्दा, औरया। दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर वेशोली गांव के पास दोपहर के समय 60 वर्ष के वृद्ध की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। बुजुर्ग को ट्रेन की चपेट में आते देख गाड़ी के लोको पायलट ने ट्रेन रोककर स्टेशन मास्टर को सूचना दी। करीब 5 मिनट बाद ट्रेन को रवाना किया गया। घटना की सूचना मिलते ही स्टेशन पर तैनात आरपीएफ कांस्टेबल संत कुमार, वीरभान एवं जीआरपी कांस्टेबल अजय कुमार, प्रवीण कुमार ने मौके पर पहुंच कर मृतक की शिनाख्त करने का प्रयास किया। लेकिन, मृतक की कोई पहचान नहीं हो सकी।

घटनास्थल पर जांच-पड़ताल करती जीआरपी। अमृत विचार

पैदल मार्च कर लोगों को दिलाया सुरक्षा का भरोसा

संवाददाता, अछल्दा, औरैया

अमृत विचार। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन की सक्रियता बढ़ गई है। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर आ चुका है। गुरुवार को अछल्दा क्षेत्र व कस्बा व उसके आसपास संवेदन शील बूथों पर सीओ अशोक कुमार, थाना इंचार्ज रवि श्रीवास्तव, उप निरीक्षक रामस्वरूप, पहलवान सिंह ने पैरामिलिट्री फोर्स के साथ क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर आमजन में सुरक्षा का एहसास कराया । प्रभारी इंस्पेक्टर जटाराम जाट के साथ भारी संख्या में पुलिस और पैरामिलिट्री जवानों ने कस्बा के हरीगंज बाजार सराय बाजार, स्टेशन बाजार, नहर बाजार, नेविलगंज व क्षेत्र के गांव वंशी, रजुआमऊ, सलेमपुर व अन्य गांवों मे पैदल गश्त किया । इस दौरान थाना इंचार्ज रवि श्रीवास्तव ने कहा कि आम जन मानस में सुरक्षा की भावना बनी रहे, यही हमारा उद्देश्य है।

भ्रमण करते अधिकारी और जवान। अमृत विचार

बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग घायल

संवाददाता, बिधूना, औरैया

- टक्कर मारने वाला युवक नशे में धुत बताया गया

अमृत विचार। बिधूना-रामगढ़ मार्ग पर गुरुवार को एक बाइक सवार युवक ने तेजी एवं लापरवाही से बाइक चलाते हुए एक अन्य बाइक में टक्कर मार दी, जिससे उस पर सवार भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि टक्कर मारने वाला बाइक सवार युवक भी घायल हो गया। बाइक सवार युवक के दो अज्ञात साथी बाइक समेत मौके से भाग गए। सभी घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधूना में भर्ती कराया गया जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है। टक्कर मारने वाला युवक नशे में धुत बताया जाता है।

गुरुवार को बिधूना थाना क्षेत्र ग्राम मड़ैया बिकूपुर निवासी अंजलि दोहरे ने गुरुवार को पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि वह 30 वर्षीय भाई बीनू के साथ अपने मायके ग्राम हरचंदपुर थाना दिबियापुर से बाइक से अपनी ससुराल ग्राम मड़ैया बिकूपुर आ रही थी। तभी बिधूना रामगढ़ मार्ग पर रावतपुर ईट भट्ठे के समीप स्थित हनुमान मंदिर के निकट सामने से शराब के नशे में धुत दीपू राजपूत पुत्र महेश चंद्र निवासी खरगपुर भिखरा ने अपने दो अन्य अज्ञात साथियों के साथ बाइक पर सवार युवक ने तेजी एवं लापरवाही से बाइक चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी जिससे वह व उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइकों की भिड़ंत में दीपू भी घायल हो गया। घटना के बाद दीपू के अन्य दो अज्ञात साथी बाइक लेकर मौके से भाग गए। सभी घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधूना में भर्ती कराया गया जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों को जिला चिकित्सालय चिचोली रेफर कर दिया है वहीं घायल दीपू के परिजन उसे कानपुर प्राइवेट हॉस्पिटल में उपचार के लिए ले गए हैं। कोतवाली पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

संचारी रोग अभियान का ऑनलाइन प्रशिक्षण एक से

संवाददाता, ककोर, औरैया

- ब्लाक के समस्त विद्यालयों में चलाया जाएगा प्रशिक्षण अभियान

अमृत विचार। जिले में संचारी रोग अभियान को लेकर शिक्षा विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। यह अभियान एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक जिले के सभी ब्लॉक के समस्त विद्यालयों में चलाया जाएगा।

इसकी जानकारी देते हुए खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि इस कार्यक्रम की रूपरेखा के लिए स्कूलों के प्रबंधक व प्रधानाचार्य के साथ ऑनलाइन बैठक की गई। जिसमें शिक्षकों से बच्चों और उनके माता-पिता से विशेष साफ-सफाई के प्रति अभियान चलाकर प्रेरित करने के लिए कहा गया । यदि स्कूल में बच्चे साफ सफाई के साथ आएंगे, तो बीमारियां बहुत कम या नहीं होगी। खंड शिक्षा अधिकारी ने ब्लाक कार्यक्रम में ऑनलाइन मीटिंग के दौरान बताया इस अभियान से बच्चों को इस गर्मी में बचाव के लिए उपाय भी बताए जाएंगे।

डेंगू से बचने के लिए रात में मच्छरदानी का प्रयोग करना चाहिए। जिससे बीमारियां कम से कम फैलेंगी । तो बच्चों के स्वस्थ रहने के साथ-साथ माता-पिता भी स्वस्थ रहेंगे। यह अभियान सभी प्राथमिक जूनियर स्कूलों में चलाया जाएगा ।

केवल प्रभु के नाम में ही नहीं है मिलावट

संवाददाता, बिधूना, औरैया

अमृत विचार। नगर के बेला रोड स्थित नदी पुल पर सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का साप्ताहिक आयोजन हो रहा है। श्रीमद् भागवत कथा आयोजन के दौरान परीक्षित द्वारा सुबह गौ माता व श्रीमद भागवत की पूजन अर्चना के साथ कथा के दूसरे दिन का प्रारंभ हुआ।

अयोध्या धाम से आए कथाचार्य ऋषीकेश्वर महाराज द्वारा कथा वाचन के दौरान प्रभु की भक्ति के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है। आचार्य के अनुसार प्रभु के नाम के सिवाय हर चीज मिलावटी हैं केवल प्रभु के नाम मे मिलावट नहीं है प्रभु का नाम सदा शुद्ध है। इंसान को हर जगह धोखा हो सकता है। मगर राम, कृष्ण और शिव नाम मे कोई संशय नही है। जिस तरह औषधालय में औषधी मिलती है, वस्त्रालय में वस्त्र मिलते हैं। इसी तरह संसार दुखालय है जहां दुख ही मिलता है। इंसान को असली सुख राम नाम में ही मिल सकता है। उन्होंने कहा कि जो इस दुनिया में आया है उसे एक दिन जाना ही है जब लाभ होता है तो हानि भी निश्चित होती है।

सत्संग तो जीवन की धारा बदल देता है जिसमें आप ज्ञान और भक्ति की धारा में बहने लगते हैं, लेकिन यहां पर भी यदि कई बार लोग सत्संग करते हैं लेकिन उसका मूल नहीं समझ पाते, जिससे जीवन पर्यंत सत्संग करने के बाद भी अंत में उनको कुछ भी हासिल नहीं होता है। इस दौरान कृष्ण मुरारी पोरवाल, कंचन पोरवाल, लक्ष्मीनारायण पोरवाल, जयनारायण पोरवाल, गिरजाशंकर, सीताराम, श्याम जी, रामजी, साक्षी, रूबी, अंजली, राधा, सुनैना, शांता सहित सैकड़ों महिला व पुरुष श्रद्धालुजन मौजूद रहे।

आचार्य ऋषीकेश्वर महाराज।

- बिधूना के नदी पुल पर चल रही है भागवत कथा

ट्रक की टक्कर से टूटा विद्युत पोल, ठप रही विद्युत आपूर्ति

संवाददाता, कंचौसी, औरैया

अमृत विचार। कंचौसी चौकी क्षेत्र के कंचौसी रेलवे स्टेशन रोड पर आंबेडकर तिराहे के पास विद्युत पोल में बीती रात्रि लगभग 11 बजे एक ट्रक ने रोड किनारे लगे बिजली के पोल को टक्कर मार दी। इसमें पोल टूटने से बिजली के तार भी टूट गए। जिस कारण आसपास के क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित हुई। हादसे की जानकारी पर पहुंची बिजली विभाग की टीम ने गुरुवार दोपहर नया पोल लगवाते हुए तार दुरुस्त कर जैसे तैसे आपूर्ति बहाल कराई।

करीब 12 घंटे तक आपूर्ति बाधित रही थी। बिजली विभाग के अवर अभियंता सतीश जायसवाल ने बताया कि ट्रक की टक्कर से बिजली का पोल टूट गया था। यह हादसा बुधवार रात्रि करीब 11 बजे बताया गया है। लहरापुर से औरैया की तरफ जा ट्रक अचानक अनियंत्रित हो जाने से रोड से नीचे उतर गया और बिजली के पोल को टक्कर मार दी। चालक ट्रक सहित भाग निकला। टक्कर की वजह से टूटे पोल की वजह से बिजली के तार भी कई जगह से टूट गए थे।

गांव पहुंचते ही शिव प्रताप का हुआ भव्य स्वागत

संवाददाता, बिधूना, औरैया

अमृत विचार। बीते दिनों काठमांडू नेपाल में शाट पुट एवं डिस्कस थ्रो में दो स्वर्ण पदक प्राप्त कर गांव वापस लौटे कस्बा रामगढ़ क्षेत्र के गांव सरायपुख्ता निवासी शिव प्रताप सिंह जादौन का अपने गांव पहुंचते ही ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया।

विगत दिनों तृतीय इंडो इंटरनेशनल एथलेटिक गेम्स काठमांडू नेपाल में दिनांक 14 से 16 मार्च तक सम्पन्न हुई प्रतियोगिता में शिव प्रताप सिंह जादौन ने भारत की ओर से अपनी आयु वर्ग में प्रतिभाग कर शॉट पुट एवं डिस्कस थ्रो में दो स्वर्ण पदक प्राप्त कर जनपद, रक्षा लेखा विभाग एवं देश को गौरवान्वित किया । वर्तमान में वह स्थानीय लेखा परीक्षा कार्यालय, सीओडी, कानपुर में कार्यरत हैं । एथलीट शिव प्रताप सिंह जादौन ने कहा की सफलता नियमित खेल अभ्यास, ईश्वर की कृपा बड़ों का आशीर्वाद और रक्षा लेखा विभाग के अधिकारियों के सहयोग से प्राप्त हुई है । कहा खेल जीवन का 38 वर्ष पुराना सफर है और 26 वर्षों से लगातार रक्षा लेखा विभाग की ओर से राष्ट्रीय खेलों में प्रतिनिधित्व कर पदक जीत रहे हैं उन्होंने कहा कि उनका अगले वर्ष 2025 मलेशिया में प्रस्तावित एशियन गेम्स के लिए चयन किया गया है जिसमें वह प्रतिभाग करेंगे । उन्होंने अपने और खिलाड़ियों की ओर से विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान उदयभान सिंह जादौन, विशंभर सिंह जादौन, राधेश्याम गुप्ता, रामबाबू शर्मा, चंद्र प्रकाश शर्मा, अनिल प्रताप सिंह, अभिनव सिंह राजावत,जय चंद्र शाक्य, पूती तिवारी, श्याम, धर्मेंद्र, बृजपाल सिंह तोमर, अभिषेक सिंह, नमन, दीपक, शशांक, मयंक, वैभव आदि मौजूद रहे।


शिव प्रताप सिंह जादौन का स्वागत करते ग्रामीण। अमृत विचार

सार-संक्षेप

सरसों के गट्ठर में आग लगाने का लगाया आरोप

अछल्दा, औरैया। थाना क्षेत्र के ग्राम मुनागंज निवासी मीना देवी पत्नी रामसेवक ने आरोप लगाते हुये थाना में प्रार्थना पत्र दिया है कि 27 मार्च दोपहर करीब 12 बजे मेरे 3 बीघा खेत से कटे हुये सरसों के करीब 35 गट्ठर खेत में ही रखे हुये थे। जिन्हें गांव के ही संजय कुमार, प्रभाकर, संघ प्रिया, धरम प्रिया ने आग लगा दी, जिससे सरसों के गट्ठर जल गये। जिसमें करीब 24 हजार रुपये का नुकसान हो गया है। थाना इंचार्ज रवि श्री वास्तव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जाएगी।

धू-धूकर जलता सरसों का गट्ठर। अमृत विचार

दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे, पांच घायल

फफूंद, औरैया। थाना क्षेत्र के गांव नगला अंधयारी निवासी राज कुमार के घर पर बुधवार को छठी का कार्यक्रम था। कार्यक्रम के दौरान शराब पीकर राजू व मलखान आये और गाली-गलौज करने लगे। जिस पर लोगों ने समझा-बुझाकर राजू व मलखान सिह को घर भेज दिया। गुरुवार की दोपहर में राजू व मलखान व लव कुश शराब के नशे में राज कुमार के घर पर पहुंचकर गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर हाथ में लिए लाठी-डंडे से विवेक, जानकी देवी पत्नी बालक राम को मारने लगे। जिससे दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया और जमकर लाठी डंडे चलने लगे। मारपीट में एक पक्ष से विवेक व जानकी देवी पत्नी बालक राम घायल हो गये। वहीं, दूसरे पक्ष से राजू व मलखान व लव कुश घायल हो गये। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को डॉक्टरी परीक्षण के लिए दिबियापुर सीएचसी में भेज दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया कि शराब के नशे में गाली-गलौज को लेकर दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया था, जिसमें पांच लोग घायल हो गये।

पीएचसी की सुरक्षा के लिए चौकी खुलवाये जाने की मांग

फफूंद, औरैया। नगर पंचायत फफूंद के अंतर्गत स्थित चौबे के तालाब के पास व नहर कोठी के निकट में बना गेल इंडिया द्वारा निर्मित महिला चिकित्सालय जिसका उद्घाटन 17 नवंबर 2011 को निवर्तमान प्रमुख सचिव राज प्रताप सिंह एवं निवर्तमान महानिदेशक भ्रष्टाचार निवारण संगठन उत्तर प्रदेश अतुल के द्वारा किया गया था। यह चिकित्सालय पूर्व चेयरमैन अनिल कुमार अग्निहोत्री के अथक प्रयास से निर्माण कराया गया था, तभी तत्कालीन पुलिस अधीक्षक इकरामुल हक ने एक माह के अंदर यहां पर पुलिस चौकी खुलवाए जाने का आश्वासन दिया था, लेकिन तब से आज तक करीब साढ़े 12 साल होने जा रहे हैं। मगर महिला चिकित्सालय की सुरक्षा हेतु पुलिस चौकी खोली नहीं जा सकी। जिससे नगर व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में शासन व जिला प्रशासन पर जनाक्रोश व्याप्त है। नगर व क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी नेहा प्रकाश तथा पुलिस अधीक्षक चारू निगम से नगर पंचायत फफूंद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मोहम्मद अनवर कुरेशी, अनुराग शुक्ला, भाजपा जिला अध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रेम कुमार गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद मिश्रा आदि लोगों से मांग की है। चिकित्सालय की सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस चौकी खुलवाए जाए मांग करने वालों में प्रमुख रूप से सभासद प्रतिनिधि ओम बाबू त्रिपाठी, भाजपा मंडल मुरादगंज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंकित रंजन त्रिपाठी, राजेश त्रिपाठी, प्रबल शर्मा, सभासद शब्बीर कुरैशी, प्रदीप पांडेय, सुधांशु शेखर अग्निहोत्री, विष्णु दत्त शुक्ला, ग्राम पंचायत कोठीपुर के ग्राम प्रधान अमरेश पांडेय, सुरेश चंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।

नवाचार महोत्सव | एक दिवसीय टीएलएम एवं नवाचार महोत्सव का किया गया आयोजन, शिक्षकों ने दिखाया जौहर

शिक्षक समाज का दर्पण होता है : राजपूत

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। गुरुवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डॉयट परिसर में एक दिवसीय टीएलएम एवं नवाचार महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी ब्लॉक से आए हुए लगभग एक सैकड़ा प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान सर्वश्रेष्ठ 10 नवाचार का प्रदर्शन करने वाले शिक्षक - शिक्षकाओं को पुरस्कृत किया गया। महोत्सव का उद्घाटन डॉयट प्राचार्य जीएस राजपूत ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

गुरुवार को डॉयट परिसर के एक दिवसीय जिला स्तरीय टीएलएम कार्यशाला को संबोधित करते हुए डॉयट प्राचार्य जी एस राजपूत ने कहा इस तरीके के आयोजन से शिक्षकों की प्रतिभा का सही आकलन होता है,जिसका प्रभाव विद्यार्थियों के पठन पाठन पर जरूर पड़ता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण होता है। एस आर जी सुनील दत्त राजपूत और सुभाष रंजन द्विवेदी ने कहा कि इस तरीके के टीएलएम नवाचार के माध्यम से नई नई विधाओं द्वारा बताई गई बात बच्चों में स्थाई हो जाती है और वह बच्चा उसको कभी भी भूलता नहीं है। इस लिए सभी शिक्षक स्कूल के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने का कार्य करें जिससे की बच्चे बेहतर शिक्षा प्राप्त कर नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकें। वहीं निर्णायक की भूमिका सुनील दत्त राजपूत ,जनता इंटर कॉलेज के संदीप बाथम(स.अ) एवं राज्य अध्यापक पुरस्कार विजेता रश्मि सिंह ने निभाई। कार्यक्रम में 10 सर्वश्रेष्ठ टीएमएम बनाने वाले शिक्षकों में दीप्ती कुशवाहा पीएस किशनपुर प्रथम ,नरेंद्र सिंह कुशवाहा पीएस ज्ञानपुर प्रताप सिंह अजीतमल द्वितीय ,और दीक्षा गुप्ता पीएस कोठीपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉयट प्रवक्ता रामनरेश राजपूत,निधि अवस्थी, विनय कुमार, अल्का यादव,सुभाष रंजन दुबे ने सहयोग प्रदान किया। अंत में 10 स्थान स्थान करने वाले प्रतिभागियों के अलावा कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी शिक्षक और शिक्षाकाओ को प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर प्रोत्साहन कर सम्मानित किया।

शिक्षक को प्रशस्ति पत्र और शील्ड देते डॉयट प्राचार्य जीएस राजपूत। अमृत विचार

कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। अमृत विचार

दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

ककोर, औरैया। गुरुवार को तिलक महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह दो दिवसीय सम्मेलन 28 और 29 मार्च तक आयोजन होगा। इसकी जानकारी सम्मेलन के प्रभारी संयोजक डॉ. प्रकाश वीर सिंह ने दी। प्रथम सत्र में विभिन्न महाविद्यालय के प्राचार्य तथा उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रजिस्ट्रार, कानपुर विश्वविद्यालय कानपुर, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष तथा मंत्री एवं उप मंत्री तथा महाविद्यालय के सभी विद्यार्थी एवं स्टाफ मौजूद रहे। मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर शशी बाला दिल्ली विश्वविद्यालय दिल्ली ने राष्ट्रीय सम्मेलन विषय पर अपना लेक्चर दिया और सत्र का संचालन डॉक्टर प्रीति वाधवानी ने किया। सम्मेलन में विभिन्न महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी तथा विद्यार्थी मौजूद रहे। इस सम्मेलन में विभिन्न राज्यों से तथा महाविद्यालय से आए विद्यार्थी, शोधार्थी तथा अन्य महाविद्यालय के प्रोफेसर ने अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।

राम लहर में कमल खिला

मोदी असर से झांसी बना भाजपा का किला

मनोज त्रिपाठी, कानपुर।

- पिछले दस लोकसभा चुनावों में छह बार भाजपा, तीन मर्तबा कांग्रेस और सपा ने एक बार यहां से जीत हासिल की
- भाजपा ने सांसद अनुराग शर्मा को दोबारा मैदान में उतारा, कांग्रेस ने 2009 में जीते प्रदीप जैन आदित्य को टिकट थमाया
- लोकसभा क्षेत्र में लगभग एक चौथाई दलित मतदाताओं को देखते हुए बसपा किसी मजबूत दलित चेहरे की तलाश में

अमृत विचार। झांसी लोकसभा क्षेत्र बुंलखंड की सबसे महत्वपूर्ण सीट है। 1857 की क्रांति से जुड़े रहे इस शहर की पहचान वीरांगना लक्ष्मीबाई के कारण अगर देश- दुनिया में है, तो झांसी हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की कर्मस्थली और राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की जन्मस्थली भी है। झांसी लोकसभा सीट पर पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होगा। वैद्यनाथ समूह के अनुराग शर्मा वर्तमान में यहां से सांसद हैं। भाजपा प्रत्याशी के रूप में उन्होंने 2019 के चुनाव में सपा के श्याम सुंदर सिंह को मात दी थी। इस बार विपक्षी इंडिया गठबंधन में यह लोकसभा सीट कांग्रेस के खाते में गई है। झांसी लोकसभा क्षेत्र में पांच विधान सभा सीटें बबीना, ललितपुर, झांसी नगर, महरौनी और मऊरानीपुर शामिल हैं, जिनमें मऊरानीपुर और महरौनी सुरक्षित सीटें हैं। इन पांच विससीटों में से चार पर भाजपा, जबकि एक पर सहयोगी पार्टी अपना दल (एस) का कब्जा है।

पिछले चार चुनावों में प्रमुख दलों को मिले मत (प्रतिशत में)



झांसी जिला बन रहा बुंदेलखंड के समग्र विकास का इंजन

- आज बुंदेलखंड में विकास की बयार बहाने की कोशिशों के बीच झांसी की तस्वीर भी तेजी से बदल रही है। यहां डिफेंस कॉरिडोर विकसित हो रहा है। शहर में स्मार्ट सिटी के काम चल रहे हैं। रेल कोच नवीनीकरण कारखाने में कोच बनने लगे हैं। ग्लोबल इन्वेंस्टर समिट में आए प्रस्तावों के तहत 100 से अधिक उद्यमी अपना निवेश धरातल पर उतारने का काम शुरू कर चुके हैं। बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) पूरे बुंदेलखंड में विकास की नई इबारत लिखने जा रहा है। बीडा की बदौलत झांसी की तस्वीर नोएडा और ग्रेटर नोएडा जैसी हो जाएगी।
- **दलित मतदाता सबसे ज्यादा** झांसी सीट पर 9,60,595 पुरुष और 10,80,079 महिला मतदाता हैं। दलित मतदाता लगभग 24 प्रतिशत हैं। मुस्लिम नौ फीसदी तो यादव और ब्राह्मण मतदाता भी 20 फीसदी से अधिक होने के कारण निर्णायक भूमिका में हैं। सिख दो फीसदी से कुछ ज्यादा और जैन धर्म के मतदाता तीन फीसदी तक हैं।

सपा प्रत्याशी थाम चुके भाजपा का दामन

- झांसी लोकसभा सीट से भाजपा ने निवर्तमान सांसद अनुराग शर्मा को दूसरी बार टिकट दिया है। कांग्रेस ने 2009 में चुनाव जीते प्रदीप जैन आदित्य पर दांव लगाया है। उधर बसपा अपनी सोशल इंजीनियरिंग के तहत किसी मजबूत दलित चेहरे की तलाश में है, जबकि सपा से पिछली बार चुनाव लड़े श्याम सुंदर सिंह हाल ही में भाजपा का दामन थाम चुके हैं। इन हालात में इस सीट पर भाजपा को हराना आसान नहीं नजर आ रहा है।
- 2019 के चुनाव में झांसी लोकसभा सीट पर भाजपा ने केंद्रीय मंत्री और फायर ब्रांड नेता उमा भारती की जगह अनुराग शर्मा को मैदान में उतारा था। बसपा के साथ गठबंधन में सपा ने श्याम सुंदर सिंह को टिकट दिया था। भाजपा के अनुराग शर्मा को 8,09,272 और सपा के श्याम सुंदर सिंह यादव को 4,43,589 वोट मिले थे। कांग्रेस के शिवशरण कुशवाहा ने 86,139 वोट पाए थे।

जीत की हैट्रिक लगाने के लिए भाजपा ने बुना ताना-बाना

- भाजपा लोकसभा क्षेत्र की सभी पांचो विधान सभा सीटों पर आगे रही थी। 2014 में यहां भाजपा की उमा भारती ने सपा के डॉ. चंद्रपाल यादव को एक लाख 90 हजार 467 वोटों से मात देकर जीत हासिल की थी। उमा भारती को 5,75,889 वोट, डॉ. चंद्रपाल यादव को 3,85,422 तथा बसपा की अनुराधा शर्मा को 2,13,792 और कांग्रेस के प्रदीप जैन को 84,089 वोट मिले थे। इस सीट पर 1952 से 1971 तक लगातार कांग्रेस चुनाव जीतती रही लेकिन 1977 में जनता पार्टी की लहर में भारतीय लोकदल यहां कब्जा जमाने में कामयाब रही।
- हालांकि अगले ही चुनाव में फिर से कांग्रेस की वापसी हो गई और 1980 तथा 1984 में इस सीट पर कांग्रेस जीती। भाजपा ने 1989 में पहली बार यहां अपना खाता खोला। इसके बाद 1998 तक हुए लोकसभा के चार चुनावों में लगातार जीत दर्ज की। लेकिन, 1999 में कांग्रेस के हाथों उसे हार का मुंह देखना पड़ा। 2004 के चुनाव में सपा ने इस सीट पर पहली बार अपनी विजय पताका फहराई। 2009 में एक बार फिर कांग्रेस ने जीत हासिल की। इसके बाद 2014 और 2019 में कब्जा जमाने के बाद इस बार भाजपा जीत की हैट्रिक लगाना चाह रही है।

मिले दो महारथी

मध्य प्रदेश के ईसागढ़ में लोकसभा चुनाव से पहले यादव समाज के सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री और भाजपा उम्मीदवार ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ मुख्यमंत्री मोहन यादव भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की सभी लोकसभा सीटों पर जीत सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा की।

ताला नगरी में संघर्ष की त्रिकोणीय चाबी

अलीगढ़ संसदीय सीट

चुनाव डेस्क, कानपुर

अमृत विचार। ताले के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्ध अलीगढ़ लोकसभा सीट पर इस बार त्रिकोणीय मुकाबला होने के आसार हैं। अब यह क्षेत्र भाजपा का मजबूत गढ़ बन गया है। पार्टी ने से अपने दो बार के सांसद सतीश गौतम को फिर से मौका दिया है। सतीश जीत की हैट्रिक लगाने के लिए रात- दिन एक किए हैं तो उनकी जीत को रोकने के लिए इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक दल समाजवादी पार्टी ने इगलास सीट से चार बार विधायक और एक बार अलीगढ़ के सांसद चौधरी बिजेंद्र सिंह को मैदान में उतार दिया है। सपा की कोशिश मुस्लिम, यादव और जाट वोटों के सहारे भाजपा की हैट्रिक को रोकना है। हालांकि मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने के लिए बसपा भी पूरी मजबूती से मैदान में उतर चुकी है। पार्टी ने गुफरान नूर पर दांव लगाया है। अब देखना यह है कि सपा का पीडीए दांव कारगर होता है कि मोदी की गारंटी, राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से उपजी लहर के बीच सतीश यहां तीसरी बार जीतने में कामयाब होते हैं।

अलीगढ़ में भाजपा ने पहली बार राम लहर में 1991 में जीत दर्ज की थी। तब यहां से शीला गौतम उम्मीदवार थीं। शीला लगातार चार बार सांसद बनीं, लेकिन 2004 के लोकसभा चुनाव में जब मतदाताओं ने केंद्र की भाजपा सरकार के साइनिंग इंडिया के नारे को नकारा तो भाजपा को यहां हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद तब कांग्रेस के चौधरी बिजेंद्र सिंह ने यहां जीत दर्ज की थी लेकिन 2009 में यहां सीट बसपा के खाते में चली गई। हालांकि 2014 की मोदी लहर में सतीश गौतम सीट पर कमल खिलाने में कामयाब हुए। 2019 में जब सपा और बसपा का गठजोड़ हुआ तो लगा कि सतीश गौतम के हाथ से यह सीट निकल जाएगी लेकिन यहां भगवा रंग और भी गाढ़ा हो गया। अब सतीश हैट्रिक लगाने को बेताब हैं। वे सुबह से ही संघ की शाखाओं में स्वयंसेवकों से मिल रहे हैं। पार्कों में मार्निंग वॉकर से से अपने काम, मोदी की गारंटी के नाम पर वोट मांग रहे हैं। इन सबके बीच वे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की उपलब्धि की चर्चा तो करते ही हैं अनुच्छेद 370 के खात्मे को भी गिनाना नहीं भूलते।

दूसरे दल से आए गुफरान पर बसपा का दांव

- एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष रहे गुफरान नूर ने पाला बदल कर बसपा का दामन थामा तो पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने उन्हें इसका इनाम भी दिया। बसपा ने गुफरान नूर को अलीगढ़ से उम्मीदवार बना दिया। गुफरान को उम्मीद है कि बसपा के परंपरागत मत और मुस्लिम मतों के सहारे वे इस बार मैदान मार लेंगे। 2009 की तरह ही यह सीट बसपा की झोली में वे डाल देंगे। तब बसपा की राज कुमारी चौहान ने यहां से जीत दर्ज की थी। 2014 में बसपा के अरविंद कुमार सिंह और 2019 में बसपा के ही अजित बालियान यहां दूसरे नंबर पर थे। हालांकि दोनों ही चुनाव भाजपा बड़े अंतर से जीती थी।

फिर से मैदान में

अभिनेता गोविंदा गुरुवार को मुंबई में शिवसेना (शिंदे गुट) में शामिल हो गये। महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे के साथ उन्होंने मीडिया से बात की। गोविंदा पूर्व में कांग्रेस से सांसद रह चुके हैं। 2004 में उन्होंने मुंबई नार्थ लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार राम नाईक को हराया था। बाद में गोविंदा नें राजनीति से संन्यास ले लिया था।

मुरादाबाद में मुस्लिम मतदाता लिखते रहे हैं जीत की पटकथा

सलमान खान, मुरादाबाद

अमृत विचार। पीतल नगरी के रूप में पहचान रखने वाले मुरादाबाद में सियासत का घमासान कम नहीं है। लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन के अंतिम दिन सपा प्रत्याशी को लेकर यहां राजनीतिक ड्रामा भले खत्म हो गया है, लेकिन माना जा रहा है कि इसकी गूंज दूर तक जाएगी। मुरादाबाद लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। लेकिन हालिया इतिहास है कि यहां हर लोकसभा चुनाव में अलग पार्टी का सांसद बनता है, जैसे 2019 में सपा जीती, 2014 में भाजपा, 2009 में कांग्रेस से क्रिकेटर मो. अजरूद्दीन सांसद चुने गए थे। इस सीट पर सत्ता की चाबी मुस्लिम वोटरों के हाथ में मानी जाती है। यही वजह है कि 17 चुनावों में 11 बार मुस्लिम चेहरों ने नुमाइंदगी की है। आबादी के लिहाज से यहां हिंदू 53 और मुस्लिम 47 प्रतिशत हैं। इसके चलते पक्ष और विपक्ष दोनों को वोटों का ध्रुवीकरण भाता है।

मुरादाबाद उन सीटों में शामिल है, जिन्हें भाजपा ने 2014 में जीतने के बाद 2019 में गंवा दिया था। 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां से सपा-बसपा गठबंधन से सपा के डॉ. एसटी हसन ने जीते थे। उन्हें 6,49,538 वोट मिले थे, जबकि भाजपा के सर्वेश कुमार सिंह 5,51,416 वोटों के साथ दूसरे और कांग्रेस के इमरान प्रतापगढ़ी 59,198 वोट पाकर तीसरे नंबर पर पिछड़ गए थे। इस बार सपा का कांग्रेस से गठबंधन है। पार्टी ने पहले डॉ. एसटी हसन को टिकट दिया था। उन्होंने अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया था। लेकिन सपा नेता आजम खान उनकी प्रत्याशिता के पक्ष में नहीं थे। ऐसे में उनकी समर्थक कही जाने वाली पूर्व विधायक रुचि वीरा ने नामांकन पत्र दाखिल करके सपा का आधिकारिक उम्मीदवार होने का दावा कर दिया। उधर, बसपा ने इरफान सैफी को टिकट दिया है, तो एआईएमआईएम ने भी मुस्लिम प्रत्याशी उतारा है।



- आजादी के बाद से 17 लोकसभा चुनावों में 11 बार यहां से जीते मुस्लिम प्रत्याशी
- भाजपा 2019 में यहां हार गई थी चुनाव, सपा के लिए इस बार सीट बचाने की चुनौती
- बसपा के बाद एआईएमआईएम ने भी मुस्लिम प्रत्याशी उतार कर बढ़ाई गठबंधन की चिंता

सपा के निवर्तमान सांसद डॉ. एसटी हसन और प्रत्याशी रुचि वीरा।

दो विधान सभा चुनावों में प्रमुख दलों को मिले वोट (% में)

चुनाव	भाजपा	सपा	बसपा	कांग्रेस
2022	39.7	47.3	9.7	1.0
2017	35.9	32.5	14.6	5.6

2009 में पूर्व क्रिकेट कप्तान अजहर ने की बैटिंग

- भारतीय किक्रेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन को कांग्रेस ने 2009 में मुरादाबाद की पिच पर उतारा। जनता ने उन्हें भरपूर समर्थन दिया। अजहर को प्रत्याशी बनाकर 25 साल बाद यहां कांग्रेस ने जीत हासिल की। भाजपा दूसरे और बसपा तीसरे नंबर पर खिसक गई। सपा प्रत्याशी को महज दो प्रतिशत वोट मिले और जमानत गंवा बैठे।

आजादी के बाद तीसरे चुनाव में ही निर्दलीय को चुनकर चौंकाया

पहले दो चुनावों में कांग्रेस के रामसरन विजयी रहे, लेकिन 1962 में निर्दलीय सैयद मुजफ्फर हुसैन को जनता ने जिताया। 1967 और 71 में जनसंघ ने यहां से जीत हासिल की। 1977 में जनता पार्टी की आंधी में जनता पार्टी के गुलाम मोहम्मद खान सांसद बने। 1980 के चुनाव में भी जनता ने उन्हें ही मौका दिया। 1984 में हुए चुनाव में कांग्रेस ने वापसी की और भाजपा तीसरे नंबर पर पहुंच गई। 1989 और 91 में यहां से जनता दल के टिकट पर गुलाम मोहम्मद खान को फिर मौका मिला, लेकिन 1991 के बाद इस सीट पर भाजपा स्थायी प्रतिद्वंद्वी हो गई।

भाजपा के सर्वेश सिंह। अमृत विचार

बसपा के इरफान सैफी। अमृत विचार

बसपा कभी जीत नहीं पाई पर बनाती व बिगाड़ती रही खेल

मुरादाबाद की जनता बसपा को छोड़कर सभी प्रमुख दलों के प्रत्याशियों को चुनकर संसद भेज चुकी है। वर्ष1996 से चुनाव में बसपा ने यहां उम्मीदवार खड़े किए, लेकिन वह तीसरे नंबर पर ही रही, हालांकि पहला नंबर तय करने में उसके प्रदर्शन की भूमिका अहम रही। बसपा आज तक इस सीट पर खाता खोलने की संभावना तलाश रही है।

भाजपा और सपा के बीच सिमटी लड़ाई

90 के दशक में मंडल और कमंडल के प्रयोग के बीच राजनीति में नए खिलाड़ी उभरे। इसके बाद एकाध मौकों को छोड़कर मुरादाबाद में लड़ाई वोटों के ध्रुवीकरण में बदल गई। मुस्लिम-यादव वोटों की जमीन पर खड़ी हुई समाजवादी पार्टी के लिए मुरादाबाद की जमीन माकूल थी। 1996 में यहां से सपा के टिकट पर शफीकुर्रहमान बर्क ने जीत हासिल कर इसे साबित किया, हालांकि उनकी जीत का अंतर महज दो हजार वोटों का ही था। इस चुनाव में बसपा के मुस्लिम उम्मीदवार को भी 1.12 लाख वोट मिले। 1998 में फिर सपा और भाजपा में मुकाबला हुआ और इस बार शफीकुर्रहमान बर्क 36 हजार वोटों से जीते। साल 1999 में भाजपा ने इस सीट पर प्रयोग किया और अपना उम्मीदवार खड़ा न करके लोकतांत्रिक कांग्रेस के चंद्रविजय सिंह को समर्थन दिया था। इस चुनाव में सपा के बर्क को 1.53 लाख और बसपा के मोहम्मद अकील को 1.23 लाख वोट मिले। अल्पसंख्यक वोटों के बिखराव के बीच बहुसंख्यक वोटों की बदौलत चंद्रविजय 2.53 लाख वोट से चुनाव जीत गए। 2004 में बर्क ने एक बार फिर यहां साइकिल दौड़ाई और भाजपा को पछाड़ा।

2014 की मोदी लहर में यहां खिला कमल

वर्ष2014 में मोदी लहर में मुरादाबाद में भाजपा की जीत का इंतजार खत्म हुआ। चुनाव में मोदी लहर और मुजफ्फरनगर दंगों से बदली हवा के बीच वोटों का जबरदस्त ध्रुवीकरण हुआ। भाजपा के प्रत्याशी सर्वेश सिंह ने लगभग 88 हजार वोटों से जीतकर इस लोकसभा क्षेत्र में कमल खिला दिया। समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार डॉ. एसटी हसन 3.97 लाख वोट पाकर भी चुनाव हार गए।

एक नजर

रैलियों व साइबर योद्धाओं से भाजपा बनाएगी माहौल

चुनाव डेस्क। लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में मिशन-80 का लक्ष्य पाने के लिए भाजपा ने दूसरे चरण के मतदान वाली सीटों पर नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही धुआंधार चुनाव प्रचार का पूरा खाका खींच लिया है। पार्टी रैलियों के साथ ही सोशल मीडिया को प्रचार का बड़ा हथियार बनाएगी। सूबे के 80 लोकसभा क्षेत्रों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी के साथ स्टार प्रचारकों की 200 से ज्यादा रैलियां करने की योजना बनी है। इसके लिए चार्टर्ड प्लेन और हेलीकॉप्टर बुक करा लिए गए हैं। इसके साथ ही हर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा साइबर योद्धा सम्मेलन भी आयोजित करेगी। इनमें प्रत्येक लोकसभा से एक हजार सोशल मीडिया, आईटी कार्यकर्ता एवं इनफ्लुएंसरों को सूचीबद्ध करके बुलाया जाएगा।

सपा अभी बदल सकती और भी प्रत्याशी

चुनाव डेस्क। समाजवादी पार्टी की प्रदेश में मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पिछली बार 2019 में बसपा से गठबंधन करके चुनाव लड़ना पार्टी के लिए घाटे का सौदा साबित हुआ था। बसपा तो गठबंधन के चलते 10 सीटें जीत गई थी, लेकिन सपा को सिर्फ पांच सीटों पर ही जीत नसीब हो सकी थी। यही वजह है कि इस बार के चुनाव में सपा प्रमुख अखिलेश यादव एक-एक सीट पर सतर्कता बरत रहे हैं। यही वजह है कि अब तक दो सीटों पर सपा अपने घोषित प्रत्याशी बदल चुकी है। अब ऐसे कयास हैं कि पार्टी चार-पांच और सीटों पर प्रत्याशी बदल सकती है।

भाकपा का प्रदेश में आठ सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला

चुनाव डेस्क, कानपुर

- शाहजहांपुर, फैजाबाद, घोसी आजमगढ़ और राबर्ट्सगंज से पार्टी ने घोषित किए प्रत्याशी

अमृत विचार। इंडिया गठबंधन में शामिल भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने उत्तर प्रदेश में आठ सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि इंडिया गठबंधन में उनकी सुनवाई नहीं हो रही थी। भाकपा ने गुरुवार को पांच सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं, तीन अन्य सीटों पर जल्द निर्णय लेने की बात कही है।। इसके साथ ही दुद्धी विधानसभा उपचुनाव में भी पार्टी ने प्रत्याशी घोषित कर दिया है। हालांकि भाकपा का कहना है कि प्रदेश में अन्य सभी सीटों पर वह भाजपा को हराने के लिए प्रचार करेगी।

भाकपा के लखनऊ स्थित प्रदेश मुख्यालय में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व प्रदेश प्रभारी डॉ. गिरीश और राज्य सचिव अरविन्द राज स्वरूप ने बताया कि पार्टी ने शाहजहांपुर से सुरेश कुमार 'नेताजी', फैजाबाद से पूर्व आईपीएस अरविंद सेन यादव, लालगंज (आजमगढ़) से गंगा दीन और घोसी से विनोद राय व राबर्ट्सगंज से अशोक कुमार कनौजिया को प्रत्याशी बनाया है।

इसी के साथ पार्टी वाराणसी, धौरहरा, बांदा, बलिया व सलेमपुर लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने को लेकर विचार कर रही है। इनमें से किन्हीं तीन सीटों पर पार्टी प्रत्याशी उतारेगी।

माकपा ने 44 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

- मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव के लिए 44 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी कर दी। पार्टी द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर साझा की गई सूची के मुताबिक इनमें केरल के 15 उम्मीदवार शामिल हैं। यहां अलाप्पुझा से मौजूदा सांसद एएम आरिफ, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री केके शैलजा और राज्यसभा सदस्य इलामारम करीम शामिल हैं। माकपा ने पश्चिम बंगाल के लिए भी 17 नामों की घोषणा की है, जिनमें मुर्शिदाबाद से मोहम्मद सलीम का नाम भी शामिल हैं। पार्टी की राज्य इकाई ने पहले ही नामों की घोषणा कर दी थी। तमिलनाडु से दो उम्मीदवारों के नाम हैं। मदुरै से मौजूदा सांसद एस वेंकटेशन और डिंडीगुल से आर सचिदानंदम को टिकट दिया गया है। पार्टी ने बिहार, झारखंड, असम, कर्नाटक, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना तथा त्रिपुरा के लिए भी एक-एक उम्मीदवार की घोषणा की है।

मतदान स्थलों पर हो पेयजल और धूप से बचने की व्यवस्था

- भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात कर रखा प्रस्ताव
- मतदाता पर्ची घर-घर पहुंचाने का भी किया अनुरोध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी के नेतृत्व में पार्टी के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को लखनऊ स्थित निर्वाचन आयोग के कार्यालय पहुंच कर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात की।

इस दौरान भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के मुख्य निर्वाचन आयुक्त नवदीप रिणवा से कहा कि लोकसभा चुनाव के समय प्रदेश में भीषण गर्मी की संभावना है। ऐसे में मतदान स्थलों पर पेयजल की व्यवस्था सहित मतदाताओं को धूप से बचाने के लिए समुचित प्रबन्ध किए जाने का अनुरोध किया। साथ ही मतदान के दौरान प्रत्येक मतदाता की पहचान सुनिश्चित कर ही मतदान की अनुमति दिए जाने का आग्रह किया ताकि फर्जी वोटिंग को कड़ाई से रोका जा सके।

प्रतिनिधिमंडल ने बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के लिए विशेष रूप से सुविधा जैसे व्हीलचेयर इत्यादि का प्रबंध कराए जाने का भी आग्रह किया। मतदाता पर्ची घर-घर पहुंचे इसका भी अनुरोध किया गया। प्रतिनिधिमंडल में पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, मोहित बेनीवाल, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, सह प्रभारी हिमांशु दुबे, अखिलेश अवस्थी सहित अन्य प्रमुख नेता शामिल थे।

प्रदेश से पलायन कर चुकी कांग्रेस

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस को लेकर कहा कि कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश से पलायन कर चुकी है। उनके नेता राहुल गांधी 2019 में अमेठी से चुनाव हारने के बाद पलायन कर गए। उनकी नेता प्रियंका वाड्रा भी 2022 के विधान चुनाव के बाद पलायन कर गयी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा का गठबंधन बेमेल गठबंधन है, यह वैचारिक गठबंधन नहीं है।

राजधानी स्थित जनपथ सचिवालय में मुख्य चुनाव अधिकारी नवदीप रिणवा से मुलाकात के लिए जाते प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व मंत्री स्वतंत्र देव सिंह। अमृत विचार

आजम को स्टार प्रचारक बनाया :

पूर्व मंत्री और सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां को समाजवादी पार्टी द्वारा स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किए जाने को लेकर पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि सपा अन्तर्कलह का शिकार है, निश्चित रूप से सपा का जो चरित्र है उसे जनता जानती है। सपा ने आजम खां को स्टार प्रचारक बनाया है, हो सकता है ये अन्य ऐसे लोगों को भी स्टार प्रचारक बना दें। इरफान सोलंकी को भी स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया जा सकता है।

अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक करते मुख्यसचिव एवं पुलिस महानिदेशक। अमृत विचार

9 राज्यों के मुख्य सचिवों और डीजीपी के साथ समन्वय बैठक

- लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर हुई चर्चा
- डीएम, एसपी और एसएचओ को समन्वय रखने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव की तैयारियों के संबंध में गुरुवार को अन्तर्राज्यीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में 9 राज्यों झारखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हरियाणा, मध्य प्रदेश, हिमाचाल प्रदेश, उत्तराखण्ड, राजस्थान व दिल्ली के मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक ने वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से प्रतिभाग किया।

मुख्य सचिव ने सम्बन्धित राज्यों के मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक से लोक सभा चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराने में सहयोग करने की अपेक्षा की। सीमावर्ती जनपदों में ऐसी कोई गतिविधि न हो, जिससे आम चुनाव प्रभावित हो। अवैध नकदी, अवैध शराब आदि के प्रवाह को रोकने के लिये सीमाओं पर निगरानी बढ़ानी होगी। कंट्रोल रूम के माध्यम से सूचनाओं का आपस में आदान-प्रदान करना होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के अंतर्राज्यीय सीमाओं के आस-पास नशीले पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाए। संवेदनशील व नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विशेष तौर पर निगरानी रखी जाए। इसी प्रकार अंतर्राष्ट्रीय माफिया और असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जाए।

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर निगरानी रखते हुए अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की जाये। बार्डर एरिया से संबंधित जिलाधिकारी, पुलिस अधिकारी व थानाध्यक्ष आपसी समन्वय बैठक कर लें। इसके अलावा निरन्तर संवाद बनाए रहें। सूचनाओं के आदान प्रदान के लिए व्हाट्सएप ग्रुप भी बना सकते हैं। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए प्रदेशभर में पुलिस द्वारा प्रभावी रूप में निषेधात्मक कार्रवाई की जा रही है। बैठक में अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार, अपर मुख्य सचिव राज्य कर नितिन रमेश गोकर्ण, मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा, प्रमुख सचिव आबकारी वीना कुमारी मीना, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा सहित संबंधित विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

एटीएस ने चार रोहिग्या को किया गिरफ्तार

- रोहिग्या आमिर हम्जा के साथ तीन अन्य विदेशी महिलाओं पर हुई कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : देश में घुसपैठ कर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर खुद को भारत का नागरिक बताने वाले आरोपियों के खिलाफ एटीएस लगातार कार्रवाई कर रही है। इस बार एटीएस ने म्यांमार के रहने वाले रोहिंग्या आमिर हमजा का तीन विदेशी महिलाओं के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास कूटरचित दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

आरोपियों को एटीएस मुख्यालय लाकर पूछताछ की जा रही है। एटीएस की पूछताछ में यह खुलासा भी हुआ है कि यह आरोपी न सिर्फ भारत की सीमा में घुसपैठ कर कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर खुद को भारत का नागरिक दर्शाते थे, बल्कि इनकी संलिप्तता देश विरोधी गतिविधियों में भी रहती है।

एटीएस के अधिकारियों ने बताया कि लंबे समय से यह सूचना मिल रही थी कि विदेशी नागरिक बांग्लादेश सीमा से भारत में प्रवेश करते हैं। इसके बाद कूटरचित दस्तावेजों की मदद से खुद को भारत का नागरिक बताते हैं। जानकारी मिलने के बाद एटीएस की एक टीम ने जांच शुरू की। जांच में पता चला कि 27 मार्च 2024 को म्यांमार का रहने वाला आमिर हमजा अपनी तीन महिला सहयोगियों के साथ असम से दिल्ली पहुंचने वाला है। यहां पर वह कूटरचित दस्तावेजों की मदद से खुद को भारतीय नागरिक साबित करेगा।

इनपुट मिलने के बाद एटीएस की टीम ने कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार हुए आरोपियों ने बताया कि वह बांग्लादेश सीमा से भारत में प्रवेश किए थे। कुछ दिन असम में रुककर दिल्ली जा रहे थे। दिल्ली में रहकर कूटरचित दस्तावेज की मदद से खुद को भारत का नागरिक दर्शाते। एटीएस ने पहले ही चारों घुसपैठियों को गिरफ्तार कर लिया है।

अधूरे हास्टल, बैरक का निर्माण होगा पूरा

- कैसरगंज व मुर्तिहा में बन रहे बैरक के लिए शासन ने भेजी धनराशि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : बहराइच जिले के कैसरगंज और मुर्तिहा में निर्माणाधीन 48 क्षमता के हॉस्टल, बैरक का निर्माण जल्द पूरा हो जाएगा। निर्माण के लिए बकाया धनराशि गृह विभाग ने स्वीकृत कर दी है। धनराशि अवमुक्त होने के बाद जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएंगे।

कैसरगंज में हॉस्टल, बैरक के निर्माण के लिए 217.54 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति मिली थी। इसमें 108.77 लाख रुपए अवमुक्त कर दिए गए थे। निर्माण कार्य शुरू होने के बाद बकाया धनराशि एक करोड़ आठ लाख रुपए अब अवमुक्त किया गया है। मुर्तिहा में 48 क्षमता के हॉस्टल, बैरक के निर्माण के लिए 217.97 लाख रुपए की स्वीकृति मिली थी। इसमें एक करोड़ आठ लाख रुपए अवशेष रह गया था, जिसे अब जारी कर दिया गया है।

गोंडा में 30वीं वाहनी पीएसी को बकाया धनराशि अवमुक्त

गोंडा में 200 व्यक्तियों की क्षमता वाले भवन निर्माण कार्य के लिए 1081.04 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली थी। 150 लाख रुपए जारी भी किए गए थे, लेकिन उपयोगिता प्रमाणपत्र उपलब्ध नहीं करने के कारण 60 लाख रुपए समर्पित कर दिया गया था। 31 मार्च 2021 को 270.26 लाख रुपए व्यय के लिए पुनः अवमुक्त किया गया था, लेकिन इस बार भी उपयोगिता प्रमाणपत्र नहीं मिलने से 180 लाख रुपए पुनः समर्पित कर दिया गया। फिलहाल शासन ने 60 लाख रुपए देने के लिए पुनः स्वीकृति प्रदान की है।

कसमंडीखुर्द के प्रधान सचिव से होगी वसूली

अमृत विचार, लखनऊ : मलिहाबाद की ग्राम पंचायत कसमंडीखुर्द में विकास कार्य के नाम पर धन का बंदरबांट हुआ। जांच में पुष्टि होने पर प्रधान व दो सचिवों से धनराशि वसूल की जाएगी। जिलाधिकारी ने यह आदेश दिया है और स्पष्टीकरण मांगा है।

दिसंबर में एक शिकायतकर्ता द्वारा उपलब्ध कराए गए बिल व बाउचर के आधार पर सहायक अभियंता लघु सिंचाई व मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने जांच की थी। पाया कि अपव्यय धनराशि की गणना उन कार्यों में की गई, जिसके संबंध में पत्रावलियों में अभिलेख नहीं हैं। बिना आदेश सामान की खरीद और कार्य कराए गए। हैंडपंप रीबोर की संख्या सबसे अधिक दर्शाई गई। इस अनुसार कुल 47997 रुपये अपव्यय मिले। इसमें प्रधान सलीम पर 23998 रुपये, सचिव शैलेष यादव पर 16214 व सचिव तेज कुमार पर 7784 रुपये रिकवरी निकलने पर जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने ग्राम निधि में जमा करने का आदेश दिया है।

छात्रवृत्ति से वंचित अप्रैल में दोबारा कर सकेंगे आवेदन

- पोस्ट मैट्रिक्स योजना के तहत लगभग दो हजार से अधिक छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से रह गए वंचित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पोस्ट मैट्रिक्स छात्रवृत्ति से वंचित हुए दो हजार से अधिक छात्र-छात्राओं के लिए राहत की खबर है। वंचित छात्र अप्रैल में दोबारा आवेदन कर सकेंगे। आवेदन करने के लिए अप्रैल में पोर्टल खोला जाएगा।

बता दें कि पोस्ट मैट्रिक्स के लगभग दो हजार से अधिक छात्र-छात्राएं कॉलेज-विद्यालय की गलती के कारण छात्रवृत्ति से वंचित रह गए। विवरण का मिलान न होने के कारण उनके खाते में छात्रवृत्ति नहीं जा सकी। छात्र-छात्राएं कॉलेज-विद्यालय और समाज कल्याण निदेशालय के चक्कर काटते रहे। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं के लिए 26 अप्रैल से 3 मई तक आवेदन करने के लिए पोर्टल खोला जाएगा। ऐसे छात्र-छात्राएं जिनका डीएलडी और पैरा मेडिकल कोर्स की परीक्षाओं का परिणाम नहीं आया है, वे भी आवेदन कर सकते हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि आवेदन करने के दौरान विवरण की जांच सावधानी से करा लें।

दाखिले के लिए 28,654 ने दी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश के 94 आश्रम पद्धति विद्यालयों में दाखिले के लिए आयोजित परीक्षा में 28,654 बच्चे शामिल हुए। जबकि 5976 ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा का परिणाम 31 मार्च को आएगा।

समाज कल्याण विभाग की ओर से 75 जनपदों के 94 आश्रम पद्धति विद्यालयों में कक्षा छह से नौ तक के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। 11,795 रिक्त सीटों पर दाखिला लेने के लिए कुल 37,313 ने आवेदन किया था। परीक्षा दो पाली में कराई गई। पहली पाली सुबह 9 से 11 और दूसरी पाली दोपहर 1:30 से 3:30 बजे तक हुई। परीक्षा परिणाम 31 मार्च को घोषित होगा। कक्षा 11 के लिए 1264 ने आवेदन किया है। कक्षा 11 में दाखिला मेरिट के आधार पर होगा।

कांधनी, नगला हीरालाल इटावा, कोछाभावर, दुनारा झांसी इन चार विद्यालयों में कुल 1425 प्राप्त आवेदन प्रवेश परीक्षा के लिए आए हैं और यहां परीक्षा शुक्रवार को होगी।

जय प्रकाश नारायण आश्रम पद्धति विद्यालय में परीक्षा देते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

- दो पालियों में 94 एटीएस में हुई परीक्षा, 5976 रहे अनुपस्थित

डिजी लॉकर से नहीं जुड़े तो छात्रवृत्ति से होंगे वंचित

- छात्रवृत्ति योजना में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए नए वित्तीय वर्ष से यूडाइस और आइस किया जाएगा लागू
- डिजी लॉकर से न जुड़ने वाले विद्यालय-कॉलेज के छात्रों को छात्रवृत्ति से धोना पड़ेगा हाथ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : छात्रवृत्ति योजना का लाभ अब फर्जी और अपंजीकृत विद्यालय या कॉलेज नहीं उठा सकेंगे। विद्यालय और कॉलेजों को डिजी लॉकर से जुड़ना होगा, साथ ही छात्रवृत्ति के लिए भेजे जाने वाले विवरण को डिजिटल हस्ताक्षर करके सत्यापित करना होगा।

योजना में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए यूडाइस (यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफार्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन) और आइस (इंफार्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन) को नए वित्तीय वर्ष से लागू किया जाएगा।। यूडाइस केंद्र सरकार का पोर्टल है। इसमें कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते हैं। जबकि आइस में इंटरमीडिएट कर चुके छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते हैं। खास बात यह है कि इस पोर्टल पर वही विद्यालय आवेदन कर सकेंगे, जिनके पास आईडी/प्रमाणपत्र में मुद्रित कोड के साथ नवीनतम मान्यता प्रमाण पत्र हो। आवेदन करते समय विद्यालय और कॉलेजों को आईडी दर्ज करनी होगी। इस प्रक्रिया के लागू होने के बाद परीक्षा परिणाम ऑटोफेच (स्वाचलित रूप से मिल जाएगा) कर लेगा।

> डिजी लॉकर से न जुड़ने वाले कॉलेज-विद्यालय छात्रवृत्ति के लिए आवेदन नहीं कर सकेंगे। प्रयास किया जाएगा कि 20 अप्रैल से यह व्यवस्था लागू कर दी जाए।
>
> – कुमार प्रशांत, निदेशक समाज कल्याण

चार अधिकारियों की होगी बायोमेट्रिक्स

लखनऊ : छात्रवृत्ति में व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए चार नोडल अधिकारी बनाए जाएंगे। इसमें कॉलेज-विद्यालय के प्राचार्य व नोडल अधिकारी, समाज कल्याण निदेशालय के नोडल और विभाग के जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों की बायोमेट्रिक्स कराई जाएगी। इनकी जिम्मेदारी होगी कि कॉलेज-विद्यालय डाटा को डिजिटल सत्यापित करने के बाद भी छात्रों के खाते में धनराशि जाएगी।

इस बार हुई पहले से सुरक्षित होली

अमृत विचार, लखनऊ : होली के त्योहार में हुड़दंग, बवाल, सड़क दुर्घटना न हो, यह कैसे हो सकता है, लेकिन यूपी पुलिस के प्रयासों से इस बार इसमें काफी लगाम लगा। यूपी पुलिस की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले वर्ष की तुलना में इस बार की होली में सड़क दुर्घटनाओं में 65.63 और मृत्युदर में 54.96 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। पुलिस विभाग ने यह आंकड़ा जारी कर पूरे प्रदेश के पुलिस मुलाजिमों का आभार जताया है। शीर्ष अफसरों का कहना है कि पुलिस कर्मियों ने स्वयं होली न खेलकर आम जनमानस की होली अच्छी हो, इसमें सहभागिता निभाई।

वर्ग पहेली-23

बाएं से दाएं

1. 1. ठाकुर होने की अवस्था
3. ऐसा सूक्ष्म जीव जो कपड़ों और बालों में अक्सर पाया जाता है, जूं।
7. अभिमानी, अभिमान करने वाला व्यक्ति घमंडी।
8. मेंढक, दर्दुर।
9. 1. अंगीकार करना, अपना बनाना, ग्रहण करना, स्वीकार कर लेना 2. गले लगाना 3. अपने अधिकार या वश में करना 4. किसी को अपनी शरण में लेना।

ऊपर से नीचे

2. 1. फूलों से भरी हुई अंजली, पुष्पांजलि 2. पूजा में पुष्प अर्पण करने की विधि।
4. याचक को मनचाही चीज़ देकर निहाल कर देने वाला।
5. अत्यंत बलशालिनी।
6. 1. आकर्षक स्त्री, सुंदरी 2. गौतम बुद्ध की एक शक्ति।



वर्ग पहेली -22 का हल

			1 गु			2 अ
3 भं	डा	फो	ड़			प
ग			गु			नी
ड़		4 थो	ड़ा	ब	5 हु	त
	6 पं		ना		जू	
	च			7 सु	री	ला
8 ब	म	भो	ला			

सुडोकू-102

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			2		8			3
6		8			1			
	7		6					1
		6			4	5		
	9						7	
		1	8			3		
4			3		2		9	
						6		2
3			9		7			

सुडोकू -101 का हल

1	5	6	7	9	4	2	3	8
8	4	7	1	2	3	6	9	5
9	3	2	8	5	6	4	1	7
6	9	8	5	3	1	7	2	4
4	2	3	6	7	9	5	8	1
7	1	5	4	8	2	3	6	9
2	6	4	9	1	5	8	7	3
5	8	1	3	6	7	9	4	2
3	7	9	2	4	8	1	5	6

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 मार्च, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी 20.20 तक तत्पश्चात पंचमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-विशाखा 20.36 तक तत्पश्चात अनुराधा।

मेष — आज दांपत्य सुख में वृद्धि होगी। मन में रचनात्मक विचारों का जमावड़ा लगा रहेगा। रुका हुआ सरकारी काम शुरू हो सकता है। शाम को पेट दर्द की शिकायत हो सकती है। नौकरीपेशा लोगों को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बॉस से प्रशंसा मिल सकती है।

वृष — आज विरोधियों के बीच आपका खासा प्रभाव रहेगा। आपके सभी कार्य समय पर पूर्ण होंगे। वृद्धजनों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको बड़ी सफलता मिल सकती है। निर्माण क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है।

मिथुन — आज ऑनलाइन गतिविधियों में बच्चे काफी रुचि लेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर आप भावुक हो सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर काफी गंभीर रहेंगे। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आय के नए स्रोत विकसित हो सकते हैं।

कर्क — आज स्वास्थ्य के लिए आपको सावधान रहना चाहिए। बोलचाल के दौरान सभ्य भाषा का प्रयोग करें। महंगी वस्तुओं को खरीदने से आपके बजट पर असर पड़ सकता है। आपकी दिनचर्या में कुछ बदलाव आ सकता है।

सिंह — आज व्यापार में आपको अपेक्षा के अनुसार लाभ प्राप्त नहीं होगा। शुभ चिंतकों और मित्रों से आप सहायता ले सकते हैं। जॉब में बदलाव करने के मौके मिलने की प्रबल संभावना है। आपके आत्मबल और कार्यदक्षता में वृद्धि होगी।

कन्या — आज साझेदारी वाले व्यवसाय में एकाधिकार जताने की प्रवृत्ति पर नियंत्रण आवश्यक है। अत्यधिक कार्यभार के कारण तनाव का सामना करना पड़ेगा। अधीनस्थ कर्मचारियों की गतिविधियों पर नजर बनाए रखें।

तुला — आज प्रियजनों के साथ आपके मधुर संबंध रहेंगे। रचनात्मक कार्यों में कारण आपको प्रसिद्धि मिल सकती है। आपकी बातों से लोग काफी प्रसन्न रहेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। भोग-विलास की वस्तुओं पर धन खर्च करेंगे।

वृश्चिक — आज किसी भी काम को टालने की प्रवृत्ति से बचें। माता का स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। मधुमेह के रोगियों को दवाइयों का सेवन सावधानी से करना चाहिए। आपको अकारण भागदौड़ करनी पड़ सकती है। आशावादी दृष्टिकोण बनाए रखें।

धनु — आज वित्तीय योजनाओं का सफल कार्यान्वयन कर पायेंगे। घर के सभी सदस्यों का रूख आपके प्रति सहयोगात्मक रहेगा। व्यस्तता के बावजूद परिवार को पर्याप्त समय देंगे। मित्रों से आपको उपयोगी सलाह प्राप्त होगी। दिल की अपेक्षा दिमाग से काम लें।

मकर — आज आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहने वाला है। बच्चों को माता-पिता से सलाह और विचार-विमर्श करना चाहिए। अविवाहित लोगों के रिश्ते की चर्चा चल सकती है। व्यापारिक प्रगति से मन उत्साहित रहेगा।

कुंभ — आज व्यापार के लिए यात्रा करने के योग बन रहे हैं। फोन के माध्यम से शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं। उच्च शिक्षा में बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। आप सेहत को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं। काम की अधिकता के कारण तनाव हो सकता है।

मीन — आज किसी के प्रति में गलत विचार न लाएं। बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान रखें। बॉस से डांट खानी पड़ सकती है। शोध कार्यों में रुचि ले सकते हैं। दांपत्य संबंधों में नवीनता आएगी। बैंकिंग और आईटी से जुड़े क्षेत्र में कुछ समस्या हो सकती है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- विरासत — सुबह : 10.44
- वीरगति — रात : 07.00

&pictures
- हसीना मान जाएगी — सुबह : 11.09
- बंगाल टाइगर — शाम : 05.23

SONY PIX
- एक्वामैन — सुबह : 09.33
- व्हाइट हाउस डाउन — रात : 08.45

ZEE CINEMA
- जब हैरी मेट सेजल — दोपहर : 12.00
- गदर — रात : 08.05

colors CINEPLEX
- भागम भाग — सुबह : 08.05
- भेड़िया — रात : 07.02

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर दोपहर : 12.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

भिखारी-साहब 20 रुपये दो न, कॉफी पीनी है।
आदमी-लेकिन कॉफी तो 10 रु. की आती है!
भिखारी-मेरी गर्लफ्रेंड भी साथ में है न
आदमी-अरे! भिखारी होकर तूने गर्लफ्रेंड बना रखी है।
भिखारी-नहीं जी, गर्लफ्रेंड ने मुझे भिखारी बना दिया है।

लड़की अपने बॉयफ्रेंड को अपनी मां से मिलवाने ले गई।
लड़की-मेरी मां को तुम बहुत पसंद आए।
लड़का-कुछ भी हो मैं शादी तो तुमसे ही करूंगा। तु मम्मी से बोल दे कि,वो मुझे भूल जाएं।

जब अटल ने पदमसेन चौधरी को दिल्ली बुलाकर दिया था टिकट

राजू जायसवाल, बहराइच

पदमसेन चौधरी

अमृत विचार: बहराइच लोकसभा सीट पर सांसद रुद्रसेन चौधरी के निधन के बाद उनके बेटे पदमसेन चौधरी को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने दिल्ली बुलाकर लोकसभा का टिकट दिया था।

उन्होंने पूर्व मंत्री आरिफ मोहम्मद खान वर्तमान में केरल के राज्यपाल को चुनाव में हराकर जीत दर्ज की थी। कहने को कांग्रेस ने देश में 70 साल राज किया था, लेकिन बहराइच लोकसभा क्षेत्र की जनता ने ज्यादातर भाजपा और उससे जुड़े उम्मीदवार को अपना समर्थन देकर जीत दिलाई। वर्ष 1977 के बाद होने वाले लोकसभा चुनाव की बात करें तो कांग्रेस ने तीन और भाजपा ने चार बार लोकसभा चुनाव में बहराइच सीट से जीत दर्ज की है। वर्ष 2004 के चुनाव में सपा प्रत्याशी ने चुनाव जीता था। वर्ष 1996 में भारतीय जनता पार्टी के तत्कालीन सांसद रूद्र सेन चौधरी का निधन हो गया था। 2 मार्च 1996 को उनका अंतिम संस्कार हुआ। अंतिम संस्कार के पांचवें दिन पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई रुद्रसेन चौधरी के पैतृक आवास मैगला गांव पहुंचे। उन्होंने रुद्रसेन चौधरी के पुत्र पदम सेन चौधरी को कुछ दिन बाद दिल्ली बुला लिया। इसके बाद उन्होंने पदम सिंह चौधरी को बहराइच लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए तैयार किया। वर्तमान में विधान परिषद सदस्य पदम सिंह चौधरी ने बताया कि अटल जी ने सौम्यता के साथ बहराइच लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद उन्हें टिकट मिला। उन्होंने भाजपा के टिकट पर वर्ष 1996 और फिर वर्ष 1999 के लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज करते हुए पिता की सीट को बचाए रखा।

मजबूत जड़ व जमीनी पकड़ के नेता थे मित्रसेन

फैजाबाद से तीन बार सांसद और मिल्कीपुर से छह बार चुने गए थे विधायक, निर्दल चुनाव लड़कर दी थी मुलायम सिंह को चुनौती

इंदुभूषण पांडेय, अयोध्या

अतीत के झरोखे से

अमृत विचार : सन 1977 में फैजाबाद (अब अयोध्या) जिले की मिल्कीपुर विधानसभा सीट से पहली बार विधायक चुने गए खांटी वामपंथी विचारधारा वाले मित्रसेन यादव आगे चलकर जिले की राजनीति में सबसे मजबूत जड़ और जनता में पकड़ वाले नेता साबित हुए। फैजाबाद लोकसभा सीट से तीन दलों से तीन बार सांसद बनने का उनका रिकॉर्ड है। साथ ही वह जिले की मिल्कीपुर विधानसभा से छह बार विधायक भी चुने गए। और तो और वर्ष 1999 में सपा सांसद रहते मुलायम सिंह यादव ने मित्रसेन का टिकट काट दिया तो मित्रसेन यादव ने मुलायम सिंह यादव को खुली चुनौती देकर निर्दल चुनाव लड़ा और समाजवादी पार्टी की फैजाबाद सीट पर बुरी तरह से जमानत जब्त करवाई। हालांकि वह खुद भी जीत नहीं पाए।

आजादी के बाद से अब तक हुए लोकसभा चुनाव में फैजाबाद संसदीय सीट से समय- समय कुल नौ लोग सांसद चुने गए हैं। सन 1957 में पहले सांसद भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजाराम मिश्र चुने गए तो वहीं 2019 के आखिरी चुनाव में मौजूदा सांसद लल्लू सिंह विजयी हुए थे। इस सीट पर सर्वाधिक तीन बार तीन दलों से सांसद चुने जाने का रिकॉर्ड मित्रसेन यादव के नाम है। 1989 में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़कर उन्होंने कांग्रेस के निर्मल खत्री को धूल चटाई थी तो वहीं 1998 में समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़कर भाजपा के तब के कद्दावर सांसद विनय कटियार को परास्त किया था। फिर 2004 के लोकसभा चुनाव में मित्रसेन यादव को बहुजन समाज पार्टी ने टिकट दिया और उन्होंने तब के मौजूदा भाजपा सांसद विनय कटियार को शिकस्त दी थी।

फैजाबाद की सियासी जमीन पर अपने दम और जमीनी पकड़

मित्रसेन यादव

1999 के लोकसभा चुनाव में निर्दल लड़कर मित्रसेन यादव ने साबित किया। दरअसल 1998 के लोकसभा चुनाव में मित्रसेन यादव सपा से सांसद चुने गए थे। सांसद रहते हुए मित्रसेन का टिकट 1999 के चुनाव में मुलायम सिंह यादव ने काट दिया और यहां से हीरालाल यादव को टिकट दे दिया। फिर क्या था, मित्रसेन यादव ने न सिर्फ खुली बगावत की बल्कि मुलायम सिंह यादव को चुनौती दे दी कि फैजाबाद में उनके प्रत्याशी की जमानत जब्त करा दूंगा। मित्रसेन यादव निर्दल चुनाव लड़ गए। मुलायम सिंह यादव ने उनके गढ़ मिल्कीपुर में ताबड़तोड़ तीन जनसभाएं कीं लेकिन जब चुनाव का परिणाम आया तो मित्रसेन यादव को 79343 और समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी हीरालाल यादव को मात्र 85213 वोट हासिल हुए और जमानत बुरी तरह जब्त हो गई।

दरअसल जिले की राजनीति में मित्रसेन यादव की पकड़ अपने जातिगत्व यादव मतदाताओं के साथ-साथ दलित और मुसलमानों में गहरी पैठ थी। वह जिस भी दल से लोकसभा का चुनाव लड़े या विधानसभा का इन जातियों का बहुतायत वोट मित्रसेन के पक्ष में लामबंद हुआ। इसी कूबत पर फैजाबाद संसदीय सीट से तीन बार सांसद चुने जाने का उनका रिकॉर्ड तो है ही, मिल्कीपुर विधानसभा सीट से वह छह बार विधायक चुने गए। और तो और अपनी सियासी जमीन पर अपने बेटे आनंदसेन यादव को जब उन्होंने सियासी मैदान में उतारा तो वह भी तीन बार विधायक अब तक चुने जा चुके हैं। आज की तारीख में रुदौली विधानसभा सीट से भाजपा के विधायक रामचंद्र यादव को भी पहली बार मिल्कीपुर विधानसभा सीट से उपचुनाव लड़वाकर मित्रसेन ने उन्हें विधायक बनाया था। फैजाबाद संसदीय सीट से मित्रसेन के बाद विनय कटियार भी तीन बार क्रमशः 1991, 1996 व 1999 में सांसद चुने जा चुके हैं। इसके अलावा कांग्रेस के रामकृष्ण सिन्हा का 1967 और 1971 में दो बार सांसद चुने जाने का रिकॉर्ड है तो वहीं कांग्रेस के निर्मल खत्री क्रमशः 1984 व 2009 में यहां से सांसद चुने गए। भाजपा के लल्लू सिंह हैं जिन्हें 2004 के बाद से भाजपा लगातार इस सीट से टिकट देती रही है।

वह 2004 के चुनाव में मित्रसेन यादव और 2009 के चुनाव में निर्मल खत्री के मुकाबले हारे। लल्लू सिंह 2014 और 2019 में सांसद चुने गए। इस बार फिर 2024 में भी भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने लल्लू सिंह पर दांव लगाया है। अगर वह बाजी मार ले जाते हैं तो यह भाजपा की इस सीट पर हैट्रिक होगी।

ये कर सकेंगे पोस्टल बैलेट से मतदान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रदेश के जिला निर्वाचन अधिकारियों को आयोग के निर्देश सुनिश्चित करने को कहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 12 आवश्यक सेवाओं में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग (आकस्मिक एवं एम्बुलेंस सेवा), डाक विभाग, ट्रैफिक पुलिस, रेलवे, विद्युत विभाग, नागरिक उड्डयन विभाग, मेट्रो रेल कारपोरेशन, दूरदर्शन, ऑल इण्डिया रेडियो, भारत संचार निगम लिमिटेड के ऐसे कार्मिक जो मतदान दिवस से सम्बन्धित ड्यूटी पर व मतदान दिवस की कवरेज के आयोग द्वारा प्राधिकृत मीडिया प्रतिनिधि को पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा दी गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इन 12 सेवाओं के कार्मिक मतदान दिवस के दिन ड्यूटी पर होने के कारण पोलिंग स्टेशन पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर मतदान करने की स्थिति में न हों, उनकी ओर से फार्म-12 डी भरा जाएगा व विभाग के नामित नोडल अधिकारी से सत्यापित कराकर अधिसूचना जारी होने के पांच दिन के अंदर रिटर्निंग आफिसर के पास जमा किया जाएगा।

गढ़ बचायें या सम्मान, चक्रव्यूह में घिरा गांधी परिवार

रायबरेली में प्रत्याशी की घोषणा पर सबकी निगाहें टिकी, घटते जनाधार को लेकर चिंतित हैं दिग्गज

दिलीप सिंह, रायबरेली

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। पहले दौर के नामांकन के साथ प्रचार-प्रसार भी प्रत्याशी करने लगे हैं। लेकिन सबकी निगाहें कांग्रेस के गढ़ कहे जाने वाले रायबरेली और अमेठी की सीट पर लगी हुई है। इन दोनों सीटों पर अभी तक कांग्रेस ने पत्ते नहीं खोले हैं।

भाजपा ने केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी को अमेठी से प्रत्याशी बना दिया है। रायबरेली सीट के लिए कांग्रेस, भाजपा और न ही बसपा की ओर से किसी उम्मीदवार की घोषणा की गई। सबसे अधिक उलझन कांग्रेस की है। वजह, दोनों सीटों को बचाने की चुनौती। भाजपा के चक्रव्यूह में फंसने के कारण ही पिछली बार अमेठी सीट से हाथ धोना पड़ा। इस बार भाजपा रायबरेली पर भी मजबूत दावा पेश कर रही है। राहुल गांधी पहले ही अमेठी से नहीं लड़ने का संकेत देते हुए लगभग स्मृति ईरानी को वाक ओवर दे चुके हैं। अब रायबरेली में प्रत्याशी की घोषणा में देरी और प्रियंका वाड्रा गांधी की ओर किसी तरह के संकेत नहीं मिलने से कांग्रेस कार्यकर्ता भी हताश होते जा रहे हैं। कांग्रेस की ओर से प्रत्याशी घोषणा में देरी का फायदा उठाते हुए भाजपा हर दिन खुद को मजबूत कर रही है।

पिछले चुनावों में घटते जनाधार को लेकर कांग्रेस के दिग्गज चिंतित हैं। यही वजह है कि कहीं न कहीं प्रत्याशी घोषणा में देरी हो रही है। यदि गांधी परिवार से प्रियंका वाड्रा गांधी आती है तो कार्यकर्ताओं में भले जान आ जाए। इसके अलावा यदि कोई और उतरता है तो कहीं न कहीं संगठन की कमजोर कड़ियां भी खुलकर सामने आ सकती हैं।

एक मंच पर सबको लाना भाजपा के लिए चुनौती



जीत के लिए दम भर रही भाजपा की राह भी आसान नहीं है। जिले में भाजपा नेता कई हिस्सों में बंटे हुए हैं। सबको एक मंच पर लाना किसी चुनौती से कम नहीं है। यही वजह है कि अभी तक यहां पर प्रत्याशी की घोषणा नहीं हो सकी। मजबूत दावेदार राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह के साथ पूर्व सांसद राघवेंद्र सिंह और पूर्व प्रत्याशी एडवोकेट अजय अग्रवाल दावा पेश कर रहे हैं। टिकट किसी को भी मिले, यदि आपसी मतभेद समाप्त नहीं हुआ तो हाल नगर निकाय चुनाव जैसा होने से भी इन्कार नहीं किया जा सकता है।

वीआइपी सीट रायबरेली

2014 से घटा जनाधार हवाबाजी करते रहे कांग्रेसी

गांधी परिवार के लिए अमेठी के बाद रायबरेली सबसे सुरक्षित सीट मानी जाती है। वजह, फिरोज गांधी से लेकर इंदिरा गांधी का सीधा आमजनमानस का जुड़ाव होना था। यही वजह है कि पहली बार जब सोनिया गांधी ने रायबरेली से चुनाव लड़ा तो लोगों ने हाथों हाथ लिया। सोनिया के पक्ष में प्रचार की बागडोर लेकर गांव-गांव लोग निकल पड़े। यह जरूर रहा कि इसका श्रेय लेने में पार्टी के नेता नहीं चूके। पोल खुली 2014 से जब चुनाव में जनाधार घटा। इसके बाद भी जिले के दिग्गज कांग्रेसी हवाबाजी करने से बाज नहीं आए। इसके बाद 2019 के चुनाव में भाजपा ने लंबा छलांग लगाते हुए जीत के अंतर को काफी कम कर दिया है। घटते जनाधार का सही मायने में संगठन का भी अहम रोल रहा है। वर्तमान में धरातल पर कम कागजों पर जिले में कांग्रेस कार्यकर्ता अधिक सक्रिय हैं। यह सबकुछ गांधी परिवार भी लगभग समझ चुका है। प्रत्याशी घोषणा में देरी की वजह पहले की तरह सीट महफूज न होना भी है।

मनोज का आना भाजपा के लिए शुभ संकेत

समाजवादी पार्टी के दिग्गज नेता ऊंचाहार विधायक डा. मनोज कुमार पांडेय द्वारा मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा देना और भाजपा का समर्थन करने से कहीं न कहीं जिले का समीकरण कांग्रेस के लिए गड़बड़ा गया है। ऊंचाहार विधायक डा. मनोज कुमार पांडेय का आना भाजपा के लिए शुभ संकेत माना जा रहा है। राजनीतिक जानकारों की माने तो इसका असर आगामी लोकसभा चुनाव में पड़ना तय है। अंदर खाने में तो डा. मनोज पांडेय को एक मजबूत दावेदार के रूप में भी पेश किया जाने लगा है। हाल ही में उन्होंने भाजपा के शीर्ष नेताओं से भी मुलाकात की है।

अरविंद सेन पर भाकपा ने लगाया दांव

अयोध्या में वामपंथ बनाम दक्षिण

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

- भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी के प्रदेश सचिव रह चुके स्वर्गीय मित्र सेन यादव के पुत्र हैं अरविंद सेन

अरविंद सेन

अमृत विचार : वर्तमान सियासत के केंद्र बिंदु अयोध्या में इंडिया गठबंधन को तगड़ा झटका लगा है। गठबंधन में शामिल भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी ने फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र से अपना प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतार दिया है। मंदिर आंदोलन के दौर में शायद यह दूसरा मौका है जब सियासी ऊर्जा केंद्र पर वामपंथी दल भाकपा ने अपना प्रत्याशी उतारा है। चुनावी हल्के में इसको लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

भाकपा ने प्रदेश की चार अन्य लोकसभा सीटों शाहजहांपुर (अ.जा.), लालगंज, घोसी, रार्बटसगंज के साथ फैजाबाद लोकसभा सीट से अपना प्रत्याशी उतारा है। इस सीट से कामरेड अरविंद सेन को प्रत्याशी बनाया है। वह पूर्व आईपीएस अफसर हैं। भविष्य में कुछ अन्य सीटों से प्रत्याशी उतारे जाने की संभावना है। प्रदेश में इनकी कुल संख्या सात तक जा सकती है। ऐसा पार्टी सूत्रों से संकेत मिले हैं।

इंडिया गठबंधन ने फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र से अपना प्रत्याशी पहले ही उतार दिया है। प्रत्याशी मिल्कीपुर से सपा विधायक अवधेश प्रसाद को बनाया गया है। सियासी हल्के और पार्टी के अंदरखाने में तरह-तरह की चर्चा है। सियासी हल्के में गठबंधन धर्म न निभाने की बात कही जा रही है तो पार्टी में इंडिया गठबंधन में भाकपा की उपेक्षा किए जाने की बात कही जा रही है। इसे प्रदेश में भाकपा को एक भी सीट न दिए जाने का परिणाम कहा जा रहा है। अन्य सीटों को छोड़ दिया जाए तो अयोध्या के नाते फैजाबाद सीट खास महत्व रखती है। राम मंदिर आंदोलन के चलते इस सीट पर सियासी तौर पर सपा और भाजपा आमने सामने रही है। दोनों की हरसंभव कोशिश रही है कि इस सीट को जीतकर पूरे देश को सियासत का नया संदेश दिया जाए। दोनों के लिए यह सीट नाक का सवाल बनी हुई है। ऐसे में सपा ने इंडिया गठबंधन ने नया प्रयोग किया। सामान्य सीट पर अनुसूचित जाति से आने वाले अवधेश प्रसाद को मैदान में उतारा, लेकिन चुनाव के ठीक पहले भाकपा ने अपना प्रत्याशी देकर जंग का समीकरण बदलने का प्रयास किया। अब एक ओर सपा और भाजपा के बीच सियासी लड़ाई की स्थिति बनेगी तो दूसरी ओर दक्षिण और वामपंथ की वैचारिक लड़ाई को बल मिल सकता है। यह इसलिए भी कि इस सीट पर अतीत में भाकपा का जनाधार भी रहा है। मंदिर आंदोलन के बाद यह दूसरा मौका है जब पार्टी ने अपना प्रयोग दोहराया है। सन् 1989 में भाकपा ने कामरेड मित्रसेन यादव को चुनाव मैदान में उतारा था। उनको दूसरे दलों ने भी समर्थन किया था। उन्होंने यह सीट कांग्रेस से छीन ली थी। वह सांसद बन गए थे। वह अब नहीं रहे तो उनके पुत्र कामरेड अरविंद सेन को मैदान में उतार दिया। बताया गया कि सेवानिवृत्ति के साथ ही पूर्व आईपीएस अरविंद सेन ने इस पर काम करना शुरू कर दिया था। सेवानिवृत्त होने के साथ ही उन्होंने भाकपा की सदस्यता ले ली थी। फिलहाल भाकपा से प्रत्याशी उतारे जाने के बाद नए सियासी समीकरण बनेंगे व बिगडेंगे। जीत-हार से इतर इंडिया गठबंधन को झटका लगा है। हालांकि इंडिया गठबंधन से जुड़े लोग अब नई रणनीति से चुनाव लड़ने की बात करते है।

बसपा के दांव पर टिकी सपा, भाजपा की उम्मीदें

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

भाजपा व सपा के अलावा किसी दल का नहीं दिखा प्रचार

कीर्तिवर्धन सिंह

श्रेया वर्मा

- अभी तक बसपा ने नहीं उतारा उम्मीदवार
- सपा और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला होने के संकेत

गोंडा लोकसभा से इस बार भाजपा व सपा के अलावा किसी अन्य दल के उम्मीदवार की घोषणा नहीं की गई है। बसपा चुप है तो अन्य छोटे क्षेत्रीय दल भी चुप्पी साधे है। कम्युनिस्ट पार्टी ने भी अभी तक चुप है। हालांकि इंडिया गठबंधन में कम्युनिस्ट भी शामिल है। इसके अलावा आप, पीस पार्टी व अन्य दल भी सामने नहीं आए हैं। हो सकता है कि आगे चलकर इसमें किसी दल का उम्मीदवार घोषित हो लेकिन वर्तमान परिदृश्य में सभी परदे के पीछे ही नजर आ रहे हैं।

गोंडा लोकसभा में विधानसभा वार मतदाता

विधानसभा	मतदाता	पुरुष	महिला	थर्ड जेंडर
गोंडा	352430	187839	164561	30
मेहनौन	372559	203352	172196	11
मनकापुर	333968	178042	155926	00
गौरा	327327	176726	150593	08
उतरौला	426913	231116	195767	30
योग-	1813197	977075	839043	79

भाजपा व सपा के अलावा किसी दल का नहीं दिखा प्रचार

भाजपा का 2019 का प्रदर्शन बेहतर रहा, लेकिन बसपा व सपा के गठबंधन के उम्मीदवार रहे विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह ने सीधी टक्कर दी थी, जबकि कांग्रेस से कृष्णा पटेल मैदान में थीं। पीस पार्टी से मसूद खां ने ताल ठोका था। तीन दलों की लड़ाई में मैदान भाजपा ने मारा था। इसी तरह 2014 में भाजपा से कीर्तिवर्धन सिंह, सपा से नंदिता शुक्ला, बसपा से अकबर अहमद डंपी और कांग्रेस से बेनी प्रसाद वर्मा मैदान में थे। इस चतुष्कोणीय चुनाव में भाजपा के कीर्तिवर्धन सिंह चुनाव जीते थे। चारों उम्मीदवारों को एक लाख से अधिक मत प्राप्त हुए थे। इसमें भाजपा के कीर्तिवर्धन सिंह को 359643, सपा की नंदिता को 199227, बसपा के अकबर अहमद डंपी को 116178 तथा कांग्रेस के बेनी प्रसाद वर्मा को 102254 मत प्राप्त हुए थे। 2009 में भी चतुष्कोणीय मुकाबला हुआ था। इसमें भाजपा से राम प्रताप सिंह, बसपा से कीर्तिवर्धन सिंह, सपा से विनोद कुमार सिंह उर्फ पंडित सिंह चुनाव मैदान में थे। इसमें कांग्रेस से बेनी प्रसाद वर्मा चुनाव जीत गए थे। 2004 में सपा से कीर्तिवर्धन सिंह, भाजपा से घनश्याम शुक्ला, कांग्रेस से डा विनय कुमार पांडेय मैदान में थे।

इसी तरह 1999 में बीजेपी से बृजभूषण शरण सिंह, सपा से कीर्तिवर्धन सिंह, कांग्रेस से दीप नरायन पांडेय व बसपा से अयोध्या नरेश पांडेय चुनाव मैदान में थे। 1998 में भाजपा, सपा, कांग्रेस व बसपा के उम्मीदवार चुनावों में त्रिकोण या चतुष्कोणीय मुकाबला बनाते देखे गए।

251 बार जेल जाकर लिम्का बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज करा चुके हैं सपा उम्मीदवार रविदास मेहरोत्रा

दोहरी बिसात के सहारे हैट्रिक पर वार

जीशान कदीर, लखनऊ

अमृत विचार : 251 बार जेल जाकर लिम्का बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज कराने वाले सपा विधायक रविदास मेहरोत्रा इस बार लखनऊ लोक सभा सीट से चुनाव मैदान में हैं। कांग्रेस ने सपा के साथ मिलकर इन्हें देश के रक्षा मंत्री व लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह के खिलाफ उतारा है। सांसद राजनाथ सिंह की हैट्रिक पर रोक लगाने के लिए इण्डिया गठबंधन दोहरी बिसात बिछा रहा है। ऐसे में वोटों की गुणा- गणित किस पक्ष को मजबूत करेगी, ये बड़ा और अहम सवाल बना हुआ है।

आंकड़ों पर गौर करें तो वर्ष 2019 में राजनाथ सिंह को 6,33,026 मत पाकर 56.70 प्रतिशत वोट मिले। ऐसे में दूसरे स्थान पर रहीं सपा की पूनम सिन्हा को 2,85,724 मत मिले, जो 25.59 प्रतिशत रहा। कांग्रेस के प्रमोद कृष्णन को 1,80,011 वोट मिले, इनके वोटों का प्रतिशत 16.12 रहा। चूंकि इस बार आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन से केवल रविदास मेहरोत्रा ही चुनाव मैदान में हैं। ऐसे में गुणा-गणित के बीच सपा और कांग्रेस के प्रत्याशियों के वोटों को अगर एक साथ जोड़ लिया जाए तब भी ये 42 फीसद का आंकड़ा नहीं छू पा रहें हैं। ऐसे में रविदास मेहरोत्रा से हार -जीत को लेकर बात की गई तो उन्होंने कहा कि वे जमीन से जड़े हुए नेता हैं।

लखनऊ का सियासी गणित

इस वजह से गठबंधन कर रहा भरोसा

वर्ष 2017 के विधान सभा चुनाव में ब्रजेश पाठक के सामने रविदास मेहरोत्रा चुनाव लड़े थे। दोनों के बीच हार-जीत का फासला महज 5 हजार वोट का था। उस समय कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार अगर न उतारा होता तो फिर बृजेश पाठक को शिकस्त का सामना करना पड़ता। इसी आधार पर अखिलेश यादव ने रविदास मेहरोत्रा को पहले लखनऊ लोकसभा सीट इण्डिया गठबंधन के उम्मीदवार घोषित हुए।

केकेसी कॉलेज से शुरू हुआ सियासी सफर

रविदास मेहरोत्रा ने लखनऊ के केकेसी कॉलेज से अपना सियासी सफर शुरू किया। पहली बार छात्रसंघ चुनाव लड़ा और उपाध्यक्ष बने। मुलायम सिंह यादव के बेहद करीबी माने जाने वाले रविदास 1989 में लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट से विधायक चुने गए। इसके बाद वर्ष 2012 में दोबारा लखनऊ मध्य से विधायक बने। सपा शासन में कैबिनेट मंत्री के साथ-साथ कई विभागों की जिम्मेदारी भी इन्हें मिल चुकी है।

कुछ इस तरह से है लखनऊ का जातिगत समीकरण

वर्ष 2011 के आंकड़ों पर गौर करें तो लखनऊ की जनगणना में 71 प्रतिशत हिंदू आबादी मिली। 26 फीसद से कुछ अधिक मुसलमान हैं। तीसरी बड़ी आबादी ओबीसी है, जो 28 प्रतिशत है। इसके बा दअनुसूचित जाति की आबादी है, ये 14 प्रतिशत के करीब हैं। .2 प्रतिशत की आबादी अनुसूचित जनजाति की है। ब्राम्हण और राजपूत वोटरों की संख्या भी है।

लखनऊ लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र हैं शामिल

गोल्डेन सिटी कही जाने वाली लखनऊ संसदीय क्षेत्र में लखनऊ ईस्ट, लखनऊ वेस्ट, लखनऊ नार्थ, लखनऊ कैंट व लखनऊ सेंट्रल विधानसभाएं शामिल हैं। इनमें वेस्ट व सेंट्रल पर सपा के विधायक हैं। वहीं अन्य तीन सीटों पर भाजपा का कब्जा है।

लखनऊ सीट से कब कौन जीता

चुनाव	विजयी	उम्मीदवार
1952	विजय लक्ष्मी पण्डित	कांग्रेस
उप चुनाव	श्योराजवती नेहरू	कांग्रेस
1957	पुलिन बिहारी बनर्जी	कांग्रेस
1962	बीके धवन	कांग्रेस
1967	आनंद नारायण मुल्ला	निर्दलीय
1971	शीला कौल	कांग्रेस
1977	हेमवती नंदन बहुगुणा	जनता पार्टी
1980	शीला कौल	कांग्रेस
1984	शीला कौल	कांग्रेस
1989	मांधाता सिंह	जनता दल
1991	अटल बिहारी बाजपेई	भाजपा
1996	अटल बिहारी बाजपेई	भाजपा
1998	अटल बिहारी बाजपेई	भाजपा
1999	अटल बिहारी बाजपेई	भाजपा
2004	अटल बिहारी बाजपेई	भाजपा
2009	लालजी टण्डन	भाजपा
2014	राजनाथ सिंह	भाजपा
2019	राजनाथ सिंह	भाजपा

पिछले चुनावों के नतीजे

वर्ष 2019
राजनाथ -6,33,026
पूनम सिन्हा- 2,85,724
प्रमोद कृष्णन- 1,80,011

वर्ष 2009
लालजी टण्डन-2,04,028
रीता बहुगुणा जोशी- 1,63,127
अखिलेश दास गुप्ता-1,33,610
नफीसा अली-61,457

वर्ष 2014
राजनाथ सिंह-5,61,106
रीता बहुगुणा जोशी- 2,88,357
नकुल दुबे-64,449
अभिषेक मिश्र- 56,771

वर्ष 2024
कुल वोटर- 21.47 लाख
पुरुष मतदाताओं की संख्या-11.65 लाख
महिला मतदाताओं की संख्या-9.82

बाजार	सेंसेक्स ▲	निफ्टी ▲
बंद हुआ	73651	22326
बढ़त	655	203
प्रतिशत में	0.90	0.92

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, शुक्रवार, 29 मार्च 2024

एक नजर

टोयोटा के चुनिंदा वहान होंगे एक प्रतिशत महंगे

नयी दिल्ली। यात्री वाहन बनाने वाली कंपनी टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अपने कुछ वाहनो के विशिष्ठ मॉडल की कीमतों में एक अप्रैल से एक फीसदी की वृद्धि करने की आज घोषणा की। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि लागत बढ़ने और परिचालन व्यय में बढोतरी के कारण यह वृद्धि की जा रही है।

रुपया छह पैसे गिरकर 83.39 प्रति डॉलर पर बंद

मुंबई। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और प्रमुख प्रतिद्वन्द्वियों मुद्राओं की तुलना में डॉलर के मजबूत होने के कारण अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया छह पैसे की गिरावट के साथ 83 .39 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

किसानों को बारिश व ओलावृष्टि से रबी फसलों की क्षतिपूर्ति का इंतजार

2 व 3 मार्च को सर्वे पूरा, तय समय पर आकलन और भुगतान नहीं कर पाईं कंपनियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में 2 व 3 मार्च को बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद रबी फसलों की क्षतिपूर्ति का किसानों को इंतजार है। बीमा कंपनियों ने देर-सबेर और कृषि विभाग के दबाव में सर्वे तो पूरा कर लिया है लेकिन, नुकसान का आकलन और भुगतान अब तक नहीं कर पाई हैं। यह भी कहा जा रहा कि कंपनियां क्लेम बचाने के चक्कर में क्षतिपूर्ति के व्यक्तिगत दावों को अनदेखा कर रही हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत आठ हजार से अधिक किसानों ने व्यक्गित दावा किया था। इसमें कितने निरस्त और स्वीकृत हुए, कितनी क्षतिपूर्ति बनी यह कह पाना संबंधित कृषि विभाग के लिए भी मुश्किल है। क्योंकि कंपनियों ने झांसी को छोड़कर बाकी जिलों की रिपोर्ट नहीं दी है। वहीं, राजस्व विभाग तीन दिन के अंदर सर्वे कर रिपोर्ट सौंप चुका है।

> सभी जिलों में सर्वेक्षण हो गया है। सिर्फ झांसी की रिपोर्ट मिली है। जबकि अन्य जिलों का आकलन और भुगतान प्रक्रिया में है। रिपोर्ट मांगी है। इससे जल्द से जल्द किसानों को भुगतान किया जा सके।
> – उमा शंकर सिंह, उपनिदेशक फसल बीमा एवं सांख्यिकी।

14 लाख किसानों ने कराया था फसल बीमा

रबी में गेहूं, जौ, मटर, सरसों, मसूर, आलू आदि फसलों का योजना के तहत 14 लाख तक किसानों ने बीमा कराया है। बीमा कंपनियों ने किसानों के साथ केंद्र व राज्य अंश प्रीमियम के तौर पर लिया है और आपदा के समय इन्हीं किसानों ने टोलफ्री नंबर पर व्यक्तिगत दावा किया था। ऐसी स्थिति में गाइडलाइन के अनुसार 15 दिन के अंदर सर्वेक्षण व नुकसान का आकलन करना होता है और और एक माह के अंदर 25 प्रतिशत धनराशि देय होती है। जबकि शेष राशि कटाई के दौरान भुगतान की जाती है।

ल्यूमिनस ने उत्तराखंड में सौर पैनल कारखाने का उद्घाटन किया

नयी दिल्ली। ऊर्जा समाधान प्रदाता ल्यूमिनस पावर टेक्नोलॉजीज ने उत्तराखंड के रुद्रपुर में अपने सौर पैनल विनिर्माण कारखाने को शुरू कर दिया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि सौर पैनल विनिर्माण में नवीनतम प्रगति से सुसज्जित इस इकाई में अधिकतम दक्षता और न्यूनतम पर्यावरणीय प्रभाव सुनिश्चित करने के लिए डिजायन की गई अत्याधुनिक तकनीक और बुनियादी ढांचा है। बयान के अनुसार, उद्घाटन समारोह में पूर्व क्रिकेटर और ल्यूमिनस के ब्रांड अम्बैसडर सचिन तेंदुलकर, ल्यूमिनस पावर टेक्नोलॉजीज की मुख्य कार्यपालक अधिकारी और प्रबंध निदेशक प्रीति बजाज और ल्यूमिनस बोर्ड के चेयरमैन एवं श्नाइडर इलेक्ट्रिक के अंतरराष्ट्रीय परिचालन के कार्यकारी उपाध्यक्ष मनीष पंत उपस्थित थे।

अडाणी परिवार ने अंबुजा सीमेंट्स में किया निवेश

नयी दिल्ली, एजेंसी

- 6,661 करोड़ रुपये के निवेश से हिस्सेदारी 66.7 % हुई

अडाणी परिवार ने अंबुजा सीमेंट्स में 6,661 करोड़ रुपये के निवेश की बृहस्पतिवार को घोषणा की। इससे देश की दूसरी सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी में उसकी हिस्सेदारी 3.6 प्रतिशत बढ़कर 66.7 प्रतिशत हो गई है।

उद्योगपति गौतम अडाणी के स्वामित्व वाली कंपनी अंबुजा सीमेंट्स के एक बयान में कहा, निवेश अडाणी समूह के सीमेंट व्यवसाय के लिए महत्वपूर्ण होगा, जिसकी 2028 तक अपनी क्षमता 14 करोड़ टन प्रति वर्ष तक बढ़ाने की योजना है। इससे पहले अक्टूबर 2022 में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित वारंट जारी करने के लिए प्रवर्तक अडाणी परिवार ने कंपनी में 5,000 करोड़ रुपये का निवेश किया गया था। अंबुजा सीमेंट्स के पास एक अन्य सीमेंट कंपनी एसीसी लिमिटेड में भी नियंत्रण हिस्सेदारी है। कंपनी ने बयान में कहा, '' इससे अडाणी परिवार की कंपनी में हिस्सेदारी 3.6 प्रतिशत बढ़कर कुल 66.7 प्रतिशत हो गई है। अंबुजा सीमेंट्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अजय कपूर ने कहा कि यह निवेश ''तेजी से विकास, पूंजी प्रबंधन पहल आदि'' हासिल करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा, '' यह न केवल हमारे दृष्टिकोण तथा व्यवसाय मॉडल में दृढ़ विश्वास का प्रमाण है, बल्कि हमारे हितधारकों के लिए दीर्घकालिक टिकाऊ मूल्य सृजन प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को भी मजबूत करता है।''

कोल इंडिया की कोयला आपूर्ति सालाना लक्ष्य के पार

कोलकाता, एजेंसी

कोल इंडिया लि. की तापीय बिजलीघरों को कोयला आपूर्ति 61 करोड़ टन के लक्ष्य को पार कर गई है। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष में 27 मार्च तक 61.01 करोड़ टन कोयले की आपूर्ति की है। एक अधिकारी ने कहा, ''यह बिजली क्षेत्र को अबतक की सबसे अधिक कोयला आपूर्ति है।'' उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में कोल इंडिया की कोयले की आपूर्ति पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 2.93 करोड़ टन अधिक है।

कंपनी के बयान के अनुसार, कोयला आधारित संयंत्रों में वर्तमान औसत दैनिक आपूर्ति 17.6 लाख टन है। कोल इंडिया इस गर्मी में 250 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) बिजली की अनुमानित मांग के मद्देनजर उत्पादन बढ़ाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। अधिकारी ने कहा कि 2022-23 में बिजली संयंत्रों को कोयले की आपूर्ति 58.66 करोड़ टन थी। यह 56.5 करोड़ टन की प्रतिबद्धता से अधिक थी। आंकड़ों के अनुसार, घरेलू कोयला आधारित बिजलीघरों में कोयले का भंडार 26 मार्च तक 4.71 करोड़ टन था।

एक अप्रैल को 2000 का नोट बदलने, जमा करने की सुविधा नहीं

मुंबई। बैंकों में वार्षिक लेखाबंदी से जुड़े कार्यों के कारण 2000 के नोट को बदलने या जमा करने की सुविधा एक अप्रैल, 2024 यानी सोमवार को उपलब्ध नहीं होगी। भारतीय रिजर्व बैंक ने गुरुवार को बयान में कहा कि अगले दिन मंगलवार को यह सुविधा केंद्रीय बैंक के 19 क्षेत्रीय कार्यालयों में बहाल हो जाएगी। आरबीआई ने कहा, " वार्षिक लेखाबंदी से जुड़े कार्यों के कारण भारतीय रिजर्व बैंक के 19 क्षेत्रीय कार्यालयों में 2000 रुपये के बैंक नोटों के विनिमय/जमा की सुविधा एक अप्रैल, 2024 दिन सोमवार को उपलब्ध नहीं होगी।"

फरवरी तक राजकोषीय घाटा सालाना लक्ष्य के 86.5 % पर

नयी दिल्ली, एजेंसी

सरकार का राजकोषीय घाटा चालू वित्त वर्ष (2023-24) में फरवरी के अंत तक संशोधित लक्ष्य का 86.5 प्रतिशत या 15 लाख करोड़ रुपये रहा है। गुरुवार को लेखा महानियंत्रक (सीजीए) द्वारा जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। बीते वित्त वर्ष की समान अवधि में राजकोषीय घाटा यानी व्यय और राजस्व का अंतर बजट 2022-23 के संशोधित अनुमान (आरई) का 82.8 प्रतिशत रहा था।

चालू वित्त वर्ष (2023-24) में राजकोषीय घाटा 17.35 लाख करोड़ रुपये या सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। सीजीए द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, फरवरी, 2024 तक सरकार की कुल प्राप्तियां 22.45 लाख करोड़ रुपये रही हैं। इनमें 18.49 लाख करोड़ रुपये का कर राजस्व (शुद्ध), 3.6 लाख करोड़ रुपये का गैर-कर राजस्व और 36,140 करोड़ रुपये की गैर कर्ज पूंजी प्राप्तियां हैं। फरवरी, 2024 तक सरकार की कुल प्राप्तियां 2023-24 के कुल संशोधित अनुमान का 81.5 प्रतिशत हैं।

अर्थव्यवस्था 2047 तक 8 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है : सुब्रमण्यम

नयी दिल्ली, एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत के कार्यकारी निदेशक कृष्णमूर्ति वेंकट सुब्रमण्यम ने कहा कि अगर देश पिछले 10 वर्षों में लागू की गई अच्छी नीतियों को दोगुना कर सके और सुधारों में तेजी लाए तो भारतीय अर्थव्यवस्था 2047 तक आठ प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। सुब्रमण्यम ने कहा कि स्पष्ट रूप से आठ प्रतिशत की वृद्धि दर महत्वाकांक्षी है क्योंकि भारत पहले लगातार आठ प्रतिशत की

दर से नहीं बढ़ पाया है, लेकिन इसे हासिल किया जा सकता है।

वेंकट सुब्रमण्यम ने गुरुवार को कहा, '' पिछले 10 वर्षों में भारत ने जिस तरह की वृद्धि दर्ज की है, अगर हम पिछले 10 वर्षों में लागू की गई अच्छी नीतियों को दोगुना कर सकते हैं और सुधारों में तेजी लाएं तो भारत यहां से 2047 तक आठ प्रतिशत की दर से वृद्धि कर सकता है।'' भारत की अर्थव्यवस्था 2023 के अंतिम तीन महीनों में उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी, जो पिछले डेढ़ साल में सबसे तेज गति है। अक्टूबर-दिसंबर में चालू वित्त वर्ष के अनुमान को 7.6 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया। सुब्रमण्यम ने कहा, '' भारत आठ प्रतिशत की दर से बढ़ता है, तो 2047 तक भारत 55000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता है।''

राष्ट्रीय

एक नजर

माफिया अतीक का 'शूटर' बल्ली पंडित गिरफ्तार

प्रयागराज। प्रयागराज पुलिस ने माफिया अतीक अहमद गिरोह के 'शार्प शूटर' बल्ली पंडित उर्फ सुधांशु त्रिपाठी को बृहस्पतिवार को खुल्दाबाद थानाक्षेत्र में एडीसी ग्राउंड के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि बल्ली पंडित खुल्दाबाद थाने में पंजीकृत एक मुकदमे में वांछित था। एक व्यापारी से हर महीने दो लाख रुपये की रंगदारी मांगने के लिए उसके खिलाफ हाल में खुल्दाबाद थाने में भादंसं की धारा 386 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

मीरवाइज को नज़रबंद किया : संगठन का दावा

श्रीनगर। हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व वाले एक धार्मिक संगठन ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि उन्हें नजरबंद कर दिया गया है। अंजुमन औकाफ़ जामिया मस्जिद ने एक बयान में कहा, "आज शहर की आली मस्जिद में होने वाले मीरवाइज के खुतबे (उपदेश) से पहले अधिकारियों ने उन्हें नजरबंद कर दिया।" हालांकि, यहां अधिकारियों ने मीरवाइज की नजरबंदी के दावे पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। मीरवाइज को चार साल से अधिक समय के बाद पिछले साल सितंबर में नजरबंदी से रिहा किया गया था। उन्हें अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को जम्मू कश्मीर से निरस्त किए जाने के मद्देनजर नजरबंद कर दिया गया था।

झामुमो सिद्धांतों से भटकी: सीता सोरेन

रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन ने बृहस्पतिवार को कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ''अपने सिद्धांतों से भटक गई है और भ्रष्टाचार में लिप्त है'' तथा झारखंड का विकास केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विचारधारा के जरिए ही संभव हो सकता है। सीता सोरेन ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीट पर जीत हासिल करेगी और '' अबकी बार 400 पार'' के अपने लक्ष्य को हासिल करेगी। सीता सोरेन 19 मार्च को भाजपा में शामिल हुई थीं। जामा से पूर्व विधायक सोरेन बृहस्पतिवार को झारखंड पहुंचीं और उन्होंने रांची में भाजपा मुख्यालय में मीडियाकर्मियों से बातचीत की।

आप राजनीतिक नाटक के लिए अदालत के इस्तेमाल की कोशिश कर रही : भाजपा

दावा- केजरीवाल और उनके वकीलों ने अदालत में पुराने आरोपों को ही दोहराया

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आप) पर आरोप लगाया कि वह अपने राजनीतिक नाटक के लिए अदालत का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रही है। पार्टी ने दावा किया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके वकीलों ने अदालत में पुराने आरोपों को ही दोहराया। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को आबकारी मामले में गिरफ्तार किया गया है।

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने संवाददाताओं से कहा कि आप ने निराधार आरोप लगाए हैं और वह न्यायपालिका पर दबाव बनाने की कोशिश कर रही है। केजरीवाल ने इससे पहले एक स्थानीय अदालत से कहा था कि ईडी ने उन्हें निशाना बनाने के एकमात्र उद्देश्य से काम किया और महज कुछ बयानों के आधार पर उन्हें गिरफ्तार किया गया। उन्होंने दावा किया कि मामले में सरकारी गवाह बने आरोपी शरत चंद्र रेड्डी ने भाजपा को 55 करोड़ रुपये का चंदा दिया और यह धन के लेन-देन का मामला है। पूनावाला ने पलटवार करते हुए कहा कि आप ने अदालत को अपने राजनीतिक नाटक के लिए खेल का मैदान बना दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह विपक्षी दलों का चरित्र है कि वे ''लूटें, झूठ बोले'' और पकड़े जाने पर खुद को पीड़ित बताएं तथा फिर संस्थानों पर दबाव डालें। उन्होंने कहा कि आप ने निराधार आरोप लगाए हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आबकारी मामले में कई आरोपियों को उच्चतम न्यायालय से भी कोई राहत नहीं मिली है।

केजरीवाल को इस्तीफा देना चाहिए : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी। भाजपा की दिल्ली इकाई ने अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की और आरोप लगाया कि राष्ट्रीय राजधानी संवैधानिक संकट का सामना कर रही है। दिल्ली इकाई अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि केजरीवाल को हिरासत में लिए जाने के बाद आप में से किसी को भी मुख्यमंत्री बनाया जा सकता था। तिवारी ने कहा, जिन्होंने आपको चुना है, तो आप से किसी को भी मुख्यमंत्री बना सकते हैं। सचदेवा ने कहा कि मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए 'आप' में अंदरूनी खींचतान चल रही है। उन्होंने जांच एजेंसी की हिरासत से सरकार चलाने की संवैधानिक वैधता पर भी सवाल उठाया।

बर्मिंघम स्थित गुरु नानक निष्काम सेवक जत्था के स्वयंसेवकों ने गुरुवार को अमृतसर में स्वर्ण मंदिर की सोने की परत वाली दीवारों और गुंबद की सफाई की। ● एजेंसी

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना जारी, 88 सीटों पर चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना गुरुवार को जारी कर दी। इस चरण में 12 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की 88 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होगा। बाहरी मणिपुर संसदीय सीट के 13 विधानसभा क्षेत्रों के लिए इसी चरण में मतदान कराया जाएगा। निर्वाचन आयोग के अनुसार बाहरी मणिपुर संसदीय सीट के 15 विधानसभा क्षेत्रों में अधिसूचना पहले चरण के साथ की गयी थी। दूसरे चरण में मणिपुर की इस सीट के अलावा असम , बिहार, छत्तीसगढ़, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल की 88 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव कराया जाएगा।

आप की गोवा इकाई अध्यक्ष और तीन अन्य से पूछताछ

पणजी, एजेंसी

ईडी ने गुरुवार को आप की गोवा इकाई के अध्यक्ष अमित पालेकर और तीन अन्य लोगों से धनशोधन के एक मामले में पूछताछ की। ईडी ने पूछताछ के लिए पालेकर, आप नेता रामराव वाघ और दो अन्य लोगों-दत्ताप्रसाद नाइक तथा अशोक नाइक को तलब किया था। सूत्रों ने बताया कि चारों को कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया था। दत्ताप्रसाद नाइक और अशोक नाइक गोवा में भंडारी समुदाय के नेता हैं। पालेकर दोपहर 12.10 बजे यहां ईडी कार्यालय पहुंचे, वहीं तीन अन्य लोग उनसे पहले 11.15 बजे पहुंच गए। ईडी कार्यालय में प्रवेश से पहले पालेकर ने कहा, मुझे बुलाया गया है। मैं लौटकर आप सबसे बात करूंगा। दोपहर दो बजे ईडी कार्यालय से निकलने के बाद पालेकर ने कहा, ''जांच किस बारे में है, मैं इसकी जानकारी नहीं दे सकता। मैं जांच में शामिल हो गया हूं। वे मुझसे जो भी सवाल पूछ रहे हैं, मैं उनका उत्तर दे रहा हूं। दोपहर बाद एजेंसी ने फिर से पूछताछ की। पालेकर और अन्य नेताओं के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए गोवा के विधायक वेंजी वीगास और क्रूज सिल्वा समेत वरिष्ठ आप नेता ईडी कार्यालय के बाहर उपस्थित थे।

मनाली के कुल्लू में हिमस्खलन के बाद व्यक्ति लापता, रेस्क्यू जारी

शिमला, एजेंसी

मनाली जिले के कुल्लू में हिमस्खलन के बाद एक व्यक्ति लापता हो गया है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। हिमस्खलन बृहस्पतिवार दोपहर कुल्लू के जगतसुख गांव में हुआ। मौजूदा शुष्क मौसम में पहाड़ों पर बर्फ पिघलनी शुरू हो गई है। मनाली के उप संभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) रमन शर्मा ने कहा कि पुलिस, प्रशासन और स्थानीय निवासी बचाव अभियान में जुटे हैं और लापता व्यक्ति को तलाशने के लिए बर्फ हटाई जा रही है। मनाली के डीएसपी के.डी. शर्मा ने कहा कि अचानक हुए हिमस्खलन के चलते कांगड़ा निवासी राजेश कुमार बर्फ में दब गये। बीते 24 घंटे में मौसम मुख्य तौर पर शुष्क रहा है।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह बोले- सरकार अग्निवीर योजना में बदलाव को तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि यदि सरकार को सशस्त्र सेनाओं में अग्निवीरों की भर्ती से संबंधित अग्निपथ योजना में कोई कमी दिखाई देती है तो जरूरत पड़ने पर वह इसमें सुधार को तैयार है। सिंह ने कहा कि यह एक सच्चाई है कि सेना में युथफुलनेस होनी चाहिए।

हमारे सेना के जवानों की उम्र 30, 35, 40 या 50 वर्ष की रही है, लेकिन जब हमारे 18 या 20 वर्ष के जवान होंगे अग्निवीर के माध्यम से तो मैं समझता हूं कि जोखिम उठाने का जज्बा जवानों में अधिक होता है। सेना को युवाओं की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह प्रौद्योगिकी का युग है और इसमें जवान प्रौद्योगिकी में पारंगत भी होने चाहिए। ऐसे नौजवानों की भर्ती अग्निवीर के रूप में की जा रही है। अग्निवीरों के कल्याण के लिए सरकार के किए जा रहे उपायों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे। इस बात की पक्की गारंटी है उसके लिए तंत्र में जो भी बदलाव किया जा सकता है वह किया जाएगा।

देश की सीमाएं सुरक्षित

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत की सीमाएं सुरक्षित हैं और देश के लोगों को सशस्त्र बलों पर पूरा भरोसा होना चाहिए। अग्निवीर योजना की आलोचना को लेकर पर मंत्री ने कहा कि ऐसे सवालों का कोई औचित्य नहीं है। हर कोई मानता है कि सशस्त्र बलों का युवा स्वरूप होना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने लगभग 50 साल लंबे अपने राजनीतिक सफर के किस्से भी साझा किए। भारत-चीन सीमा मुद्दे पर विपक्षी दलों सहित कई लोगों के उठाए सवालों पर सिंह ने कहा कि देश के हितों को ध्यान में रखते हुए, मैं विपक्षी दलों को जो कुछ भी बता सकता हूं, बताता हूं, लेकिन रक्षा क्षेत्र में कई चीजें हैं जिनका रणनीतिक महत्व है।

महाकाल मंदिर में कपूर आरती में गुलाल गिरने से लगी थी आग

उज्जैन। उज्जैन के महाकाल मंदिर में 25 मार्च को आग लगने से 14 पुजारी और 'सेवक' के घायल होने संबंधी मामले में जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि आग कपूर आरती में गुलाल गिरने से लगी थी। होली के दिन शाम 5:50 बजे भस्म आरती के दौरान प्रसिद्ध मंदिर के गर्भ गृह में आग लगी थी। डीएम नीरज कुमार सिंह ने जांच रिपोर्ट के बारे में बताया कि मंदिर प्रबंधन द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया गुलाल 'कपूर' आरती पर गिर गया और आग लग गई। आग चार से पांच सेकंड में बुझा दी गई, लेकिन यह इतनी तेज थी कि कई लोग 25-30 प्रतिशत झुलस गए।"

बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में मास्टरमाइंड गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

एक बड़ी सफलता के तहत एनआईए ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले के मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर लिया। एनआईए की कई टीम द्वारा कर्नाटक, तमिलनाडु और उप्र में 18 स्थानों पर छापे की कार्रवाई के बाद मुजम्मिल शरीफ को पकड़ा। एनआईए ने तीन मार्च को इस मामले को अपने हाथ में लिया था। एजेंसी ने इसके पहले आरोपी के रूप में मुसाविर शाजीब हुसैन की पहचान की थी जिसने विस्फोट को अंजाम दिया था।

बयान में कहा गया है कि एक अन्य षड्यंत्रकर्ता अब्दुल मथीन ताहा की भी पहचान की गई है जो अन्य मामलों में भी एजेंसी द्वारा वांछित है। इसमें कहा गया है दोनों आरोपी फिलहाल फरार हैं। एनआईए की जांच से पता चला है कि मुजम्मिल शरीफ ने एक मार्च को बेंगलुरु के आईटीपीएल रोड पर ब्रुकफील्ड स्थित कैफे में आईईडी विस्फोट से जुड़े मामले में पहचाने गए अन्य दो आरोपियों को जरूरी सहायता प्रदान की थी। इस विस्फोट में कई ग्राहक और होटल के कर्मचारी घायल हो गए और संपत्ति को काफी नुकसान पहुंचा। इस विस्फोट में कुछ लोग गंभीर रूप से घायल हुए।

नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने रामेश्वरम कैफे में ब्लास्ट के आरोपी की जानकारी के बदले 10 लाख रुपए का इनाम देने की पेशकश की है। एजेंसी ने बुधवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कहा कि जो भी व्यक्ति ऐसी कोई जानकारी देगा जिसकी मदद से आरोपी गिरफ्तार हो सके, वह इनाम का हकदार होगा।

मलयेशिया यात्रा से रणनीतिक साझेदारी बढ़ेगी

- विदेश मंत्रालय ने जारी किया बयान रक्षा और शिक्षा के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच हुई बातचीत

नई दिल्ली, एजेंसी



कुआलालंपुर में मलयेशिया के डिजिटल मंत्री गोबिंद सिंह देव के साथ जयशंकर।

सिंगापुर और फिलीपींस के दौरे के बाद केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर बुधवार को मलयेशिया पहुंचे। मलयेशिया की दो दिवसीय दौरे का समापन 28 मार्च को हो गया है। जयशंकर ने अपने दौरे का समापन मलयेशिया के डिजिटल मंत्री गोविंद सिंह देव से मुलाकात के साथ की।

विदेश मंत्रालय आधिकारिक बयान ने कहा है कि मलयेशिया पारंपरिक और नए युग दोनों क्षेत्रों में मजबूत भारत-मलयेशिया संबंधों के लिए उनका दृष्टिकोण, हमें रिश्ते के लिए एक अधिक महत्वाकांक्षी एजेंडा तैयार करने में मदद करेगा। क्षेत्रीय विकास पर उनके मार्गदर्शन और अंतर्दृष्टि से लाभ हुआ है। जयशंकर ने भारत-मलयेशिया रणनीतिक साझेदारी के तहत द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने में समर्थन के लिए प्रधानमंत्री अनवर का धन्यवाद किया। उन्होंने मलयेशिया के विदेश मंत्री हाजी मोहम्मद बिन हाजी हसन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इन दोनों नेताओं के बीच राजनीतिक, व्यापार, आर्थिक, रक्षा और शिक्षा के क्षेत्र में बातचीत हुई। उन्होंने क्षेत्रीय और वैश्विक हित के मुद्दों पर भी चर्चा की। केंद्रीय विदेश मंत्री जयशंकर ने डिजिटल मंत्री गोविंद सिंह देव से भी मुलाकात की। जयशंकर ने मलयेशिया दौरे का समापन करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया। उन्होंने कहा, "डिजिटल मंत्री गोविंद सिंह देव के साथ मिलकर मैंने मलयेशिया में अपना कार्यक्रम संपन्न किया। हमने व्यावसायिक अवसरों को तलाशने से लेकर डिजिटल सहयोग पर चर्चा की।

स्वदेशी निर्मित तेजस ने भरी सफल उड़ान

2200 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ सकता है लड़ाकू विमान

नई दिल्ली। भारत में निर्मित स्वदेशी तेजस एमके1ए श्रृंखला का पहला लड़ाकू विमान ने गुरुवार को अपनी सफलतापूर्ण पहली उड़ान भरी है। बेंगलुरु में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटिड द्वारा निर्मित यह विमान अपनी पहली उड़ान के दौरान 15 मिनट तक हवा में रहा।

15 मिनट तक हवा में रहा तेजस, पहली उड़ान पूरी की

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने हल्के लड़ाकू विमान (एलीएसी) तेजस एमके1ए सीरीज का पहला विमान तैयार किया है। विमान ने पहली सफल उड़ान बंगलूरू के आसमान में भरी है। एचएएल की तरफ से जारी बयान के मुताबिक 18 मिनट की सॉर्टी के बाद विमान की सुरक्षित लैंडिंग प्रक्रिया पूरी की गई। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने बताया कि गुरुवार को बंगलूरू में मेड इन इंडिया स्वदेशी एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमान की पहली उड़ान पूरी की गई। एचएएल अधिकारी ने बताया कि विमान अपनी पहली उड़ान के दौरान 15 मिनट तक हवा में रहा।

फरवरी 2021 में हुआ था अनुबंध

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की तरफ से जारी बयान के मुताबिक वैश्विक भू-राजनीतिक माहौल में आपूर्ति श्रृंखला की चुनौतियों से निपटने के लिए फरवरी 2021 में अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। इसके बाद एचएएल ने समय की मांग के अनुरूप डिजाइन तैयार किया। एचएएल के मुताबिक तेजस एमके1ए विमान श्रृंखला के पहले विमान एलए5033 का उत्पादन महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। गुरुवार को इस उड़ान का संचालन सर्टिफिकेशन ट्रेनिंग प्रोग्राम (सीटीपी) से जुड़े ग्रुप कैप्टन केके वेणुगोपाल (सेवानिवृत्त) ने किया। बता दें, एचएएल इस मार्च के अंत तक वायुसेना को स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट सौंप सकता है। इस लड़ाकू विमान को वायुसेना पाकिस्तान की सीमा से सटे राजस्थान के बीकानेर स्थित नाल एयरक्राफ्ट स्टेशन पर तैनात किया सकता है।

50 हजार फीट की ऊंचाई तक उड़ने में सक्षम है तेजस, विमान 9 रॉकेट, बम और मिसाइल से भी हो सकता है लैस

एचएएल ने साझा किया वीडियो

स्वदेशी विमान विनिर्माता- हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने गुरुवार को सोशल मीडिया हैंडल- एक्स पर लिखा कि तेजस एमके1ए विमान श्रृंखला के पहले विमान एलए5033 ने आज बंगलूरू में एचएएल के सेंटर से आसमान में उड़ान भरी। 18 मिनट की उड़ान (सॉर्टी) के साथ इसे सफल उड़ान की श्रेणी में गिना गया।

विशेषताएं

- इस लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट की स्पीड की बात करें तो ये 2200 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ सकता है। यह अधिकतम 50 हजार फीट की ऊंचाई तक जा सकता है। इसको 9 रॉकेट, बम और मिसाइल से लैस किया जा सकता है।
- इसमें हैमर और ब्रह्मोस जैसी मिसाइलें भी लगाने की तैयारी की जा रही है, जिससे पाकिस्तान जैसे दुश्मन की खैर नहीं होगी।
- तेजस मार्क 1 ए लड़ाकू विमान कई सुविधाओं से लैस है। इसमें मिशन कंप्यूटर, डिजिटल फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर, मल्टी फंक्शन डिस्पले, सेल्फ प्रोटेक्शन जैमर, उत्तम रडार सिस्टम आदि शामिल है।

एक नजर

पुरुष होली पर महिलाओं की तरह सजधजकर कामदेव की करते हैं पूजा

कुर्नूल। आंध्र प्रदेश के कुर्नूल जिले के संथेकुडलूर में होली को लेकर अनोखी परंपरा है। सदियों पुरानी इस परंपरा में यहां के पुरुष होली पर महिलाओं की तरह साड़ी-गहने पहनकर कामदेव की पूजा करते हैं। ऐसी मान्यता है कि भगवान कामदेव की पूजा करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

बेरोजगारी जैसी समस्याओं का समाधान नहीं कर सकती सरकार

नई दिल्ली। भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा है कि यह मानना गलत है कि सरकार बेरोजगारी जैसी सभी सामाजिक और आर्थिक समस्याओं का समाधान कर सकती है। उन्होंने कहा, जब बेरोजगारी जैसी समस्याओं की बात आती है तो समाधान की तुलना में अंदाजा लगाना आसान होता है। नागेश्वरन अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) और मानव विकास संस्थान की 'भारत रोजगार रिपोर्ट 2024' के लॉन्च के अवसर पर बोल रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार, देश में कुल बेरोजगारों में शिक्षित युवाओं की हिस्सेदारी 2000 के 54.2% से बढ़कर 2022 में 65.7% हो गई।

मेक्सिको: 19 प्रांतों में फैली जंगल की आग, कई क्षेत्र प्रभावित

मेक्सिको सिटी। मेक्सिको में 19 प्रांतों के 120 जंगलों में आग फैल गई है। 7 हजार से ज्यादा हेक्टेयर भूमि आग की चपेट है। मैक्सिको सरकार ने बुधवार को रिपोर्ट जारी कर जानकारी दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि, देश के 19 राज्यों के 120 जंगलों में आग धधक रही है। हिडाल्गो प्रांत ज्यादा प्रभावित हुआ है, जहां अब तक 1,874 हेक्टेयर क्षेत्र आग की भेंट चढ़ गया है। हाल के दिनों में 42 स्थानों पर आग पर काबू पाया है, अब तक आग से दो हजार से ज्यादा हेक्टेयर भूमि प्रभावित हुई है। मैक्सिको प्रशासन ने कहा कि आग से आबादी क्षेत्र को कोई खतरा नहीं है।

आतंकवादी इस्तेमाल कर रहे अमेरिकी हथियार : पाकिस्तान

रावलपिंडी। टीटीपी, बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी और अन्य आतंकवादी संगठन अमेरिका निर्मित हथियारों से पाकिस्तान के खिलाफ हमले कर रहे हैं। हाल के महीनों में आतंकवादी हमलों में वृद्धि देखी गई है, देश भर में आतंकवादी समूहों ने नागरिकों के साथ-साथ सुरक्षा बलों को निशाना बनाए जाने के कारण कई लोगों की जान चली गई है। आतंकवादी संगठन अफगानिस्तान में छोड़े गए हथियारों का पाकिस्तान पर हमले के लिए जमकर उयोग कर रहे हैं।

सीमा विवाद पर भारत-चीन के बीच शांति बनाए रखने पर बनी सहमति

बीजिंग में डब्ल्यूएमसीसी 29वीं बैठक में दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल ने लिया फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत-चीन सीमा विवाद के बीच दोनों देशों ने इस मामले को सुलझाने के लिए बीजिंग में एक बैठक की। विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान में बताया कि भारत-चीन सीमा विवादों को लेकर बुधवार को चीन की राजधानी बीजिंग में एक बैठक आयोजित की गई।

समन्वय के लिए कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की 29वीं बैठक की सह-अध्यक्षता विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव ने की, उन्होंने बीजिंग में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। दूसरी ओर से चीन की तरफ से चीनी विदेश मंत्री इस बैठक में शामिल हुए। इस बैठक में दोनों देशों के प्रतिनिधि के बीच भारत-चीन सीमा के पश्चिमी क्षेत्रों में वास्वविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) को लेकर जारी विवाद पर चर्चा की गई। बैठक के बाद दोनों पक्ष राजनयिक और सैन्य चैनलों के माध्यम से सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बनाए रखने पर सहमित जताई है। मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया, दोनों पक्ष राजनयिक और सैन्य चैनलों के माध्यम से नियमित संपर्क बनाने और सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बनाए रखने पर सहमत हुए हैं। इससे पहले दोनों पक्षों के बीच पिछले साल नवंब में बैठक हुई थी। हाल ही में चीन अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताया था। हालांकि, भारत ने इस दावे को खारिज कर दिया था। इससे पहले भी चीन कई बार अरुणाचल प्रदेश पर दावा कर चुका है, लेकिन विदेश मंत्रालय ने चीन के इन निराधार दावों को खारिज करते हुए कहा कि अरुणाचल उत्तरपूर्वी राज्य होने के साथ भारत का एक अभिन्न हिस्सा है। अरुणाचल के लोगों को भारत के विकास कार्यक्रम और परियोजनाओं का लाभ मिलता रहेगा।

बुधवार को बीजिंग में डब्ल्यूएमसीसी की 29वीं बैठक में मौजूद भारत-चीन का प्रतिनिधिमंडल।

भारत-चीन के बीच संतुलन बनाना सबसे बड़ी चुनौती: जयशंकर

सिंगापुर में जयशंकर ने कहा था- मेरे लिए सबसे बड़ी चुनौती ये है कि भारत-चीन के बीच संतुलन कैसे बनाएं, दोनों देश 2 बड़ी ताकतें हैं जो आपस में पड़ोसी भी हैं। दोनों देशों का इतिहास और उनकी क्षमताएं उन्हें दुनिया से अलग करती हैं। ऐसे में दोनों देशों के बीच बातचीत जारी रखना अहम है। विदेश मंत्री ने कहा कि 2020 में हमें हैरानी हुई, जब चीन ने बॉर्डर पर कुछ ऐसा किया जो दोनों देशों के बीच हुए समझौते का उल्लंघन था। चीन ने दोनों देशों के बीच संतुलन बनाने की बजाए उसे बिगाड़ दिया।

भारत से व्यापार की नीतियों में नहीं आया कोई बदलाव

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने साफ किया है कि भारत के साथ व्यापार संबंध फिर से कायम करने की फिलहाल कोई योजना नहीं है। पाकिस्तान ने 2019 में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के भारत सरकार के फैसले के बाद व्यापार संबंध तोड़ने की घोषणा की थी।

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की ओर से विदेश मंत्री इशाक डार के भारत के साथ व्यापार संबंधों पर लंदन में दिए बयान के बाद शुरू हुई थी। उक्त बयान में डार ने कहा था कि भारत के साथ व्यापार संबंध फिर से कायम करने के बारे में पाकिस्तान गंभीरता से विचार कर रहा है। डार का यह बयान पाकिस्तान के व्यापार जगत की भारत के साथ संबंध सामान्य करने की लगातार मांग के बाद आया था।

पाकिस्तान की आर्थिक बदहाली को दूर करने के लिए भारत के साथ व्यापार संबंधों को जरूरी माना जा रहा है। अब पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जेहरा बलोच ने गुरुवार को कहा कि भारत के व्यापारिक संबंध 2019 से अस्तित्व में नहीं हैं। पाकिस्तान की नीति में फिलहाल कोई बदलाव नहीं आया है।

पाकिस्तान सुरक्षा में फेल, हम अपनी सेना लगाएंगे : चीन

- चीन की पाक को दो टूक- बलूच कबाइली के निशाने पर चीनी

बीजिंग, एजेंसी

चीन पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर यानी सीपैक पर बढ़ते हमलों ने पाकिस्तानी सुरक्षा की पोल खोल दी है। चीन ने पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ को दो टूक कहा है कि सुरक्षा मुहैया कराने में पाकिस्तानी सेना और सुरक्षा एजेंसियां फेल रही हैं। चीन सीपैक वाले बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वाह प्रांत में अपने सैनिक तैनात करेगा। चीन के राजदूत जियांग जायडोंग ने शहबाज को राष्ट्रपति शी जिनपिंग का ये संदेश बता दिया।

बता दें, पिछले सात दिन में बलूच हमलों में ग्वादर पोर्ट पर तीन चीनी अफसर घायल हो गए जबकि खैबर में कबाइली हमले में पांच चीनी इंजीनियर मारे गए। चीन इस बात से नाराज है कि पाक ने पहले भी चीनी नागरिकों को सुरक्षा देने का भरोसा दिया था, लेकिन हमले नहीं रुके। सुरक्षा जानकारों के अनुसार बलूचिस्तान और खैबर में चीन के सीपैक प्रोजेक्ट के प्रति स्थानीय लोगों में बेहद गुस्सा है। बलूच लिबरेशन आर्मी और खैबर में कबाइली हमलों के खिलाफ चीन हथियारबंद फौजियों की तैनाती के साथ-साथ जासूसी नेटवर्क भी तैयार करेगा। इसमें स्थानीय लोगों से मुखबिरी कराई जाएगी। चीन सरकार ने अलग से फंड देने का ऐलान किया है।

हमले के बाद चीनी कंपनी ने बंद किया कारोबार

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में दासू जलविद्युत परियोजना पर आतंकी हलमे में पांच चीनी नागरिकों की मौत हो गई थी, जिसके बाद चीन की कंपनी ने अशांत क्षेत्र में एक अन्य जलविद्युत परियोजना में अपने काम को बंद कर दिया है, साथ ही 2,000 से अधिक श्रमिकों को नौकरी से निकाल दिया गया है। गौरतलब है कि जलविद्युत परियोजना पर काम कर रहे चीन के कर्मियों पर यह दूसरा आत्मघाती हमला था। हालांकि किसी भी आतंकी समूह ने इस बम विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है।

बसंत की आहट...

श्रीनगर : जम्मू-कश्मीर में राजधानी श्रीनगर के बाहरी इलाके में बादाम के पेड़ों में इन दिनों फूल खिले हुए हैं। कश्मीर में ये बसंत ऋतु के आने का संकेत भी माना जाता है। इसे देखने के लिए हर साल हजारों पर्यटक भी यहां आते हैं। डाउनटाउन के रैनावाड़ी इलाके में स्थित बादामबाड़ी में लगे बादाम के सैकड़ों पेड़ों पर फूलों की कोपलें फूटने लगी हैं। मौसम अनुकूल रहा तो कुछ दिनों में यह कोपलें अपनी गुलाबी बहार के साथ पर्यटकों के स्वागत के लिए तैयार होंगी। ● एजेंसी

गाजा: विमानों से गिराए फूड पैकेट के लिए मारामारी, 18 की मौत

गाजा। 23 लाख की आबादी वाले गाजा में भोजन संकट गंभीर होता जा रहा है। बुधवार को उत्तर गाजा से बेट लाहिया में विमानों से गिराए गए फूड पैकेज पाने की कोशिश में 18 लोगों की मौत हो गई। इनमें से 12 लोग समुद्र में डूब गए और 6 की मौत भगदड़ में हुई।

फिलिस्तीन ने कहा कि विमान से राहत सामग्री गिराना बेकार है, इसे तुरंत बंद किया जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन के विशेष दूत फ्रांसेस्का अल्बानीज ने आरोप लगाया कि इजराइल ने 6 माह से कम समय में गाजा पर 25 हजार टन विस्फोटक गिराया है, जो दो परमाणु बम के बराबर है। गौरतलब है कि जापान के हिरोशिमा पर गिराया गया अमेरिकी परमाणु बम 15 हजार टन का था।

यूक्रेन के विदेश मंत्री कुलेबा ने बापू को किया नमन

- जयशंकर के न्योता पर नई दिल्ली पहुंचे यूक्रेन के विदेश मंत्री कुलेबा वैश्विक मुद्दों पर होगी चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा रूस-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के प्रयासों के बीच भारत की अपनी पहली यात्रा पर आज नई दिल्ली पहुंचें हैं। यहां उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद वे राजधानी दिल्ली स्थित महात्मा गांधी की समाधि राजघाट पहुंचे। यहां उन्होंने बापू को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

गौरतलब है कि इससे पहले, विदेश मंत्रालय (एमईए) ने बुधवार को उनके दौरे के बारे में जानकारी दी थी। विदेश मंत्रालय ने बताया था कि उनकी यात्रा विदेश मंत्री एस जयशंकर के निमंत्रण पर हो रही है।

राजघाट पर बापू की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते दिमित्रो कुलेबा।

यात्रा के दौरान कुलेबा क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर द्विपक्षीय साझेदारी और सहयोग पर चर्चा करेंगे। वह व्यापार जगत के लोगों के साथ बातचीत भी करेंगे। कुलेबा ने कहा, मेरे दौरे से भारत-यूक्रेन के रिश्ते और मजबूत होंगे। यूक्रेन और भारत को दो 'बड़े लोकतंत्र' बताते हुए कुलेबा ने कहा कि उन्हें यकीन है कि हम अच्छे साझेदार बनने के लिए तैयार हैं।

रूस-यूक्रेन जंग का बातचीत से निकाले हल

नई दिल्ली। भारत ने गुरुवार को कहा कि बातचीत और राजनय के जरिए रूस-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए प्रोत्साहन जारी रखेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने स्विट्जरलैंड शांति शिखर सम्मेलन में भारत के रुख पर यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, हम बातचीत और राजनय के माध्यम से रूसी-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान को प्रोत्साहित करते रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 20 मार्च को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ अलग-अलग बातचीत की थी और जोर दिया था कि रूस-यूक्रेन संघर्ष के समाधान के लिए बातचीत और राजनय ही आगे का रास्ता है। मोदी ने हालिया चुनाव में पांचवीं बार जीत हासिल करने के लिए पुतिन को बधाई देने की खातिर टेलीफोन पर बातचीत की थी।

विज्ञान ब्लैकहोल की नई तस्वीर से खुला आश्चर्यजनक रहस्य, वैज्ञानिकों ने कहा-ब्लैकहोल जेट बेहद खतरनाक

आकाशगंगा के ब्लैकहोल में जेट छिपे होने का संकेत मिला

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : ब्लैकहोल के रहस्यों की परतें खुलनी शुरू हो गई हैं। यूरोपीय दक्षिणी वेधशाला ने आकाशगंगा के ब्लैक होल की एक नई तस्वीर कैद की है। जिससे खुलासा हुआ है कि हमारी मिल्की वे के केंद्र में मौजूद सुपरमैसिव ब्लैकहोल में एक छिपा हुआ जेट हो सकता है।

आज से कुछ समय पहले तक माना जाता माना जाता था कि ब्लैकहोल अदृश्य महाशक्ति है, जिसकी तस्वीर भी शायद नही ली जा सकती है। उसके पास मौजूद तारों के जरिए इसकी पहचान संभव हो सकती है। मगर यह धारणा गलत साबित हुई है और ब्लैकहोल की तस्वीरें सामने आने लगी हैं, जो आधुनिक तकनीक के जरिए संभव हो पाया है। खगोलविदों ने मिल्की वे के सुपरमैसिव ब्लैक होल सैजिटेरियस ए की पहली तस्वीर इवेंट होराइजन टेलीस्कोप से कैद की है।

यह रोमांचक तस्वीर है और ब्लैकहोल के कई राज उजागर कर सकती है। इसके भीतर एक छिपा हुआ जेट होने मौजूद होने की जानकारी मिली है। दरअसल ब्लैकहोल के जेट बेहद खतरनाक होते हैं। इसके सामने आने वाली किसी भी वस्तु को छिन्नभिन्न करने की शक्ति रखता है। इस तस्वीर से यह पता भी लगा है कि सभी ब्लैक होल मजबूत चुंबकीय क्षेत्र हो सकते हैं। इस जानकारी पिछली समझ को चुनौती देते हैं। अथार्थ भविष्य में ब्लैकहोल के कई नई जानकारी सामने आएंगी और पुरानी धारणाओं में बदलाव आएगा। इवेंट होराइजन टेलीस्कोप वही दूरबीन है, जिसने किसी महाविशाल ब्लैक होल की पहली प्रत्यक्ष तस्वीर खींचने में बड़ी उपलब्धि हासिल की थी। अब नई तस्वीर ब्लैकहोल की समझ को आगे बढ़ाने वाली है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों ने द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स में खोज को प्रकाशित किया है।

आकाशगंगा के केंद में मौजूद ब्लैकहोल की पहली तस्वीर।

2019 में मिली थी ब्लैकहोल की पहली तस्वीर

2019 में ब्लैक होल की पहली तस्वीर मिली थी। यह 5तस्वीर आकाशगंगा एम 87 के केंद्र में सुपरमैसिव ब्लैक होल की थी। इवेंट होरिजन टेलीस्कोप ने यह तस्वीर खींची थी। तस्वीर मे प्रकाश का छल्ला नजर आया। जिसका केंद्र अंधकार में डूबा हुआ था। वास्तव में अंधेरे में डूबे केंद्र को ब्लैकहोल की छाया कहा जाता है। वास्तविकता यह है कि ब्लैक होल को नहीं देख सकते, क्योंकि प्रकाश भी उससे बच नहीं सकता।

ब्रिटेन में सीसीटीवी से होगी मंदिरों की सुरक्षा

- सुनक 50 करोड़ आवंटित करेंगे सुरक्षा को लेकर लिया फैसला 2022 में कई मंदिरों पर हुए थे हमले

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन में चुनावों से कुछ माह पहले भारतवंशी प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हिंदू मंदिरों की सुरक्षा के लिए बड़ा फैसला किया है। सुनक सरकार ने ब्रिटेन में रहने वाले हिंदुओं की मांग के बाद मंदिरों की सुरक्षा के लिए 50 करोड़ रुपये का बजट आवंटित करने का फैसला लिया है।

ब्रिटिश सरकार का कहना है कि गृह मंत्रालय हिंदुओं के धर्मस्थलों और चर्चों की सुरक्षा के लिए एक नई नीति बनाने पर काम कर रहा है। इस नई नीति के बनने के बाद में ब्रिटेन में मंदिरों को भी मस्जिदों की तरह सुरक्षा के लिए फंडिंग मिलेगी। गौरतलब है कि पीएम सुनक कई मंदिरों का दौरा करते रहते हैं।

दो साल पहले ब्रिटिश सरकार ने 300 करोड़ की धर्म स्थल सुरक्षा फंडिंग स्कीम की घोषणा की थी। इसमें से अधिकांश हिस्सा इस्लामिक संस्थाओं को जाता था।

वहीं, 35 करोड़ रुपये ही गैर मुस्लिमों को मिलते थे। इसमें से गुरुद्वारा को 7 करोड़ जबकि हिंदू मंदिरों को 2.5 करोड़ रुपये मिलते थे। जिसे लेकर ब्रिटेन में हिंदू समुदाय में नाराजगी थी। कई हिंदुओं का कहना है कि धर्मस्थलों की सुरक्षा की फंडिंग में भेदभाव सही नहीं है। ब्रिटेन में 400 से अधिक हिंदू मंदिर हैं। सरकार द्वारा आवंटित राशि से हिंदू मंदिरों में सीसीटीवी कैमरे लगेंगे। जिससे चौबीसों घंटे सुरक्षा निगरानी हो सकेगी। पुलिस को हिंदू मंदिरों पर हमले के मामलों से निपटने के तरीकों की ट्रेनिंग पर खर्च किया जाएगा। 2022 में ब्रिटेन के लेंसेस्टर में कई मंदिरों को निशाना बनाया गया था।

अमेरिका में चाकू मारकर चार लोगों की हत्या, 7 घायल

रॉकफोर्ड। अमेरिका के उत्तरी इलिनोइस में बुधवार को कई स्थानों पर एक व्यक्ति द्वारा चाकूबाजी की घटना में चार लोगों की मौत हो गई और सात घायल हो गए। मरने वालों में 15 वर्षीय किशोरी, 63 वर्षीय महिला, 49 वर्षीय व्यक्ति और 22 वर्षीय युवक शामिल है। उनके नाम पुलिस ने अभी उजागर नहीं किए हैं।

पुलिस ने एक युवक को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। घटना के पीछे की मंशा का पता नहीं चल पाया है। राकफोर्ड पुलिस प्रमुख कार्ला रेड ने कहा कि दोपहर 1.14 बजे स्वास्थ्यकर्मियों की ओर से इस संबंध में पहली काल मिली। उसके बाद अन्य कई काल आए। वहीं, इस जघन्य अपराध को अंजाम देने के पीछे के कारण का पता नहीं चल पाया है।